पुरश्चरण(प्रयोग)काण्डे देवीमन्त्रानुष्ठानप्रकरणं तृतीयम्॥ ३ ॥

मङ्गलाचरणम्

सिंहस्था शशिशेखरा मरकतप्रख्यैश्चतुर्भिर्भुजैः शङ्खं चक्रधनुःशरांश्च दधती नेत्रैस्त्रिभिः शोभिता।
आमुक्ताङ्गदहारकङ्कणरणत्काञ्चीरणन्नूपुरा दुर्गा दुर्गतिहारिणी भवतु नो रत्नोल्लसत्कुण्डला॥

मङ्गलाचरण—सिंह पर आरूढ़, शिर पर चन्द्रमा धारण किये, मरकतमणि के समान भुजाओं की कान्ति से युक्त, चार भुजा वाली, शङ्ख-चक्र-धनुष-बाणों को धारण किये, तीन नेत्रों की शोभा से युक्त, मोती के बाजूबन्द, हार धारण किये, कङ्कण एवं काञ्ची (करधनी) की ध्वनि करती हुई, रत्नों के कुण्डलों से शोभित दुर्गा हमारी दुर्गति को दूर करे।

देव्याः सर्वमन्त्रारम्भप्रयोगः

प्रातःकृतनित्यक्रियश्चन्द्रतारादिबलान्विते सुमुहूर्ते यथाकामनया प्रतिज्ञासङ्कल्पं कृत्वा गणपतिपूजनादि नान्दीश्राद्धान्तं विधाय ब्राह्मणद्वारा कारिते जापकवरणं च कुर्य्यात्। ततो जपस्थानमागत्य कूर्म्मसंशोधिते स्वासने प्राङ्मुख उपविश्य मूलेनाचम्य प्राणानायम्य देशकालौ सङ्कीर्त्य 'अमुककामनया मन्त्रसिद्धिद्वारा श्रीभगवतीप्रसन्नतार्थं देव्या अमुकमन्त्रजपं करिष्ये, तदङ्गत्वेन भूतशुद्धिमन्तर्मातृकाबहिर्मातृकान्यासं निवृत्त्यादिकलामातृकान्यासं च करिष्ये' इति सङ्कल्प्य पूर्ववत् भूतशुद्ध्यादिबहिर्मातृकान्यासान्तं कृत्वा कलामातृकान्यासं कुर्य्यात्।

तद्यथा—अस्य कलामातृकान्यासस्य प्रजापतिर्ऋषिर्गायत्री छन्दः श्रीमातृका शारदा देवता हलो बीजानि स्वराः शक्तयः अमुकमन्त्राङ्गत्वेन मातृकान्यासे विनियोगः। ॐ प्रजापतिऋषये नमः शिरसि॥ १॥ ॐ गायत्रीछन्दसे नमः मुखे॥ २॥ ॐ शारदादेवतायै नमः हृदये॥ ३॥ ॐ हल्भ्यो बीजेभ्यो नमो गुह्ये॥ ४॥ ॐ स्वरेभ्यः शक्तिभ्यो नमः पादयोः॥ ५॥ इति ऋष्यादिन्यासः। ॐ अँ ॐ आँ हृदयाय नमः॥ १॥ ॐ इँ ॐ ईं शिरसे स्वाहा॥ २॥ ॐ उँ ॐ ऊँ शिखायै वषट्॥ ३॥ ॐ एँ ॐ ऐं कवचाय हुं॥ ४॥ ॐ आं ॐ औं नेत्रत्रयाय वौषट्॥ ५॥ ॐ अँ ॐ अः अस्त्राय फट्॥ ६॥ इति हृदयादिन्यासः।

अथ ध्यानम्—

शङ्खचक्राब्जपरशुकपालानक्षमालिकाः। पुस्तकाः मृतकुम्भौ च त्रिशूलं दधतीं करैः॥
ॐ सितपीतासितश्वेतरक्तवर्णैस्त्रिलोचनैः। पञ्चास्यसंयुतां चन्द्रसकान्तिं शारदां भजे॥

इति ध्यात्वा मातृकां न्यसेत्। तद्यथा—ॐ अं निवृत्त्यै नमः ललाटे॥ १॥ ॐ आं प्रतिष्ठायै नमः मुखवृत्ते॥ २॥ ॐ इं विद्यायै नमः दक्षनेत्रे॥ ३॥ ॐ ईं शान्त्यै नमः वामनेत्रे॥ ४॥ ॐ उं इन्धिकायै नमः दक्षकर्णे॥ ५॥ ॐ ऊँ दीपिकायै नमः वामकर्णे॥ ६॥ ॐ ऋं रेचिकायै नमः दक्षिणनासापुटे॥ ७॥ ॐ ॠं मोचिकायै नमः वामनासापुटे॥ ८॥ ॐ लृं परायै नमः दक्षकपोले॥ ९॥ ॐ लॄं सूक्ष्मायै नमः वामकपोले॥ १०॥ ॐ एं सूक्ष्मामृतायै नमः ऊर्ध्वोष्ठे॥ ११॥ ॐ ऐं ज्ञानामृतायै नमः अधरोष्ठे॥ १२॥ ॐ ओं आप्यायन्ते नमः ऊर्ध्वदन्तपङ्क्तौ॥ १३॥ ॐ औं व्यापिन्यै नमः अधोदन्तपङ्क्तौ॥ १४॥ ॐ अं व्योमरूपायै नमः जिह्वायाम्॥ १५॥ ॐ अः अनन्तायै नमः कण्ठे॥ १६॥ ॐ कं सृष्ट्यै नमः दक्षबाहुमूले॥ १७॥ ॐ खं नद्यै नमः दक्षकूर्परे॥ १८॥ ॐ गं स्मृत्यै नमः मणिबन्धे॥ १९॥ ॐ घं मेधायै नमः दक्षहस्ताङ्गुलिमूले॥ २०॥

ॐ ङं कान्त्यै नमः दक्षहस्ताङ्गुल्यग्रे ॥ २१ ॥ ॐ चं लक्ष्म्यै नमः वामबाहुमूले ॥ २२ ॥ ॐ छं द्युत्यै नमः वामकूर्परे ॥ २३ ॥ ॐ जं स्थिरायै नमः वाममणिबन्धे ॥ २४ ॥ ॐ झं स्थित्यै नमः वामहस्ताङ्गुलिमूले ॥ २५ ॥ ॐ ञं सिद्ध्यै नमः वामहस्ताङ्गुल्यग्रे ॥ २६ ॥ ॐ टं जरायै नमः दक्षिणहस्ताङ्गुल्यग्रे ॥ २७ ॥ ॐ ठं पालिन्यै नमः दक्षजानुनि ॥ २८ ॥ ॐ डं क्षान्त्यै नमः दक्षगुल्फे ॥ २९ ॥ ॐ ढं ईश्वर्य्यै नमः दक्षपादाङ्गुलिमूले ॥ ३० ॥ ॐ णं रत्यै नमः दक्षपादाङ्गुल्यग्रे ॥ ३१ ॥ ॐ तं कामिकायै नमः वामपादमूले ॥ ३२ ॥ ॐ थं वरदायै नमः वामजानुनि ॥ ३३ ॥ ॐ दं आह्लादिन्यै नमः वामगुल्फे ॥ ३४ ॥ ॐ धं प्रीत्यै नमः वामपादाङ्गुलिमूले ॥ ३५ ॥ ॐ नं दीर्घायै नमः वामपादाङ्गुल्यग्रे ॥ ३६ ॥ ॐ पं तीक्ष्णायै नमः दक्षपार्श्वे ॥ ३७ ॥ ॐ फं रौद्र्यै नमः वामपार्श्वे ॥ ३८ ॥ ॐ बं भयायै नमः पृष्ठे ॥ ३९ ॥ ॐ भं निद्रायै नमः नाभौ ॥ ४० ॥ ॐ मं तन्द्रिकायै नमः जठरे ॥ ४१ ॥ ॐ यं क्षुधायै नमः हृदये ॥ ४२ ॥ ॐ रं क्रोधिन्यै नमः दक्षांसे ॥ ४३ ॥ ॐ लं क्रियायै नमः ककुदि ॥ ४४ ॥ ॐ वं उत्कार्यै नमः वामांसे ॥ ४५ ॥ ॐ शं मृत्युकायै नमः हृदयादिदक्षहस्तान्तम् ॥ ४६ ॥ ॐ षं पीतायै नमः हृदयादिवामहस्तान्तम् ॥ ४७ ॥ ॐ सं श्वेतायै नमः हृदयादिदक्षपादान्तम् ॥ ४८ ॥ ॐ हं अरुणायै नमः हृदयादिवामपादान्तम् ॥ ४९ ॥ ॐ ळं असितायै नमः मूर्द्धादिपादान्तम् ॥ ५० ॥ ॐ क्षं अनन्तायै नमः पादादिमूर्द्धान्तम् ॥ ५१ ॥ इति देवीकलामातृकान्यासः। अयं न्यासः देव्याः सर्वमन्त्रेष्वादौ कार्यः।

देवी के सभी मन्त्रों के पुरश्चरण के आरम्भ की विधि—प्रातःकाल नित्यक्रिया से निवृत्त होकर चन्द्र-तारादि बल से युक्त शुभ मुहूर्त में अपनी कामना के अनुसार प्रतिज्ञा सङ्कल्प करके गणपति पूजनादि से लेकर नान्दीमुख श्राद्धपर्यन्त कृत्य करके यदि ब्राह्मण द्वारा जप कराना हो तो जापकों का वरण करे। फिर जपस्थान में आकर कूर्मशोधन कर अपने आसन पर पूर्व की ओर मुख करके मूल मन्त्र से आचमन कर प्राणायाम कर देश-काल का सङ्कीर्तन करके 'अमुककामनया मन्त्रसिद्धिद्वारा श्रीभगवतीप्रसन्नतार्थं देव्या अमुकमन्त्रजपं करिष्ये। तदङ्गत्वेन भूतशुद्धिमन्तर्मातृकाबहिर्मातृकान्यासं निवृत्त्यादिकलान्यासं च करिष्ये' इत्यादि पढ़कर सङ्कल्प करके पूर्व में कथित (पद्धतिकाण्ड में वर्णित) विधि से भूतशुद्धि, अन्तर्मातृकान्यास, कलामातृकान्यास करना चाहिये।

मातृकान्यास के विनियोग-हेतु मूल में लिखित 'अस्य कलान्यासस्य प्रजापतिर्ऋषि' इत्यादि कहकर विनियोग का जल पृथ्वी पर छोड़े। फिर मूल में लिखित 'ॐ प्रजापतिऋषये नमः शिरसि' इत्यादि पाँच मन्त्रों से ऋष्यादिन्यास क्रमशः शिर, मुख, हृदय, गुह्य तथा पाद में करे। फिर 'ॐ अँ ऊँ आं हृदयाय नमः' इत्यादि छः मन्त्रों से क्रमशः हृदय, शिर, शिखा, कवच, नेत्रत्रय तथा अस्त्राय फट् न्यास करे।

तदनन्तर मूल में लिखित 'शङ्खचक्राब्ज०' इत्यादि दो श्लोकों से देवी का ध्यान करे। फिर मूल में लिखित 'ॐ अं निवृत्त्यै नमः' इत्यादि ५१ मन्त्रों से क्रमशः ललाट, मुखवृत्त, दक्षिणनेत्र, वामनेत्र, दक्षिणकर्ण, वामकर्ण, दक्षिणनासापुट, वामनासापुट, दक्षकपोल, वामकपोल, ऊर्ध्वोष्ठ, अधरोष्ठ, ऊर्ध्वदन्तपङ्क्ति, अधोदन्तपङ्क्ति, जिह्वा, कण्ठ, दक्षबाहुमूल, वामबाहुमूल, दक्षिण कूर्पर आदि में मातृका-कलान्यास करना चाहिये। इस न्यास को देवी के सभी मन्त्रों में करना चाहिये।

चण्डीविधानम्

तत्रादौ सप्तशतीपाठाङ्गभूतनवार्णमन्त्रप्रयोगः। मन्त्रो यथा—'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे' इति नवाक्षरो मन्त्रः। अस्य नवार्णमन्त्रस्य ब्रह्मविष्णुमहेश्वरा ऋषय गायत्र्युष्णिगनुष्टुभश्छन्दांसि महाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वत्यो देवताः। नन्दाशाकम्भरीभीमाः शक्तयः। रक्तदन्तिकादुर्गाभ्रामर्यो बीजानि। अग्निवायुसूर्यास्तत्त्वानि। वेदत्रयोद्भवफलप्राप्त्यर्थं सर्वाभीष्टसिद्ध्यर्थं च नवार्णमन्त्रजपे विनियोगः। ॐ ब्रह्मविष्णुमहेश्वरऋषिभ्यो नमः शिरसि ॥ १ ॥ ॐ गायत्र्युष्णि-गनुष्टुप्छन्दोभ्यो नमः मुखे ॥ २ ॥ ॐ महाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वतीदेवताभ्यो नमः हृदि ॥ ३ ॥ ॐ नन्दाशाकम्भरी-

भीमाशक्तिभ्यो नमः दक्षस्तने॥४॥ ॐ रक्तदन्तिकादुर्गाभ्रामरीबीजेभ्यो नमः वामस्तने॥५॥ ॐ अग्निवायु-सूर्यतत्त्वेभ्यो नमः हृदये॥६॥ इति ऋष्यादिन्यासं कृत्वा एकादशन्यासान्कुर्यात्।

तद्यथा—ॐ अं नमः ललाटे॥१॥ प्रणवमादौ सर्वत्र। आं नमः मुखवृत्ते॥२॥ इं नमः दक्षिणनेत्रे॥३॥ ईं नमः वामनेत्रे॥४॥ उं नमः दक्षिणकर्णे॥५॥ ऊं नमः वामकर्णे॥६॥ ऋं नमः दक्षिणनासिकायाम्॥७॥ ॠं नमः वामनासिकायाम्॥८॥ लृं नमः दक्षिणगण्डे॥९॥ लॄं नमः वामगण्डे॥१०॥ एं नमः ऊर्ध्वोष्ठे॥११॥ ऐं नमः अधरोष्ठे॥१२॥ ओं नमः ऊर्ध्वदन्तपङ्क्तौ॥१३॥ औं नमः अधोदन्तपङ्क्तौ॥१४॥ अं नमः शिरसि॥१५॥ अः नमः मुखे॥१६॥ कं नमः दक्षिणबाहुमूले॥१७॥ खं नमः दक्षिणकूर्परे॥१८॥ गं नमः दक्षिणमणिबन्धे॥१९॥ घं नमः दक्षाङ्गुलिमूले॥२०॥ ङं नमः दक्षाङ्गुल्यग्रे॥२१॥ चं नमः वामबाहुमूले॥२२॥ छं नमः वामकूर्परे॥२३॥ जं नमः वाममणिबन्धे॥२४॥ झं नमः वामाङ्गुलिमूले॥२५॥ ञं नमः वामहस्ताङ्गुल्यग्रे॥२६॥ टं नमः दक्षिणपादमूले॥२७॥ ठं नमः दक्षजानुनि॥२८॥ डं नमः दक्षगुल्फे॥२९॥ ढं नमः दक्षपादाङ्गुलिमूले॥३०॥ णं नमः दक्षपादाङ्गुल्यग्रे॥३१॥ तं नमः वामपादमूले॥३२॥ थं नमः वामजानुनि॥३३॥ दं नमः वामगुल्फे॥३४॥ धं नमः वामपादाङ्गुलिमूले॥३५॥ नं नमः वामपादाङ्गुल्यग्रे॥३६॥ पं नमः दक्षिणपार्श्वे॥३७॥ फं नमः वामपार्श्वे॥३८॥ बं नमः पृष्ठे॥३९॥ भं नमः नाभौ॥४०॥ मं नमः जठरे॥४१॥ यं नमः हृदि॥४२॥ रं नमः दक्षांसे॥४३॥ लं नमः ककुदि॥४४॥ वं नमः वामांसे॥४५॥ शं नमः हृदयादिदक्षिणहस्तान्तम्॥४६॥ षं नमः हृदयादिवामहस्तान्तम्॥४७॥ सं नमः हृदयादिदक्ष-पादान्तम्॥४८॥ हं नमः हृदयादिवामपादान्तम्॥४९॥ ळं नमः जठरे॥५०॥ क्षं नमः मुखे॥५१॥ एवं प्रणवादिनमोऽन्तं सर्वत्र तत्त्वमुद्रया मातृकान्यासं कुर्यात्। इति मातृकान्यासः प्रथमः॥१॥

कृतेन येन देवस्य सारूप्यं याति मानवः।

ततः सारस्वताभिधं द्वितीयं न्यासं कुर्यात्। तद्यथा—ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नमः कनिष्ठयोः॥१॥ ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नमोऽनामिकयोः॥२॥ ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नमः मध्यमयोः॥३॥ ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नमः तर्जन्योः॥४॥ ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नमः अङ्गुष्ठयोः॥५॥ ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नमः करयोर्मध्ये॥६॥ ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नमः करयोः पृष्ठे॥७॥ ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नमः मणिबन्धयोः॥८॥ ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नमः कूर्परयोः॥९॥ ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नमः हृदयाय नमः॥१०॥ ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नमः शिरसे स्वाहा॥११॥ ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नमः शिखायै वषट्॥१२॥ ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नमः कवचाय हुं॥१३॥ ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नमः नेत्रत्रयाय वौषट्॥१४॥ ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नमः अस्त्राय फट्॥१५॥

अस्मिन्सारस्वते न्यासे कृते जाड्यं विनश्यति।

इति द्वितीयो न्यासः॥२॥

ॐ ह्रीं ब्राह्मी पूर्वतो मां पातु॥१॥ ॐ ह्रीं माहेश्वरी आग्नेय्यां मां पातु॥२॥ ॐ ह्रीं कौमारी दक्षिणे मां पातु॥३॥ ॐ ह्रीं वैष्णवी नैर्ऋत्यां मां पातु॥४॥ ॐ ह्रीं वाराही पश्चिमे मां पातु॥५॥ ॐ ह्रीं इन्द्राणी वायव्ये मां पातु॥६॥ ॐ ह्रीं चामुण्डा चोत्तरे मां पातु॥७॥ ॐ ह्रीं महालक्ष्मीः ऐशान्यां मां पातु॥८॥ ॐ ह्रीं व्योमेश्वरी चोर्ध्वे मां पातु॥९॥ ॐ ह्रीं सप्तद्वीपेश्वरी भूमौ मां पातु॥१०॥ ॐ ह्रीं कामेश्वरी पाताले मां पातु॥११॥

तृतीयेऽस्मिन्कृते न्यासे त्रैलोक्यविजयी भवेत्।

इति तृतीयो न्यासः॥३॥

ॐ कमलाङ्कुशमण्डिता नन्दजा पूर्वाङ्गं पातु॥१॥ ॐ खड्गपात्रधरा रक्तदन्दिका दक्षिणाङ्गं पातु॥२॥ ॐ पुष्पपल्लवसंयुता शाकम्भरी पश्चिमाङ्गं पातु॥३॥ ॐ धनुर्बाणकरा दुर्गा वामाङ्गं पातु॥४॥ ॐ शिरःपात्रकरा भीमा मस्तकाच्चरणावधि पातु॥५॥ ॐ चित्रकान्तिभृत् भ्रामरी पादादिमस्तकान्तं पातु॥६॥ इति चतुर्थः॥४॥

तुभ्यं न्यासं नरः कुर्य्याज्जरामृत्युं व्यपोहति।

ॐ पादादिनाभिपर्य्यन्तं ब्रह्मा मां पातु ॥ १ ॥ ॐ नाभेर्विशुद्धिपर्यन्तं जनार्दनो मां पातु ॥ २ ॥ ॐ विशुद्धेर्ब्रह्मरन्ध्रान्तं रुद्रो मां पातु ॥ ३ ॥ ॐ हंसो मे पदद्वन्द्वं पातु ॥ ४ ॥ ॐ वैनतेयः करद्वयं मे पातु ॥ ५ ॥ ॐ वृषभः चक्षुषी मे पातु ॥ ६ ॥ ॐ गजाननः सर्वाङ्गं मे पातु ॥ ७ ॥ ॐ आनन्दमयो हरिः परापरौ देहभागौ मे पातु ॥ ८ ॥ इति पञ्चमः ॥ ५ ॥

कृतेऽस्मिन्पञ्चमे न्यासे सर्वान्कामानवाप्नुयात्।

ॐ अष्टादशभुजा महालक्ष्मीर्मध्यमाङ्गं मां पातु ॥ १ ॥ ॐ अष्टभुजा सरस्वती ऊर्ध्वं मां पातु ॥ २ ॥ ॐ दशभुजा महाकाली अधो मां पातु ॥ ३ ॥ ॐ सिंहो हस्तद्वयं मां पातु ॥ ४ ॥ ॐ परमहंसोऽक्षियुग्मकं मां पातु ॥ ५ ॥ ॐ महिषारूढो यमः पदद्वयं मां पातु ॥ ६ ॥ ॐ महेशश्चण्डिकायुक्तः सर्वाङ्गं मां पातु ॥ ७ ॥ इति षष्ठः ॥ ६ ॥

षष्ठेऽस्मिन्विहिते न्यासे सद्गतिं प्राप्नुयान्नरः।

ॐ ऐं नमः ब्रह्मरन्ध्रे ॥ १ ॥ ॐ ह्रीं नमः दक्षिणनेत्रे ॥ २ ॥ ॐ क्लीं नमः वामनेत्रे ॥ ३ ॥ ॐ चां नमः दक्षिणकर्णे ॥ ४ ॥ ॐ मुं नमः वामकर्णे ॥ ५ ॥ ॐ डां नमः दक्षिणनासापुटे ॥ ६ ॥ ॐ यैं नमः वामनासापुटे ॥ ७ ॥ ॐ विं नमः मुखे ॥ ८ ॥ ॐ च्चें नमः गुह्ये ॥ ९ ॥ इति सप्तमः ॥ ७ ॥

विन्यसेत्सप्तमे न्यासे कृते रोगक्षयो भवेत्।

ॐ च्चें नमः गुह्ये ॥ १ ॥ ॐ विं नमः मुखे ॥ २ ॥ ॐ यैं नमः वामनासायाम् ॥ ३ ॥ ॐ डां नमः दक्षिणनासायाम् ॥ ४ ॥ ॐ मुं नमः वामकर्णे ॥ ५ ॥ ॐ चां नमः दक्षिणकर्णे ॥ ६ ॥ ॐ क्लीं नमः वामनेत्रे ॥ ७ ॥ ॐ ह्रीं नमः दक्षिणनेत्रे ॥ ८ ॥ ॐ ऐं नमः ब्रह्मरन्ध्रे ॥ ९ ॥ इत्यष्टमः ॥ ८ ॥

कृतेऽस्मिन्नष्टमे न्यासे सर्वदुःखं विनश्यति।

मूलमुच्चार्य मस्तकाच्चरणान्तं चरणान्मस्तकान्तमष्टवारं व्यापकं कुर्यात्। मूलम्—'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे' इति नवाक्षरो मन्त्रो ज्ञेयः। एवं पुरो दक्षिणे पृष्ठे वामभागेऽप्येवं प्रत्यहमष्टवारं मूलं न्यसेत्। इति नवमः ॥ ९ ॥

मूलमन्त्रकृतो न्यासो नवमो देवतात्मकृत्।

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे इति हृदयाय नमः ॥ १ ॥ एवं सर्वत्र मूलमन्त्रेण। शिरसे स्वाहा। शिखायै वषट्। कवचाय हुं। नेत्रत्रयाय वौषट्। अस्त्राय फट्। इति हृदयादिषु विन्यसेत्। इति दशमः ॥ १० ॥

कृतेऽस्मिन्दशमे न्यासे त्रैलोक्यं वशगं भवेत्।

ॐ खड्गिनी शूलिनी घोरा गदिनी चक्रिणी तथा। शङ्खिनी चापिनी बाणभुशुण्डीपरिघायुधा ॥
सौम्या सौम्यतराशेषसौम्येभ्यस्त्वतिसुन्दरी। परापराणां परमा त्वमेव परमेश्वरी ॥
यच्च किञ्चित्क्वचिद्वस्तु सदसद्वाखिलात्मिके। तस्य सर्वस्य या शक्तिः सा त्वं किं स्तूयसे मया ॥
यया त्वया जगत्स्त्रष्टा जगत्पात्यत्ति यो जगत्। सोऽपि निद्रावशं नीतः कस्त्वां स्तोतुमिहेश्वरः ॥
विष्णुः शरीरग्रहणमहमीशान एव च। कारितास्ते यतोऽतस्त्वां कः स्तोतुं शक्तिमान्भवेत् ॥

इति पञ्चश्लोकं पठित्वा आद्यं बीजम् 'ऐं' कृष्णतरं ध्यात्वा सर्वाङ्गं विन्यसामि।

इति सर्वाङ्गे न्यसेत्।

ॐ शूलेन पाहि नो देवि पाहि खड्गेनचाम्बिके। घण्टास्वनेन नः पाहि चापज्यानिःस्वनेन च ॥
प्राच्यां रक्ष प्रतीच्यां च चण्डिके रक्ष दक्षिणे। भ्रामणेनात्मशूलस्य उत्तरस्यां तथेश्वरि ॥
सौम्यानि यानि रूपाणि त्रैलोक्ये विचरन्ति ते। यानि चात्यन्तघोराणि तैरक्षास्मांस्तथा भुवम् ॥
खड्गशूलगदादीनि यानि चास्त्राणि तेऽम्बिके। करपल्लवसङ्गीनि तैरस्मान्रक्ष सर्वतः ॥

इति श्लोकचतुष्टयं पठित्वा सूर्यसदृशं द्वितीयं मायाबीजं ह्रीं ध्यात्वा सर्वाङ्गं न्यसेत्।

सर्वस्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्तिसमन्विते। भयेभ्यस्त्राहि नो देवि दुर्गे देवि नमोऽस्तु ते॥
एतत्ते वदनं सौम्यं लोचनत्रयभूषितम्। पातु नः सर्वभूतेभ्यः कात्यायनि नमोऽस्तु ते॥
ज्वालाकरालमत्युग्रमशेषासुरसूदनम्। त्रिशूलं पातु नो भीतेर्भद्रकालि नमोऽस्तु ते॥
हिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वनेनापूर्य या जगत्। सा घण्टा पातु नो देवि पापेभ्योऽनः सुतानिव॥
असुरासृग्वसापङ्कचर्चितस्ते करोज्ज्वलः। शुभाय खड्गो भवतु चण्डिके त्वां नता वयम्॥

इति श्लोकपञ्चकं पठित्वा स्फटिकाभासं तृतीयं कामबीजं 'क्लीं' ध्यात्वा सर्वाङ्गं न्यसेत्। इत्येकादशः॥ ११॥

एवमेकादशन्यासान्कृत्वा पुनः षडङ्गन्यासं कुर्यात्। तद्यथा—ॐ ऐं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः॥ १॥ ॐ ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः॥ २॥ ॐ क्लीं मध्यमाभ्यां नमः॥ ३॥ ॐ चामुण्डायै अनामिकाभ्यां नमः॥ ४॥ ॐ विच्चे कनिष्ठिकाभ्यां नमः॥ ५॥ ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः॥ ६॥ इति मूलषडङ्गन्यासः।

ॐ ऐं हृदयाय नमः॥ १॥ ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा॥ २॥ ॐ क्लीं शिखायै वषट्॥ ३॥ ॐ चामुण्डायै कवचाय हुम्॥ ४॥ ॐ विच्चे नेत्रत्रयाय वौषट्॥ ५॥ ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे अस्त्राय फट्॥ ६॥ इति हृदयादिन्यासः।

ॐ ऐं नमः शिखायाम्॥ १॥ ॐ ह्रीं नमः दक्षिणनेत्रे॥ २॥ ॐ क्लीं नमः वामनेत्रे॥ ३॥ ॐ चां नमः दक्षिणकर्णे॥ ४॥ ॐ मुं नमः वामकर्णे॥ ५॥ ॐ डां नमः दक्षिणनासायाम्॥ ६॥ ॐ यैं नमः वामनासायाम्॥ ७॥ ॐ विं नमः मुखे॥ ८॥ ॐ च्चें नमः गुह्ये॥ ९॥ इत्यक्षरन्यासं कृत्वा समस्तं मूलमन्त्रमुच्चार्याष्टशः व्यापकं चरेत्। एवं न्यासं कृत्वा देवीं ध्यायेत्।

अथ ध्यानम्—

खड्गं चक्रगदेषुचापपरिघाञ्शूलं भुशुण्डीं शिरः शङ्खं संदधतीं करैस्त्रिनयनां सर्वाङ्गभूषावृताम्।
यामस्तौत्स्वपिते हरौ कमलजो हन्तुं मधुं कैटभं नीलाश्मद्युतिमस्य पाददशकां सेवे महाकालिकाम्॥

इति महाकालीध्यानम्।

अक्षस्रक्परशुं गदेषुकुलिशं पद्मं धनुः कुण्डिकां दण्डं शक्तिमसिं च चर्म जलजं घण्टां सुरा भाजनम्।
शूलं पाशसुदर्शने च दधतीं हस्तैः प्रवालप्रभां सेवे सैरिभमर्द्दिनीमिह महालक्ष्मीं सरोजस्थिताम्॥

इति महालक्ष्मीध्यानम्।

घण्टाशूलहलानि शङ्खमुसले चक्रं धनुः सायकं हस्ताब्जैर्दधतीं घनान्तविलसच्छीतांशुतुल्यप्रभाम्।
गौरीदेहसमुद्भवां त्रिजगतामाधारभूतां महापूर्वामत्र सरस्वतीमनुभजे शुम्भादिदैत्यार्द्दिनीम्॥

इति महासरस्वतीध्यानम्।

एवं ध्यात्वा मानसोपंचारैः सम्पूज्य पीठपूजां कुर्यात्। पीठे 'ॐ मण्डूकादिपरतत्त्वान्तपीठदेवताभ्यो नमः' इति पूर्वोक्तपीठदेवताः सम्पूज्य पूर्वाद्यष्टदिक्षु मध्ये च 'पूज्यपूजकयोर्मध्ये प्राचीं प्रकल्प्य' जयादिनवपीठशक्तीः स्थापयेत्।

तद्यथा—ॐ जयायै नमः॥ १॥ ॐ विजयायै नमः॥ २॥ ॐ अजितायै नमः॥ ३॥ ॐ अपराजितायै नमः॥ ४॥ ॐ नित्यायै नमः॥ ५॥ ॐ विलासिन्यै नमः॥ ६॥ ॐ दोग्ध्र्यै नमः॥ ७॥ ॐ अघोरायै नमः॥ ८॥ (मध्ये) ॐ मङ्गलायै नमः॥ ९॥ इति सम्पूज्य 'ॐ नमो भगवते सकलगुणात्मशक्तियुक्ताय अनन्ताय योगपीठात्मने नमः' इति पीठे पुष्पाञ्जलिं दत्त्वा यन्त्रं पूजयेत्।

सप्तशती-पाठाङ्गभूत नवार्ण मन्त्र—'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे' यह नौ अक्षरों वाला मन्त्र नवार्ण मन्त्र कहलाता है। इस मन्त्र के ब्रह्मा विष्णु महेश्वर ऋषि हैं। गायत्री, उष्णिक् अनुष्टुभ् छन्द हैं। महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती देवता हैं। नन्दा-शाकम्भरी तथा भीमा नामक शक्तियाँ हैं। रक्तदन्तिका, दुर्गा, भ्रामरी बीज

हैं। अग्नि, वायु तथा सूर्य तत्त्व हैं। तीनों वेदों से उत्पन्न फल की प्राप्ति के लिये तथा सर्वाभीष्ट-सिद्धि हेतु नवार्ण मन्त्र के जप हेतु इसका विनियोग है। मूल में लिखित इस भावार्थ वाले मन्त्र को पढ़कर विनियोग का जल छोड़ना चाहिये।

ऋष्यादि न्यास—फिर मूल में लिखित 'ॐ ब्रह्मविष्णुमहेश्वरऋषिभ्यो नमः शिरसि' इत्यादि छः मन्त्रों से क्रमशः शिर, मुख, हृदय, दक्षिण स्तन, वामस्तन तथा पुनः हृदय में न्यास करे। फिर एकादश न्यास क्रमशः करना चाहिये।

प्रथम न्यास (मातृकान्यास)—मूल में लिखित 'ॐ अं नमः ललाटे' इस मन्त्र से ललाट में न्यास करे। तत्पश्चात् ५० मूलोक्त मन्त्रों से उनमें निर्दिष्ट शरीर के अङ्गों में न्यास करे। इस प्रकार ५१ अङ्गों में मातृकान्यास किया जाता है। इस न्यास में सर्वत्र तत्त्व-मुद्रा का प्रदर्शन करना चाहिये। इसके करने से देव के सारूप्य को साधक प्राप्त होता है।

द्वितीय न्यास (सारस्वत न्यास)—इसे मूल में लिखित 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं नमः कनिष्ठयोः' इत्यादि सोलह मन्त्रों द्वारा उनमें निर्दिष्ट शरीर के अङ्गों में करना चाहिये। इस सारस्वतन्यास के करने से बुद्धि की जड़ता नष्ट हो जाती है। यह द्वितीय न्यास है।

तृतीय न्यास—मूल में लिखित 'ॐ ह्रीं ब्राह्मी पूर्वतो मां पातु' इत्यादि ग्यारह मन्त्रों से इस न्यास को करे। इसके करने से साधक त्रैलोक्य विजयी हो जाता है। (यह रक्षान्यास है)

चतुर्थ न्यास—फिर मूल में लिखित 'ॐ कमलांकुशमण्डिता नन्दजा पूर्वाङ्गं पातु' इत्यादि छः मन्त्रों से शरीर के पूर्वाङ्ग, दक्षिणाङ्ग, पश्चिमाङ्ग, वामाङ्ग, मस्तक तक क्रमशः न्यास करना चाहिये। इस चौथे न्यास को करके साधक जरा-मृत्यु को दूर करता है।

पञ्चम न्यास—इसे मूल में लिखित 'ॐ पादादि नाभिपर्यन्तं ब्रह्मा मां पातु' मन्त्र से पैरों से नाभिपर्यन्त अपने शरीर में न्यास करे। 'ॐ नाभेर्विशुद्धिपर्यन्तं जनार्दनो मां पातु' कहकर नाभि से विशुद्धि (कण्ठ)-पर्यन्त न्यास करे। फिर 'ॐ विशुद्धे ब्रह्मरन्ध्रान्तं रुद्रो मां पातु' इस मन्त्र से कण्ठ से ब्रह्मरन्ध्र-पर्यन्त न्यास करे। फिर आगे लिखे मन्त्रों से क्रमशः दोनों पैरों, दोनों हाथों, नेत्रों, सर्वाङ्ग तथा परापर देह भाग (जो सूक्ष्म शरीराङ्ग हैं) में न्यास करे। इसमें कुल आठ मन्त्र है। यह पाँचवाँ न्यास है। इसके करने से सभी कामनाएँ पूरी होती हैं।

षष्ठ न्यास—फिर 'ॐ अष्टादशभुजा महालक्ष्मीर्मध्यमांगं मां पातु' इत्यादि सात मूलोक्त मन्त्रों से क्रमशः शरीर का १. मध्यमांग, २. ऊर्ध्व, ३. अधो, ४. दोनों हाथ, ५. दोनों नेत्र, ६. दोनों पैर तथा ७. सर्वाङ्ग का न्यास करे। इस छठे न्यास के करने से साधक को सद्गति प्राप्त होती है।

सप्तम न्यास—मूल में लिखित 'ॐ ऐं नमः ब्रह्मरन्ध्रे' इत्यादि नौ मन्त्रों से उनमें निर्दिष्ट अङ्गों में न्यास करना चाहिये। इस सप्तम न्यास के करने से साधक के रोगों का नाश हो जाता है।

अष्टम न्यास—मूल में लिखित नौ मन्त्रों द्वारा उनमें निर्दिष्ट शरीर के अङ्गों में न्यास करना चाहिये। जैसे कि 'ॐ च्चें नमः गुह्ये' से गुप्ताङ्ग में तथा 'ॐ विं नमः मुखे' से मुख में न्यास करे। यह आठवाँ न्यास करने से साधक के सभी दुःख दूर हो जाते हैं।

नवम न्यास—मूल मन्त्र 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे' का उच्चारण कर मस्तक से चरणों तक तथा चरणों से मस्तक तक आठ बार व्यापक करना चाहिये। इसी प्रकार सामने तथा दक्षिण भाग में एवं पीछे तथा वाम भाग में भी आठ बार व्यापक करे। इस मूल मन्त्र द्वारा किये गये न्यास से देवता की प्राप्ति होती है।

दशम न्यास—'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे हृदयाय नमः' से हृदयन्यास करे। 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे शिरसे स्वाहा', 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे शिखायै वषट्', 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे कवचाय हुं', 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे नेत्रत्रयाय वौषट्', 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे इति अस्त्राय फट्' इस प्रकार से यह दशम न्यास करे। इसके करने से तीनों लोक वश में होते हैं।

एकादश न्यास—मूल में 'खड्गिनी शूलिनी घोरा गदनी चक्रिणी तथा। शङ्खिनी चापिनी बाणभुशुण्डी-परिघायुधा' इत्यादि पाँच श्लोक लिखे हैं; उनको पढ़कर आद्यबीज 'ऐं' जो कि कृष्णतट है, उसका ध्यान कर 'सर्वाङ्गं विन्यसामि' कहकर सर्वाङ्ग में न्यास करे। फिर 'ॐ शूलेन पाहि नो देवि पाहि खड्गेन चाम्बिके। घण्टास्वनेन नः पाहि चापज्यानिःस्वनेन च' इत्यादि चार श्लोकों को पढ़कर सूर्य के समान वर्ण वाले द्वितीय बीज (मायाबीज) 'ह्रीं' का ध्यान कर पुनः सर्वाङ्गन्यास करे। फिर उसके आगे मूल में लिखित—'ॐ सर्वस्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्तिसमन्विते। भयेभ्यस्त्राहि नो देवि दुर्गे देवि नमोस्तु ते' इत्यादि पाँच श्लोकों का पाठ करके तृतीय (काम बीज) बीज 'क्लीं' जो कि स्फटिक-समान वर्ण वाला है, उसका ध्यान करके पुनः सर्वाङ्गन्यास करे। इस प्रकार ग्यारह न्यासों को सम्पन्न करके पुनः षडङ्ग न्यास करना चाहिये। वह इस प्रकार है।

षडङ्ग न्यास—मूल में लिखित 'ॐ अङ्गुष्ठाभ्यां नमः' इत्यादि छः मन्त्रों से मूल षडङ्ग करन्यास करे। फिर आगे लिखे 'ॐ ऐं हृदयाय नमः' इत्यादि छः मन्त्रों से हृदयादि न्यास करे।

अक्षर न्यास—फिर मूल में लिखित 'ॐ ऐं नमः शिखायां' इत्यादि नौ मन्त्रों से उनमें निर्दिष्ट शरीराङ्गों में अक्षरन्यास करना चाहिये। अक्षर न्यास के उपरान्त मूल मन्त्र 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे' का उच्चारण कर पूर्व की भाँति आठ बार व्यापक करे। इस प्रकार न्यास करके देवी का ध्यान करे।

मूल में लिखे 'खड्गं चक्रगदेषुचाप०' इत्यादि श्लोक से महाकाली का 'अक्षस्रक्परशु०' इत्यादि श्लोक से महालक्ष्मी का 'घंटाशूलहलानि शङ्खमुशलं०' इत्यादि श्लोक से महासरस्वती का ध्यान करना चाहिये। इस प्रकार तीनों ध्यान करने के उपरान्त पीठपूजा करे।

पीठपूजा—'ॐ मण्डूकादिपरतत्वान्तपीठदेवताभ्यो नमः' कहकर पूर्वोक्त पीठदेवताओं का पूंजन करके पूर्वादि आठ दिशाओं तथा मध्य में पूज्य-पूजक के बीच प्राची दिशा की कल्पना करके जयादि नौ पीठशक्तियों को स्थापित करना चाहिये तथा मूल में लिखित 'ॐ जयायै नमः' इत्यादि नौ मन्त्रों से उनका पूजन करना चाहिये। फिर अन्त में 'ॐ नमो भगवते सकलगुणात्मशक्तियुक्ताय अनन्ताय योगपीठात्मने नमः' इस मन्त्र से पीठ को पुष्पाञ्जलि अर्पित करके देवी-यन्त्र की पूजा करनी चाहिये।

यन्त्रोद्धारः

मध्ये त्रिकोणे तद्बहिः षडस्त्रं तद्बहिरष्टदलं तद्बहिश्चतुर्विंशतिपत्रात्मकं तद्बाह्ये चतुरस्त्रं चतुर्द्वारयुतं भूपुरं चेति देवीयन्त्रमष्टगन्धेन विलिख्य तत्र त्रिकोणमध्ये मूलमन्त्रेण देवीं मूलेन पाद्यादिपुष्पान्तोपचारैः सम्पूज्य यन्त्रदेवान्पूजयेत्। तद्यथा—त्रिकोणस्य 'पूर्वकोणे' ॐ ब्रह्मणे नमः। ॐ सरस्वत्यै नमः॥ १॥ 'नैर्ऋत्ये' ॐ विष्णवे नमः। ॐ श्रियै नमः॥ २॥ 'वायव्ये' ॐ शिवाय नमः। ॐ उमायै नमः॥ ३॥ 'उत्तरे' ॐ सिंहाय नमः॥ ४॥ 'दक्षिणे' ॐ महिषाय नमः॥ ५॥ इति पूजयेत्। (षट्कोणमण्डले पूर्वादिषट्कोणेषु क्रमेण) ॐ नं नन्दजायै नमः॥ १॥ ॐ रं रक्तदन्तिकायै नमः॥ २॥ ॐ शां शाकम्भर्यै नमः॥ ३॥ ॐ दुं दुर्गायै नमः॥ ४॥ ॐ भीं भीमायै नमः॥ ५॥ ॐ भ्रां भ्रामर्यै नमः इति पूजयेत्॥ ६॥ (अष्टपत्रेषु पूर्वादिक्रमेण) ॐ ब्रां ब्राह्म्यै नमः॥ १॥ ॐ मां माहेश्वर्यै नमः॥ २॥ ॐ कौं कौमार्यै नमः॥ ३॥ ॐ वैं वैष्णव्यै नमः॥ ४॥ ॐ वां वाराह्यै नमः॥ ५॥ ॐ नां नारसिंह्यै नमः॥ ६॥ ॐ ऐं ऐन्द्र्यै नमः॥ ७॥

ॐ चां चामुण्डायै नमः ॥ ८ ॥ इति च पूजयेत् (चतुर्विंशतिदलेष्वपि पूर्वादिक्रमेण)। एवं ॐ विष्णुमायायै नमः ॥ १ ॥ ॐ चेतनायै नमः ॥ २ ॥ ॐ बुद्ध्यै नमः ॥ ३ ॥ ॐ निद्रायै नमः ॥ ४ ॥ ॐ क्षुधायै नमः ॥ ५ ॥ ॐ छायायै नमः ॥ ६ ॥ ॐ शक्त्यै नमः ॥ ७ ॥ ॐ तृष्णायै नमः ॥ ८ ॥ ॐ क्षान्त्यै नमः ॥ ९ ॥ ॐ जात्यै नमः ॥ १० ॥ ॐ लज्जायै नमः ॥ ११ ॥ ॐ शान्त्यै नमः ॥ १२ ॥ ॐ श्रद्धायै नमः ॥ १३ ॥ ॐ कान्त्यै नमः ॥ १४ ॥ ॐ लक्ष्म्यै नमः ॥ १५ ॥ ॐ धृत्यै नमः ॥ १६ ॥ ॐ वृत्यै नमः ॥ १७ ॥ ॐ श्रुत्यै नमः ॥ १८ ॥ ॐ स्मृत्यै नमः ॥ १९ ॥ ॐ तुष्ट्यै नमः ॥ २० ॥ ॐ पुष्ट्यै नमः ॥ २१ ॥ ॐ दयायै नमः ॥ २२ ॥ ॐ मात्रे नमः ॥ २३ ॥ ॐ भ्रान्त्यै नमः ॥ २४ ॥ इति पूजयेत्। तद्बाह्ये भूगृहचतुष्कोणेषु ईशान्याम् गं गणपतये नमः ॥ १ ॥ आग्नेय्याम् क्षं क्षेत्रपालाय नमः ॥ २ ॥ नैर्ऋत्याम् बं वटुकाय नमः ॥ ३ ॥ वायव्याम् यों योगिनीभ्यो नमः इति पूजयेत्। ततो भूपुरबाह्ये पूर्वादिक्रमेण ॐ लं इन्द्राय नमः ॥ १ ॥ रं अग्नये नमः ॥ २ ॥ मं यमाय नमः ॥ ३ ॥ क्षं निर्ऋतये नमः ॥ ४ ॥ वं वरुणाय नमः ॥ ५ ॥ यं वायवे नमः ॥ ६ ॥ सों सोमाय नमः ॥ ७ ॥ हं रुद्राय नमः ॥ ८ ॥ उर्ध्वम् ब्रं ब्रह्मणे नमः ॥ ९ ॥ अधः अं अनन्ताय नमः ॥ १० ॥ इति दिक्पालान्पूजयेत्। तद्बहिः (पूर्वादिषु) ॐ वज्राय नमः ॥ १ ॥ शक्तये नमः ॥ २ ॥ दण्डाय नमः ॥ ३ ॥ खड्गाय नमः ॥ ४ ॥ पाशाय नमः ॥ ५ ॥ अङ्कुशाय नमः ॥ ६ ॥ गदायै नमः ॥ ७ ॥ त्रिशूलाय नमः ॥ ८ ॥ पद्माय नमः ॥ ९ ॥ चक्राय नमः ॥ १० ॥ इत्यायुधानि पूजयेत्। एवमावरणपूजां कृत्वा मूलेन धूपदीपनैवेद्यताम्बूलदक्षिणादीनि भगवत्यै निवेद्य कर्पूरादिभिर्नीराजनं कृत्वा प्रदक्षिणामेकं विधाय मन्त्रपुष्पाञ्जलिं च दत्त्वा साष्टाङ्गं प्रणम्य स्तवैः स्तुत्वा यथाविधि भगवतीं ध्यायन् वाग्यतो जपं कुर्यात्। अस्य पुरश्चरणं लक्षचतुष्कम्। जपान्ते साज्येन पायसेन दशांशहोमः। अन्यत्सर्वं पूर्ववत्। तथा च मन्त्रमहोदधौ—

एवं ध्यात्वा जपेल्लक्षचतुष्कं तद्दशांशतः। पायसान्नेन जुहुयात्पूजिते हेमरेतसि ॥
एवं सिद्धे मनौ मन्त्री भवेत्सौभाग्यभाजनम्। मार्कण्डेयपुराणोक्तं नित्यं चण्डीस्तवं पठेत् ॥
पुटितं मूलमन्त्रेण जपन्नाप्नोति वाञ्छितम्। आश्विनस्य सिते पक्षे आरभ्याग्नितिथिं सुधीः ॥
अष्टम्यन्तं जपेल्लक्षं दशांशं होममाचरेत्। प्रत्यहं पूजयेद्देवीं पठेत्सप्तशतीमपि ॥
विप्रानाराध्य मन्त्री स्वमिष्टार्थं लभतेऽचिरात् ॥

डामरतन्त्रे—


ऐं बीजमादीन्दुसमानदीप्तं ह्रीं सूर्यतेजोद्युतिमद्द्वितीयम्।
क्लीं मूर्तिं वैश्वानरतुल्यरूपं तृतीयमानन्त्यसुखाय चिन्त्यम् ॥
चां शुद्धजाम्बूनदकान्तितुर्यं मुं पञ्चमं रक्ततरं प्रकल्प्य।
डां षट्कमुग्रार्तिहरं सुनीलं यैः सप्तमं कृष्णतरं रिपुघ्नम् ॥
वि पाण्डुरं चाष्टममादिसिद्धं च्चे धूम्रवर्णं नवमं विशालम्।
एतानि बीजानि नवात्मकस्य जप्तुः प्रदद्युः सकलार्थसिद्धिम् ॥

नवबीजविशुद्धोऽयं मन्त्रस्त्रैलोक्यपावनः। एनं जपति यो मन्त्री फलं तस्य वदाम्यहम् ॥
वश्या भवन्ति कामिन्यो राजानोऽनुचरा इव। न हस्तिसर्पदावाग्निचोरक्षत्रभयं भवेत् ॥
सर्वाः समृद्धयस्तस्य जायन्ते चण्डिकाज्ञया। नश्यन्ति दारुणा रोगाः सत्यं सत्यं न संशयः ॥
सहस्रमस्य मन्त्रस्य नवबीजस्य यो जले। नाभिमात्रे जपेत्सम्यक्कवित्वं लभते ध्रुवम् ॥
अयुतं नवतत्त्वस्य राजबन्धनसङ्कटैः। जपेत्तदाशु मुच्येत यो मन्त्री चण्डिकाज्ञया ॥
अस्मिन्नवाक्षरे मन्त्रे महालक्ष्मीर्व्यवस्थिता। तस्मात्सुसिद्धः सर्वेषां सर्वदिक्षु प्रदीपकः ॥

इति नवार्णमन्त्रप्रयोगः समाप्तः।

देवीयन्त्रनिर्माण-विधि—मध्यभाग में त्रिकोण बनाये। त्रिकोण के बाहर षडस्र (षट्कोण) बनाये। उसके बाहर वृत्त खींचकर वृत्त के चारो ओर अष्टदल का निर्माण करे। अष्टदल के बाहर पुन: एक वृत्त खींचकर उसके बाहरी भाग में चौबीस पत्रात्मक रचना बनाये। उसके बाहर एक चतुरस्र बनाये, जिसमें पूर्वादि चारो दिशाओं में चार द्वार भी बनाये। यह चतुरस्र, जो कि चौबीस दलों के बाहर होता है, भूपुर कहलाता है। इस देवीयन्त्र को अष्टगन्ध से लिखे।

देवीयन्त्रम्



यन्त्रपूजन-विधि—मध्यवर्त्ती त्रिकोण में मूल मन्त्र (नवार्ण मन्त्र) से देवी की पूजा पाद्यादि पुष्पान्त उपचारों से करने के पश्चात् फिर यन्त्रदेवताओं की पूजा अग्रलिखित प्रकार से करे—

त्रिकोण-पूजा—मध्यवर्त्ती त्रिकोण के पूर्वी कोण पर 'ॐ ब्रह्मणे नम: ॐ सरस्वत्यै नम:' कहकर पूजा करे। फिर नैर्ऋत्य दिशा के कोण पर 'ॐ विष्णवे नम: ॐ श्रियै नम:' इन मन्त्रों से पूजा करे। फिर उसके वायव्यस्थित तृतीय कोण में 'ॐ शिवाय नम: ॐ उमायै नम:' कहकर पूजन करे। इस प्रकार मध्यवर्त्ती लघुत्रिकोण का पूजन सम्पन्न होता है; फिर त्रिकोण की उत्तरी भुजा का 'ॐ सिंहाय नम:' तथा दक्षिणी भुजा का 'ॐ महिषाय नम:' मन्त्र से पूजन करे।

षट्कोण मण्डल में पूजा—मध्यवर्त्ती त्रिकोण के बाहर बने षट्कोण (पूर्वादि छ: कोण) में मूल में लिखित 'ॐ नं नन्दजायै नम:' इत्यादि छ: मन्त्रों से क्रमश: पूजा करे।

अष्टदल-पूजा—फिर षट्कोण के बाहर बने चतुर्विंशति दल में पूर्वादि प्रदक्षिणक्रम से 'ॐ विष्णुमायायै नम:' इत्यादि मूलोक्त चार मन्त्रों से पूजन करे। फिर भूपुर के बाहरी भाग में पूर्वादि दश दिशाओं में 'ॐ लं इन्द्राय

नमः' इत्यादि दश मन्त्रों से पूजा करनी चाहिये। यह दिक्पालों की पूजा होती है। दिक्पालों के बाहरी भाग में मूलोक्त 'ॐ वज्राय नमः' इत्यादि दश मन्त्रों से उनके दश आयुधों की पूजा पूर्व से प्रारम्भ कर प्रदक्षिणक्रम से करनी चाहिये।

इस प्रकार यन्त्र के आवरणों की पूजा करके मूल मन्त्र से धूप, दीप, नैवेद्य, ताम्बूल, दक्षिणा आदि से पूजा करके भगवती को निवेदित कर कर्पूरादि से आरती कर एक प्रदक्षिणा करके मन्त्रपुष्पाञ्जलि देकर साष्टाङ्ग प्रणाम कर स्तुतियों से स्तवन कर यथानिमित्त भगवती का ध्यान करके वाणी से उनके मन्त्र का जप करना चाहिये। इसके पुरश्चरण में चार लाख जप होता है। जप की समाप्ति पर घृत एवं खीर से जप का दशांश (चालीस सहस्र) होम करना चाहिये। उसके दशांश से तर्पणादि करना चाहिये।

मन्त्रमहोदधि के अनुसार—इस प्रकार ध्यान करके मन्त्र का चार लाख जप करके उसके दशांश से पायसान्न से होम करना चाहिये। इस प्रकार से मन्त्र सिद्ध होने पर साधक सभी सौभाग्यों को प्राप्त करता है। इसके साथ ही मार्कण्डेय पुराणोक्त चण्डीस्तव (दुर्गासप्तशती) भी पढ़ना चाहिये। उसका पाठ यदि मूल मन्त्र (नवार्ण) से सम्पुटित कर किया जाय तो वाञ्छित फल की प्राप्ति होती है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा से आरम्भ कर अष्टमी-पर्यन्त एक लाख जप करे तथा उसका दशांश होम करे। प्रतिदिन देवी की पूजा तथा सप्तशती का पाठ करता रहे। फिर ब्राह्मणों को भोजन एवं दक्षिणादि से सन्तुष्ट करे तो उसे अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है।

डामरतन्त्र के अनुसार फल—'ऐं' बीज आदि चन्द्रमा के समन दीप्तिमान है। 'ह्रीं' बीज सूर्य के समान अद्वितीय तेज वाला है। 'क्लीं' बीज की मूर्ति अग्नि के समान रूप वाली होती है। इन तीनों बीजों का चिन्तन अनन्त सुख देता है। 'चां' बीज जाम्बूनद के समान कान्ति वाला है। 'मुं' बीज रक्ततर वर्ण का जानना चाहिये। 'डां' बीज छः प्रकार की उग्र पीड़ा को दूर करने वाला है तथा सुनील एवं कृष्णतर वर्ण का होता है; साथ ही शत्रुनाशक भी है। 'वि' वर्ण पाण्डुवर्ण आठवाँ अक्षर है, जो कि आदि सिद्ध है। 'च्चे' धूम्रवर्ण तथा विशाल होकर नवाँ वर्ण है। इस प्रकार इन बीजों से युक्त यह नवार्ण मन्त्र का जप जापक को सम्पूर्ण सिद्धियाँ देता है। यह नौ बीजों से विशुद्ध मन्त्र सम्पूर्ण लोक को पवित्र करने वाला है। जो साधक इसको जपता है, उसका फल मैं कह रहा हूँ।

इसके जापक के वश में स्त्रियाँ हो जाती हैं। राजा लोग उसके अनुचरों की भाँति हो जाते हैं। उसे हाथी, सर्प, दावाग्नि तथा चोर, डाकुओं एवं आतङ्कवादियों का भय नहीं होता है; न ही राजा का भय होता है। चण्डिका की आज्ञा से उसे सभी सम्पत्तियाँ मिल जाती हैं। उसके दारुण रोग नष्ट हो जाते हैं; यह मैं सत्य कह रहा हूँ, इसमें कोई संशय नहीं है। जो इस नवार्ण मन्त्र का एक सहस्र जप नाभिमात्र जल में खड़े होकर करता है, उसे निश्चित ही सम्यक् फल की प्राप्ति हो जाती है। नवार्ण मन्त्र का जप अयुत (दस सहस्र) करने से राजबन्धन सङ्कटादि से मुक्ति मिल जाती है। जो इस मन्त्र को जपता है, वह शीघ्र सङ्कट से मुक्त हो जाता है। इस नवाक्षर (नवार्ण मन्त्र) में महालक्ष्मी स्थित हैं; अतः यह सबके लिये सिद्ध मन्त्र है, जो सभी दिशाओं को प्रकाशित करता है।

अष्टाक्षरदुर्गामन्त्रपुरश्चरणम्

भूतशुद्ध्यादिकलान्यासान्तं पूर्ववत् ज्ञातव्यम्। शारदातिलके मन्त्रो यथा—ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै नमः इत्यष्टाक्षरो मन्त्रः। अस्य मन्त्रस्य नारद ऋषिर्गायत्रीच्छन्दः। दुरिततापनिवारिणी दुर्गा देवता सर्वेष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः। ॐ नारदऋषये नमः शिरसि॥ १॥ ॐ गायत्रीछन्दसे नमः मुखे॥ २॥ ॐ दुर्गादेवतायै नमः हृदये॥ ३॥ इति ऋष्यादिन्यासः॥ ह्रां ॐ ह्रीं दुं

दुर्गायै नमः अङ्गुष्ठाभ्यां नमः ॥ १ ॥ ह्रां ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै नमः तर्जनीभ्यां नमः ॥ २ ॥ ह्रां ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै नमः मध्यमाभ्यां नमः ॥ ३ ॥ ह्रां ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै नमः अनामिकाभ्यां नमः ॥ ४ ॥ ह्रां ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै नमः कनिष्ठिकाभ्यां नमः ॥ ५ ॥ ह्रां ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै नमः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः ॥ ६ ॥ इति करन्यासः। एवमेव हृदयादिन्यासं कृत्वा ध्यायेत्। अथ ध्यानम्—

सिंहस्था शशिशेखरा मरकतप्रख्या चतुर्भिर्भुजैः शङ्खं चक्रधनुःशरांश्च दधती नेत्रैस्त्रिभिः शोभिता।
आमुक्ताङ्गदहारकङ्कणरणत्काञ्चीक्वणन्नूपुरा दुर्गा दुर्गतिहारिणी भवतु नो रत्नोल्लसत्कुण्डिका॥

एवं ध्यात्वा मानसोपचारैः सम्पूज्य पीठपूजां कुर्यात्। तद्यथा पीठे पूर्वोक्तमण्डूकादिपरतत्त्वान्तपीठदेवताः सम्पूज्य केसरेषु ॐ आं प्रभायै नमः ॥ १ ॥ ॐ ईं मायायै नमः ॥ २ ॥ ॐ ऊँ जयायै नमः ॥ ३ ॥ ॐ एं सूक्ष्मायै नमः ॥ ४॥ ॐ ऐं विशुद्धायै नमः ॥ ५ ॥ ॐ ओं नन्दिन्यै नमः ॥ ६ ॥ ॐ औं सुप्रभायै नमः ॥ ७ ॥ ॐ अं विजयायै नमः ॥ ८ ॥ (मध्ये) ॐ अः सर्वसिद्धिदायै नमः ॥ ९ ॥ इति पीठशक्तीः सम्पूज्य तदुपरि 'ॐ वज्रनखदंष्ट्रायुधाय महासिंहाय हुं फट्' इत्यासनं दत्त्वा तत्र मूलेन मूर्तिं प्रकल्प्य आवाहनादिपुष्पान्तैरुपचारैः सम्पूज्य आवरणपूजां कुर्यात्। (षट्कोणे) आग्नेयादिकोण-केसरेषु मध्ये दिक्षु च प्राचीक्रमेण ह्रां ॐ दुं ह्रीं दुर्गायै नमः हृदयाय नमः ॥ १ ॥ ह्रां ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै नमः शिरसे स्वाहा ॥ २ ॥ ह्रां ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै नमः शिखायै वषट् ॥ ३ ॥ ह्रां ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै नमः कवचाय हुं ॥ ४ ॥ ह्रां ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै नमः नेत्रत्रयाय वौषट् ॥ ५ ॥ ह्रां ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै नमः अस्त्राय फट् ॥ ६ ॥ इति षडङ्गानि पूजयेत्। तद्बाह्ये अष्टदले प्राचीक्रमेण—ॐ जं जयायै नमः ॥ १ ॥ ॐ विं विजयायै नमः ॥ २ ॥ ॐ कीं कीर्त्यै नमः ॥ ३ ॥ ॐ प्रीं प्रीत्यै नमः ॥ ४॥ ॐ प्रं प्रभायै नमः ॥ ५ ॥ ॐ शुं शुद्धायै नमः ॥ ६ ॥ ॐ मं मेधायै नमः ॥ ७ ॥ ॐ श्रुं श्रुत्यै नमः ॥ ८ ॥ इति पूजयेत्। (पत्राग्रेषु) ॐ चक्राय नमः ॥ १ ॥ ॐ शङ्खाय नमः ॥ २ ॥ ॐ गदायै नमः ॥ ३ ॥ ॐ खड्गाय नमः ॥ ४ ॥ ॐ पाशाय नमः ॥ ५ ॥ ॐ अङ्कुशाय नमः ॥ ६ ॥ ॐ शराय नमः ॥ ७ ॥ ॐ चापाय नमः ॥ ८ ॥ इत्यस्त्राणि पूजयेत्। तद्बाह्ये भूपुरे पूर्वादिक्रमेण इन्द्रादिदशदिक्पालान् तद्बाह्ये वज्राद्यायुधानि च पूजयेत्। इत्यावरणपूजां कृत्वा धूपादिनमस्कारान्तं सम्पूज्य जपं कुर्यात्। अस्य पुरश्चरणमष्टलक्षजपः। तथा च—

वसुलक्षं जपेन्मन्त्रं तिलैर्मधुरलोलितैः। पयोऽन्धसा वा जुहुयात्तत्सहस्रं जितेन्द्रियः॥
इत्थं जपादिभिर्मन्त्री मन्त्रे सिद्धे विधानवित्। कुर्यात्प्रयोगानेतेन मनुना स्वमनीषितान्॥
प्रतिष्ठाप्य विधानेन कलशान्नव शोभनान्। रत्नहेमादिसंयुक्तान्पदेषु नवसु स्थितान्॥
मध्यस्थे पूजयेद्देवीमितरेषु जयादिकाः। सम्पूज्य गन्धपुष्पाद्यैरभिषिञ्चेन्नराधिपम्॥
राजा विजयते शत्रून्साधको विजयं श्रियम्। प्राप्नोति रोगी दीर्घायुः सर्वव्याधिविवर्जितः॥
वन्ध्याभिषिक्ता विधिना लभते तनयं वरम्। मन्त्रेणानेन सञ्जप्तमाज्यं क्षुद्रज्वरापहम्॥
गर्भिणीनां विशेषेण जप्तं भस्मादिकं तथा॥

इत्यष्टाक्षरदुर्गामन्त्रप्रयोगः समाप्तः।

अष्टाक्षर दुर्गामन्त्र का पुरश्चरण—इसके लिये भूतशुद्धि तथा कलान्यासादि पूर्व की भाँति करनी चाहिये। मंत्र है—ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै नमः। शारदातिलक के अनुसार यह आठ अक्षरों वाला दुर्गामन्त्र है। 'इसके नारद ऋषि, गायत्री छन्द, दुरितातप-निवारिणी दुर्गा देवता हैं तथा सभी इष्टों की सिद्धि के लिये जप-हेतु विनियोग होता है। इस भावार्थ को प्रकट करने वाला वाक्य मूल के अनुसार पढ़कर विनियोग करना चाहिये। फिर मूलोक्त 'ॐ नारदऋषये नमः शिरसि, ॐ गायत्री छन्दसे नमः मुखे, ॐ दुर्गादेवतायै नमः हृदये' इन तीन मन्त्रों से ऋष्यादि न्यास करना चाहिये।

हृदयादिन्यास—फिर मूल में लिखित 'ॐ ह्रां ॐ ह्रीं दुर्गायै नमः' इत्यादि छः मन्त्रों से प्रथम करन्यास करके पुनः इन्हीं छः मन्त्रों से हृदयादि न्यास भी करना चाहिये। तत्पश्चात् ध्यान करना चाहिये।

'ॐ सिंहस्था शशिशेखरा' इत्यादि श्लोक को पढ़कर उसके भावार्थ का ध्यान करते हुए दुर्गा देवी का ध्यान करना चाहिये। फिर मानसोपचारों द्वारा दुर्गा का पूजन करे। फिर पूर्वोक्त देवीपीठोक्त परतत्त्वान्त देवताओं का पूजन करे। फिर केसरों में 'ॐ आं प्रभायै नमः' इत्यादि ९ मन्त्रों से पीठशक्तियों की पूजा करे। फिर पीठ के ऊपर 'ॐ वज्रनखदंष्ट्रायुधाय महासिंहाय हुं फट्' कहकर देवी को आसन देकर उस पर मूल मन्त्र (ॐ ह्रीं दुं दुर्गायै नमः) से मूर्ति की कल्पना करके आवाहनादि उपचारों से पूजन कर फिर आवरणपूजा करनी चाहिये।

षडङ्ग पूजा—'ह्रां ॐ दुं ह्रीं दुर्गायै नमः हृदयाय नमः' इत्यादि मूलोक्त छः मन्त्रों से यन्त्र में बने षट्कोण की पूजा प्रदक्षिणक्रम से पूर्व से प्रारम्भ कर करनी चाहिये। फिर षट्कोण के बाहर अष्टदल कमल में पूर्वदिशा से प्रदक्षिणक्रम से 'ॐ जं जयायै नमः' इत्यादि मूल में लिखित आठ मन्त्रों से पूजन करे। फिर उसके आगे पत्राग्रों में 'ॐ चं चक्राय नमः' इत्यादि आठ मन्त्रों से उन जयादि आठ शक्तियों के अस्त्रों की पूजा भी पूर्व से लेकर प्रदक्षिणक्रम से करे। उसके बाहर पूर्वादि क्रम से इन्द्रादि दश दिक्पालों की एवं उनके बाहर उनके वज्र आदि आयुधों की पूजा करके धूप से लेकर नमस्कार-पर्यन्त करना चाहिये। फिर मूल मन्त्र का आठ लाख की सङ्ख्या में जप करने से पुरश्चरण होता है।

जैसा कि कहा गया है—तिलों को मधुर (शर्करा या गुड़) में सानकर आठ लाख जप के उपरान्त एक सहस्र हवन करना चाहिये। इस प्रकार से साधक मन्त्र को सिद्ध कर फिर कामना के अनुसार उसका प्रयोग करे। विधिपूर्वक नौ कलशों को स्थापित कर उनमें स्वर्ण रत्नादि डालकर नौ स्थानों पर रखे। उनमें मध्य में स्थित कलस पर देवी को पूजकर जयादि की पूजा करे। उनकी गन्ध-पुष्प आदि से पूजा कर फिर साधक (राजा या यजमान) का अभिषेक करे। ऐसा करने से राजा शत्रुओं को जीतकर लक्ष्मी को प्राप्त करता है। रोगी व्यक्ति सभी रोगों से रहित होकर दीर्घायु को प्राप्त करता है। विधिपूर्वक यदि वन्ध्या का अभिषेक किया जाय तो उसे श्रेष्ठ पुत्र की प्राप्ति होती है। यदि इस मन्त्र को पढ़कर अभिमन्त्रित करके थोड़ा-सा जो घृत दिया जाय तो वह छोटे-मोटे ज्वरों को दूर कर देता है। गर्भिणी इत्यादि को यदि इसे जपकर यज्ञ की भस्म से शरीर का उद्धूलन हो तो उनका गर्भ स्वस्थ रहता है।

दुर्गाकवचम्

भैरव उवाच—

अधुना देवि वक्ष्येऽहं कवचं मन्त्रगर्भकम्। दुर्गाया सारसर्वस्वं कवचेश्वरसंज्ञकम्॥ १॥
परमार्थप्रदं नित्यं महापातकनाशनम्। योगिप्रियं योगगम्यं देवानामपि दुर्लभम्॥ २॥
विना दानेन मन्त्रस्य सिद्धिर्देवि कलौ भवेत्। धारणादस्य देवेशि शिवस्त्रैलोक्यनायकः॥ ३॥

श्रीदुर्गाकवच—श्री भैरवजी बोले कि हे देवि! अब मैं दुर्गा के सार का सर्वस्व कवचों में श्रेष्ठ श्रीदुर्गाकवच कहता हूँ, जो कि नित्य ही परमार्थदायक तथा महापातकों को नष्ट करने वाला है। योगियों को प्रिय, योगगम्य तथा देवताओं के लिये भी दुर्लभ है। हे देवि! कलियुग में बिना देव के ही मन्त्रसिद्धि हो जाती है। हे देवि! इस कवच के धारण करने से शिव त्रैलोक्यनायक हो गये हैं॥ १-३॥

भैरवो भैरवेशानि विष्णुर्नारायणो बली। ब्रह्मा पार्वति लोकेशो विघ्नध्वंसी गजाननः॥ ४॥
सेनानीश्च महासेनो जिष्णुर्लेखर्षभः प्रिये। सूर्यस्तमोपहो लोके चन्द्रोऽमृतनिधिस्तथा॥ ५॥
बहुनोक्तेन किं देवि दुर्गाकवचधारणात्। मर्त्योऽप्यमरतां याति साधको मन्त्रसाधकः॥ ६॥

इस कवच के प्रताप से ही भैरव भैरव हैं तथा विष्णु नारायण हैं। हे पार्वति! ब्रह्मा इसके धारण करने से लोकों के स्वामी तथा गणेशजी विघ्नध्वंसी हो गये हैं। महासेन सेनानी तथा जिष्णु लेखर्षभ हो गये हैं। सूर्य तमोपह तथा चन्द्रमा अमृत का निधि हो गया है। हे देवि! अधिक क्या कहूँ, इस दुर्गाकवच के धारण से मनुष्य अमरता को प्राप्त हो जाता है, जो इसकी साधना करता है॥ ४-६॥

कवचस्यास्य देवेशि ऋषिः प्रोक्तो महेश्वरः। छन्दोऽनुष्टुप्प्रियो दुर्गा देवताष्टाक्षरा स्मृता॥ ७॥
चक्रबीजं च बीजं स्यान्मायाशक्तिरितीरिता। ॐ मे पातु शिरो दुर्गा ह्रीं मे पातु ललाटकम्॥ ८॥
दुं नेत्रेऽष्टाक्षरा पातु चक्री पातु श्रुती मम॥ ९॥
कण्ठं गण्डौ च मे पातु देवेशी रक्तकुण्डला। वायुर्नासां सदा पातु रक्तबीजनिषूदिनी॥ १०॥
लवणं पातु मे चोष्ठौ चामुण्डा चण्डघातिनी। भेकी बीजं सदा पातु दन्तान्मे रक्तदन्तिका॥ ११॥
ॐ ह्रीं श्रीं पातु मे कण्ठं नीलकण्ठाङ्कवासिनी। ॐ ऐं क्लीं पातु मे स्कन्धौ स्कन्दमाता महेश्वरी॥ १२॥

हे देवेशि! इस कवच के महेश्वर ऋषि, अनुष्टुप् छन्द, दुर्गा देवता, चक्र बीज, माया शक्ति है। ॐ मेरे शिर की रक्षा करे तथा ह्रीं के द्वारा दुर्गा मेरे ललाट (माथे) की रक्षा करे। दुं अष्टाक्षरा नेत्रों की रक्षा करे तथा चक्री मेरे कानों की रक्षा करे। रक्तकुण्डला मेरे कण्ठ एवं गण्ड (कल्लों) की रक्षा करे, वायु-नाक की रक्षा सदैव रक्तबीजनिषूदनी करे। मेरे ओठों के लावण्य की रक्षा चण्डघातिनी चामुण्डा करे। भेकी बीज की तथा रक्तदन्तिका दाँतों की रक्षा करे। ॐ ह्रीं श्रीं नीलकण्ठाङ्कवासिनी मेरे कण्ठ की रक्षा करे। ॐ ऐं ह्रीं क्लीं मेरे कन्धों की रक्षा स्कन्दमाता महेश्वरी करे॥ ७-१२॥

ॐ सौं क्लीं मे पातु बाहू देवेशी बगलामुखी। ऐं श्रीं ह्रीं पातु मे हस्तौ शिवाशतनिनादिनी॥ १३॥
ॐ सौं ऐं ह्रीं पातु मे वक्षो देवता विन्ध्यवासिनी। ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं पातु कुक्षिं मम मातङ्गिनी परा॥ १४॥
ॐ श्रीं ह्रीं ऐं पातु मे पार्श्वौ हिमाचलनिवासिनी। ॐ स्त्रीं हूं ऐं पातु पृष्ठं मम दुर्गतिनाशिनी॥ १५॥
ॐ क्रीं हुं पातु मे नाभिं देवी नारायणी सदा। ॐ ऐं क्लीं सौं सदा पातु कटिं कात्यायनी मम॥ १६॥
ॐ ह्रीं श्रीं पातु शिश्नं मे देवी श्रीबगलामुखी। ॐ ऐं सौः क्लीं सौः पातु गुह्यं गुह्यकेश्वरपूजिता॥ १७॥
ॐ ह्रीं ऐं श्रीं हसौः पायादूरू मम मनोन्मना। ॐ जूं सः सौः पातु जानू जगदीश्वरपूजिता॥ १८॥
ॐ ऐं क्लीं पातु मे जङ्घे मेरुपर्वतवासिनी। ॐ ह्रीं श्रीं गीं सदा पातु गुल्फौ मम गणेश्वरी॥ १९॥
ॐ ह्रीं दुं पातु मे पादौ पार्वती षोडशाक्षरी।

ॐ सौं क्लीं देवी बगलामुखी मेरी भुजाओं की रक्षा करे तथा ॐ ऐं क्लीं शतनिनादिनी शिवा मेरे हाथों की रक्षा करे। ॐ सौं ऐं ह्रीं विन्ध्यवासिनी मेरे वक्ष की तथा ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं मातङ्गिनी परा मेरी कुक्षि की रक्षा करे। ॐ श्रीं ह्रीं ऐं हिमाचलवासिनी मेरे पार्श्वों की रक्षा करे। ॐ क्रीं हूं नारायणी देवी की सदैव मेरी नाभि की रक्षा करे। ॐ ऐं क्लीं सौं कात्यायनी सदैव मेरी कटि की रक्षा करे। ॐ ह्रीं श्रीं बगलामुखी मेरे शिखा की रक्षा करे। ॐ ऐं सौः क्लीं सौः गुह्यकेश्वर-पूजिता मेरे गुह्य की रक्षा करे। ॐ ह्रीं ऐं श्रीं हसौः मनोन्मना मेरी ऊरुओं की रक्षा करे। ॐ जूं सः सौः जगदीश्वर पूजिता मेरे जानुओं (घुटनों) की रक्षा करे। ॐ ऐं क्लीं मेरुपर्वतवासिनी मेरी जङ्घाओं (पिण्डलियों) की रक्षा करे। ॐ ह्रीं श्रीं गीं गणेश्वरी सदैव मेरे गुल्फों (टखनों) की रक्षा करे। ॐ ह्रीं दुं पार्वती षोडशाक्षरी मेरे पैरों की रक्षा करे॥ १३-१९॥

पूर्वे मां पातु ब्रह्माणी वह्नौ च वैष्णवी तथा॥ २०॥

दक्षिणे चण्डिका पातु नैर्ऋते नारसिंहिका। पश्चिमे पातु वाराही वायव्ये मापराजिता॥ २१॥

उत्तरे पातु कौमारी चैशान्यां शाम्भवी तथा। ऊर्ध्वं दुर्गा सदा पातु पात्वधस्ताच्छिवा सदा॥ २२॥

पूर्व में ब्रह्माणी मेरी रक्षा करे। अग्निकोण में वैष्णवी मेरी रक्षा करे। दक्षिण में चण्डिका तथा नैर्ऋत्य कोण में नारसिंहिका मेरी रक्षा करे। पश्चिम में वाराही तथा वायव्य में अपराजिता मेरी रक्षा करे। उत्तर में कौमारी तथा ईशान में शाम्भवी मेरी रक्षा करे। ऊर्ध्व (ऊपरी) दिशा में दुर्गा मेरी रक्षा करे तथा अधो (नीचे की) दिशा में शिवा सदैव मेरी रक्षा करे॥ २०-२२॥

प्रभाते त्रिपुरा पातु निशीथे छिन्नमस्तका। निशान्ते भैरवी पातु सर्वदा भद्रकालिका॥ २३॥

अग्नेरम्बा च मां पातु जलान्मां जगदम्बिका। वायोर्मां पातु वाग्देवी वनाद्वनजलोचना॥ २४॥

सिंहात्सिंहानना पातु सर्पात्सर्पान्तकासना। रोगान्मां राजमातङ्गी भूताद्भूतेशवल्लभा॥ २५॥

यक्षेभ्यो यक्षिणी पातु रक्षोभ्यो राक्षसान्तका। भूतप्रेतपिशाचेभ्यः सुमुखी पातु मां सदा॥ २६॥

सर्वत्र सर्वदा पातु ॐ ह्रीं दुर्गानवाक्षरा।

प्रभातकाल में त्रिपुरा देवी तथा निशीथकाल (आधी रात) में छिन्नमस्तका देवी मेरी रक्षा करे। निशान्त (रात्रि के अन्त) में भैरवी देवी तथा सिंहानन देवी सिंह से मेरी रक्षा करे एवं सर्पान्तकासना देवी सर्प से मेरी रक्षा करे। रोगों से राजमातंगी तथा भूत से भूतेशवल्लभा मेरी रक्षा करे। यक्षों से यक्षेश्वरी, राक्षसों से राक्षसान्तिका, भूत-प्रेत-पिशाचों से सुमुखी सदैव मेरी रक्षा करे। ॐ ह्रीं दुर्गा नवाक्षरा मेरी सर्वदा रक्षा करे॥ २३-२६॥

इत्येवं कवचं गुह्यं दुर्गासर्वस्वमुत्तमम्॥ २७॥

मन्त्रगर्भं महेशानि कवचेश्वरसंज्ञकम्। वित्तदं पुण्यदं पुण्यं वर्म सिद्धिप्रदं कलौ॥ २८॥

वर्म सिद्धिप्रदं गोप्यं परापररहस्यकम्। श्रेयस्करं मनुमयं रोगनाशकरं परम्॥ २९॥

महापातककोटिघ्नं मानदं च यशस्करम्। अश्वमेधसहस्रस्य फलदं परमार्थदम्॥ ३०॥

अत्यन्तगोप्यं देवेशि कवचं मन्त्रसिद्धिदम्। पठनात्सिद्धिदं लोके धारणान्मुक्तिदं शिवे॥ ३१॥

रवौ भूर्जे लिखेद्धीमान्कृत्वा कर्माह्निकं प्रिये। श्रीचक्राग्रेऽष्टगन्धेन साधको मन्त्रसिद्धये॥ ३२॥

लिखित्वा धारयेद्बाहौ गुटिकां पुण्यवर्द्धिनीम्। किं किं न साधयेल्लोके गुटिका वर्मणोऽचिरात्॥ ३३॥

गुटिकां धारयेन्मूर्ध्नि राजानं वशमानयेत्। धनार्थी धारयेत्कण्ठे पुत्रार्थी कुक्षिमण्डले॥ ३४॥

इस प्रकार यह कवच दुर्गा का सर्वस्व, सुगोप्य तथा परापर रहस्य से युक्त श्रेयस्कर, मनुमय, रोगनाशक कवचेश्वर है। यह धनप्रद, पुण्यप्रद तथा कलियुग में सिद्धिप्रद कवच है। यह करोड़ों महापातकों को नष्ट करने वाला, सम्मान देने वाला, यशस्कर तथा सहस्र अश्वमेध का फल देकर परमार्थ देने वाला है। हे देवेशि! यह अत्यन्त गोपनीय मन्त्र-सिद्धिदायक कवच है। यह पाठ करने से संसार में सफलता देता है तथा धारण (कण्ठस्थ) करने से मुक्ति देने वाला है। इसे रविवार के दिन भोजपत्र पर लिखकर हे प्रिय! यदि बुद्धिमान् व्यक्ति अपने आह्निक कर्म करने के उपरान्त अष्टगन्ध से श्रीचक्र (श्रीयन्त्र) के आगे बैठकर मन्त्रसिद्धि के लिये लिखता है तथा लिखकर फिर इसे ताबीज के रूप में बाहुओं पर धारण करता है तो ऐसा कौन-सा कार्य है, जो इसकी पुण्यवर्धिनी गुटिका (ताबीज) से सिद्ध न हो सके। इसकी गुटिका (ताबीज) को शिर पर धारण करने से राजाओं को वश में कर सकता है। धनार्थी को इसकी गुटिका को कण्ठ में धारण करना चाहिये तथा पुत्रार्थी को इसे कुक्षिमण्डल (पेट) पर धारण करना चाहिये॥ २७-३४॥

तामेवं धारयेन्मूर्ध्नि लिखित्वा भूर्जपत्रके। श्वेतसूत्रेण संवेष्ट्य लाक्षया परिवेष्टयेत्॥ ३५॥
सुवर्णेनाथ संवेष्ट्य धारयेद्रक्तरज्जुना। गुटिका कामदा देवी देवानामपि दुर्लभा॥ ३६॥
कवचस्यास्य गुटिकां धृत्वा मुक्तिप्रदायिनीम्। कवचस्यास्य देवेशि वर्णितुं नैव शक्यते॥ ३७॥
महिमानं महादेवि जिह्वाकोटिशतैरपि। अदातव्यमिदं वर्म्म मन्त्रगर्भं रहस्यकम्॥ ३८॥
अवक्तव्यं महापुण्यं सर्वसारस्वतप्रदम्। अदीक्षिताय नो दद्यात्कुटिलाय दुरात्मने॥ ३९॥
अन्यशिष्याय दुष्टाय निन्दकाय कुलार्थिनाम्।

उसी गुटिका (ताबीज या ढलनियाँ) में भूर्जपत्र पर लिखे कवच को श्वेत धागे में लपेट कर ऊपर से लाख लपेट कर फिर सोने से मढ़ कर रक्त वर्ण की डोरी में पिरोकर धारण करे। हे देवि! यह गुटिका देवों को भी दुर्लभ है। इस कवच की गुटिका मुक्ति-प्रदायिनी है। हे देवेशि! इस कवच की महिमा का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता। यदि करोड़ों लोगों की जीभें भी इसका वर्णन करे तो भी इसकी महिमा का वर्णन नहीं हो सकता। यह गोपनीय मन्त्रकवच किसी को नहीं देना चाहिये। इसे किसी को भी नहीं बताना चाहिये; क्योंकि यह कवच सम्पूर्ण ज्ञान को देने वाला है। इस पवित्र कवच को अदीक्षित (दीक्षारहित) व्यक्ति को तथा दुरात्मा (दुष्ट) व्यक्ति को कदापि नहीं देना चाहिये। अपने शिष्य को छोड़कर किसी अन्य के शिष्य को, दुष्ट शिष्य को, कुलार्थियों (तन्त्रमार्ग पर चलने वालों) की निन्दा करने वाले को भी इसे नहीं देना चाहिये॥ ३५-३९॥

दीक्षिताय कुलीनाय गुरुभक्तिरताय च॥ ४०॥
शान्ताय कुलशक्ताय शान्ताय कुलवासिने। इदं वर्म्म शिवं दद्यात्कुलभागी भवेन्नरः॥ ४१॥
इदं रहस्यं परमं दुर्गाकवचमुत्तमम्। गुह्यं गोप्यतमं गोप्यं गोपनीयं स्वयोनिवत्॥ ४२॥
इदं देवीरहस्यतन्त्रोक्तं श्रीदुर्गाकवचं समाप्तम्।

हे देवि! इस पुण्य-पवित्र कवच को तन्त्रमार्ग में दीक्षित व्यक्ति को जो कुलीन (अच्छे कुल में उत्पन्न तथा कुलधर्म का पालन करने वाला हो) तथा गुरु की भक्ति में निरत हो; शान्त स्वभाव वाला हो, अपने कुल में स्थित हो, कुल में ही शान्त चित्त से निवास करता हो, उसे ही देना चाहिये। इस कवच को शिव जी को अर्पित कर देने से मनुष्य कुल-भागी हो जाता है। यह श्री दुर्गा जी का रहस्यपूर्ण परम पवित्र उत्तम कवच है। यह गोप्य ही नहीं, गोप्यतम है। हे देवि! अपनी योनि के समान गोप्य है (अतः इसे गुप्त ही रखना चाहिये तथा इसके लिये जो सत्पात्र अर्ह व्यक्ति हो, उसे ही इसका ज्ञान देना चाहिये)॥ ४०-४२॥

नवरात्रदुर्गापूजाप्रयोगः

प्रतिपदि प्रातः कृताभ्यङ्गस्नानः नवे वाससी परिधाय चन्दनमृगमदकुङ्कुमैस्त्रिपुण्ड्रं कृत्वा धृतपवित्रो नित्यक्रियां समाप्य दशघटिकामध्येऽभिजिन्मुहूर्ते वा कलशस्थापनार्थं शुद्धमृदा वेदिकां कृत्वा स्वासने प्राङ्मुखो देवीसम्मुखो वा उपविश्य आचम्य प्राणानायम्य।

नवरात्र में दुर्गापूजा की विधि—नवरात्र में प्रतिपदा के दिन (प्रथम दिन) प्रातःकाल शौचादि से निवृत्त होकर अभ्यङ्ग एवं स्नान कर नवीन वस्त्र धारण कर चन्दन, कस्तूरी तथा केसर को घिस कर उनका त्रिपुण्ड्र लगाये। हाथ में पवित्री धारण कर अपने नित्य पूजन कर्म करके प्रातःकाल दश घटी के पूर्व (सूर्योदय से चार घण्टे के मध्य) में अथवा अभिजित् मुहूर्त (ठीक मध्याह्न समय) में कलशस्थापना के लिये शुद्ध मृत्तिका की वेदी (चौकोर चबूतरिया=चौंतरिया) बनाकर अपने आसन पर पूर्व की ओर मुख करके बैठे अथवा देवी जी के मन्दिर में उनकी प्रतिमा के सम्मुख बैठकर आचमन तथा प्राणायाम करे।

विमर्श—नवरात्र का अर्थ नौ दिनों से न होकर नौ तिथियों से है। ये नौ तिथियाँ पञ्चाङ्ग की गणना में शुक्ल प्रतिपदा से नवमी-पर्यन्त होती हैं। ये कभी आठ दिन में पूर्ण हो जाती हैं, कभी नौ दिनों में तथा कभी-कभी दस दिन में भी नौ तिथियाँ पूर्ण होती हैं; अतः पञ्चाङ्ग में दिये निर्देशानुसार यह कृत्य उक्त ८-९-१० दिनों में स्थिति के अनुसार प्रतिपदा से लेकर नवमी-पर्यन्त (तिथियों की क्षय-वृद्धि के कारण) सम्पन्न करना चाहिये। जैसा कि मराठी के दाते पञ्चाङ्ग के सम्पादक श्रीधर लक्ष्मण दाते लिखते हैं—'नवरात्र शब्दा चा अर्थ—नवरात्रम्हणजे नऊ दिवस अथवा नऊ माला अशीसमजूत आहे। क्वचित् आठ किंवादहा दिवस येतात। अशावेली असे कसे म्हणून लोकांत चर्चा होते। नऊ दिवस व रात्री चा कुलाचार म्हणजे नवरात्र असाया शब्दा चा अर्थनाही। तर आश्विन शुद्ध प्रतिपदेपासून महानवमीपर्यन्त केले जाणारे कर्म (घटस्थापना, नन्दादीप इत्यादि) म्हणजे नवरात्र असा नवरात्र शब्दा चा अर्थ धर्मसिन्दुकारानी दिला आहे। म्हणून त्यात दिवस किती (८-९-१०) हा प्रश्न नाही।' जिनके परिवारों में नवरात्र में नित्य उपवास रखा जाता हो, वह उपवास महानवमी-पर्यन्त (नवरात्रोत्थापनपर्यन्त) करना चाहिये तथा उसके उपरान्त उसी दिन नवरात्र व्रत की पारणा भी करनी चाहिये। जैसा कि धर्मसिन्धुकार स्पष्ट रूप में निर्दिष्ट करते हैं—'नवरात्रशब्दः आश्विनशुक्लप्रतिपदमारभ्य महानवमीपर्यन्तं क्रियमाणकर्मनामधेयम्। तत्र कर्मणि पूजैव प्रधानम्। उपवासादिकं स्तोत्रजपादिकं चाङ्गम्। तथा च यथा कुलाचारमुपवासैकभक्तनक्तायाचितान्यतमव्रतयुक्तं यथाकुलाचारं सप्तशतीलक्ष्मीहृदयादिस्तोत्रजपसहितं प्रतिपदादिनवम्यन्तं नवतिथ्यधिकरणकपूजाख्यं कर्म नवरात्रशब्दवाच्यम्। पूजाप्राधान्योक्तेरेव। क्वचित् कुले जपोपवासादिनियमस्य व्यतिरेक उपलभ्यते। पूजायास्तु न क्वापि कुले नवरात्रकर्मण्यभावो दृश्यते।' ऊपर जो अनुष्ठानप्रकाश के मूल में 'दशघटिका मध्येऽभिजिन्मुहूर्ते वा' लिखा है, वह पुरुषार्थचिन्तामणि के अनुसार है। उसके अनुसार जिस शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा अमावस्या की समाप्ति पर (अमावस्या वाले दिन) सूर्योदय से चार मुहूर्त (आठ घटी) अथवा पाँच मुहूर्त (दश घटी) के उपरान्त प्रारम्भ हो जाय तथा द्वितीय दिन (अमावस्या के अगले दिन) केवल दो मुहूर्त ही हो तो उसका क्षय होने से पूर्व दिन ही दश घटी के भीतर नवरात्र का आरम्भ (घटस्थापन) करना चाहिये, परन्तु जिस अमावस्या में दश घटी के भीतर प्रतिपदा का प्रवेश न हो तथा प्रतिपदा का क्षय हो तो उसमें अभिजित् मुहूर्त में घटस्थापन करना चाहिये; अन्यथा सूर्योदय के उपरान्त अगले दिन प्रतिपदा यदि तीन मुहूर्त से अधिक हो तो उसका क्षय न मानकर उसी दिन घटस्थापन कर नवरात्रारम्भ करना चाहिये।

मुख्य नवरात्र—चैत्र शुक्ल तथा आश्विन शुक्ल में जो नवरात्र होते हैं, वे मुख्य नवरात्र तथा प्रचलित नवरात्र हैं। आषाढ़ शुक्ल तथा पौष शुक्ल में भी प्रतिपदा से लेकर नवमी तिथि-पर्यन्त नवरात्र होते हैं, उन्हें गुप्त नवरात्र कहा जाता है। इनमें आषाढ़ शुक्ल का नवरात्र तो निर्विवाद है, परन्तु पौष शुक्ल के नवरात्र के स्थान पर प्राचीन काल में ही विकल्प हो गया था; तदनुसार कुछ सम्प्रदाय मार्गशीर्ष मास में गुप्त नवरात्र की पूजा शुक्ल प्रतिपदा से नवमी-पर्यन्त करते रहे हैं था कुछ माघ शुक्ल में प्रतिपदा लेकर नवमी पर्यन्त देवीपूजा करते हैं; शेष पौष शुक्ल में ही गुप्त नवरात्र मानते हैं तथा मेरी सम्मति में वही उचित भी है। प्राचीन रोमन लोग (इटली निवासी) भी आषाढ़ शुक्ल में देवी की पूजा करते थे। वहाँ 'रोम्यूलस' (रामोरस्=जिसके हृदय में राम हों) के इसी महीने में पुत्र का जन्म हुआ तो उसने इसे ज्वाला देवी की कृपा समझ कर उसका नाम ज्वाला केसरी (अर्थात् ज्वाला देवी का वाहन सिंह) रख दिया। आषाढ़ सौरमास का नाम 'ज्वलित' मास भी था, जिसे रोमन में Jullet (जुलेट) लिखा जाता है तथा अंग्रेजी में उसे जूलै (July) कहते हैं। ज्वाला केसरी को ही जूलियस कैसर तथा जूलियससीजर कहा जाता है। इसके जन्म के पूर्व इस मास को क्विंटलिस अर्थात् पाँचवाँ भी कहा जाता था।

मार्गशीर्ष नवरात्र—श्रीमद्भागवत के अनुसार मार्गशीर्ष (हेमन्त के प्रथम मास) में नन्द-व्रज की कुमारियाँ कात्यायनी देवी की पूजा करती थीं—

हेमन्ते प्रथमे मासे नन्दव्रजकुमारिकाः। चेरुर्हविष्यं भुञ्जानः कात्यायन्यर्चितव्रतम्॥ १॥
आप्लुत्यम्भसि कालिन्द्या जलान्ते चोदितेऽरुणे। कृत्वा प्रतिकृतिं देवीं आनूचुर्नृपसैकतीन्॥ २॥
गन्धमाल्यैः सुरभिर्बलिभिर्धूपदीपकैः। उच्चावचैश्चोपहारैः प्रवालफलतण्डुलैः॥ ३॥
(१०, २, १)

माघ नवरात्र—देवीभागवत के अनुसार चैत्र-आषाढ़-आश्विन तथा माघ में चार नवरात्र होते हैं। स्कन्दपुराण में जो देवीभागवत-माहात्म्य लिखा है, उसके अनुसार—

आश्विने मधुमासे वा तपोमासे शुचौ तथा। चतुर्षु नवरात्रेषु विशेषात् फलदायकम्॥

स्पष्टीकरण—मेरे मत में चैत्र शुक्ल एवं आश्विन शुक्ल—ये दो मुख्य नवरात्र हैं। आषाढ़ तथा पौष गुप्त नवरात्र हैं। मार्गशीर्ष तथा माघ में विशेष नवरात्र होते हैं तथा शेष चान्द्रमासों में मलमास को छोड़कर वैशाख-ज्येष्ठ-श्रावण-भाद्र-कार्तिक तथा फाल्गुन में भी सामान्य नवरात्र होते हैं; जिनमें शुक्लपक्ष में प्रतिपदा से नवमी-पर्यन्त देवी-पूजा का अनुष्ठान आवश्यकतानुसार करके मनोरथ पूर्ण करना चाहिये।

ॐ सुमुखश्चैकदन्तश्च कपिलो गजकर्णकः। लम्बोदरश्च विकटो विघ्ननाशो विनायकः॥ १॥
धूम्रकेतुर्गणाध्यक्षो भालचन्द्रो गजाननः। द्वादशैतानि नामानि यः पठेच्छृणुयादपि॥ २॥
विद्यारम्भे विवाहे च प्रवेशे निर्गमे तथा। संग्रामे सङ्कटे चैव विघ्नस्तस्य न जायते॥ ३॥

इत्यादिगणपतिस्मरणं कृत्वा आनोभद्रा इत्यादि पूर्वोक्तं शान्तिसूक्तं पठित्वा लक्ष्मीनारायणादिदेवान् प्रणमेत्। ततो देशकालौ सङ्कीर्त्य 'अमुकगोत्रोऽमुकशर्मा ममेह जन्मनि दुर्गाप्रीतिद्वारा सर्वपापक्षयपूर्वकदीर्घायुर्विपुलधनपुत्रपौत्राद्य-विच्छिन्नसन्ततिवृद्धिस्थिरलक्ष्मीकीर्तिलाभशत्रुपराजयसदभीष्टप्रमुखचतुर्विधपुरुषार्थसिद्ध्यर्थं संवत्सरसुखप्राप्तिकामः शारदीयनवरात्रे प्रतिपदि विहितं कलशस्थापनं दुर्गापूजां कुमारीपूजादिकर्म करिष्ये, तदङ्गत्वेन निर्विघ्नतार्थं गणपतिपूजनं स्वस्तिपुण्याहवाचनं चण्डीसप्तशतीजपाद्यर्थं ब्राह्मणवरणं च करिष्ये' इति सङ्कल्प्य गणपतिं ध्यायेत्—

श्वेताङ्गं श्वेतवस्त्रं सितकुसुमगणैः पूजितं श्वेतगन्धैः क्षीराब्धौ रत्नदीपैः सुरतरुविमले रत्नसिंहासनस्थम्।
दोर्भिः पाशाङ्कुशेष्टाभयधृतिविशदं चद्रमौलिं त्रिनेत्रं ध्यायेच्छांत्यर्थमीशं गणपतिममलं श्रीसमेतं प्रसन्नम्॥

इति गणपतिं ध्यात्वा पुष्पाण्यादाय,

हे हेरंब त्वमेह्येहि अम्बिकात्र्यम्बकात्मज। सिद्धिऋद्धिपते त्र्यक्ष लक्षसूर्यसमप्रभ॥
नागास्य नागहार त्वं गणराज चतुर्भुज। भूषितः स्वायुधैर्दिव्यैः पाशाङ्कुशपरश्वधैः॥
आवाहयामि पूजार्थं रक्षार्थं च मम क्रतोः। इहागत्य गृहाण त्वं क्रतुं पूजां च रक्ष मे॥

ॐ गुणानां त्वागणपतिठ्ठंहवामहेप्रियाणान्त्वाप्रियपतिठ्ठंहवामहेनिधीनान्त्वानिधिपतिठ्ठंहवामहेवसोमम। आहमजानिगर्भधमात्त्वमजासिगर्भधम्॥१॥ ॐ भूर्भुवः स्वः सिद्धिऋद्धिसहितमहागणपतये नमः गणपतिमावाहयामि स्थापयामि इति प्रतिमायामावाह्य ॐ सिद्धिऋद्धिसहितमहागणाधिपतये नमः इति नाममन्त्रेण षोडशोपचारैः सम्पूजयेत्। ततोऽर्घ्यपात्रे गन्धादिकं गृहीत्वा,

ॐ रक्षरक्ष गणाध्यक्ष रक्ष त्रैलोक्यरक्षक। भक्तानामभयं कर्ता त्राता भव भवार्णवात्॥
द्वैमातुर कृपासिंधो षाण्मातुरग्रज प्रभो। वरद त्वं वरं देहि वाञ्छितं वाञ्छितार्थद॥
गृहाणार्घ्यमिदं देव सर्वदेवनमस्कृत। अनेन सफलार्घ्येण फलदोस्तु सदा मम॥

इत्यर्घ्यं दद्यात्।

अथ प्रार्थना—

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते॥
भक्तार्तिनाशनपराय गणेश्वराय सर्वेश्वराय सुखदाय सुरेश्वराय।
विद्याधराय विकटाय च वामनाय भक्तप्रसन्नवरदाय नमो नमस्ते॥
लम्बोदर नमस्तेऽस्तु सततं मोदकप्रिय। अविघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥

इति प्रार्थयेत्।

गणपति का ध्यान—आचमन एवं प्राणायामोपरान्त 'सुमुखश्चैकदन्तश्च' इत्यादि तीन श्लोकों से श्री गणेश जी का ध्यान करना चाहिये। फिर 'आनो भद्रा क्रतवो यन्तु०' इत्यादि मन्त्रों (भद्र सूक्त) के शान्तिसूक्त को पढ़कर लक्ष्मीनारायणादि देवताओं को नमस्कार करे। फिर देश-कालादि का उच्चारण करके 'अमुकगोत्रोत्पन्न अमुकशर्मेत्यादि अहं ममेह जन्मनि दुर्गाप्रीतिद्वारा सर्वपापक्षयपूर्वकं दीर्घायुर्विपुलधनपुत्रपौत्रादि अविच्छिन्न-सन्ततिवृद्धिस्थिरलक्ष्मीकीर्तिलाभशत्रुपराजयसदभीष्टप्रमुखचतुर्विधपुरुषार्थसिद्ध्यर्थं संवत्सरसुखप्राप्तिकामः शारदीय (अथवा वासन्तिक) नवरात्रप्रतिपदि विहितं कलशस्थापनं दुर्गापूजां कुमारीपूजादि कर्म करिष्ये तदङ्गत्वेन निर्विघ्नतार्थं गणपतिपूजनं स्वस्तिपुण्याहवाचनं चण्डीसप्तशतीजपाद्यर्थं ब्राह्मणवरणं च करिष्ये' ऐसा कहकर सङ्कल्प करके फिर गणपति का ध्यान करे। ध्यान के लिये मूल में लिखित—'हे हेरम्ब त्वमेहि एहि०' तीन श्लोकों एवं 'गणानान्त्वा०' इत्यादि ऋचा को पढ़कर गणपति का आवाहन करे। फिर 'सिद्धिबुद्धिसहिताय श्रीमन्महागणाधिपतये नमः' इस प्रकार नाममन्त्र से षोडशोपचारों द्वारा पूजन करे। फिर अर्घ्यपात्र में गन्धादि द्रव्य लेकर मूल में लिखित 'रक्ष-रक्ष गणाध्यक्ष०' इत्यादि तीन श्लोकों द्वारा गणपति को अर्घ्य प्रदान करना चाहिये।

गणपति-प्रार्थना—फिर 'विघ्नेश्वराय वरदाय०' इत्यादि तीन श्लोकों द्वारा गणपति की प्रार्थना करनी चाहिये।

पुण्याहवाचनम्

ब्राह्मं पुण्यं महद्यच्च सृष्ट्युत्पादनकारकम्। वेदवृक्षोद्भवं नित्यं तत्पुण्याहं ब्रुवन्तु नः॥ १॥

भो ब्राह्मणाः ममास्य कर्मणः पुण्याहं भवन्तो ब्रुवन्तु' इति पठेत् ॐ पुण्याहं ३ त्रिर्विप्रा ब्रूयुः। पुनन्तु मा देवजनाः पुनन्तु मनसा धियः। पुनंतु विश्वा भूतानि जातवेदः पुनीहि मा॥१॥

पृथिव्यामुद्धृतायां तु यत्कल्याणं पुराकृतम्। ऋषिभिः सिद्धगन्धर्वैस्तत्कल्याणं ब्रुवन्तु नः॥ २॥

भो ब्राह्मणाः ममास्य कर्मणः कल्याणं भवन्तो ब्रुवन्तु। ॐ कल्याणम् ३। यथेमां वाचं कल्याणीमावदानि जनेभ्यः। ब्रह्मराजन्याभ्यां शूद्राय चार्याय च स्वाय चारणाय च। प्रियो देवानां दक्षिणायै दातुरिह भूयासमयं मे कामः समृद्ध्यतामुप मादो नमतु॥१॥

सागरस्य यथा वृद्धिर्महालक्ष्म्यादिभिः कृता। सम्पूर्णा सुप्रभावा च तां च ऋद्धिं ब्रुवन्तु नः॥ २॥

भो ब्राह्मणा ममास्य कर्मणः ऋद्धिं भवन्तो ब्रुवन्तु। ॐ ऋद्ध्यताम्। ३ ॐ सत्रस्य ऋद्धिरस्यगन्म ज्योतिरमृताऽअभूम। दिवं पृथिव्याऽअध्यारुहामाविदाम देवान्त्स्वर्ज्योतिः॥१॥

स्वस्तिस्तु याऽविनाशाख्या पुण्यकल्याणवृद्धिदा। विनायकप्रिया नित्यं तां च स्वस्तिं ब्रुवन्तु नः॥ २॥

भो ब्राह्मणाः ममास्य कर्मणः स्वस्ति भवन्तो ब्रवन्तु। ॐ स्वस्ति ३। ॐ स्वुस्तिनुऽइन्द्रोवृद्धश्रवाःस्वुस्तिनः पूषाव्विश्ववेदाः। स्वुस्तिनुऽस्ताक्ष्यौऽअरिष्टनेमिःस्वुस्तिनो बृहुस्पतिर्दधातु॥१॥

समुद्रमथनाज्जाता जगदानन्दकारिका। हरिप्रिया च माङ्गल्या तां श्रियंच ब्रुवन्तु नः॥ २॥

भो ब्राह्मणाः ममास्य कर्मणः श्रीरस्त्विति भवन्तो ब्रुवन्तु। अस्तु श्रीः॥ ३॥ ॐ श्रीश्चतेलुक्ष्मीश्चुपत्न्यावहोरात्रे पार्श्वेनक्षत्राणिरूपमुश्विनौव्यात्तम्। इष्णन्निषाणामुम्मऽइषाणसर्व्वलोकम्मऽइषाण॥१॥ अस्मिन्पुण्याहवाचने न्यूनातिरिक्तो यो विधिः स उपविष्टब्राह्मणानां वचनात् श्रीमहागणपतिप्रसादाच्च सर्वः परिपूर्णोऽस्तु। अस्तु परिपूर्ण इति विप्रा ब्रूयुः। इति पुण्याहवाचनम्।

पुण्याहवाचन—यजमान मूल में लिखित 'ब्राह्मयं पुण्यं महद्यच्च सृष्टि उत्पादनकारकम्। वेदवृक्षोद्भवं नित्यं तत्पुण्याहं ब्रुवन्तु नः॥ १॥ भो ब्राह्मणाः ममास्य कर्मणः पुण्याहं भवन्तो ब्रुवन्तु' यह पढ़े; तब ब्राह्मण लोग तीन बार 'ॐ पुण्याहं, ॐ पुण्याहं, ॐ पुण्याहं' ऐसा (तीन बार) कहें। फिर यजमान 'पुनन्तु मां देवजनाः पुनन्तु मनसाधियः। पुनन्तु विश्वा भूतानि जातवेदो पुनीहि मा॥ १॥ पृथिव्यामुद्धृतायां तु यत्कल्याणं पुराकृतम्। ऋषिभिः सिद्धगन्धर्वैः तत् कल्याणं ब्रुवन्तु नः॥ २॥ भो ब्राह्मणाः ममास्य कर्मणः कल्याणं ब्रुवन्तु' इस प्रकार कहे; तब ब्राह्मण लोग 'ॐ कल्याणं, ॐ कल्याणं, ॐ कल्याणं' कहें। फिर यजमान 'यथेमां वाणीं कल्याणीमावदानि जनेभ्यः। ब्रह्मराजन्याभ्यां शूद्राय चार्याय च स्वाय चारणाय च। प्रियो देवानां दक्षिणायै दातुरिह भूयासमयम्मेकामः समृद्ध्यतामुपमादोनमतु॥ १॥ सागरस्य यथावृद्धिर्महालक्ष्म्यादिभिः कृता। सम्पूर्णा सुप्रभावा च तां च ऋद्धिं ब्रुवन्तु नः' इस प्रकार से ब्राह्मणों से कहे; तब ब्राह्मण लोग 'ॐ ऋद्ध्यताम्, ॐ ऋद्ध्यताम्, ॐ ऋद्ध्यताम्' ऐसा उत्तर में कहें। फिर इसके उपरान्त यजमान ब्राह्मणों से 'ॐ सत्रस्य ऋद्धि०' 'स्वस्तिस्तु याऽविनाशाख्या०' इन दो मन्त्रों के साथ 'भो ब्राह्मणाः ममास्य कर्मणः स्वस्तिं भवन्तो नो ब्रुवन्तु' ऐसा कहे, तब ब्राह्मण लोग 'ॐ स्वस्ति, ॐ स्वस्ति, ॐ स्वस्ति' कहें। फिर यजमान 'स्वस्तिनः इन्द्रः' इत्यादि कहकर 'समुद्रमथनाज्जाता जगदानन्दकारिका। हरिप्रिया च माङ्गल्या तां श्रियं च ब्रुवन्तु नः॥' तथा भो ब्राह्मणाः ममास्य कर्मणः श्रीरस्तु इति भवन्तो ब्रुवन्तु' ऐसा कहे, तब ब्राह्मण 'अस्तु श्रीः, अस्तु श्रीः, अस्तु श्रीः' कहें। फिर यजमान 'श्रीश्चते०' इत्यादि कहकर 'अस्मिन् पुण्याहवाचने न्यूनातिरिक्तो यो विधिः स उपविष्टानां ब्राह्मणानां वचनात् श्रीमहागणपतिप्रसादाच्च सर्वः परिपूर्णो अस्तु' ऐसा कहे, तब ब्राह्मण लोग 'अस्तु परिपूर्णम्, अस्तु परिपूर्णम्, अस्तु परिपूर्णम्' ऐसा कहें। इस प्रकार से पुण्याहवाचन करना चाहिये।

ततो ब्राह्मणवरणपक्षे—स्वदक्षिणहस्ते गन्धपुष्पताम्बूलकमण्डलुमुद्रिकासनमालावासांस्यादाय देशकालौ सङ्कीर्त्य अद्यामुकगोत्रोऽमुकशर्माहं चतुर्विधपुरुषार्थसिद्ध्यर्थं संवत्सरसुखप्राप्तिकामो दुर्गाप्रीतिकामो वा अद्यप्रभृतिमहानवमीपर्यन्तं प्रत्यहं वार्षिकशरत्कालीन(वा वासंतीयकालीन)दुर्गामहापूजापूर्वकनवार्णमन्त्रजपसहितचण्डीसप्तशतीपाठकरणार्थमेभिर्गन्धपुष्पताम्बूलकमण्डलुमुद्रिकासनमालावासोभिरमुकगोत्रममुकशर्माणं ब्राह्मणं भवन्तं वृणे—इति ब्राह्मणं वृणुयात्। वृतोऽस्मीति प्रतिवचनम्। ॐ यथाविहितं कर्म्म कुरु इति प्रार्थ्य ॐ यथाज्ञानं करवाणीति प्रतिवचनानन्तरं ब्राह्मणं गन्धादिभिः सम्पूजयेत्। ततो गौरसर्षपान् गृहीत्वा—

ॐ अपसर्पन्तु ये भूता ये भूता भूमिसंस्थिताः। ये भूता विघ्नकर्तारस्ते नश्यन्तु शिवाज्ञया॥ १॥

इति सर्वदिक्षु विकीर्य,

सूर्यः सोमो यमः कालः सन्ध्ये भूतान्यहः क्षपाः। पवनो दिक्पतिर्भूमिराकाशं खेचरामराः॥

ब्रह्मशासनसमास्थाय कुरुध्वमिह सन्निधिम्।

इति भूमिं स्पृष्ट्वा दिग्बन्धं कुर्यात्। ततः आचम्य पञ्चगव्येन भूमिं प्रोक्ष्य ततः पूर्वोक्तमार्गेण भूतशुद्धिं प्राणप्रतिष्ठामन्तर्मातृकाबहिर्मातृकान्यासं च कृत्वा नवार्णोक्तैकादशन्यासान्कुर्य्यात्। एवं न्यासविधिं विधाय कलशं स्थापयेत्।

ब्राह्मणों के वरण करने की विधि—यजमान अपने दक्षिणहस्त में गन्ध, पुष्प, ताम्बूल, कमण्डलु, अङ्गूठी, आसन, माला तथा वस्त्रों को लेकर देश–काल का उच्चारण करके 'अद्यामुकगोत्रो शर्माहं (वर्माहम् गुप्ताहं वा) चतुर्विधपुरुषार्थसिद्ध्यर्थं संवत्सरसुखप्राप्तिकामो दुर्गाप्रीतिकामो वा अद्यप्रभृति महानवमीपर्यन्तं प्रत्यहं वार्षिक-शरत्कालीन (वा वासन्तीयकालीन) दुर्गामहापूजापूर्वकं नवार्णमन्त्रजपसहितं चण्डीसप्तशतीपाठकरणार्थं एभिर्गन्ध, पुष्प, ताम्बूल, कमण्डलु, मुद्रिकासनमालावासोभिरमुकगोत्रममुकशर्माणं ब्राह्मणं भवन्तं वृणे' कहकर ब्राह्मण का वरण करे। ब्राह्मण को 'वृतोस्मि' कहकर यजमान को प्रतिवचन देना चाहिये। फिर यजमान ब्राह्मण से या ब्राह्मणों से 'यथाविहितं कर्म कुरु' ऐसा कहे। फिर ब्राह्मण 'यथाज्ञानं करवाणि' ऐसा प्रतिवचन कहे। प्रतिवचन के अनन्तर ब्राह्मण को गन्धादि देकर पूजित करे। फिर हाथ में श्वेत सरसों लेकर 'ॐ अपसर्पन्तु ये भूताः' इत्यादि श्लोक कहकर सब दिशाओं में सरसों बिखेर कर 'सूर्यः सोमो यमः कालः सन्ध्ये भूतान्यहः क्षपाः। पवनो दिक्पतिर्भूमिराकाशं खेचरामराः। ब्रह्मशासनमास्थाय कुरुध्वमिह सन्निधिम्' यह श्लोक बोलकर भूमि का स्पर्श कर दिग्बन्ध करना चाहिये। फिर आचमन कर पञ्चगव्य से भूमि का प्रोक्षण कर पूर्वोक्त विधि से भूतशुद्धि, प्राणप्रतिष्ठा, अन्तर्मातृका, बहिर्मातृकान्यास करके नवार्ण मन्त्र के न्यास में बताये गये ग्यारह न्यासों को करे। इस प्रकार न्यासविधि करके कलशस्थापन करे।

तत्र प्रयोगः—महीद्यौरिति भूमिं स्पृष्ट्वा ॐ महीद्यौः पृथिवीचनऽइमंय्यज्ञम्मिमिक्षताम्। पिपृतान्नोभरीमभिः॥१॥ इति भूमिं प्रार्थ्य तस्यां भुव्यङ्कुररोपणार्थं शुद्धमृदं प्रक्षिप्य ॐ धान्यमसिधिनुहिदेवान्प्राणायत्वोदानायत्वाव्यानायत्वादीर्घा-मनुप्रसितिमायुषेधान्देवोवःसविताहिरण्यपाणिः प्रतिगृभ्णात्वच्छिद्रेणपाणिनाचक्षुषेत्वामहीनांपयोसि॥२॥ इति तस्यां मृदि यवादीन्प्रक्षिप्य ॐ आजिघ्रकलशम्मह्यात्त्वाविशन्त्विन्दवः। पुनरूर्ज्जानिवर्त्तस्वसानःसहस्रन्धुक्ष्वोरुधारापयस्वती पुनर्म्माविशताद्रयिः॥३॥ इति ताम्रकलशं मृन्मयं वा कलशं निधाय वरुणस्योत्तम्भनमसिवरुणस्यस्कम्भसर्ज्जनीस्थो वरुणस्यऋतसदन्यसिवरुणस्यऽऋतसदनमसिवरुणस्यऽऋतसदनमासीद॥४॥ इति जलेनापूर्य गन्धद्वारेति गन्धं प्रक्षिपेत्। ॐ गन्धद्वारांदुराधर्षांनित्यपुष्टांकरीषिणीम्। ईश्वरींसर्वभूतानान्तामिहोपह्वयेश्रियम्॥५॥ याऽओषधीरिति सर्वौषधीः। ॐ याऽओषधीःपूर्वाजातादेवेभ्यस्त्रियुगम्पुरा। मनैनुबभ्रूणामहर्ठ०शतंधामानिसप्तच॥६॥ काण्डा-त्काण्डादिति दूर्वाः। ॐ काण्डात्काण्डात्प्ररोहन्तीपरुषःपरुषस्प्परि। एवानोदूर्वेप्रतनुसहस्रेणशतेनच॥७॥ अश्वत्थेवेति पञ्चपल्लवान्। ॐ अश्वत्थेवोनिषदनम्पर्णेवोवसतिष्कृतागोभाजऽइत्किलासथयत्सनवथपूरुषम्॥८॥ स्योनापृथिवीति सप्तमृदः। ॐ स्योनापृथिविनोभवानृक्षरानिवेशनी। यच्छानःशर्म्मसप्रथाः॥९॥ याः फलिनीरिति फलम्। ॐ याः फलिनीर्याऽअफलाऽअपुष्पायाश्चपुष्पिणीः। बृहस्पतिप्रसूतास्तानोमुञ्चन्त्वर्ठ०हसः॥१०॥ परिवाजेति पञ्चरत्नानि। ॐ परिवाजपतिःकविरग्निर्हव्यान्यक्रमीत्। दधद्रत्नानिदाशुषे॥११॥ हिरण्यगर्भेति हिरण्यम्। ॐ हिरण्यगर्भःसमवर्त्त-ताग्रेभूतस्यजातः पतिरेकऽआसीत्। सदाधारपृथिवींद्यामुतेमांकस्मै देवाय हविषाविधेम॥१२॥ युवासुवासा इति रक्तवस्त्रेण सूत्रेण वा वेष्टयेत्। ॐ युवासुवासाः परिवीतऽआगात्सऽउश्रेयान्भवति जायमानः। तं धीरासःकवयऽ उन्नयन्तिस्वाध्योमनसादेवयन्तः॥१३॥ पूर्णादर्वीति तण्डुलपूर्णं ताम्रपात्रमुपरि न्यसेत्। ॐ पूर्णादर्व्विपरापत-सुपूर्णापुनरापत। वस्नेवविक्क्रीणावहाऽइषमूर्ज्जर्ठ०शतक्रतो॥१४॥ तत्त्वायामीति वरुणमावाह्य तत्त्वायामीति शुनःशेप ऋषिः। त्रिष्टुप् छन्दः। वरुणो देवता। वरुणावाहने विनियोगः। ॐ तत्त्वायामिब्रह्मणावंदमानस्तदा-शास्तेयजमानोहविर्भिः। अहेडमानोवरुणेहबोध्युरुशर्ठ०समानऽआयुःप्रमोषीः॥१॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वरुण इहागच्छ इह तिष्ठ—इत्यावाह्य 'ॐ अपाम्पतिवरुणाय नमः' इति नाममन्त्रेण षोडशोपचारैः सम्पूज्य पुष्पाञ्जलिं दत्त्वा,

सर्वे समुद्राः सरितस्तीर्थानि जलदा नदाः। आयान्तु यजमानस्य दुरितक्षयकारकाः॥

इति तीर्थान्यावाहयेत्पूजयेच्च। ततः कलशस्य मुखे विष्णुरित्यादि कलशाभिमन्त्रणं कृत्वा 'देवदानवसंवादे' इत्यादि प्रार्थ्य वरुणं प्रणमेत्। इति कलशस्थापनम्।

कलशस्थापन-प्रयोग—यजमान 'ॐ महीद्यौः०' इत्यादि मूलोक्त मन्त्रों से पृथ्वी का स्पर्श कर उस पर शुद्ध मिट्टी जवारे बोने के लिये (अङ्कुर-रोपणार्थ) बिछाये। फिर 'ॐ धान्यमसि धिनुहि देवा०' इत्यादि मन्त्र से उस मिट्टी पर जौ या गेहूँ को बिखेर दे। फिर 'ॐ आजिघ्रकलशं०' इत्यादि मन्त्र से ताम्र का या पीतल का या मिट्टी का कलश स्थापित करे (स्टील का कलश रखना दोषपूर्ण है)। फिर 'ॐ वरुणस्योत्तम्भनमसि०' इस मन्त्र से उस कलश में जल डाले। फिर 'ॐ गन्धद्वारां दुराधर्षां०' इत्यादि मन्त्र से गन्ध डाले। 'ॐ या ओषधिपूर्वजाता०' इस मन्त्र से तुलसीदल डाले तथा सर्वौषधि भी डाले। 'ॐ काण्डात्काण्डात् प्ररोहन्ती०' इत्यादि मन्त्र से दूर्वा डाले। 'ॐ अश्वत्थेवो निषूदनं०' मन्त्र से पञ्चपल्लव डाले। 'ॐ स्योनापृथिवी०' मन्त्र पढ़कर कलश में सात प्रकार की मिट्टी डाले। 'ॐ या फलिनीऽफला०' मन्त्र से सुपारी डाले। 'ॐ परिवाजपति०' इत्यादि मन्त्र से पञ्चरत्न डाले। 'ॐ हिरण्यगर्भः समवर्त्तताग्रे०' इत्यादि मन्त्र से दक्षिणा चढ़ाये। 'ॐ युवा सुवासा०' मन्त्र से रक्तवस्त्र या सूत्र से कलश को लपेटे। फिर 'ॐ पूर्णादर्वि परापत०' इस मन्त्र से उस पर पूर्णपात्र रख दे। फिर 'ॐ तत्त्वायामि ब्रह्मणा०' मन्त्र बोलकर 'ॐ भूर्भुवः स्वः वरुण इहागच्छ इह तिष्ठ' यह पढ़कर वरुण का आवाहन कलश में करके 'ॐ अपाम्पतिवरुणाय नमः' इस मन्त्र से उनका षोडशोपचार पूजन करे। फिर 'सर्वे समुद्राः' इस श्लोक को पढ़कर कलश में सभी तीर्थों का आवाहन करे। अन्त में 'कलशस्य मुखे विष्णुः' इत्यादि श्लोकों से प्रार्थना तथा 'देवदानवसंवादे०' इस श्लोक से प्रणाम करे। यह कलशस्थापन की विधि है।

कलशोपरि देवीस्थापनम्

ततः कलशोपरि सिंहासनं निधाय तत्र सावयवां स्वर्णमयीं दुर्गाप्रतिमामग्न्युत्तारणपूर्वकं संस्थाप्य पट्टवस्त्रैराच्छाद्य पूजयेत्। अग्न्युत्तारणसूक्तस्तु पूर्वमुक्त एव। लेख्यमूर्तिश्चेत्तदा नाभिषेकः। अभिषेकादिकं तत्र न कर्त्तव्यं किं तु तदग्रे पात्रं स्थापयित्वा तस्मिन्नेव कर्तव्यम्।

नवरात्रि कलश पर देवी की स्थापना-विधि—फिर उस कलश के ऊपर सिंहासन (देवी का) रखकर उस पर देवी की सावयव स्वर्णमयी (अथवा पीतल, ताम्र या कांस्य की) प्रतिमा अग्नि उत्तारण करके स्थापित करे तथा उसे वस्त्रों से आच्छादित भी कर दे। अग्न्युत्तारण सूक्त पूर्व (पद्धतिकाण्ड) में दिया जा चुका है। यदि ताम्रपत्र पर लिखित मूर्ति हो तो अभिषेक नहीं करना चाहिये। अभिषेक भी सिंहासन पर न करके मूर्ति को किसी पात्र में स्थापित करके उसी में करना चाहिये।

अथ पूजा—

'ॐ आगच्छ वरदे देवि दैत्यदर्पनिषूदनि। पूजां गृहाण सुमुखि नमस्ते शङ्करप्रिये॥
सर्वतीर्थमयं वारि सर्वदेवसमन्वितम्। इमं घटं समागच्छ तिष्ठ देवि गणैः सह॥
दुर्गे देवि समागच्छ सान्निध्यमिह कल्पय। बलिं पूजां गृहाण त्वमष्टभिः शक्तिभिः सह॥
शङ्खचक्रगदाहस्ते शुभ्रवर्णे शुभासने। मम देवि वरं देहि सर्वैश्वर्यप्रदायिनि॥
एहि दुर्गे महाभागे रक्षार्थं मम सर्वदा। आवाहयाम्यहं देवि सर्वकामार्थसिद्धये॥
अस्यां मूर्तौ समागच्छ स्थितिं मत्कृपया कुरु। रक्षां कुरु सदा भद्रे विश्वेश्वरि नमोऽस्तु ते॥

पूजन—फिर मूल में लिखे छः श्लोकों 'ॐ आगच्छ वरदे देवि०' इत्यादि को पढ़े। उनका भावार्थ इस प्रकार है— हे दैत्यदर्पनिषूदनि! शङ्करप्रिये, वर देने वाली सुमुखि देवि! आओ और इस पूजा को ग्रहण करो;

आपको नमस्कार है। हे दुर्गादेवि! आप आओ और इस कलश के सान्निध्य में रहो, अपनी आठों शक्तियों के साथ मेरी बलि एवं पूजा को स्वीकार करो। हाथ में शङ्ख, चक्र, गदा लिये शुभ्र वर्ण की शुभासन पर विराजमान देवि! मुझे सभी ऐश्वर्य प्राप्त होने का वर दे। हे महाभागे दुर्गा! आकर मेरी सर्वदा रक्षा करो। मैं आपको सब कामनाओं की पूर्ति के लिये बुला रहा हूँ। इस मूर्ति में स्थित होकर मुझपर कृपा करें। हे भद्रे! आप मेरी रक्षा करो। हे विश्वेश्वरि! आपको नमस्कार है।

ॐ हिरण्यवर्णांहरिणीं सुवर्णरजतस्रजाम्। चन्द्रांहिरण्मयींलक्ष्मींजातवेदोमआवह॥१॥ ॐ भूर्भुवः स्वः भगवति दुर्गे इहागच्छ इह तिष्ठ। इत्यावाहनम्।

नानाप्रभासमाकीर्णं नानावर्णविचित्रितम्। आसनं कल्पितं देवि प्रीत्यर्थं तव गृह्यताम्॥

ॐ तांमआवहजातवेदोलक्ष्मीमनपगामिनीम्। यस्यांहिरण्यंविन्देयङ्गामश्वं पुरुषानहम्॥२॥ ॐ दुर्गायै नमः आसनम्।

गङ्गादिसर्वतीर्थेभ्य आनीतं तोयमुत्तमम्। पाद्यं तेऽहं प्रदास्यामि गृहाण परमेश्वरि॥

ॐ अश्वपूर्वांरथमध्यांहस्तिनादप्रबोधिनीम्। श्रियं देवीमुपह्वयेश्रीर्मादेवीजुषताम्॥३॥ इति पाद्यम्।

गन्धाक्षतैश्च संयुक्तं फलपुष्पयुतं तव। अर्घ्यं गृहाण दत्तं मे प्रसीद परमेश्वरि॥

ॐ कांसोस्मितांहिरण्यप्राकारामार्द्रांज्वलन्तींतृप्तान्तर्पयन्तीम्। पद्मेस्थितांपद्मवर्णांतामिहोपह्वयेश्रियम्॥४॥ इत्यर्घ्यम्।

गङ्गा गोदावरी चैव यमुना च सरस्वती। ताभ्य आचमनीयार्थमानीतं तोयमुत्तमम्॥

ॐ चन्द्रांप्रभासांयशसाज्वलन्तींश्रियंलोकेदेवजुष्टामुदाराम्। तांपद्मनीमींशरणमहंप्रपद्येऽअलक्ष्मीर्मेनश्यतांत्वांवृणे॥५॥ इत्याचमनीयम्।

ज्ञानमूर्ते भद्रकालि दिव्यमूर्ते सुरेश्वरि। स्नानं गृहाण देवि त्वं नारायणि नमोऽस्तु ते॥

ॐ आदित्यवर्णेतपसोऽधिजातोवनस्पतिस्तवं वृक्षोऽथबिल्वः। तस्यफलानितपसानुदन्तुममान्तरायाश्चबाह्याअलक्ष्मीः॥६॥ इति स्नानम्।

पञ्चामृतं मयानीतं पयोदधिसमन्वितम्। घृतं मधु शर्करया प्रीत्यर्थं प्रतिगृह्यताम्॥

ॐ पंचनद्यःसरस्वतीमपियन्तिसस्रोतसः। सरस्वतीतुपञ्चधासोदेशेभवत्सरित्॥ इति पञ्चामृतस्नानम्॥७॥ पुनः शुद्धोदकस्नानम्।

कामधेनुसमुत्पन्नं सर्वेषां जीवनं परम्। पावनं यज्ञहेतुश्च पयःस्नानार्थमर्पितम्॥

ॐ पयःपृथिव्याम्पयऽओषधीषुपयोदिव्यन्तरिक्षेपयोधाः। पयस्वतीःप्रदिशःसन्तुमह्यम्॥८॥ इति पयःस्नानम्।

पयसस्तु समुद्भूतं मधुराम्लं शशिप्रभम्। दध्यानीतं मया देवि स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

ॐ दधिक्राव्णोऽअकारिषञ्जिष्णोरश्वस्यवाजिनः। सुरभिमोमुखाकरत्प्रणऽआयूंषितारिषत्॥९॥ इति दधिस्नानम्।

नवनीतसमुत्पन्नं सर्वसन्तोषकारकम्। घृतं तुभ्यं प्रदास्यामि स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

ॐ घृतंघृतपावानःपिबतवसांवसापावानःपिबतान्तरिक्षस्यहविरसिस्वाहादिशःप्रदिशऽआदिशोविदिशऽउद्दिशोदिग्भ्यःस्वाहा॥१०॥ इति घृतस्नानम्।

तरुपुष्पसमुद्भूतं सुस्वादु मधुरं मधु। तेजःपुष्टिकरं दिव्यं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

ॐ मधुव्वाताऽऋतायतेमधुक्षरन्तिसिन्धवः। माध्वीर्नःसन्त्वोषधीः॥१॥ ॐ मधुनक्तमुतोषसोमधुमत्पार्थिवर्ठ०रजः। मधुद्यौरस्तुनःपिता॥२॥ ॐ मधुमान्नोव्वनस्पतिर्म्मधुमाँ२ऽअस्तुसूर्यः॥ माध्वीर्गावोभवन्तुनः॥३॥ ॥११॥ इति मधुस्नानम्।

इक्षुसारसमुद्भूता शर्करा पुष्टिकारिका। महापहारिका दिव्या स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

ॐ अपाꣳरसमुद्वयसर्ठ०सूर्य्येसन्तꣳसमाहितम्। अपाꣳरसस्ययोरसस्तंव्वोगृह्णाम्युत्तममुपयामगृहीतोसीन्द्रायत्वाजुष्टंगृह्णांम्येषतेयोनिरिन्द्रायत्वाजुष्टतमम्॥१२॥ इति शर्करोदकस्नानम्।

मलयाचलसम्भूतं चन्दनागरुसम्भवम्। चन्दनं देवदेवि त्वं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

ॐ गन्धद्वारां दुराधर्षांनित्यपुष्टांकरीषिणीम्। ईश्वरींसर्वभूतानान्तामिहोपह्वयेश्रियम्॥१३॥ इति गन्धोदकस्नानम्।

नाना सुगन्धिद्रव्यं च चन्दनं रजनीयुतम्। उद्वर्त्तनं मया दत्तं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

ॐ अहिंरिवभोगैःपर्येतिबाहुंज्याया हेतिम्परिबाधमानः। हस्तघ्नोव्विश्वाव्वयुनानिव्विद्वान्पुमान्पुमांसम्परिपातुव्विश्वतः॥१३॥ इत्युद्वर्तनस्नानम्।

ज्ञानमूर्ते भद्रकालि दिव्यमूर्ते सुरेश्वरि। स्नानं गृहाण देवि त्वं नारायणि नमोऽस्तु ते॥

ॐ व्वरुणस्योत्तम्भनमसिव्वरुणस्य स्कंभसर्जनीस्थोव्वरुणस्यऽऋतसदन्यसिव्वरुणस्यऽऋतसदनमसिव्वरुणस्यऽऋतसदनमासीद॥१४॥ इति शुद्धस्नानम्॥ स्नानान्ते आचमनीयम्।

निर्मितं तन्तुभिः सूक्ष्मैर्नानावर्णविचित्रितम्। वस्त्रं गृहाण मे देवि प्रीत्यर्थं प्रतिगृह्यताम्॥

ॐ उपैतुमां देवसखःकीर्तिश्चमणिनासह। प्रादुर्भूतोसुराष्ट्रेस्मिन्कीर्त्तिमृद्धिंददातुमे॥१५॥ इति वस्त्रम्। आचमनम्।

कञ्चुकीमुपवस्त्रं च नानारत्नैः समन्वितम्। गृहाण त्वं मया दत्तं शङ्करप्राणवल्लभे॥

अलङ्कारान् महादिव्यान्नानारत्नविनिर्मितान्। गृहाण देवमातस्त्वं प्रसीद परमेश्वरि॥

ॐ क्षुत्पिपासामलांज्येष्ठामलक्ष्मींनाशयाम्यहम्। अभूतिमसमृद्धिंचसर्वांनिर्णुदमेगृहात्॥१६॥ इति कञ्चुकीमाभूषणं च।

मलयाहिसमुद्भूतं कर्पूरागरुवासितम्। मया निवेदितं भक्त्या चन्दनं प्रतिगृह्यताम्॥

केशरागरुसंयुक्तं चन्दनादिसमन्वितम्। कस्तूरिकासमायुक्तं कुङ्कुमं प्रतिगृह्यताम्॥

ॐ गन्धद्वारांदुराधर्षांनित्यपुष्टांकरीषिणीम्। ईश्वरींसर्वभूतानां तामिहोपह्वये श्रियम्॥१७॥ इति गन्धं कुङ्कुमं च।

अक्षताश्च सुरश्रेष्ठे कुङ्कुमाक्ताः सुशोभिताः। मया निवेदिता भक्त्या प्रीत्यर्थं प्रतिगृह्यताम्॥

ॐ अक्षन्नमी मदन्तह्यवप्रियाऽअधूषत। अस्तोषतस्वभानवोविप्प्रानविष्ठयामतीयोजान्विन्द्रतेहरी॥१८॥ इत्यक्षतान्।

मन्दारपारिजातानि पाटलीपङ्कजान्यपि। मयाहृतानि पूजार्थं पुष्पाणि प्रतिगृह्यताम्॥

ॐ मनसःकाममाकूतिंव्वाचः सत्यमशीमहि। पशूनांरूपमन्नस्यमयिश्रीःश्रयतांयशः॥१९॥' इति पुष्पाणि॥ सौभाग्यद्रव्यम्।

हरिद्रां कुङ्कुमं चैव सिन्दूरादि समन्वितम्। सौभाग्यद्रव्यसंयुक्तं गृहाण परमेश्वरि॥

(ॐ अहिंरिवभोगैरिति सौभाग्यद्रव्यम्॥२०॥) एवं पुष्पान्तपूजां कृत्वा पूर्वोक्तनवार्णं मन्त्रोक्तावरणदेवताः सम्पूज्याङ्गपूजां कुर्यात्।

आवाहन—फिर मूल में लिखित 'ॐ हिरण्यवर्णां०' ऋचा से आवाहन करे। 'ॐ नानाप्रभासमाकीर्णं' तथा 'ॐ तां म आवह जातवेदो०' से आसन प्रदान करे। 'गङ्गादिसर्वतीर्थेभ्य०' तथा 'ॐ अश्वपूर्वां०' से पाद्य (पैर धोने के लिये जल) दे। फिर 'गन्धाक्षतैश्च संयुक्तं' इत्यादि श्लोक तथा 'ॐ कांसोऽस्मितां हिरण्य०' इत्यादि ऋचा पढ़कर देवी को अर्घ्य (हाथ धुलाने के लिये सुगन्धित जल) प्रदान करे। 'गंगा गोदावरी०' तथा 'ॐ चन्द्रां प्रभासां०' से देवी को आचमनीय (कुल्ले के लिये जल) प्रदान करे। 'पञ्चामृतं मयानीतं०' तथा 'ॐ पञ्चनद्यः सरस्वती०' मन्त्रों से देवी को पञ्चामृत से स्नान कराये तथा उसके पश्चात् शुद्ध जल से भी स्नान कराना चाहिये। (गोदुग्ध, गोघृत, गोदधि, मधु एवं शर्करा को मिलाने से पञ्चामृत होता है)। फिर 'कामधेनु समुत्पन्ने' तथा 'ॐ पयः पृथिव्यां०' इस मन्त्र से पय (गोदुग्ध) से स्नान कराये। फिर 'पयसस्तु समुद्भूतं०' तथा 'ॐ दधिक्राव्णोऽकारिषं०' इन दोनों से दधि (गाय के दही) में देवी को स्नान कराये। फिर 'नवनीतसमुत्पन्नं०' तथा 'ॐ घृतं घृतपावानः०' इन दोनों से गोघृत में स्नान कराये। तदनन्तर 'तरुपुष्पसमुद्भूतं०' तथा 'ॐ मधुव्वाता ऋतायते०' से देवी को मधुस्नान कराये। फिर 'इक्षुसारसमुद्भूता०' तथा 'ॐ अपाꣳ रस०' द्वारा शर्करा (देशी शक्कर) से स्नान कराये। तत्पश्चात् 'मलयाचलसम्भूतं' तथा 'ॐ गन्धद्वारां०' के द्वारा गन्धोदक (सुगन्धित जल) में स्नान कराये। तदनन्तर 'नानासुगन्धिद्रव्यं च०' तथा 'ॐ अहिरिव भागैः' इत्यादि से देवी को उद्वर्त्तन (उबटन) कराये। तत्पश्चात् 'ज्ञानमूर्ते भद्रकालि' तथा 'ॐ वरुणस्योत्तम्भनमसि०' से शुद्ध स्नान कराकर स्नान के अन्त में आचमनीय भी देना चाहिये (गोदुग्ध इत्यादि द्रव्यों से स्नान करान के पश्चात् प्रत्येक स्नान के उपरान्त शुद्ध जल से स्नान कराते हैं)। स्नानोपरान्त 'निर्मितं तन्तुभिः०' तथा 'ॐ उपैतु मां देवसखा०' से देवी को वस्त्र प्रदान करे तथा वस्त्र देने के उपरान्त आचमन कराये। फिर 'कञ्चुकीमुपवस्त्रं०' तथा 'ॐ क्षुत्पिपासा०' से उपवस्त्र, कञ्चुकी तथा आभूषणादि प्रदान करे। तदनन्तर 'मलयाद्रिसमुद्भूतं०' तथा 'ॐ गन्धद्वारां०' पढ़कर गन्ध एवं कुङ्कुम प्रदान करे। इसके बाद 'अक्षताश्च सुरश्रेष्ठा०' तथा 'ॐ अक्षन्नमीमदन्त०' इत्यादि से अक्षत समर्पित करे। फिर 'मन्दारपारिजातानि' तथा 'ॐ मनसः काममाकूतिं०' से पुष्प चढ़ाये और अन्त में 'हरिद्रां कुङ्कुमं चैव०' तथा 'ॐ अहिरिव भोगैः०' से सौभाग्य द्रव्य चढ़ाये। इस प्रकार पूजा करने के उपरान्त पूर्व में कथित नवार्ण मन्त्रोक्त आवरणदेवताओं की पूजा करके फिर देवी की अङ्गपूजा करे।

अथाङ्गपूजा। ॐ दुर्गायै नमः पादौ पूजयामि। ॐ महाकाल्यै नमः गुल्फौ पूजयामि। ॐ मङ्गलायै नमः जानुनी पूजयामि। ॐ कात्यायन्यै नमः ऊरू पूजयामि। ॐ भद्रकाल्यै नमः कटिं पूजयामि। ॐ कमलायै नमः नाभिं पूजयामि। ॐ शिवायै नमः उदरं पूजयामि। ॐ क्षमायै नमः हृदयं पूजयामि। ॐ स्कन्दाय नमः कण्ठं पूजयामि। ॐ महिषासुरमर्दिन्यै नमः नेत्रे पूजयामि। ॐ उमायै नमः शिरः पूजयामि। ॐ विन्ध्यनवासिन्यै नमः सर्वाङ्गं पूजयामि नमः। देव्या दक्षिणे सिंहं पूजयामि। वामे महिषं पूजयामि। इत्यङ्गपूजां कुर्यात्।

दशाङ्गं गुग्गुलुं धूपं चन्दनागुरुसंयुतम्। मया निवेदितं भक्त्या गृहाण परमेश्वरि॥

ॐ कर्दमेन प्रजा भूता मयि सम्भवकर्दम। श्रियं वासय मे कुले मातरं पद्ममालिनीम्॥२०॥ इति धूपम्।

आज्यं च वर्तिसंयुक्तं वह्निना योजितं मया। दीपं गृहाण देवि त्वं त्रैलोक्यतिमिरापहम्॥

ॐ आपः स्रजन्तु स्निग्धानि चिक्लीतवस मे गृहे। निच देवीं मातरं श्रियं वासय मे कुले॥२१॥ इति दीपम्।

अन्नं चतुर्विधं स्वादु रसैः षड्भिः समन्वितम्। भक्ष्यभोज्यसमायुक्तं प्रीत्यर्थं प्रतिगृह्यताम्॥

ॐ आर्द्रां पुष्करिणीं पुष्टिं पिङ्गलां पद्ममालिनीम्। चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आवह॥२२॥ इति नैवेद्यम्। नैवेद्यमध्ये पानीयम् उत्तरापोशनं हस्तप्रक्षालनं मुखप्रक्षालनम् आचमनीयं च समर्पयामि।

मलयाचलसम्भूतं कस्तूर्या च समन्वितम्। करोद्वर्तनकं देवि गृहाण परमेश्वरि॥

इति करोद्वर्तनम्।

इदं फलं मया देवि स्थापितं पुरतस्तव। तेन मे सफलावाप्तिर्भवेज्जन्मनि जन्मनि॥

ॐ आर्द्रां यः करिणीं यष्टींसुवर्णां हेममालिनीम्। सूर्यां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो य आवह॥२३॥ इति ऋतुफलम्।

पूगीफलं महद्दिव्यं नागवल्ल्या दलैर्युतम्। कर्पूरैलासमायुक्तं ताम्बूलं प्रतिगृह्यताम्॥

ॐ याःफलिनीर्य्याऽअफलाऽअपुष्पायाश्चपुष्पिणीः। ब्बृहस्पतिप्प्रसूतास्तानोमुञ्चन्त्वꣳहसः॥२४॥ इति ताम्बूलम्।

हिरण्यगर्भगर्भस्थं हेमबीजं विभावसोः। अनन्तपुण्यफलदमतः शान्तिं प्रयच्छ मे॥

ॐ तामऽआवहजातवेदोलक्ष्मीमनपगामिनीम्। यस्यां हिरण्यंप्रभूतंगावोदास्योश्वान् विन्देयंपुरुषाहम्॥२५॥ इति दक्षिणाम्।

कर्पूरार्तिक्यम्—

कदलीगर्भसम्भूतं कर्पूरं च प्रदीपितम्। आरार्तिक्यमहं कुर्वे पश्य मे वरदा भव॥

ॐ इदꣳहविꣳप्प्रजननम्मेऽअस्तुदशवीरꣳसर्वगणꣳस्वस्तये। आत्मसनिप्रजासनिपशुसनिलोकसन्यभयसनि। अग्निःप्प्रजाम्बहुलाम्मेकरोत्त्वन्नम्पयोरेतोऽअस्म्मासुधत्त॥२६॥ इति कर्पूरार्तिक्यम्।

यानि कानि च पापानि जन्मान्तरकृतानि च। तानि सर्वाणि नश्यन्तु प्रदक्षिणपदेपदे॥

ॐ यः शुचिः प्रयतो भूत्वा जुहुयादाज्यमन्वहम्। सूक्तं पञ्चदशर्चं च श्रीकामः सततं जपेत्॥२७॥ इति प्रदक्षिणा।

नानासुगन्धपुष्पाणि यथाकालोद्भवानि च। पुष्पाञ्जलि मया दत्तं गृहाण परमेश्वरि॥१॥

ततः श्रीसूक्तं सम्पूर्णं प्राकृतनीराजनार्तिं च यथाचारं पठित्वा पुष्पाञ्जलिं निवेदयेत्॥ २८॥

ततः साष्टाङ्गं प्रणामं कृत्वा प्रार्थयेत्—

ॐ मन्त्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिहीनं सुरेश्वरि। यत्पूजितं मया देवि परिपूर्णं तदस्तु मे॥
महिषघ्नि महामाये चामुण्डे मुण्डमालिनि। यशो देहि धनं देहि सर्वान्कामांश्च देहि मे॥
जयन्ती मङ्गला काली भद्रकाली कपालिनी। दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तु ते॥
दुर्गमे दुस्तरे कार्ये भवदुःखविनाशिनीम्। पूजयामि सदा भक्त्या दुर्गां दुर्गार्तिनाशिनीम्॥
भूतप्रेतपिशाचेभ्यो रक्षोभ्यश्च महेश्वरि। देवेभ्यो मानुषेभ्यश्च भयेभ्यो रक्ष मां सदा॥
सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते॥
रूपं देहि यशो देहि भर्गं भवति देहि मे। पुत्रान् देहि धनं देहि सर्वान्कामांश्च देहि मे॥

इति सम्प्रार्थ्य कुमारीपूजां कुर्यात्। ततः (प्रत्यहं बलिदानपक्षे माषभक्तेन कूष्माण्डेन वा इक्षुदण्डेन बलिदानं कार्यम्। ततः अखण्डदीपकं प्रतिष्ठापयेत्)—

अखण्डदीपके देव्याः प्रीतये नवरात्रकम्। उज्ज्वालयेदहोरात्रमेकचित्तो धृतव्रतः॥

एवं देवीं सम्पूज्य चण्डीपाठं कुर्यात्।

अङ्गपूजा—फिर मूल में लिखित 'ॐ दुर्गायै नमः' इत्यादि मन्त्रों से उनके सामने लिखे पाद, गुल्फ, जानु, ऊरु, कटि, नाभि, उदर, हृदय, कण्ठ, नेत्र, शिर, सर्वाङ्ग का पूजन करे तथा दक्षिण भाग में सिंह एवं वाम भाग में

महिष-पूजा करनी चाहिये। फिर मूल में लिखित 'दशाङ्गं गुग्गुलुं धूपं' तथा 'ॐ कर्दमेन प्रजाभूता०' से धूप प्रदान करे। इसके बाद 'आज्यं वर्तिसमायुक्तं०' तथा 'आपः सृजन्तु०' से दीप प्रदान करे। तत्पश्चात् 'अन्नं चतुर्विधं०' तथा 'ॐ आर्द्रां पुष्करिणी०' से नैवेद्य अर्पित करना चाहिये। नैवेद्य के मध्य पानीय उत्तरापोशन (उत्तर + आपः + अशन = भोजन के पश्चात् जलपान), हस्तप्रक्षालन, मुखप्रक्षालन तथा आचमनीय भी देना चाहिये। तदनन्तर 'मलयाचलसम्भूतं०' से करोद्वर्तन (भोजनोपरान्त हाथ धुलाना) करना चाहिये। इसके बाद 'इदं फलं०' तथा 'ॐ आर्द्रां यः' से ऋतुफल 'पूगीफलं महद्दिव्यं०' तथा 'ॐ या फलिनी०' से ताम्बूल चढ़ाना चाहिये। फिर 'हिरण्यगर्भगर्भस्थं' तथा 'ॐ तां म आवह जातवेदो०' से दक्षिणा देकर 'कदलीगर्भसम्भूतं०' तथा 'ॐ इदं हविः प्रजननं०' से कपूर की आरती करनी चाहिये। तत्पश्चात् 'यानि कानि च पापानि' से प्रदक्षिणा करने के बाद 'नानासुगन्धपुष्पाणि' से पुष्पाञ्जलि देनी चाहिये। फिर अन्त में श्रीसूक्त का पाठ करके हिन्दी में देवी की आरती गाकर पुष्पाञ्जलि निवेदित कर साष्टाङ्ग प्रणाम कर प्रार्थना करनी चाहिये।

प्रार्थना—'ॐ मन्त्रहीनं' इत्यादि सात श्लोक पढ़कर देवी से प्रार्थना करे। फिर अन्त में कुमारी-पूजा करनी चाहिये। प्रतिदिन बलिदान के लिये उड़द का भात, कुम्हड़ा तथा इक्षुदण्ड (ईख) का बलिदान करना चाहिये एवं अखण्ड दीपक को जलाये रखना चाहिये। नवरात्र में देवी के लिये अखण्ड दीपक जलाना चाहिये। नौ दिनों तक रात-दिन एकाग्रचित्त होकर व्रत रखने वाले को अखण्ड ज्योति जलानी चाहिये। इस प्रकार से प्रतिदिन देवी की पूजा करके चण्डीपाठ भी प्रतिदिन विधिपूर्वक करना चाहिये।

चण्डीपाठप्रकारः

आचम्य प्राणानायम्य देशकालौ सङ्कीर्त्य 'अमुकगोत्रोऽमुकशर्मा अमुकयजमानेन वृतोऽहं वा (धनकामः पुत्रकामः अमुकरोगनाशकामो वा इत्यादिविशिष्टफलोद्देशमुच्चार्य) श्रीदुर्गाप्रीतिकामो वा मार्कण्डेयपुराणीयम् ॐ सावर्णिः सूर्यतनय इत्यारभ्य सावर्णिर्भविता मनुरित्यन्तं चण्डीसप्तशतीपाठं कवचार्गलाकीलकनवार्णमन्त्रजपसहितं करिष्ये' इति सङ्कल्प्य आसनं विधाय आधारे अन्यहस्तलिखितं पुस्तकं संस्थाप्य पूजयेत्। ततोऽष्टोत्तरशतं नवार्णमन्त्रजपं कृत्वा ॐ नारायणाय नमः ॥ १ ॥ ॐ नराय नमः ॥ २ ॥ ॐ नरोत्तमाय नमः ॥ ३ ॥ ॐ देव्यै नमः ॥ ४ ॥ ॐ सरस्वत्यै नमः ॥ ५ ॥ ॐ व्यासाय नमः ॥ ६ ॥ इति नमस्कृत्य प्रणवमुच्चार्य कवचार्गलाकीलकानि पठित्वा मार्कण्डेयपुराणोक्त-चण्डीसप्तशतीस्तवपाठं कुर्यात्।

दुर्गासप्तशती (चण्डी) पाठं-विधि—सर्वप्रथम आचमन तथा प्राणायाम करके देश-काल का उच्चारण कर 'अमुकगोत्रोऽमुकोऽहं' कहकर अथवा यदि साधक स्वयं न करके ब्राह्मण द्वारा पाठ कराये तो आचार्य 'अमुक यजमानेन व्रतं' कहकर आगे 'धनकामः / स्त्रीकामः / पुत्रकामः / अमुकरोगनाशकामो (इनमें जो भी कामना हो, उसका उल्लेख करे) मार्कण्डेयपुराणीयम् ॐ सावर्णिः सूर्यतनयो इत्यारभ्य सावर्णिर्भवितामनुरित्यन्तं चण्डीसप्तशतीपाठं कवचार्गलाकीलकनवार्णमन्त्रजपसहितं करिष्ये' ऐसा सङ्कल्प कर आसन पर बैठकर आधार (चौकी या रहल) पर श्रीदुर्गासप्तशती की पुस्तक स्थापित कर उसकी पूजा करे। फिर १०८ नवार्ण मन्त्र जप करके 'ॐ नारायणाय नमः, ॐ नराय नमः, ॐ नरोत्तमाय नमः, ॐ देव्यै नमः, ॐ सरस्वत्यै नमः, ॐ व्यासाय नमः' कहकर नमस्कार कर ॐ का उच्चारण कर कवचार्गला-कीलक पढ़कर मार्कण्डेय पुराणोक्त चण्डीसप्तशती का पाठ करे।

तत्र तावत्पुस्तकवाचने नियमाः—हस्ते पुस्तकं न धार्यम्। स्वयं ब्राह्मणभिन्नेन च लिखितं विफलम्। अध्यायं समाप्य विरमेन्न तु मध्ये कदाचन। कृते विरामे मध्ये तु अध्यायादि पठेत्पुनः। ग्रन्थार्थं बुध्यमानः स्पष्टाक्षरं नातिशीघ्रं नातिमन्दं रसभावस्वरयुतं वाचयेत्।

पुस्तकपाठ के नियम—हाथ में उठाकर पुस्तक नहीं पढ़ना चाहिये। यदि ब्राह्मणेत्तर व्यक्ति द्वारा लिखित पुस्तक हो तो उसका पाठ विफल होता है (यदि छपी पुस्तक हो तो उसका पाठ ब्राह्मण द्वारा कराये अथवा ब्राह्मणेतर यजमान आचार्य का वरण कर उसके निर्देशानुसार शुद्ध पाठ करे तथा पूजनादि एवं हवन आचार्य से ही कराये)। अध्याय समाप्त होने पर ही विराम लेना चाहिये; मध्य में विराम नहीं करना चाहिये। यदि किसी कारणवश बीच में विराम लेना पड़े तो उस अध्याय को प्रारम्भ से अन्त तक पुनः पढ़ना चाहिये। पाठ करते समय श्लोकों का अर्थ समझते हुए अक्षरों का स्पष्ट उच्चारण करते हुए नातिशीघ्र नातिमन्द रसभाव-स्वरयुक्त वाचन करना चाहिये।

अथ पाठविधानम्—'एषां श्रीचण्डीसप्तशत्याः प्रथममध्यमोत्तमचरित्राणां ब्रह्मविष्णुरुद्रा ऋषयः। गायत्र्युष्णिगनुष्टुभश्छंदांसि महाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वत्यो देवताः। ऐंह्रींक्लीं बीजानि। अग्निवायुसूर्यास्तत्त्वानि। धर्मार्थकामसिद्ध्यर्थं सप्तशतीपाठे विनियोगः।' ॐ ब्रह्मविष्णुरुद्रऋषिभ्यो नमः शिरसि॥ १॥ ॐ गायत्र्युष्णिगनुष्टुप्छन्दोभ्यो नमः मुखे॥ २॥ ॐ महाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वतीदेवताभ्यो नमः हृदये॥ ३॥ ॐ ऐंह्रींक्लींबीजेभ्यो नमः गुह्ये॥ ४॥ ॐ अग्निवायुसूर्यतत्त्वेभ्यो नमः हृदये॥ ५॥ इति ऋष्यादिन्यासः। ॐ ह्रीं हृदयाय नमः॥ १॥ ॐ चं शिरसे स्वाहा॥ २॥ ॐ डिं शिखायै वषट्॥ ३॥ ॐ कां कवचाय हुम्॥ ४॥ ॐ यैं नेत्रत्रयाय वौषट्॥ ५॥ ॐ चण्डिकायै अस्त्राय फट्॥ ६॥ इति हृदयादिन्यासः।

अथ चक्रन्यासः—ॐ शम्भुतेजोज्ज्वलज्ज्वालामालिनि पावके ह्रां नन्दायै अङ्गुष्ठाभ्यां नमः॥ १॥ ॐ शम्भुतेजोज्ज्वलज्ज्वालामालिनि पावके ह्रीं रक्तदन्तिकायै तर्जनीभ्यां नमः॥ २॥ ॐ शम्भुतेजोज्ज्वलज्ज्वालामालिनिं पावके ह्रूं शाकम्भर्यै मध्यमाभ्यां नमः॥ ३॥ ॐ शम्भुतेजोज्ज्वलज्ज्वालामालिनि पावके ह्रैं दुर्गायै अनामिकाभ्यां नमः॥ ४॥ ॐ शम्भुतेजोज्ज्वलज्ज्वालामालिनि पावके ह्रौं भीमायै कनिष्ठिकाभ्यां नमः॥ ५॥ ॐ शम्भुतेजोज्ज्वलज्ज्वालामालिनि पावके ह्रः भ्रामर्यै करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः॥ ६॥

अथ हृदयादिन्यासः—ॐ शम्भुतेजोज्ज्वलज्ज्वालामालिनि पावके ह्रां नन्दायै हृदयाय नमः॥ १॥ ॐ शम्भुतेजोज्ज्वलज्ज्वालामालिनि पावके ह्रीं रक्तदन्तिकायै शिरसे स्वाहा॥ २॥ ॐ शम्भुतेजोज्ज्वलज्ज्वालामालिनि पावके शाकम्भर्यै शिखायै वषट्॥ ३॥ ॐ शम्भुतेजोज्ज्वलज्ज्वालामालिनि पावके ह्रैं दुर्गायै कवचाय हुम्॥ ४॥ ॐ शम्भुतेजोज्ज्वलज्ज्वालामालिनि पावके ह्रौं भीमायै नेत्रत्रयाय वौषट्॥ ५॥ ॐ शम्भुतेजोज्ज्वलज्ज्वालामालिनि पावके ह्रः भ्रामर्यै अस्त्राय फट्॥ ६॥

अथाङ्गन्यासः—ॐ वाराह्यै नमः पादयोः॥ १॥ ॐ नारसिंह्यै नमः नितम्बे॥ २॥ ॐ चामुण्डायै नमः नाभौ॥ ३॥ ॐ माहेन्द्र्यै नमः कण्ठे॥ ४॥ ॐ ब्राह्म्यै नमः पृष्ठे॥ ५॥ ॐ वैष्णव्यै नमः दक्षिणभुजे॥ ६॥ ॐ माहेश्वर्यै नमः वामभुजे॥ ७॥ ॐ कौमार्यै नमः स्कन्धयोः॥ ८॥ ॐ कात्यायन्यै नमः मुखे॥ ९॥ ॐ शिवदूत्यै नमः शिरसि॥ १०॥ ॐ शिवायै नमः हृदि॥ ११॥ ॐ काल्यै नमः दक्षकुक्षौ॥ १२॥ ॐ रक्तदन्तिकायै नमः वामकुक्षौ॥ १३॥ ॐ शताक्ष्यै नमः पृष्ठवंशे॥ १४॥ ॐ शाकम्भर्यै नमः भ्रुवोः॥ १५॥ इत्यङ्गन्यासः।

अथ खड्गिन्यादिन्यासः—

ॐ खड्गिनी शूलिनी घोरा गदिनी चक्रिणी तथा। शङ्खिनी चापिनी बाण भुशुण्डी परिघायुधेति शिरसि॥ १॥
शूलेन पाहि नो देवि पाहि खड्गेन चाम्बिके। घण्टास्वनेन नः पाहि चापज्यानिःस्वनेन चेति मुखे॥ २॥
ॐ प्राच्यां रक्ष प्रतीच्यां च चण्डिके रक्ष दक्षिणे। भ्रामणेनात्मशूलस्य उत्तरस्यां तथेश्वरीति कण्ठे॥ ३॥
ॐ सौम्यानि यानि रूपाणि त्रैलोक्ये विचरन्ति ते। यानि चात्यर्थघोराणि तैरक्षास्मांस्तथा भुवमिति बाह्वोः॥ ४॥

ॐ खड्गशूलगदादीनि यानि चास्त्राणि तेऽम्बिके। करपल्लवसङ्गीनि तैरस्मान्रक्ष सर्वतः इति हृदये॥ ५॥
ॐ सर्वस्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्तिसमन्विते। भयेभ्यस्त्राहि नो देवि दुर्गे देवि नमोऽस्तु ते इत्युदरे॥ ६॥
ॐ एतत्ते वदनं सौम्यं लोचनत्रयभूषितम्। पातु नः सर्वभूतेभ्यः कात्यायनि नमोऽस्तु ते इति नाभौ॥ ७॥
ॐ ज्वालाकरालमत्युग्रमशेषासुरसूदनम्। त्रिशूलं पातु नो भीतेर्भद्रकालि नमोऽस्तु ते इत्यूर्वोः॥ ८॥
ॐ हिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वनेनापूर्य या जगत्। सा घण्टा पातु नो देवि पापेभ्यो नः सुतानिवेति जानुनोः॥ ९॥
ॐ असुरासृग्वसापङ्कचर्चितस्ते करोज्वलः। शुभाय खड्गो भवतु चण्डिके त्वां नता वयमिति पादयोः॥ १०॥

एवं न्यस्तशरीरः साधकः सच्चिदानन्दरूपिणीं महालक्ष्मीं ध्यायेत्।

अथ ध्यानम्—

अक्षस्त्रक्परशुं गदेषुकुलिशं पद्मं धनुष्कुण्डिकां दण्डं शक्तिमसिं च चर्म जलजं घण्टां सुराभाजनम्।
शूलं पाशसुदर्शने चदधतीं हस्तैः प्रवालप्रभां सेवे सैरिभमर्दिनीमिह महालक्ष्मीं सरोजस्थिताम्॥

इति ध्यात्वा मानसोपचारैः सम्पूज्य कृताञ्जलिः सन् गुरुदेवात्मैक्यं विभाव्य स्तवस्यार्थानुसन्धानपूर्वकं नातिशीघ्रं नातिमन्दं मध्यमस्वरेण स्पष्टपदाक्षरं चण्डीस्तवं पठेत्। ततः स्तवपाठोत्तरम्—ॐ ह्रीं हृदयाय नमः॥ १॥ ॐ चं शिरसे स्वाहा॥ २॥ ॐ डिं शिखायै वषट्॥ ३॥ ॐ कां कवचाय हुं॥ ४॥ ॐ यैं नेत्रत्रयाय वौषट्॥ ५॥ ॐ ह्रीं चण्डिकायै अस्त्राय फट्॥ ६॥ इति षडङ्गन्यासं कृत्वा नवार्णमन्त्रमष्टोत्तरशतं जप्त्वा अहंरुद्रेभिरिति वैदिकं देवीसूक्तं च नमो देव्यै महादेव्यै इति देवीसूक्तं च पठित्वा रहस्यत्रयं पठेत्। तत्र प्राधानिकं रहस्यं सार्द्धत्रिंशच्छ्लोकात्मकम्। वैकृति-रहस्यमेकोनचत्वारिंशच्छ्लोकात्मकम्। मूर्तिरहस्यं पञ्चविंशतिश्लोकात्मकं गुरुचरणैः संशोधितं ग्राह्यमिति। ततः पूर्वोक्तं षडङ्गन्यासं कृत्वा ध्यात्वा भगवतीं प्रार्थयेत्—

अपराधशतं कृत्वा जगदम्बेति चोच्चरेत्। यां गतिं समवाप्नोति न तां ब्रह्मादयः सुराः॥
सापराधोऽस्मि शरणं प्राप्तस्त्वां जगदम्बिके। इदानीमनुकम्प्योऽहं यथेच्छसि तथा कुरु॥
अज्ञानाद्विस्मृतेर्भ्रान्त्या यन्न्यूनमधिकं कृतम्। तत्सर्वं क्षम्यतां देवि प्रसीद परमेश्वरि॥
कामेश्वरि जगन्मातः सच्चिदानन्दविग्रहे। गृहाणार्चामिमां प्रीत्या प्रसीद परमेश्वरि॥
गुह्यातिगुह्यगोप्त्री त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम्। सिद्धिर्भवतु मे देवि त्वत्प्रसादान्महेश्वरि॥

इति मन्त्रेण देव्या दक्षिणकरे जपं समर्प्य यथासुखं विहरेत्।

मन्त्रमहोदधौ—

मार्कण्डेयपुराणोक्तं नित्यं चण्डीस्तवं पठन्। पुटितं मूलमन्त्रेण जपन्नाप्नोति वाञ्छितम्॥
आश्विनस्य सिते पक्षे आरभ्याग्नितिथिं सुधीः। अष्टम्यन्तं जपेल्लक्षं दशांशं होममाचरेत्॥
प्रत्यहं पूजयेद्देवीं पठेत्सप्तशतीमपि। विप्रानाराध्य मन्त्रा स्वमिष्टार्थं लभतेऽचिरात्॥
एवं यः कुरुते स्तोत्रं नावसीदति जातुचित्। चण्डिकां प्रभजन्मर्त्यो धनैर्धान्यैर्यशश्चयैः॥
पुत्रैः पौत्रैर्धनारोग्यैर्युक्तो जीवेद्बहूः समाः॥

इति संक्षेपतो नवरात्रदुर्गाविधानं समाप्तम्।

पाठारम्भ की विधि—सर्वप्रथम 'एषां श्रीचण्डीसप्तशत्याः प्रथममध्यमोत्तमचरित्राणां ब्रह्मविष्णुरुद्रा ऋषयः गायत्री उष्णिक् अनुष्टुभ् छन्दांसि, महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वत्यो देवताः। ऐं ह्रीं क्लीं, बीजानि। अग्निवायुः

सूर्यस्तत्वानि। धर्मार्थकामसिद्ध्यर्थं सप्तशतीपाठे विनियोग:' कहकर विनियोग का जल छोड़े। तदनन्तर मूल में लिखित 'ॐ ब्रह्मविष्णुरुद्रऋषिभ्यो नम: शिरसि' इत्यादि पाँच मन्त्रों से उनमें निर्दिष्ट अङ्गों में ऋष्यादिन्यास करे। फिर मूल में लिखित 'ॐ ह्रीं हृदयाय नम:' इत्यादि छ: मन्त्रों से उनमें निर्दिष्ट अङ्गों में हृदयादि न्यास करे। फिर आगे मूल में लिखित 'ॐ शम्भुतेजोज्वल०' इत्यादि छ: मन्त्रों से क्रमश: अङ्गुष्ठों, तर्जनियों, मध्यमाओं, अनामिकाओं, कनिष्ठिकाओं तथा करतलपृष्ठों में चक्रन्यास करना चाहिये। यह चक्र से करन्यास होता है।

चक्र से हृदयादिन्यास—फिर 'ॐ शम्भुतेज०' इत्यादि मूलोक्त छ: मन्त्रों से क्रमश: हृदय, शिर, शिखा, कवच, नेत्रत्रय तथा अस्त्राय फट् न्यास करना चाहिये। फिर 'ॐ वाराह्यै नम:' इत्यादि पन्द्रह मन्त्रों से उनमें उल्लिखित अङ्गों में न्यास करना चाहिये।

खड्गिन्यादि न्यास—फिर उसके आगे मूल में लिखित 'ॐ खड्गिनी शूलिनी घोरा' इत्यादि १० मन्त्रों के द्वारा निर्दिष्ट शरीर में निर्दिष्ट अङ्गों में न्यास करना चाहिये। इसके बाद 'अक्षस्रक्परशुं गदेषु कुलिशं पद्मं धनुष्कुण्डिकां दण्डं शक्तिमसिं च चर्म जलजं घण्टां' मन्त्र से देवी का ध्यान करे। फिर मानसोपचारों से पूजन करके हाथ जोड़कर गुरु में तथा देवता में एकता का विश्वास कर सप्तशतीस्तव के अर्थ को समझते हुए नातिशीघ्र तथा नातिमन्द स्वर को त्याग कर मध्यम स्वर में चण्डीपाठ करना चाहिये। फिर पाठ के उपरान्त 'ॐ ह्रीं हृदयाय नम:, ॐ चं शिरसे स्वाहा, ॐ डिं शिखायै वषट्, ॐ कां कवचाय हुम्, ॐ यैं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ह्रीं चण्डिकायै अस्त्राय फट्' इस प्रकार से षडङ्गन्यास करके फिर १०८ बार नवार्ण मन्त्र को जपकर 'अहं रुद्रेभि०' यह वैदिक देवीसूक्त, नमो देव्यै महादेव्यै यह पौराणिक देवीसूक्त पढ़कर फिर तीनों रहस्यों का भी पाठ करना चाहिये। उनमें प्राधानिक रहस्य साढ़े तीस श्लोकों वाला है। वैकृतिक रहस्य उनतालीस श्लोकों में है तथा मूर्तिरहस्य पच्चीस श्लोकों वाला है। फिर पूर्वोक्त षडङ्गन्यास करके भगवती से प्रार्थना करे।

प्रार्थना—मूल में 'अपराधशतं कृत्वा जगदम्बेति चोच्चरेत्' इत्यादि पाँच श्लोकों का उच्चारण कर प्रार्थना करे तथा देवी के दक्षिणहस्त में जप का अर्पण करे। मन्त्रमहोदधि में लिखा है—मार्कण्डेय पुराण में वर्णित चण्डीस्तव को नित्य मूलमन्त्र से सम्पुटित करके जप करने वाले को वाञ्छित फल मिलता है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से प्रारम्भ करके बुद्धिमान् व्यक्ति अष्टमी-पर्यन्त एक लक्ष मन्त्रजप करे एवं उसका दशांश होम करे। प्रतिदिन देवी की पूजा तथा सप्तशती का पाठ भी करे। ब्राह्मणों को पूजित करे तो जापक को अभीष्ट फल की शीघ्र प्राप्ति होती है। इस प्रकार से जो स्तोत्रपाठ करता है, वह कभी खिन्न नहीं होता है। चण्डिका का भजन करने वाला मनुष्य धन-धान्य, यश, ऐश्वर्य, पुत्र तथा पौत्रों के साथ अनेक वर्षों तक सुखपूर्वक जीवन-यापन करता है।

कुमारीपूजनम्

तच्च प्रत्यहं यथाशक्ति एकद्व्यादिक्रमेण कार्यम्। तत्र प्रयोग:—मण्डपाभ्यन्तरे कुङ्कुमादिभिरष्टदलं विरच्य तदुपरि स्थापितपीठे कन्यामुपवेश्य स्वयं तत्सम्मुख: स्वासने उपविश्य आचम्य देशकालौ सङ्कीर्त्य 'भगवतीदुर्गाप्रसन्नतार्थं कुमारीपूजां करिष्ये' इति कुमारीणां पादौ प्रक्षाल्य तैलाभ्यङ्गवस्त्रगन्धपुष्पस्रग्भि: सम्पूज्य खण्डलड्डुगुडसर्पिर्दधि-क्षीरनारिकेलखण्डादियाचितं भोजनं पानीयं च दत्त्वा तासु तृप्तासु स्वयमाचमनं ताभ्यो दद्यात्। तत: आचम्य क्षन्तव्यमिति प्रार्थ्य कन्यादत्ताक्षतान्स्वशिरसि धृत्वा दक्षिणादानपूर्वकं विसृजेत् इति सङ्क्षेपत: कुमारीपूजा।

कुमारियों का पूजन—प्रतिदिन एक कन्या का पूजन करे अथवा शक्ति के अनुसार प्रथम दिन एक, द्वितीय दिन दो तथा तृतीय दिन तीन—इस प्रकार वृद्धिक्रम से भी पूजन कर सकते हैं।

उसके लिये मण्डप (पूजामण्डप) के भीतर कुङ्कुमादि के द्वारा अष्टदल कमल बनाकर उसके ऊपर स्थापित पीठ पर कन्या को बैठाये। स्वयं यजमान उसके सम्मुख आसन पर बैठे। आचमन कर देश-काल का उच्चारण कर 'भगवतीदुर्गाप्रीत्यर्थं कुमारीपूजां करिष्ये' ऐसा सङ्कल्प करके उसके पैरों को धोकर उनमें तैलाभ्यङ्ग एवं गन्धादि लगाये। फिर उसे खण्ड (बूरा-पेड़ा-मिश्री), लड्डू, घी, दही, दूध, नारियल की ताजी गिरी बूरा मिलाकर तथा उसके द्वारा चाहा गया भोजन पानीय आदि दे। उसके तृप्त हो जाने पर फिर साधक उन्हें अपने हाथों से आचमन दे। फिर उससे प्रार्थना कर उसके हाथ से दिये गये अक्षतों को अपने शिर पर धारण कर दक्षिणा देकर उसको विदा कर दे (घर भेज दे)।

अथ प्रत्येककुमार्यादिपूजनप्रकारः—

ॐ मन्त्राक्षरमयीं लक्ष्मीं मातृकारूपधारिणीम्। नवदुर्गात्मिकां साक्षात्कन्यामावहयाम्यहम्॥

इत्यावाह्य आसनं पाद्यं चोष्णोदकेन पादौ प्रक्षाल्यार्घ्याचमनीयस्नानवस्त्रकञ्चुकालङ्कारादियथाशक्ति दत्त्वा सुगन्धतैलेनानुलिप्य हरिद्राकुङ्कुमसिन्दूरालक्तकाञ्जनपुष्पमालाधूपदीपादिभिरभ्यर्च्य पायसलड्डुगुडदधिक्षीरादिभिर्भोजयेत्। भोजनकाले नवार्णं सप्तशतीं वा पठेत्। ततो भोजनान्ते पानीयनानाफलताम्बूलदक्षिणानीराजनपुष्पाञ्जलीन्निवेदयेत्। एवमन्यापि पूजयेत्। आवाहने मन्त्रभेदाः—

जगत्पूज्ये जगद्वन्द्ये सर्वशक्तिस्वरूपिणि। पूजां गृहाण कौमारि जगन्मातर्नमोऽस्तु ते॥

इति प्रथमां द्विवर्षां पूजयेत्।

त्रिपुरां त्रिगुणाधारां त्रिवर्गज्ञानरूपिणीम्। त्रैलोक्यवन्दितां देवीं त्रिमूर्तिं पूजयाम्यहम्॥

इति त्रिवर्षाम्।

कलात्मिकां कलातीतां कारुण्यहृदयां शिवाम्। कल्याणजननीं नित्यं कल्याणीं पूजयाम्यहम्॥

इति चतुर्वर्षाम्।

अणिमादिगुणाधारामकाराद्यक्षरात्मिकाम्। अनन्तभेदां तां तारां रोहिणीं पूजयाम्यहम्॥

इति पञ्चवर्षाम्।

कामचारीं शुभां कान्तां कालचक्रस्वरूपिणीम्। कामदां करुणोदारां कालीं सम्पूजयाम्यहम्॥

इति षड्वर्षाम्।

चण्डवीर्यां चण्डमयीं चण्डमुण्डप्रभञ्जनीम्। ब्रह्मेशविष्णुनमितां चण्डिकां पूजयाम्यहम्॥

इति सप्तवर्षाम्।

सुखानन्दकरीं शान्तां सर्वदेवनमस्कृताम्। सर्वभूतात्मिकां देवीं शाम्भवीं पूजयाम्यहम्॥

इत्यष्टवर्षाम्।

दुर्गमे दुस्तरे युद्धे भयदुःखविनाशिनीम्। पूजयामि सदा भक्त्या दुर्गां दुर्गतिनाशिनीम्॥

इति नववर्षाम्।

सुन्दरीं स्वर्णवर्णाभां सुखसौभाग्यदायिनीम्। सुभद्रजननीं देवीं सुभद्रां पूजयाम्यहम्॥

इति दशवर्षां नवमीं पूजयेत्। (यथोक्तवर्षालाभे द्विवर्षाद्यामपि पूजयेत्)।

एतैर्मन्त्रैर्द्विवर्षकन्यामारभ्य दशवर्षावधिकुमारीं क्रमेण स्वस्वमन्त्रेण सम्पूज्य नमस्कारं कुर्यात्। एवं कन्यादक्षिणभागे वटुमेकं वामे चैकं तथैकं पुरतः एवं वटुत्रयमपि पूजयेत्।

कन्यापूजामाहात्म्यं देवीपुराणे—

न तथा तुष्यते शक्र होमदानजपेन तु। कुमारीभोजनेनात्र यथा देवी प्रसीदति॥
पितरो वसवो रुद्रा आदित्या गणलोकपाः। सर्वे ते पूजितास्तेन कुमारी येन पूजिता॥

इति कुमारीपूजाविधानम्।

कुमारीपूजन की विशेष विधि—'ॐ मन्त्राक्षरमयीं लक्ष्मीं मातृकारूपधारिणीम्। नवदुर्गात्मिकां साक्षात् कन्यामावाहयाम्यहम्' इस मन्त्र से आवाहन करके कन्या को आसन, पाद्य, उष्णोदक से पादप्रक्षालन, अर्घ्य-आचमनीय, स्नान, वस्त्र, कञ्चुक तथा अलङ्कारादि यथाशक्ति देकर इत्र लगाकर हरिद्रा, कुङ्कुम, सिन्दूर, अलक्तक (महावर), अञ्जन, पुष्पमाला, धूप, दीप आदि से पूजा करके फिर खीर, लड्डू, गुड़, दही, दूध आदि का भोजन प्रदान करे। जब कन्या या कन्यायें भोजन करें तो उस समय साधक नवार्ण मन्त्र का जप करे अथवा सप्तशती का पाठ करता रहे। भोजनोपरान्त कन्याओं को पानीय, फल, ताम्बूल, दक्षिणा, नीराजन, पुष्पाञ्जलि आदि निवेदित करे। इसी प्रकार अन्य कन्याओं का भी पूजन करे।

आवाहन में मन्त्रभेद—(१) प्रथम दिन—'जगत्पूज्ये जगद्वन्द्ये सर्वशक्तिस्वरूपिणि। पूजां गृहाण कौमारि जगन्मातर्नमोस्तु ते' इस मन्त्र से आवाहन कर प्रथम दिन दो वर्ष की कन्या का पूजन करना चाहिये। यह 'कुमारी' नाम से कही गई है।

(२) द्वितीय दिवस—नवरात्र के द्वितीय दिवस में—'त्रिपुरां त्रिगुणाधारां त्रिवर्गज्ञानरूपिणीम्। त्रैलोक्यवन्दितां देवीं त्रिमूर्तिं पूजयाम्यहम्' इस मन्त्र से आवाहन कर तीन वर्ष की कन्या का पूजन करना चाहिये। इसका नाम 'त्रिमूर्ति' कहा गया है।

(३) तृतीय दिवस—तृतीया तिथि में चार वर्ष की कन्या का आवाहन—'कलात्मिकां कलातीतां कारुण्यहृदयां शिवाम्। कल्याणजननीं नित्यं कल्याणीं पूजयाम्यहम्' इस मन्त्र से करके उसका पूजन करे। इसे 'कल्याणी' कहा गया है।

(४) चतुर्थ दिवस—नवरात्र के चौथे दिन पाँच वर्ष की कन्या को—'अणिमादिगुणाधारां अकाराद्यक्षरात्मिकाम्। अनन्तभेदां तां तारां रोहिणीं पूजयाम्यहम्' इस मन्त्र से आवाहित कर पूजन करे। इसको 'रोहिणी' कहा गया है।

(५) पञ्चम दिवस—पाँचवें दिन छः वर्ष की कन्या का आवाहन—'कामचारीं शुभां कान्तां कालचक्रस्वरूपिणीम्। कामदां करुणोदारां कालीं सम्पूजयामाम्यहम्॥' इस मन्त्र से करना चाहिये तथा पूजन करे। यह 'काली' कहलाती है।

(६) षष्ठ दिवस—छठे दिन सात वर्ष की कन्या का 'चण्डवीर्यां चण्डमयीं चण्डमुण्डप्रभञ्जनीम्। ब्रह्मेश-विष्णुनमितां चण्डिकां पूजयाम्यहम्' इस मन्त्र से आवाहन-पूजन करना चाहिये। यह 'चण्डिका' कही जाती है।

(७) सातवें दिन—आठ वर्ष की कन्या का पूजन सातवें दिन 'सुखानन्दकरीं शान्तां सर्वदेवनमस्कृताम्। सर्वभूतात्मिकां देवीं शाम्भवीं पूजयाम्यहम्' इस मन्त्र से आवाहन कर करना चाहिये। इसको 'शाम्भवी' कहते हैं।

(८) आठवें दिन—आठवीं तिथि में नव वर्ष की कन्या को 'दुर्गमे दुस्तरे युद्धे भयदुःखविनाशिनीम्। पूजयामि सदा भक्त्या दुर्गां दुर्गतिनाशिनीम्' इस मन्त्र से आवाहित कर पूजना चाहिये।

(९) नवें दिन—नवमी तिथि में दश वर्ष की कन्या का आवाहन-पूजन 'सुन्दरीं स्वर्णवर्णाभां सुखसौभाग्य-दायिनीम्। सुभद्रजननीं देवीं सुभद्रां पूजयाम्यहम्' इस मन्त्र से करना चाहिये। इसे 'सुभद्रा' कहा जाता है।

इस प्रकार के आयुवर्ग की कन्यायें न मिलने पर कन्यापूजन-हेतु दो वर्ष से दश वर्ष तक की कुमारी का चयन करना चाहिये। इस प्रकार प्रत्येक दिन के लिये वर्णित मंत्र से कुमारियों का पूजन कर उन्हें प्रणाम करने के

साथ ही प्रत्येक कन्या के वाम भाग में एक वटुक, दक्षिण भाग में दूसरा वटुक तथा कुमारी के आगे तीसरा बटुक (दो वर्ष से दस वर्ष तक का बालक) बैठाकर उसका भी पूजन करना चाहिये।

देवीपुराण के अनुसार कन्यापूजन का माहात्म्य—हे इन्द्र! जितनी प्रसन्नता देवी को कुमारी-पूजन से होती है, उतनी प्रसन्नता उन्हें होम-दान तथा जप से नहीं होती है। जिसके द्वारा कुमारी का पूजन होता है, उससे सभी देवता तथा पितर प्रसन्न हो जाते हैं।

कामनापरत्वेन चण्डीपाठसङ्ख्या

वाराहीतन्त्रे—

शिव उवाच—

चण्डीपाठफलं देवि शृणुध्व गदतो मम। एकावृत्त्यादिपाठानां यथावत्कथयामि ते॥
उपसर्गोपशान्त्यर्थं त्रिरावृत्तिं पठेन्नरः। ग्रहोपशान्तौ कर्तव्या पञ्चावृत्तिर्वरानने॥
महाभये समुत्पन्ने सप्तावृत्तिमुदीरयेत्। नवावृत्तौ भवेच्छान्तिर्वाजपेयफलं लभेत्॥
राजवश्याय भूत्यै च रुद्रावृत्तिमुदीरयेत्। अर्कावृत्त्या कामसिद्धिर्वैरिहानिश्च जायते॥
मन्वावृत्त्या रिपुर्वश्यस्तथा स्त्री वशतामियात्। सौख्यं पञ्चदशावृत्त्या श्रियमाप्नोति मानवः॥
कल्पावृत्त्या पुत्रपौत्रधनधान्यागमं विदुः। राजभीतिविनाशाय विपक्षोच्चाटनाय च॥
कुर्यात्सप्तदशावृत्तीस्तथाष्टादशकं प्रिये। महाऋणविमोक्षाय विंशावृत्तिं पठेन्नरः॥
पञ्चविंशावर्तनाद्धि भवेद्बन्धविमोक्षणम्। सङ्कटे समनुप्राप्ते दुश्चिकित्स्यागमे सदा॥
जातिध्वंसे कुलोच्छेदे आयुषो नाशमागते। वैरिवृद्धौ व्याधिवृद्धौ धननाशे तथा क्षये॥
तथैव त्रिविधोत्पाते तथा चैवातिपातके। कुर्याद्यत्नाच्छतावृत्तिं ततः सम्पद्यते शुभम्॥
विपदस्तस्य नश्यन्ति अन्ते याति परां गतिम्। जयवृद्धौ शतावृत्त्या राज्यवृद्धौ सदा पठेत्॥
मनसा चिन्तितं देवि सिद्धिरष्टोत्तराच्छतात्। शताश्वमेधयज्ञानां फलमाप्नोति सुव्रते॥
सहस्रावर्तनाल्लक्ष्मीरावृणोति स्वयं स्थिरा। भुक्त्वा कामान्यथाकामं नरो मोक्षमवाप्नुयात्॥
यथाश्वमेधः क्रतुषु देवानां च यथा हरिः। स्तवानामपि सर्वेषां तथा सप्तशतीस्तवः॥
नानःपरतरं स्तोत्रं किञ्चिदस्ति वरानने। भुक्तिमुक्तिप्रदं पुण्यं पावनानां च पावनम्॥

कामनाभेद से चण्डीपाठ की सङ्ख्या (वाराही तन्त्र में)—श्री शिवजी बोले—हे देवि! मुझसे देवीपाठ (चण्डीपाठ) का फल सुनो; अब मैं एकावृत्ति आदि पाठों के भेद कहता हूँ। उपसर्ग की शान्ति के लिये मनुष्य को चण्डीपाठ की तीन आवृत्तियाँ पढ़नी चाहिये। हे वरानने! ग्रहों की शान्ति के लिये पाँच आवृत्तियाँ करनी चाहिये। जब महाभय उत्पन्न हो तो उस समय सात आवृत्तियाँ पढ़नी चाहिये। यदि नौ आवृत्ति का पाठ हो तो वाजपेय का फल प्राप्त होता है। राजा को वश में करने तथा ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिये एकादश आवृत्तियाँ तथा बारह आवृत्ति के पाठ से कामना की पूर्ति तथा वैरियों का नाश हो जाता है। चौदह आवृत्ति पाठ से शत्रु तथा स्त्री वश में हो जाते हैं। पन्द्रह आवृत्ति से सौख्य तथा लक्ष्मी की प्राप्ति साधक को हो जाती है। सोलह आवृत्तियों से पुत्र-पौत्र, धन-धान्य का आगम जानना चाहिये। राजभय के विनाश के लिये सत्रह आवृत्ति तथा विपक्ष के उच्चाटन के लिये अट्ठारह आवृत्ति पाठ करना चाहिये। हे प्रिये! महाऋण से विमोक्ष के लिये मनुष्य को बीस आवृत्तियाँ पढ़नी चाहिये। पच्चीस आवृत्तियों से बन्धमोक्ष हो जाता है। जब घोर सङ्कट उपस्थित हो, जिसका उपाय अति कठिन हो;

स्वजाति का ध्वंस हो रहा हो, आयु का नाश हो रहा हो (मारकेश लगा हो), शत्रुओं की वृद्धि हो, रोग की वृद्धि हो, धननाश हो, अचल सम्पत्ति का क्षय उपस्थित हो, जब त्रिविध उत्पात (दिव्य, अन्तरिक्ष, भौम) उत्पन्न हों अथवा घोर पातक लग गया हो तो यत्नपूर्वक एक सौ आवृत्ति चण्डीपाठ करने से शुभ हो जाता है। उसकी विपत्तियाँ नष्ट हो जाती हैं तथा उसे परमगति प्राप्त होती है। जय की वृद्धि के लिये तथा राज्यवृद्धि के लिये सदैव शतावृत्ति पाठ करना चाहिये। हे देवि! एक सौ आठ आवृत्तियों के पाठ से मनोवाञ्छित फल की प्राप्ति होती है तथा उसे एक सौ अश्वमेध यज्ञों का फल प्राप्त होता है। एक सहस्र पाठ से लक्ष्मी आकर साधक का स्वयं वरण करती है तथा स्थिर हो जाती है एवं मनुष्य भोगों को भोगकर अन्त में मोक्ष को प्राप्त हो जाता है। जिस प्रकार यज्ञों में अश्वमेध यज्ञ है तथा देवों श्री विष्णु भगवान् हैं, स्तोत्रों में उसी प्रकार से श्रीदुर्गासप्तशतीस्तव है। हे वरानने! इससे बढ़कर अन्य कोई दूसरा स्तोत्र नहीं है, जैसा कि सप्तशतीस्तोत्र है।

हरगौरीतन्त्रे—

श्रीकामः पुत्रकामो वा सृष्टिमार्गक्रमेण तु। सावर्णिः सूर्यतनयः सावर्णिर्भविता मनुः॥
जपेच्छक्रादिमारभ्य शुम्भदैत्यवधावपि। आद्यमारभ्य प्रजपेत्पश्चाच्छेषं समापयेत्॥
शान्त्यादिकामः सर्वत्र स्थितिमार्गक्रमेण तु। स्थितिपाठः सर्वकामे मुक्तिकामे च संहृतिः॥
संहारे चान्त्यमारभ्य पश्चादादि समापयेत्।

हरगौरी तन्त्र के अनुसार सप्तशती का महत्त्व—लक्ष्मी की कामना वाला तथा पुत्र की इच्छा वाला साधक सृष्टिमार्गक्रम से 'सावर्णिः सूर्यतनयो' से लेकर 'सावर्णिर्भविता मनुः' पर्यन्त; फिर 'शक्रादयः सुरगणाः (चतुर्थाध्याय) से आरम्भ कर 'शुम्भदैत्यवधश्च' पर्यन्त (दशमाध्यायान्त) पाठ करे। फिर शेष पाठ को समाप्त करे। शान्ति आदि की इच्छा से स्थितिमार्गक्रम से पाठ करना चाहिये। स्थितिपाठ सभी कामनाओं के लिये तथा मुक्ति की कामना के लिये संहृति (संहार) पाठ करना चाहिये। संहार पाठ (संहृतिपाठ) में अन्त्य से आरम्भ कर अन्त में समाप्त करना चाहिये।

विमर्श—यहाँ कामनाभेद से तीन प्रकार का पाठ कहा गया है; उसका स्पष्टीकरण आवश्यक होने से यहाँ दिया जा रहा है—

(१) सृष्टिमार्ग से पाठ—इसमें प्रथम अध्याय के प्रथम श्लोक से प्रारम्भ कर तेरहवें अध्याय के अन्तिम श्लोक तक क्रम से पाठ करते हैं। यह पुत्र एवं लक्ष्मी की कामना से करना चाहिये।

(२) स्थितिमार्ग या स्थितिक्रम पाठ—इसमें पहिले पञ्चमाध्याय (पुरा शुम्भनिशुम्भाभ्यामसुराभ्यां शचीपते) से प्रारम्भ करके और तेरहवें अध्याय के अन्तिम श्लोक तक कुल नौ अध्यायों का पाठ करने के उपरान्त प्रथमाध्याय से चतुर्थाध्याय (शक्रादि स्तुति अध्याय) तक पाठ करना चाहिये। यह शान्तिकामी के लिये होता है।

(३) संहृतिमार्ग (संहारक्रम)—इसमें सर्वप्रथम त्रयोदशाध्याय के अन्तिम श्लोक 'एवं देव्या वरं लब्ध्वा सुरथः क्षत्रियर्षभः। सूर्याज्जन्म समासाद्य सावर्णिर्भविता मनुः॥' से आरम्भ कर संहारक्रम (विलोमक्रम से) प्रथमाध्याय के 'सावर्णिः सूर्यतनयो०' श्लोक (प्रथम श्लोक) तक पढ़े। यह संहारक्रम है, जिसे मुक्तिकामी को अपनाना चाहिये। 'दुर्गोपासनाकल्पद्रुम' ग्रन्थ के सङ्कलनकर्त्ता श्रीहरिकृष्ण शर्मा ने हरगौरी तन्त्र से उद्धृत इन श्लोकों की संस्कृत टीका में यह बात लिखी है।

आवृत्तिभेदेन दक्षिणापि तत्रैव—

पञ्चस्वर्णाः शतावृत्तौ पक्षावृत्तौ तु तत्त्रयम्। पञ्चावृत्तौ स्वर्णमेकं त्रिरावृत्तौ तदर्धकम्॥
एकावृत्तौ पादमेकं दद्याद्वा शक्तितो बुधः॥

आवृत्ति के भेद से दक्षिणा—एक सौ आवृत्ति पाठ पर पाँच स्वर्ण दक्षिणा देनी चाहिये। पन्द्रह आवृत्तियों पर तीन स्वर्ण तथा पाँच आवृत्ति पर एक स्वर्ण, तीन आवृत्ति पर आधा स्वर्ण तथा एक आवृत्ति पर चतुर्थांश स्वर्ण दक्षिणा देनी चाहिये। अथवा समझदार यजमान को अपनी शक्ति के अनुसार दक्षिणा देनी चाहिये।

अथ सम्पुटितहोमे मन्त्रसङ्ख्या—

मन्त्रपुटं बीजपुटं दुर्गास्तोत्रं पठेत्सदा। मन्त्रबीजपुटा दुर्गा कामनासिद्धिदा सदा॥
होमकाले सदा मन्त्रं दुर्गामन्त्रं पृथक् हुनेत्। कामनाबीजसंयोगो दुर्गामन्त्रेण संहुनेत्॥
दुर्गास्तवनमन्त्राणां सङ्ख्या सप्तशतं भवेत्। कामनामन्त्रसङ्ख्या च शतं चैव चतुर्दश॥
मध्ये मन्त्रान् सप्तशतं होमकाले तु योजयेत्। पाठे मन्त्रपुटं वाच्यं होममन्त्राः पृथक्पृथक्॥
होमसङ्ख्या च मन्त्राणां शतं वै चैकविंशतिः। पाठे बीजपुटं वाच्यं होमे बीजपुटं हुनेत्॥

सम्पुटित होम में मन्त्रसङ्ख्या—सप्तशती पाठ को मन्त्रपुट (लौकिक या वैदिक मन्त्र) तथा बीजपुट (ऐं ह्रीं क्लीं इत्यादि) से पुटित करके करना चाहिये। मन्त्र एवं बीज से पुटित दुर्गासप्तशती सदैव कामनाओं को सफल करती है। होम के समय सदैव बीज के संयोग से युक्त मन्त्र से ही होम करना चाहिये तथा सप्तशती के मन्त्रों से पृथक् होम करना चाहिये। इस प्रकार उनकी आहुतियों की सङ्ख्या ७००+७००= १४०० हो जाती है। यह सङ्ख्या कामनापूर्वक होम के लिये होती है। पाठमन्त्र तथा होममन्त्रों की सङ्ख्या पृथक्-पृथक् होती है।

अथ कवचाहुतिनिषेधः तन्त्रान्तरे—

चण्डीस्तवे प्रतिश्लोकमेकाहुतिरिहेष्यते। रक्षाकवचगैर्मन्त्रैर्होमं तत्र न कारयेत्॥
मौर्ख्यात्कवचगैर्मन्त्रैः प्रतिश्लोकं जुहोति यः। स्याद्देहपतनं तस्य नरकं प्रतिपद्यते॥
अन्धकाख्यो महादैत्यो दुर्गाहोमपरायणः। कवचाहुतिजात्पापान्महेशेन निपातितः॥

अत्र रक्षाकवचगैर्मन्त्रैरित्यनेन शूलेन पाहि नो देवीत्यादिचतुर्मन्त्रैर्होमं न कारयेदिति ज्ञातव्यम्। केचित्कवचादित्रयस्य रहस्यत्रयस्य चापि होमं वर्जयन्ति।

कवचाहुति का निषेध (तन्त्रान्तर से)—चण्डीस्तव में प्रत्येक श्लोक से एक-एक आहुति होम करना चाहिये; परन्तु रक्षाकवच के 'शूलेन पाहि नो देवी०' इत्यादि चार मन्त्रों से होम नहीं करना चाहिये। जो मूर्खतापूर्वक कवच के प्रत्येक मन्त्र से हवन करता है, वह मरने के पश्चात् अवश्य ही नरक को जाता है; क्योंकि अन्धक नामक दैत्य ने दुर्गाहोम करते समय कवच के मन्त्रों (श्लोकों) से आहुति दी थी। इसी कारण वह भगवान् शिव के हाथों मारा गया था। यहाँ कुछ का मत है कि कवच के साथ तीनों रहस्यों के श्लोकों से भी होम नहीं करना चाहिये।

अथ कामनाभेदेन दुर्गापाठे सम्पुटिमन्त्रप्रयोगः कात्यायनीतन्त्रे—

प्रतिश्लोकमाद्यन्तयोः प्रणवेन जपेन्मन्त्रसिद्धिः॥ १॥ प्रणवं व्याहृतित्रयं च श्लोकादौ पठित्वा जपेन्मन्त्रसिद्धिः॥ २॥ सप्रणवां सव्याहृतिकां गायत्रीमादावन्ते वा कृत्वा श्लोकं जपेत्तदा महाफलम्॥ ३॥ प्रतिश्लोकमादावन्ते 'जातवेदसे' इति ऋचं जपेत् सर्वकामसिद्धिः॥ ४॥ अपमृत्युवारणाय रोगारिक्षयमृत्यून्मूलनमभीप्सितो सर्वापद्विनिवारणाय च शताक्षरत्र्यम्बकमन्त्रेण सम्पुटीकृत्य श्लोकं पठेत् (गायत्री० जातवेदसे० त्र्यम्बकेतिमन्त्र त्रयमिलितः शताक्षरः)॥ ५॥ प्रतिश्लोकं 'शरणागतदीनार्त्त'—इति श्लोकं पठेत्सर्वकार्यसिद्धिः॥ ६॥ प्रतिश्लोकम् 'करोतु सा नः शुभ०', इत्यर्धं पठेत्सर्वकामाप्तिः॥ ७॥ स्वाभीष्टवरप्राप्त्यै 'एवं देव्या वरं लब्ध्वा' इति श्लोकं पठेत्॥ ८॥ सर्वापत्तिवारणाय प्रतिश्लोकम् 'दुर्गे स्मृता' इति पठेत्। अस्य केवलस्यापि श्लोकस्य कार्यानुसारेण लक्षमयुतं सहस्रं शतं वा जपः॥ ९॥ 'सर्वा बाधा'

इत्यस्य लक्षजपेऽपि पूर्वोक्तं फलम्॥ १०॥ 'इत्थं यदा यदा बाधा' इति श्लोकस्य लक्षजपे महामारीशान्तिः॥ ११॥ 'कांसोस्मि' इत्यृचः प्रतिश्लोकं पठेल्लक्ष्मीप्राप्तिः॥ १२॥ 'रोगानशेषान्' इति श्लोकस्य प्रतिश्लोकं पाठे सकलरोगनाशः तनमन्त्रजपेऽपि सः॥ १३॥ 'इत्युक्ता सा तदा देवी गम्भीरा' इति प्रतिश्लोकं पाठे पृथग्जपे वा विद्याप्राप्तिर्वाग्-वैकृतनाशश्च॥ १४॥ 'भगवत्या कृतं सर्वम्०' इत्यादिद्वादशोत्तरशताक्षरीमन्त्रः सर्वकामदः सर्वापन्निवारणश्च॥ १५॥ 'देवि प्रपन्नार्तिहरे' इति श्लोकस्य यथाकार्यं लक्षायुतसहस्रशतान्यतमे जपे प्रतिश्लोकं पाठे वा सर्वापन्निवृत्तिः सर्वकार्ये सिद्धिः॥ १६॥ एषु प्रयोगेषु प्रतिश्लोकं दीपाग्रे केवलमेव वा नमस्कारकरणे अतिशीघ्रं सिद्धिः॥ १७॥ प्रतिश्लोकं क्लीं कामबीजसम्पुटितस्यैकचत्वारिंशद्दिनं त्रिरावृत्तौ पुत्रप्राप्तिः॥ १८॥ ह्रीं मायाबीजपुटितस्य फट्पल्लवसहितस्य सप्तदिनपर्यन्तं त्रयोदशावृत्तौ उच्चाटनसिद्धिः सर्वोपद्रवनाशश्च॥ १९॥ श्रींलक्ष्मीबीजपुटितस्य एकोन-पञ्चाशद्दिनपर्यन्तं पञ्चदशावृत्तौ लक्ष्मीप्राप्तिः॥ २०॥ ऐं बीजसम्पुटितस्य शतावृत्त्या विद्याप्राप्तिः॥ २१॥

इति कामनापरत्वे सम्पुटितमन्त्रप्रयोगः। ॐ ह्रीं ऐं क्लीं श्रीं जगदम्बिकायै नमः।

कामनाभेद से दुर्गापाठ में सम्पुटित मन्त्र का प्रयोग (कात्यायनी तन्त्र से)—प्रत्येक श्लोक के आदि तथा अन्त में प्रणव (ॐ) जपने से वह सम्पुटयोग्य मन्त्र सिद्ध हो जाता है। श्लोक के आदि में प्रणव तथा तीनों व्याहृति (ॐ भूर्भुवः स्वः) लगाकर जपने से भी मन्त्र सिद्ध होता है। सप्रणव सव्याहृति गायत्री मन्त्र को आदि और अन्त में करके यदि श्लोकों का जप किया जाय तो भी महाफल होता है। प्रति श्लोक के आदि अन्त में 'जातवेदसे०' ऋचा लगाकर जपने से समस्त कामनाओं की सिद्धि होती है। अपमृत्यु को टालने के लिये, रोग तथा शत्रुनाशार्थ, सर्वापद् निवारणार्थ शताक्षर त्र्यम्बक मन्त्र से (गायत्री मन्त्र + जातवेदसे मंत्र + त्र्यम्बक मन्त्र तीनों मिलाकर २०० अक्षर) सम्पुटित पाठ करना चाहिये। प्रतिश्लोक को 'शरणागतदीनार्तपरित्राणपरायणे। सर्वस्यार्तिहरे देवि नारायणि नमोऽस्तु ते॥' इस श्लोक से सम्पुट करने से सर्वकार्यसिद्धि होती है। प्रतिश्लोक 'करोतु सा नः शुभहेतुरीश्वरी शुभानि भद्राण्यभिहन्तु चापदः।' इस आधे श्लोक का सम्पुट लगाकर पाठ करने से सर्वकामनाओं की प्राप्ति होती है। अभीष्ट वर की प्राप्ति-हेतु 'एवं देव्या वरं लब्ध्वा०' इस पूरे श्लोक का सम्पुट लगाना चाहिये। सर्वापत्ति के निवारण-हेतु 'दुर्गे स्मृता भीतिमशेषजन्तोः' इत्यादि श्लोक का सम्पुट लगाते हैं अथवा केवल इसी मन्त्र को एक सौ अथवा एक सहस्र अथवा एक अयुत लगाकर पाठ करने से अथवा इसी का एक लाख जप करने से भी पूर्वोक्त फल होता है। 'इत्थं यदा यदा बाधा दानवोत्था भविष्यति।' इत्यादि श्लोक का सम्पुट अथवा लक्ष जप महामारी-नाशक होता है। 'कांसोऽस्मि०' इस ऋचा का सम्पुट लक्ष्मीदायक है। 'रोगानशेषान्०' इत्यादि श्लोक का सम्पुट सकल रोगनाश के लिये होता है। 'इत्युक्ता सा तदा देवी गम्भीरा०' इत्यादि श्लोक का सम्पुट अथवा पृथग्जप 'विद्याप्रपन्नार्त्तिहरे' इत्यादि श्लोक के सम्पुट अथवा लक्ष जप से सर्वापदाओं को निवृत्ति होती है। इन प्रयोगों में यदि सप्तशती के प्रत्येक श्लोक के अन्त में अखण्ड ज्योति अथवा दीपक को नमस्कार किया जाय तो अतिशीघ्र सिद्धि होती है। यदि सप्तशती के प्रति श्लोक को 'क्लीं' इस कामबीज से सम्पुटित का पाठ किया जाय तथा ४१-४१ दिनों की तीन आवृत्तियाँ हों तो पुत्र की प्राप्ति होती है। यदि 'ह्रीं' मायाबीज से सम्पुटित तथा 'फट्' पल्लवसहित सप्तशतीपाठ की सात दिन-पर्यन्त तेरह आवृत्ति की जाय तो उच्चाटन में सिद्धि होती है तथा सभी उपद्रव नष्ट होते हैं। लक्ष्मीबीज से पुटित सप्तशती का पाठ उनचास (४९) दिनों तक करके उसकी पन्द्रह आवृत्ति करने से लक्ष्मी प्राप्त होती है। यदि 'ऐं' बीज से सम्पुटित एक सौ आवृत्ति सप्तशती पाठ की पढ़ी जाय तो विद्या की प्राप्ति होती है।

शतचण्डीविधानम्

शान्तिसारे रुद्रयामले च—

शतचण्डीविधानं च प्रोच्यमानं शृणुष्व तत्। सर्वोपद्रवनाशार्थं शतचण्डीं समारभेत्॥

षोडशस्तम्भसंयुक्तं मण्डपं पल्लवोज्ज्वलम्। वसुकोणयुतां वेदीं मध्ये कुर्यात्त्रिभागतः॥
पक्वेष्टरचितां रम्यामुच्छ्राये हस्तसम्मिताम्। पञ्चवर्णरजोभिश्च कुर्यान्मण्डलकं शुभम्॥
पञ्चवर्णवितानं च किङ्कणीजालमण्डितम्। आचार्येण समं विप्रान् वरयेद्दश सुव्रतान्॥
ऐशान्यां स्थापयेत्कुम्भं पूर्वोक्तविधिना हरेः। वारुण्यां च प्रकर्त्तव्यं कुण्डं लक्षणलक्षितम्॥
मूर्तिं देव्याः प्रकुर्वीत सुवर्णस्य पलेन वै। तदर्द्धेन तदर्द्धेन तदर्द्धेन महामते॥
अष्टादशभुजां देवीं कुर्याद्वाष्टकरामपि। पट्टकूलयुगच्छन्नां वेदीमध्ये निधापयेत्॥
देवीं सम्पूज्य विधिवज्जपं कुर्युर्दश द्विजाः। शतमादौ शतं चान्ते जपेन्मन्त्रं नवार्णकम्॥
चण्डीसप्तशतीमध्ये सम्पुटोऽयमुदाहृतः। एकं द्वे त्रीणि चत्वारि जपेद्दिनचतुष्टयम्।
रूपाणि क्रमशस्तद्वत्पूजनादिकमाचरेत्।
पञ्चमे दिवसे प्रातर्होमं कुर्याद्विधानतः। गुडूचीपायसं दूर्वातिलाञ्छुक्लान्यवानपि॥
चण्डीपाठस्य होमे तु प्रतिश्लोकं दशांशतः। होमं कुर्याद् ग्रहादिभ्यश्चर्वाज्यसमिधः क्रमात्॥
हुत्वा पूर्णाहुतिं दद्याद्द्विजेभ्यो दक्षिणां क्रमात्। कपिलां गां नीलमणिं श्वेताश्वं छत्रचामरम्॥
अभिषेकं ततः कुर्युर्यजमानस्य ऋत्विजः। एवं कृते महेशान सर्वसिद्धिः प्रजायते॥ इति।

शतचण्डी का विधान (शान्तिसार एवं रुद्रयामल के अनुसार)—शतचण्डी का विधान अब कहा जाता है, उसे सुनो। सभी उपद्रवों के नाश के लिये शतचण्डी का आरम्भ करे। इसके लिये सोलह खम्भों का पल्लवों से सुसज्जित मण्डप बनाये, जिसमें भूमि के (नौ) विभाग करके मध्य में आठ कोणों की पकी हुई ईंटों से एक हाथ ऊँची वेदी बनाकर उस सुन्दर वेदी पर पाँच प्रकार के रङ्गों से शुभ मण्डल बनाकर उसके ऊपर पाँच रङ्ग का वितान लगाकर उसे घुँघुरुओं आदि से सजा दे। आचार्य के समान अर्हता वाले दश सदाचारी ब्राह्मणों का वरण करे। वेदी के ईशान कोण में पूर्वोक्त विधि से रुद्रकलश स्थापित करे। मण्डपभूमि के पश्चिम भाग में सुन्दर लक्षणों से युक्त कुण्ड बनाये। देवी की एक पल भार की सुवर्णप्रतिमा बनाये अथवा आधे या चतुर्थांश पलभार की प्रतिमा बनानी चाहिये। देवी की अठारह भुजाओं अथवा आठ भुजाओं की प्रतिमा बनाकर दो रेशमी वस्त्रों से आच्छादित कर वेदी के मध्य में प्रतिष्ठित कराये। देवी की विधिवत् पूजा करके फिर दश ब्राह्मणों को जप करना चाहिये। सप्तशती पाठ के आदि तथा अन्त में एक सौ नवार्ण मन्त्र का जप करना चाहिये। यही सम्पुट कहा गया है। प्रथम दिन प्रत्येक ब्राह्मण एक पाठ, दूसरे दिन दो पाठ, तीसरे दिन तीन पाठ तथा चौथे दिन चार पाठ करे और उसी के अनुसार पूजन भी करे। पाँचवें दिन प्रातःकाल विधिपूर्वक गिलोय, खीर, दूर्वा, काले तिल, चावल तथा जौ का होम करे। चण्डीपाठ के प्रतिश्लोक की जपसङ्ख्या के दशांश होम करना चाहिये। नवग्रहादि के लिये भी चरु, आज्य तथा समिधाओं से होम करना चाहिये। होम के अन्त में पूर्णाहुति होम कर ब्राह्मणों को दक्षिणा देनी चाहिये। कपिला गाय, नीलमणि, श्वेत अश्व, छत्र, चामर आदि का दान कर फिर ऋत्विजों को यजमान का अभिषेक करना चाहिये। ऐसा करने से सर्वसिद्धि मिलती है।

मन्त्रमहोदधौ विशेषः—

शतचण्डीविधानं तु प्रवक्ष्ये प्रीतये नृणाम्॥
नृपोपद्रव आपन्ने दुर्भिक्षे भूमिकम्पने। अतिवृष्ट्यामनावृष्टौ परचक्रभये क्षये॥
सर्वे विघ्ना विनश्यन्ति शतचण्डीविधौ कृते। रोगाणां वैरिणां नाशो धनपुत्रसमृद्धयः॥
शङ्करस्य भवान्या वा प्रासादनिकटे शुभम्। मण्डपं द्वारवेद्याढ्यं कुर्य्यात्सध्वजतोरणम्॥

तत्र कुण्डं प्रकुर्वीत प्रतीच्यां मध्यतोऽपि वा। स्नात्वा नित्यकृतिं कृत्वा वृणुयाद्दश वाडवान्॥
जितेन्द्रियान्सदाचारान्कुलीनान्सत्यवादिनः। व्युत्पन्नाश्चण्डिकापाठरताँल्लज्जादयावतः॥
मधुपर्कविधानेन वस्त्रस्वर्णादिदानतः। जपार्थमासनं मालां दद्यात्तेभ्योऽपि भोजनम्॥
ते हविष्यान्नमश्नन्तो मन्त्रार्थगतमानसाः। भूमौ शयानाः प्रत्येकं जपेयुश्चण्डिकास्तवम्॥
मार्कण्डेयपुराणोक्तं दशकृत्वः सुचेतसः। नवार्णं चण्डिकामन्त्रं जपेयुश्चायुतं पृथक्॥
यजमानः पूजयेच्च कन्यानां दशकं शुभम्। द्विवर्षाद्या दशाब्दां ताः कुमारीः परिपूजयेत्॥
वेद्यां विरचिते रम्ये सर्वतोभद्रमण्डले। घटं संस्थाप्य विधिवत्तत्रावाह्यार्चयेच्छिवाम्॥
तदग्रे कन्यकाश्चापि पूजयेद्ब्राह्मणानपि। उपचारैस्तु विविधः पूर्वोक्तावरणान्यपि॥
एवं चतुर्दिनं कृत्वा पञ्चमे होममाचरेत्। पायसान्नैस्त्रिमध्वाक्तैर्द्राक्षारम्भाफलैरपि॥
मातुलिङ्गैरिक्षुखण्डैर्नारिकेलैः पुरैस्तिलैः। जातीफलैराम्रफलैरन्यैर्मधुरवस्तुभिः॥
सप्तशत्या दशावृत्त्या प्रतिश्लोकं हुतं चरेत्। अयुतं च नवार्णेन स्थापिताग्नौ विधानतः॥
कृत्वावरणदेवानां होमं तन्नाममन्त्रतः। कृत्वा पूर्णाहुतिं सम्यग्देवमग्निं विसर्ज्य च॥
अभिषिञ्चेच्च यष्टारं विप्रौघः कलशोदकैः। निष्कं सुवर्णमथ वा प्रत्येकं दक्षिणां दिशेत्॥
भोजयेच्च शतं विप्रान्भक्ष्यभोज्यैः पृथग्विधैः। तेभ्योऽपि दक्षिणां दत्त्वा गृह्णीयादाशिषस्ततः॥
एवं कृते जगद्वश्यं सर्वे नश्यन्त्युपद्रवाः। राज्यं धनं यशः पुत्रानिष्टमन्यल्लभेत सः।
एतद्दशगुणं कुर्याच्चण्डीसाहस्रजं विधिः॥

मन्त्रमहोदधि के अनुसार शतचण्डी-विधान—अब मैं मनुष्यों की प्रसन्नता के लिये शतचण्डी का विधान कहता हूँ। जब राजविग्रह, भूकम्प, दुर्भिक्ष, अतिवृष्टि, अनावृष्टि तथा परचक्र (विदेशी आक्रमण) की स्थिति हो तब इस विधान से शतचण्डी करने पर सभी विघ्न शान्त हो जाते हैं। रोगों एवं शत्रुओं का नाश होता है तथा धन एवं पुत्रों की समृद्धि होती है। शङ्कर अथवा देवीजी के मन्दिर के समीप शुभ वेदी एवं द्वारों से युक्त मण्डप बनाना चाहिये तथा उसे ध्वजों एवं तोरणों से सजाना चाहिये। उस मण्डप के नौ भागों में भूमि पर पूर्व में अथवा पश्चिम में अथवा मध्य में कुण्ड बनाना चाहिये। प्रारम्भ के दिन नित्यकर्म पूजनादि करके दश ब्राह्मणों का वरण करना चाहिये (आचार्य सहित एकादश ब्राह्मण होने चाहिये)। वे ब्राह्मण जितेन्द्रिय, सत्यवादी तथा कुलीन हों। वे लज्जा एवं दया से युक्त होकर चण्डीपाठ में निपुण हों, उनका वरण मधुपर्क, वस्त्र, स्वर्णादि दानपूर्वक करना चाहिये। उन्हें जप-पाठ के लिये आसन, माला तथा भोजन भी देना चाहिये। उन विप्रों को हविष्यान्न का भोजन करते हुए तथा भूमि पर सोते हुए चण्डी का जप-पाठ करना चाहिये। प्रत्येक ब्राह्मण को मार्कण्डेय पुराणोक्त श्रीदुर्गासप्तशती के दश-दश पाठ एवं जप करने चाहिये। नवार्ण मन्त्र का जप पृथक् से करना चाहिये। यजमान को दश कन्याओं का पूजन करना चाहिये। वे कन्याएँ दो वर्ष से लेकर क्रमशः दश वर्ष तक की होनी चाहिये। वेदी में सर्वतोभद्र मण्डल बनाकर घटस्थापन करके उस पर विधिपूर्वक देवी का पूजन करना चाहिये। उसके आगे कन्याओं तथा ब्राह्मणों का भी पूजन करना चाहिये। पूजन विविध उपचारों के साथ करना चाहिये तथा यन्त्र के आवरण की भी पूजा करना चाहिये। इस प्रकार चार दिनों तक करके पाँचवें दिन होम करना चाहिये। खीर, गुड़, शर्करा, मधु मिलाकर द्राक्षा, केला का फल, बिजौरा नीबू, ईख के टुकड़े, नारियल, काले तिल, जायफल, आम्रफल तथा अन्य मधुर पदार्थों से सप्तशती के प्रत्येक श्लोक से दश आवृत्ति होम करना चाहिये। नवार्ण मन्त्र से अयुत (दश सहस्र) होम करना चाहिये। आवरण देवताओं का होम उनके नाममन्त्र से करके पूर्णाहुति सम्पन्न कर अग्नि का विसर्जन करना चाहिये। फिर कलशोदक से ब्राह्मण लोगों को

यजमान का अभिषेक करना चाहिये। फिर प्रत्येक ब्राह्मण को एक निष्क सुवर्ण अथवा यथाशक्ति दक्षिणा देनी चाहिये। एक सौ ब्राह्मणों को भोजन कराकर उनको भी दक्षिणा देनी चाहिये। फिर ब्राह्मणों का आशीर्वाद ग्रहण करना चाहिये। ऐसा करने से सभी उपद्रव नष्ट हो जाते हैं तथा संसार वश में हो जाता है। इससे राज्य, धन, पुत्र तथा अभीष्ट की प्राप्ति होती है। सहस्रचण्डी में इससे दशगुना किया जाता है।

क्रोडतन्त्रे तु विशेषः—

यदा यदा सतां हानिरात्मनो ग्लानिरेव च। तदा कार्या शतावृत्ती रिपुघ्ना भूतिवर्धना॥
दुःस्वप्नदर्शने घोरे महामारीसमुद्भवे। पुष्टिप्रदा शतावृत्तिः कार्या चायुःक्षये तथा॥
महाभये छेदयोगे दुर्भिक्षे मरणेऽपि च। कुर्यात्तत्र शतावृत्तिं देवीमाहात्म्यमुत्तमम्॥
अद्भुते च समुत्पन्ने बान्धवानां महोत्सवे। कुर्याच्चण्डीशतावृत्तिं सर्वसम्पत्तिकारणम्॥
शतावृत्त्या भवेदायुः शतावृत्त्या समागमः। वश्या भवन्ति राजानः श्रियमाप्नोति सम्पदा॥
धनार्थी प्राप्नुयादर्थं पुत्रकामो लभेत्सुतम्। विद्यार्थी प्राप्नुयाद्विद्यां रोगी रोगात्प्रमुच्यते॥
चतुर्वर्गफलावाप्तिकारणं रिपुनाशनम्। चण्डीशतावृत्तिफलं नास्ति यज्ञे वरानने॥
विधिमत्र प्रवक्ष्यामि शृणुष्व वरवर्णिनि।

क्रोडतन्त्र के अनुसार शतचण्डी की विशेष विधि—जब सज्जनों को हानि, आत्मग्लानि प्राप्त हो तब शतचण्डी का आयोजन शत्रुनाशक तथा भूतिवर्धक (ऐश्वर्य बढ़ाने वाला) होता है। घोर दुःस्वप्न-दर्शन में, महामारी फैलने पर शतचण्डी का आयोजन पुष्टिप्रद होता है। आयुक्षय में भी इसका आयोजन करना चाहिये। महाभय, मारकाट का भय, दुर्भिक्ष, मरण में श्रीदुर्गासप्तशती की एक सौ आवृत्तियाँ करनी चाहिये। अद्भुत दर्शन होने पर, बान्धवों के महोत्सव में शतचण्डी करने पर सर्वसम्पत्ति प्राप्त होती है। चण्डी की शतावृत्ति से आयु बढ़ती है, बन्धु-बान्धव एवं सम्पत्ति का समागम होता है। राजा लोग वश में हो जाते हैं तथा श्री-सम्पत्ति की प्राप्ति होती है। धनार्थी को धन तथा पुत्रार्थी को पुत्र मिलता है। विद्यार्थी को विद्या प्राप्त होती है तथा रोगी का रोग दूर हो जाता है। शतचण्डी का अनुष्ठान चतुर्वर्ग (धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष) की प्राप्ति कराता है। हे वरानने! शतचण्डी के समान उत्तम फल किसी अन्य यज्ञ से नहीं मिलता है। अब उसकी विधि को कहता हूँ, उसे सुनो।

निमन्त्रयेत पूर्वेद्युर्विप्रान्विद्यासमन्वितान्॥
अलोलुपानृजूञ्शान्तान्देव्या भक्तिसमन्वितान्। मन्त्रोपतन्त्रतन्त्रज्ञाञ्शतावृत्तौ नियोजयेत्॥
उत्तराशास्थिते हंसे शुक्लपक्षे तथा शुभे। ज्ञार्केन्दुभृगुजीवेषु सुयोगे सुतिथौ तथा॥
पातक्रकचघण्टादिदोषहीने स्थिरोदये। न विदध्याद्धरौ सुते भूकम्पाकालवर्षणे॥
वज्रपाते महोत्पाते गुर्वादित्यादिके तथा। महागुरौ विपन्ने च संवेशे कार्यवस्तुनः॥
शतावृत्त्यादियागं तु न विदध्यात्कदाचन। त्रिपञ्चसप्तभिर्वापि नवैकादशभिस्तथा॥
अदीर्घदिवसैः क्षिप्रं विदध्याच्चण्डिकामखम्। अयुग्मब्राह्मणैः कार्या शतावृत्तिः सुसिद्धये॥
त्रिपञ्चसप्तभिर्वापि विप्रैः पञ्चदशैरपि। देवीमाहात्म्यपठनं युग्मैर्विप्रैः कृतं तु यत्॥
निष्फलं च भवेत्सर्वं भूतिनाशः प्रजायते।

प्रारम्भ के एक दिन पूर्व ही विद्वान्, अलोलुप, ऋजु (ईमानदार), शान्त, देवी की भक्ति से युक्त, मन्त्र-तन्त्र को जानने वाले ब्राह्मणों को निमन्त्रण देकर शतचण्डी-हेतु बुलाकर उन्हें नियुक्त करे। जब सूर्य उत्तरायण में हों तब चान्द्रमास के शुक्लपक्ष में बुधवार-रविवार-सोमवार-शुक्रवार-गुरुवार में से किसी वार के साथ सुतिथि में, सुयोग

में, व्यतिपात, क्रकच, घण्टादि कुयोगों से रहित समय में, स्थिर लग्न में शतचण्डी का प्रारम्भ करना चाहिये। विष्णुशयन, भूकम्प, अकालवृष्टि, वज्रपात (बिजली गिरने महोत्पात, गुर्वादित्य के समय, गुरु-शुक्र के अस्त में शतचण्डी यज्ञानि नहीं करना चाहिये। शतचण्डी की अवधि तीन दिन, अथवा पाँच दिन, अथवा सात दिन अथवा नौ दिन अथवा ग्यारह दिन रखनी चाहये। इससे अधिक दिन न रखें। इसके लिये ब्राह्मणों की सङ्ख्या विषम (पाँच, सात, नौ, ग्यारह) होनी चाहिये अथवा पन्द्रह ब्राह्मण हों। जो समसंख्यक ब्राह्मणों से देवीपाठ कराता है, तो उसका वह कार्य निष्फल हो जाता है तथा उसका ऐश्वर्य नष्ट होता है।

अष्टमी नवमी वापि यदि स्याद्वा चतुर्दशी॥
शतावृत्तिर्नवावृत्तिः पक्षावृत्तिः क्रमेण च। शताश्वमेधगोमेधवाजपेयफलप्रदा॥
अतः किं बहुनोक्तेन चण्डीपाठफलं प्रिये। प्रत्येकावर्तनं देवि हयमेधेन सम्मितम्॥

इति शतचण्डीविधानम्।

अष्टमी, नवमी अथवा चतुर्दशी तिथियों में क्रमशः शतावृत्ति, नवावृत्ति तथा पञ्चदशावृत्ति करने पर क्रमशः शताश्वमेध, गोमेध तथा वाजपेय यज्ञों का फल मिलता है। हे प्रिये! चण्डीपाठ के सम्बन्ध में अधिक क्या कहा जाय, इसका तो प्रत्येक आवर्त्तन ही अश्वमेध यज्ञ के समान होता है।

विमर्श—यहाँ जो उत्पात क्रकच आदि निषिद्ध लिखे हैं, उनको जानने का कोष्ठक तथा उनके परिहार का कोष्ठक दिया जा रहा है—

卐 तिथिवारनक्षत्रादिषु शुभाऽशुभयोगाः कोष्ठकम् 卐

योग	रवि	चन्द्र	मङ्गल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	क्रम
चर. क्रकच दग्ध.	पू.भा. १२ ति. १२ ति.	भरणी ११ ११	आर्द्रा १० ५	मघा ९ ३	चित्रा ८ ६	ज्येष्ठा ७ ८	अभि. ६ ९	१ २ ३
मृत्युदा.	१ ६ ११	२ ७ १२	१ ६ ११	३ ८ १३	४ ९ १४	२ ७ १२	५ १० १५	४
सिद्धि	०	०	३ ८ १३	२ ७ १३	५ १० १५	१ ६ ११	४ ९ १४	५
उत्पात मृत्यु काण. सिद्धिः	विशा. अनु. ज्ये. मूल	पू.षा. उत्त.षा. अभि. श्रव.	धनि. शत. पू.भा. उ.भा.	रेव. अश्वि. भर. कृति.	रोहि. मृग. आर्द्रा पुन.	पुष्य. आश्ले. मघा पू.फा.	उ.फा. हस्त चित्रा स्वाति	६ ७ ८ ९
यमदष्ट	मघा धनि.	मूल विशा.	कृति. रोहि.	पू.षा. पुन.	उत्तराषा. अश्वि.	रोहि. अनु.	श्रव. शत.	१०
यमघण्ट मूसल. दग्ध अमृसि.	मघा अभि. भरणी हस्त	विशा. पू.भा. चित्रा मृग.	आर्द्रा भर. उत्त.षा. अश्वि	मूल आर्द्रा धनि. अनु.	कृति. मघा उत्त.फा. पुष्य	रोहि. चित्रा ज्ये. रेव.	हस्त ज्येष्ठा रेवती रोहि.	११ १२ १३ १४

॥ दोष समूह एवं कुयोगनाशक रवियोग चक्र ॥

सूर्य नक्षत्र	दैनिक चन्द्रनक्षत्र गणनाक्रम			रवियोग कोष्ठ रचना		
अश्विनी	रोहिणी	आर्द्रा	आश्लेषा	मघा	हस्त	पूर्वा षा.
भरणी	मृगशिरा	पुनर्वसु	मघा	पूर्वा.फा.	चित्रा	उत्त.षा.
कृत्तिका	आर्द्रा	पुष्य	पूर्वा फा.	उत्त.फा.	स्वाति	श्रवण
रोहिणी	पुनर्वसु	आश्लेषा	उत्त.फा.	हस्त	विशाखा	धनिष्ठा
मृगशिरा	पुष्य	मघा	हस्त	चित्रा	अनुराधा	शतभिषा
आर्द्रा	आश्लेषा	पूर्वा.फा.	चित्रा	स्वाति	ज्येष्ठा	पूर्वा. भा.
पुनर्वसु	मघा	उत्त.फा.	स्वाति	विशाखा	मूल	उत्त.भा.

सूर्य नक्षत्र	दैनिक चन्द्रनक्षत्र गणनाक्रम			रवियोग कोष्ठ रचना		
पुष्य	पूर्वा.फा.	हस्त	विशाखा	अनुराधा	पूर्वा षा.	रेवती
आश्लेषा	उत्त.फा.	चित्रा	अनुराधा	ज्येष्ठा	उत्त.षा.	अश्विनी
मघा	हस्त	स्वाति	ज्येष्ठा	मूल	श्रवण	भरणी
पूर्वा.फा.	चित्रा	विशाखा	मूल	पूर्वा षा.	धनिष्ठा	कृत्तिका
उत्त. फा.	स्वाति	अनुराधा	पूर्वा षा.	उत्त. षा.	शतभिषा	रोहिणी
हस्त	विशाखा	ज्येष्ठा	उत्त.षा.	श्रवण	पूर्वा.भा.	मृगशिरा
चित्रा	अनुराधा	मूल	श्रवण	धनिष्ठा	उत्त.भा.	आर्द्रा
स्वाति	ज्येष्ठा	पूर्वा षा.	धनिष्ठा	शतभिषा	रेवती	पुनर्वसु
विशाखा	मूल	उत्त.षा.	शतभिषा	पूर्वा.भा.	अश्विनी	पुष्य
अनुराधा	पूर्वा षा.	श्रवण	पूर्वा भा.	उत्त. भा.	भरणी	आश्लेषा
ज्येष्ठा	उत्त.षा.	धनिष्ठा	उत्त.भा.	रेवती	कृत्तिका	मघा
मूल	श्रवण	शतभिषा	रेवती	अश्विनी	रोहिणी	पूर्वा.फा.
पूर्वा षा.	धनिष्ठा	पूर्वा भा.	अश्विनी	भरणी	मृगशिरा	उत्त.फा.
उत्त.षा.	शतभिषा	उत्त.भा.	भरणी	कृत्तिका	आर्द्रा	हस्त
श्रवण	पूर्वा भा.	रेवती	कृत्तिका	रोहणी	पुनर्वसु	चित्रा
धनिष्ठा	उत्त.भा.	अश्विनी	रोहिणी	मृगशिरा	पुष्य	स्वाति
शतभिषा	रेवती	भरणी	मृगशिरा	आर्द्रा	आश्लेषा	विशाखा
पूर्वा.भा.	अश्विनी	कृत्तिका	आर्द्रा	पुनर्वसु	मघा	अनुराधा
उत्त.भा.	भरणी	रोहिणी	पुनर्वसु	पुष्य	पूर्वा.फा.	ज्येष्ठा
रेवती	कृत्तिका	मृगशिरा	पुष्य	आश्लेषा	उत्त.फा.	मूल

सहस्रचण्डीविधानम्

रुद्रयामले—

सहस्रचण्डी विधिवच्छृणु विष्णो महामते।

राज्यभ्रंशो ह्यकस्माच्चेज्जनमारे महाभये। गजमारेऽश्वमारे च परचक्रभये तथा॥

इत्यादिविविधे दुःखे क्षयरोगादिजे भये। सहस्रं चण्डिकापाठान्कुर्याद्वा कारयेत्तथा॥

जापकास्तु शतं प्रोक्ताः विंशद्धस्तश्च मण्डपः। भोज्याः सहस्रं विप्रेन्द्रा गोशतं दक्षिणां दिशेत्॥

गुरवे द्विगुणं देयं शय्यादानं तथैव च। सप्तधान्यं च भूदानं श्वेताश्वं च मनोहरम्॥

पञ्चनिष्कमिता मूर्तिः कर्तव्या वर्धमानतः। अष्टादशभुजा देवी सर्वायुधविभूषिता॥

अन्नं वारि च दातव्यं सहस्रं प्रत्यहं विभो। शतं वा नियताहारः प्रायो मानेन वर्तयेत्॥

एवं यश्चण्डिकापाठं सहस्रं तु समाचरेत्। तस्य स्यात्कार्यसिद्धिस्तु नात्र कार्या विचारणा॥

इति सहस्रचण्डीविधानम्।

सहस्रचण्डी-विधान (रुद्रयामल से)—हे महामति विष्णु! सहस्रचण्डी विधि को सुनो। यदि अकस्मात् राज्यभ्रंश हो जाय, जनमार (गृहयुद्ध या आतङ्कवाद) फैल जाय। गजमार, अश्वमार या परचक्र का भय हो; विविध रोगों का भय, क्षयरोगादि का भय आदि उत्पन्न हो तो सहस्रचण्डी का प्रयोग करना चाहिये। सहस्रचण्डी में जापक ब्राह्मणों की सङ्ख्या शत (१००) होती है। इसमें बीस हाथ का मण्डप होता है। एक सहस्र ब्राह्मणों को भोजन कराया जाता है तथा एक सौ गायों की दक्षिणा देनी चाहिये। आचार्य को दुगुनी दक्षिणा तथा शय्यादान करना चाहिये। सप्तधान्य का दान, भूदान, श्वेताश्वदान भी करना चाहिये। पाँच भार सोने की अठारह भुजा वाली देवी की मूर्ति बनवानी चाहिये, जिसके हाथों में सभी आयुध हों। प्रतिदिन सहस्र ब्राह्मणों को अन्न एवं जल देना चाहिये। अथवा प्रतिदिन एक सौ ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिये। इस प्रकार जो व्यक्ति सहस्रचण्डी का पाठ कराता है, उसके सभी कार्य सफल होते हैं; इसमें विचार करने की आवश्यकता नहीं है।

अथ शतचण्डीसहस्रचण्डीप्रयोगः—तत्र यजमानः पूर्वोक्तचन्द्रतारादिबलान्विते सुमुहूर्त्ते शङ्करस्य भवान्या वा प्रासादसमीपे सुसमे स्वाभीष्टमामानां भूमिं स्वीकृत्य खननसम्प्लावनमार्जनसंलेपनादिभिः संशोध्य तत्र मण्डपं चिकीर्षुः गणेशकूर्मानन्तवसुधाद्विजान् सम्पूज्य पञ्चगव्येन सम्प्रोक्ष्य श्वेतसर्षपान् विकीर्य भूम्यै अर्घ्यं दद्यात्। ततः शतचण्ड्यां षोडशहस्तम् (सहस्रचण्ड्यां विंशतिहस्तात्मकम्) चतुर्द्वारतोरणपताकादियुतं निर्वातं मण्डपं विधाय तन्मध्ये मण्डपतृतीयांशेन चतुर्हस्तां वा अष्टकोणयुतां वा चतुरस्रां पक्वेष्टकरचितां रम्यां हस्तोच्छ्रितां वेदिं कृत्वा तत्पश्चिमे शतचण्ड्यां द्विहस्तं सहस्रचण्ड्यां चतुर्हस्तं कुण्डं पद्माकृतिं चतुरस्रं वा मेखलायोनिकण्ठनाभिनालयुतं कुर्यात् (ग्रहमखपक्षे तदीशान्यां हस्तमात्रां द्व्यङ्गुलवप्रां ग्रहवेदिमपि कुर्यात्)। एवं कुण्डग्रन्थोक्तविधिना मण्डपादि रचयित्वा शतचण्ड्यां पलसुवर्णेन सहस्रचण्ड्यां पलपञ्चकेन मूर्त्यध्यायप्रतिपादितां महिषमर्दिनीप्रतिमां सावयवां कुर्यात्। एतत्सर्वमधिवासनदिनात्पूर्वं विधेयम्।

शतचण्डी एवं सहस्रचण्डी की प्रयोग-विधि—यजमान पूर्वोक्त चन्द्र-ताराबलान्वित सुमुहूर्त में शिवजी या देवी के मन्दिर के समीप समतल भूमि पर अपने हाथों से भूमि के नाप को निर्धारित करके खनन, संप्लावन, मार्जन, संलेपन आदि क्रियाओं से भूमि को शुद्ध करे। फिर उस शुद्ध भूमि पर मण्डप बनाकर श्रीगणेश जी, कूर्म, पृथ्वी तथा ब्राह्मणों का पूजन करके पञ्चगव्य से प्रोक्षण करे। फिर उस प्रोक्षित (लिपी हुई) भूमि पर श्वेत सरसों बिखेरकर भूमि को अर्घ्य दे। शतचण्डी में सोलह हाथ का मण्डप तथा सहस्रचण्डी में बीस हाथ का मण्डप बनाना चाहिये; जो कि चार द्वारों, तोरणों, पताका आदि से युक्त तथा निर्वात हो। उसके मध्य भाग में मण्डपभूमि के

तृतीयांश में अथवा चार हाथ प्रमाण में अष्टकोण अथवा चौकोर एवं हाथ भर ऊँची वेदी पक्की ईंटों द्वारा बनवानी चाहिये। उस वेदी के पश्चिम भाग में शतचण्डी में दो हाथ का तथा सहस्रचण्डी में चार हाथ का पद्माकृति अथवा चतुरस्र कुण्ड मेखला, कण्ठ, नाभि नाल तथा योनि से युक्त बनवाना चाहिये (नवग्रहों के लिये ईशानकोण में एक हाथ प्रमाण तथा दो अङ्गुल वप्र की ग्रहवेदी भी बनानी चाहिये)। इस प्रकार कुण्डग्रन्थों (कुण्डार्क, कुण्डरत्नावली, मण्डपकुण्डसिद्धि आदि) के अनुसार मण्डप की रचना करके शतचण्डी में एक पल सुवर्ण की तथा सहस्रचण्डी में पाँच पल सुवर्ण की सावयव महिषमर्दिनी देवी की प्रतिमा बनवानी चाहिये। यह सब कार्य अधिवासन दिन के पूर्व ही हो जाना चाहिये।

अथानुष्ठानारम्भदिनकृत्यम्—प्रारम्भदिने सुमुहूर्त्ते सपत्नीको यजमानः प्रातस्तिलतैलाभ्यङ्गपूर्वकमुष्णोदकेन मङ्गलस्नानं कृत्वा शुक्लधौतवासांसि परिधाय यथायोग्यालङ्कृतो धृतकुङ्कुमकेशरान्यतममङ्गलत्रिपुण्ड्रतिलकः सम्पूर्णकलशहस्तः 'ॐ भद्रं कर्णेभिरि'ति मण्डपं प्रदक्षिणीकृत्य पश्चिमद्वारेण प्रविश्य स्वासने प्राङ्मुख उपविश्य दक्षिणपार्श्वे सम्भारान् संस्थाप्य पत्न्या समारब्धः आचम्य प्राणानायम्य 'ॐ आनोभद्रा' इति शान्तिपाठं पठित्वा लक्ष्मीनारायणादिस्मरणं च कुर्यात्। ततस्ताम्रपात्रे कुशजलगन्धपुष्पाणि कृत्वा देशकालौ सङ्कीर्त्य 'अमुकगोत्रोऽमुकशर्माहं ममामुककामनासिद्ध्यर्थं सनवग्रहमखां शतचण्डीं (सहस्रचण्डीं वा) ब्राह्मणद्वारा कारयिष्ये, तदङ्गतया विहितं गणेशपूजनं पुण्याहवाचनं मातृकापूजनं नान्दीश्राद्धमाचार्यादिवरणं च करिष्ये' इति सङ्कल्प्य सुमुखश्चैकदन्तश्चेत्यादि स्मरणपूर्वकं गणपतिपूजनपुण्याहवाचननान्दीश्राद्धानि पूर्ववत्कृत्वाचार्यादिवरणं कुर्यात्।

अनुष्ठान दिन का कृत्य—अनुष्ठान आरम्भ के दिन सुमुहूर्त में सपत्नीक यजमान को प्रातःकाल काले तिलों के तेल से शरीर में अभ्यङ्ग (मालिश) कर फिर गर्म (गुनगुने) जल से मङ्गलस्नान करके श्वेत धुले हुए वस्त्र धारण कर यथायोग्य अलङ्कृत होकर कुङ्कुम, केशर आदि का त्रिपुण्ड्र तिलक लगाकर हाथ में सम्पूर्ण कलश लेकर 'ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा०' इत्यादि सूक्त का पाठ करते हुए मण्डप की प्रदक्षिणा करके पश्चिमी द्वार से मण्डप में प्रवेश करना चाहिये। फिर अपने आसन पर पूर्वाभिमुख बैठकर अपने दाहिनी ओर सामग्री को रखकर पत्नी के साथ आचमन, प्राणायाम करके 'ॐ आनोभद्रा०' इत्यादि शान्तिपाठ करके लक्ष्मी-नारायणादि का स्मरण करना चाहिये। फिर ताम्रपात्र में कुश, जल, गन्ध एवं पुष्पों को रखकर देश-काल का उच्चारण करके 'अमुकगोत्रोऽमुकशर्माहं ममामुककामनासिद्ध्यर्थं सनवग्रहमखां शतचण्डीं (सहस्रचण्डीं वा) ब्राह्मणद्वारा कारयिष्ये; तदङ्गतया विहितं गणेशपूजनं, पुण्याहवाचनं, मातृकापूजनं, नान्दीश्राद्धम् आचार्यादिवरणं च करिष्ये' ऐसा सङ्कल्प करके 'सुमुखश्चैकदन्तश्च०' इत्यादि स्मरणपूर्वक गणपतिपूजन, पुण्याहवाचन, नान्दीश्राद्ध आदि कर्मों को पूर्ववत् करके फिर आचार्यादि-वरण करना चाहिये।

विमर्श—यहाँ पर शतचण्डी एवं सहस्रचण्डी के लिये सामान्य सङ्कल्प दिया गया है। मनुष्य की कामनाएँ अनेकों प्रकार की होने से उनके लिये सङ्कल्प भी भिन्न-भिन्न प्रकार के होते हैं; अतः इस प्रकार के अलग-अलग सङ्कल्प नीचे लिखे जा रहे हैं। विद्वान् आचार्य को उनमें से जो प्रयोजनीय हो, उसका उपयोग विवेकपूर्वक करना चाहिये—

अथ कामनाभेदेन पृथक्पृथक् सङ्कल्पाः—ममेह जन्मनि दुर्गाप्रीतिद्वारा सर्वापच्छान्तिपूर्वकदीर्घायुर्विपुलधनधान्य-पुत्रपौत्राद्यनवच्छिन्नसन्ततिस्थिरलक्ष्मीकीर्तिलाभशत्रुपराजयसदभीष्टसिद्ध्यर्थं दुर्गाप्रीतिकामो वा अनावृष्ट्यादिदुरित-शान्त्यर्थं वा नृपोपद्रवशान्त्यर्थं वा दुर्भिक्षनिवारणार्थं वा भूमिकम्पदोषनिवृत्त्यर्थं वा परचक्रभयराज्यभ्रंशादिभयविनाशार्थं वा विषूचिकाकालस्फोटकालज्वराद्यमुकजनमारमहारोगोपशान्त्यर्थं वा नानाकेतूदयोल्कापातादिदोषनिवृत्त्यर्थं वा मम जीवच्छशरीराऽविरोधेनामुकरोगस्य समूलनाशनेनापमृत्युनिवारणद्वारा क्षिप्रारोग्यार्थं वा अमुकराजकीयाभियोग-

निवृत्त्यर्थं वा मम जन्मराशेः सकाशान्नामराशेः सकाशाद्वा जन्मलग्नाद्वर्षलग्नाद्गोचराद्वा चतुर्थाष्टमद्वादशाद्य-निष्टस्थानस्थिताऽमुकग्रहसूचितं सूचयिष्यमाणं च यत्सर्वारिष्टं तद्विनाशार्थं सर्वदा तृतीयैकादशशुभस्थानस्थित-बहुतमफलप्राप्त्यर्थमथवा अमुकमारकग्रहदशान्तर्दशातत्सम्बन्धिदशा चोपदशादिनदशा वा षष्ठाष्टमद्वादशादि-निषिद्धभावाधिपतिदशाजनितपीडाल्पायुराधिदैवाधिभौतिकाध्यात्मजनितक्लेशनिवृत्त्यर्थम्, आयुरारोग्यप्राप्त्यर्थं मद-मुत्रत्वभार्यावन्ध्यत्वदोषनिवृत्तिपूर्वकसत्पुत्रप्राप्त्यर्थं शतचण्डीविधानं ब्राह्मणद्वारा करिष्ये।

आचार्यादिवरणप्रयोगः

तत्र तावत् आचार्यादीनुदङ्मुखानासनेषूपवेश्य स्वयं प्राङ्मुख उपविश्य आचम्य प्राणानायम्य आचार्यस्य पादप्रक्षालनं कृत्वा देशकालौ सङ्कीर्त्य 'अमुककार्यसिद्ध्यर्थं करिष्यमाणशतचण्डीविधानयज्ञकर्मणि अमुक-गोत्रोत्पन्नममुकवेदशाखाध्यायिनममुकशर्माणं ब्राह्मणमेभिर्गन्धाक्षतपुष्पताम्बूलस्वर्णाङ्गुलीयकासनमालाकमण्डलु-वासोभिराचार्यत्वेन त्वामहं वृणे' इति वृत्वा ॐ वृतोऽस्मीति प्रतिवचनानन्तरमाचार्यहस्ते यज्ञकङ्कणं बद्ध्वा गन्धादिभिः सम्पूज्य,

ॐ आचार्यस्तु यथा स्वर्गे शक्रादीनां बृहस्पतिः। तथा त्वं मम यज्ञेऽस्मिन्नाचार्यो भव सुव्रत॥ १॥

इति प्रार्थयेत्।

आचार्यादि वरण-प्रयोग—आचार्यादि को उत्तर की ओर मुख करके बिठाना चाहिये तथा यजमान को स्वयं पूर्वाभिमुख होकर बैठना चाहिये। फिर यजमान आचमन एवं प्राणायाम करके आचार्य के चरण धोये। फिर देश-काल का स्मरण करके 'अमुककार्यसिद्ध्यर्थं करिष्यमाणशतचण्डीविधानयज्ञकर्मणि अमुकगोत्रोत्पन्न अमुक-वेदशाखाध्यायिनं अमुकशर्माणं ब्राह्मणमेभिर्गन्धाक्षतपुष्पताम्बूलस्वर्णाङ्गुलीयकासनमालाकमण्डलुवासोभिराचार्यत्वेन त्वामहं वृणे' ऐसा कहकर आचार्य का वरण करे। तब आचार्य 'ॐ वृतोऽस्मि' ऐसा कहकर यजमान को प्रतिवचन दे। फिर यजमान आचार्य के हाथ में यज्ञकङ्कण (कलावा) बाँधकर गन्धादि से उसकी पूजा करे और 'जिस प्रकार से स्वर्ग में शक्रादि के आचार्य बृहस्पति थे, उसी प्रकार मैं भी इस यज्ञ में आचार्य के रूप में आपका वरण करता हूँ' ऐसा कहकर आचार्य की प्रार्थना करे।

ततो नवऋत्विग्वरणमेकतन्त्रेण पृथक् वा कुर्यात्। तद्यथा—सर्वेषां पादप्रक्षालनं कृत्वा देशकालौ सङ्कीर्त्य 'अद्य करिष्यमाणशतचण्डीविधानकर्मणि अमुकामुकगोत्रोत्पन्नानमुकामुकशर्मणो नव विप्रानेभिर्गन्धाक्षतपुष्पताम्बूल-स्वर्णाङ्गुलीयकासनमालाकमण्डलुवासोभिराचार्येण सह नवार्णमन्त्रजपपूर्वकं मार्कण्डेयपुराणोक्तचण्डीसप्तशतीस्तव-शतसङ्ख्यापरिमितपाठकरणार्थम् ऋत्विक्त्वेन युष्मानहं वृणे' इति वृत्वा 'वृताः स्म' इति तैरुक्ते प्रत्येकहस्ते वरणद्रव्याणि समर्प्य यज्ञकङ्कणं बद्ध्वा गन्धादिभिः सम्पूज्य,

ॐ ऋत्विजश्च यथापूर्वं शक्रादीनां मखेऽभवन्। यूयं तथा मे भवितुमृत्विजोऽर्हथ सत्तमाः॥
अस्य यागस्य निष्पत्तौ भवन्तोऽभ्यर्थिता मया। सुप्रसन्नैः प्रकर्त्तव्यं शान्तिकं विधिपूर्वकम्॥
पावनाः सर्ववर्णानां ब्राह्मणा ब्रह्मरूपिणः। अनुगृह्णन्तु मामद्य शतचण्ड्याख्यकर्मणि॥
शतचण्डीजपे पूज्याः सन्तु मे नियमान्विताः। अक्रोधनाः शौचपराः सततं ब्रह्मचारिणः॥
चण्डीध्यानरता नित्यं प्रसन्नमनसः सदा। मालीकभाषिणः सन्तु मा सन्तु परनिन्दकाः॥
ममापि नियमा ह्येते भवन्तु भवतामपि।

इति प्रार्थ्यार्घ्यं निवेदयेत्। (एवं शतचण्डीजपे ऋत्विजो नव ९ आचार्यो दशमः १०; सहस्रचण्ड्यां शतमृत्विजः अष्टौ द्वारपालाश्च)।

ऋत्विजों का वरण—फिर शेष नौ ऋत्विजों का वरण एकतन्त्र से अथवा पृथक् से करे। फिर सभी ऋत्विजों के पैर धोकर देश-काल का उच्चारण कर 'अद्य करिष्यमाणशतचण्डीविधानकर्मणि अमुकामुकगोत्रोत्पन्नान् अमुकशर्मणो (वर्मा वा गुप्ता वा) नव विप्रानेभिर्गन्धाक्षतपुष्पताम्बूलस्वर्णाङ्गुलीयकासनमालाकमण्डलुवासोभिराचार्येण सह नवार्णमन्त्रजपपूर्वकं मार्कण्डेयपुराणोक्तसप्तशतीस्तवशतसङ्ख्यापरिमितपाठकरणार्थं ऋत्विक्त्वेन युष्मानहं वृणे' ऐसा कहकर उनका वरण करे। ऋत्विक् 'वृताः स्मः' कहकर यजमान को प्रतिवचन दे। तब यजमान प्रत्येक ब्राह्मण के हाथ में वरण सामग्री देकर यज्ञकङ्कण बाँधकर गंधादि से उनकी पूजा कर—'ॐ ऋत्विजश्च यथापूर्वं शक्रादीनां मखेऽभवन्। यूयं तथा मे भवितुमृत्विजोऽर्हथ सत्तमाः।' इत्यादि मूल में लिखित छः श्लोकों को पढ़कर ऋत्विजों से प्रार्थना करे (श्लोकों का भावार्थ—जिस प्रकार से प्राचीन काल में इन्द्रादि देवताओं के यज्ञ में ऋत्विज होते थे, उसी प्रकार आप सब लोग मेरे इस यज्ञ में ऋत्विज बनें। इस यज्ञ की निष्पत्ति के लिये मैं आप सबकी अभ्यर्थना करता हूँ। आप इस कार्य को सुप्रसन्न मन से विधिपूर्वक करें। सभी वर्णों में ब्राह्मण वर्ण ब्रह्मरूपी होने से पवित्र होते हैं। इस शतचण्डी नामक यज्ञ में आप सब मुझपर अनुग्रह करें। शतचण्डी यज्ञ में मेरे द्वारा पूजित होकर आप लोग नियमपरायण, अक्रोधन, शौचपरायण, सतत् ब्रह्मचर्यपरायण, चण्डीध्यानरत, नित्य प्रसन्न मन, सत्यवादी तथा परनिन्दा से रहित होकर कार्य करें। मेरे लिये भी ये नियम रहेंगे तथा आप भी इन नियमों का पालन करें।' इस प्रकार से प्रार्थना कर ब्राह्मणों को अर्घ्य दे। (इस प्रकार से प्रार्थना कर ब्राह्मणों को अर्घ्य दे। (इस प्रकार शतचण्डी जप में ९ ऋत्विज तथा दशवाँ आचार्य होता है एवं सहस्रचण्डी में एक सौ ऋत्विज तथा आठ द्वारपाल सहित कुल १०८ ब्राह्मण होते हैं)।

तत आचार्यादीनां सर्वेषां मधुपर्कपूजां कृत्वा प्रत्येकं वस्त्रद्वयम्, आसनम्, अर्घ्यपात्रम्, आचमनपात्रं, जलपात्रं, सुवर्णाङ्गुलीयककर्णभूषणरुद्राक्षमालादि च यथाशक्ति दद्यात्। आचार्याय द्विगुणं देयम्। तत आचार्यो देशकालौ सङ्कीर्त्य 'यजमानेन वृतोऽहमाचार्यकर्म करिष्ये' इति सङ्कल्प्य,

ॐ यदत्र संस्थितं भूतं स्थानमाश्रित्य सर्वतः। स्थानं त्यक्त्वा तु तत्सर्वं यत्रस्थं तत्र गच्छतु॥
भूतप्रेतपिशाचाद्या ह्यपक्रामन्तु राक्षसाः। स्थानादस्माद्व्रजन्यत्वन्त्स्वीकरोमि भुवं त्विमाम्॥

इत्युक्त्वा ईशानादिसर्वदिक्षु गौरसर्षपान् विकीर्य आचमनं कृत्वा पञ्चगव्येन कुशैः पावमानसूक्तेन 'आपोहिष्ठा मयोभुव' इति त्र्यृचेन च मण्डपं सर्वत्र प्रोक्ष्य कृताञ्जलिः 'स्वस्तिनऽइन्द्र' इति मन्त्रं वारत्रयं पठेत् (ततो मण्डपपक्षे मण्डपदेवतापूजां ध्वजपताकोच्छ्रयणं च कुर्यात्)।

मधुपर्कादि—फिर आचार्य एवं ऋत्विजों की मधुपर्क से पूजा करके प्रत्येक को दो वस्त्र, आसन, अर्घ्यपात्र, आचमन पात्र, जलपात्र, सोने की अङ्गूठी, कर्णभूषण, रुद्राक्षमाला आदि यथाशक्ति दे। आचार्य को द्विगुण देना चाहिये। फिर आचार्य देश-काल का उच्चारण करके 'यजमानेन वृतोऽहं यज्ञकर्म करिष्ये' कहकर भूतापसारण करे; उसके लिये मूल में लिखित 'ॐ यदत्र संस्थितं भूतं स्थानमाश्रित्य सर्वदा। स्थानं त्यक्त्वा तु तत्सर्वं यत्रस्थं तत्र गच्छतु॥ भूतप्रेतपिशाचाद्या ह्यपक्रमन्तु राक्षसाः। स्थानादस्माद् व्रजन्तु अन्यत् स्वीकरोमि भुवं त्विमाम्॥' इन दो श्लोकों को पढ़कर ईशानादि दसों दिशाओं में गौरसर्षप बिखेर दे। फिर आचमन करके पञ्चगव्य एवं कुश लेकर 'पावमान सूक्त' का पाठ करते हुए मण्डप का प्रोक्षण (छिड़काव) करे। तदनन्तर हाथ जोड़कर तीन बार 'ॐ स्वस्तिन इन्द्रो वृद्धश्रवाः' इत्यादि मन्त्र पढ़े। फिर देवताओं के ध्वजा-पताका मण्डप पर लगाये।

ततो मध्यवेद्याः पश्चिमतः सुखासने प्राङ्मुख उपविश्य,

ॐ पृथ्वि त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता। त्वं च धारय मां देवि पवित्रं कुरु चासनम्॥

इति भूमि प्रार्थ्य 'ॐ पृथ्वीकूर्मानन्तदेवताभ्यो नमः' इति सम्पूज्य भूमिं वामपादाघातत्रयं कृत्वा यथोपदेशं विस्तरतः संक्षेपेण वा भूतशुद्ध्यादि कलामातृकान्यासान्तं पूर्ववत् कृत्वा नवार्णविध्युक्तैकादशन्यासान् कुर्यात् अथवा एकादशमेवैकं न्यासं कुर्यात् (ते च न्यासाः पूर्वे द्रष्टव्याः)। ततो योनिमुद्रां प्रदर्श्य श्रीमहालक्ष्मीं ध्यायेत्—

श्वेतानना नीलभुजा सुश्वेतस्तनमण्डला। रक्तमध्या रक्तपादा नीलजङ्घोरुरुन्मदा॥
सुचित्रजघना चित्रमाल्याम्बरविभूषणा। चित्रानुलेपना कान्तिरूपसौभाग्यशालिनी॥
अष्टादशभुजा पूज्या सा सहस्रभुजा सती। आयुधान्यत्र वक्ष्यन्ते दक्षिणाधःकरक्रमात्॥
अक्षमाला च कमलं बाणोऽसिः कुलिशं गदा। चक्रं त्रिशूलं परशुः शङ्खो घण्टा च पाशकः॥
शक्तिर्दण्डश्चर्म चापं पानपात्रं कमण्डलुः॥

इति ध्यानं कृत्वा मानसोपचारैः सम्पूज्य पात्रासादनं कुर्यात्।

पृथ्वी-पूजनादि—फिर मध्यवेदी के पश्चिम की ओर बैठकर 'ॐ पृथ्वी त्वया धृता लोका०' इस मन्त्र को पढ़कर भूमि की पूजा कर भूमि पर यजमान अपना बाँयाँ पैर तीन बार पटक कर विस्तार या संक्षेप में भूतशुद्धि कला-मातृका न्यास-पर्यन्त कर्म पूर्व की भाँति करके नवार्ण मन्त्र की विधि में वर्णित ग्यारह प्रकार के न्यासों को करे अथवा केवल ग्यारहवें न्यास को ही करे। फिर योनिमुद्रा प्रदर्शित करके महालक्ष्मी का ध्यान मूल में लिखित साढ़े चार श्लोकों से करे।

ध्यान का भावार्थ—श्वेतानना, नील भुजाओं वाली, कान्तिमती, रूपमती, सौभाग्यशालिनी, अठारह भुजाओं वाली होकर वही सती सहस्र भुजाओं वाली भी है। उसके जघन सुचित्रयुक्त हैं। वह चित्र, माला, अम्बर तथा विभूषणादि से युक्त है। विचित्र अनुलेपन से युक्त है। उसका मध्य भाग तथा चरण रक्तवर्ण हैं; उसके दक्षिण हाथों में क्रम से अक्षमाला, कमल, बाण, असि, वज्र, गदा, चक्र, त्रिशूल, परशु, शङ्ख, घण्टा, पाश, शक्ति, दण्ड, चर्म, पानपात्र तथा कमण्डलु हैं।

इस ध्यान को करके मानसोपचारों से देवी की पूजा करके पात्रासादन करे।


ततो मध्यवेद्यां सर्वतोभद्रं तन्मध्यकोष्ठेषु अष्टदलं च लिखित्वा तत्र ब्रह्मादिमण्डलदेवताः स्वस्वमन्त्रेण संस्थाप्य षोडशोपचारैः सम्पूज्य तन्मध्ये पीठपूजां कुर्यात्। तद्यथा—'ॐ मण्डूकादिपरतत्त्वान्तपीठदेवताभ्यो नमः' इति पीठदेवताः सम्पूज्य पूर्वादिषु ॐ जयायै नमः॥ १॥ विजयायै नमः॥ २॥ अजितायै नमः॥ ३॥ अपराजितायै नमः॥ ४॥ नित्यायै नमः॥ ५॥ विलासिन्यै नमः॥ ६॥ दोग्ध्र्यै नमः॥ ७॥ घोरायै नमः॥ ८॥ मध्ये मङ्गलायै नमः॥ ९॥ इति पीठशक्तीः पूजयेत्। 'ॐ ह्रीं सर्वशक्तिकमलासनाय सर्वात्मसंसर्गयोगपीठात्मने नमः' इति पुष्पाञ्जलिनासनं दत्त्वा तत्र महीद्यौ इत्यादिपूर्वोक्तमन्त्रैर्बृहत्ताम्रकलशं संस्थाप्य तस्मिन् गन्धपुष्पफलसर्वौषधीदूर्वापञ्चपल्लवपञ्चरत्नसुवर्णसप्त-मृत्तिकादीनि तत्तन्मन्त्रेण निक्षिप्य कौशेयवस्त्रद्वयेन संवेष्ट्य तदुपरि ताम्रपूर्णपात्रं निधाय कलशे 'तत्त्वायामीति' वरुणमावाह्य सम्पूज्य कलशदेवताः स्मृत्वा 'कलशस्य मुखे विष्णुः' इत्यभिमन्त्र्य 'देवदानवसंवादे' इत्यादि प्रार्थयेत्। ततः कलशोपरिस्थपूर्णपात्रे रक्तवस्त्रेऽष्टगन्धेन यन्त्रं लिखेत् (अथवा) ताम्रपात्रे लिखितं यन्त्रं स्थापयेत्।

फिर मध्यवेदी में सर्वतोभद्र तथा उसके मध्य कोष्ठ में अष्टदल में ब्रह्मादि देवताओं को उनके नाममन्त्रों से स्थापित करके षोडशोपचारों से पूजकर पीठपूजा करे। 'ॐ मण्डूकादिपरतत्त्वान्तपीठदेवताभ्यो नमः' कहकर उनकी पूजा करके फिर पूर्वादि दिशाओं में क्रम से मध्य-पर्यन्त 'ॐ जयायै नमः, ॐ विजयायै नमः, ॐ अजितायै नमः, ॐ अपराजितायै नमः, ॐ नित्यायै नमः, ॐ विलासिन्यै नमः, ॐ दोग्ध्र्यै नमः, ॐ घोरायै नमः तथा मध्य में ॐ मङ्गलायै नमः' इस प्रकार नौ पीठशक्तियों की पूजा करे। फिर 'ॐ ह्रीं सर्वशक्तिकमलासनाय

सर्वात्मसंसर्गयोगपीठात्मने नमः' इस मन्त्र से पुष्पाञ्जलि देकर वहाँ 'ॐ महीद्यौ०' इत्यादि मन्त्रों से कलशस्थापन करे। कलश में गन्ध, पुष्प, फल, सर्वौषधि, दूर्वा, पञ्चपल्लव, पञ्चरत्न, सुवर्ण, सप्तमृत्तिका आदि को उनके मन्त्रों से डालकर दो रेशमी वस्त्रों से लपेट कर उसके ऊपर ताम्र का पूर्णपात्र रखकर कलश में 'ॐ तत्त्वायामि ब्रह्मणा०' इत्यादि मन्त्रों से वरुण को आवाहित तथा पूजित करे। फिर कलश के देवताओं का स्मरण करते हुए 'ॐ कलशस्य मुखे विष्णुः' इत्यादि मन्त्रों से कलश का अभिमन्त्रण कर 'देवदानवसंवादे' इत्यादि श्लोकों से कलश की प्रार्थना करे। तदुपरान्त कलश के ऊपर स्थित पूर्णपात्र पर रक्त वस्त्र के ऊपर अष्टगन्ध से चण्डिकायन्त्र लिखे अथवा ताम्रपत्र पर लिखे हुए यन्त्र को उस पर स्थापित कर दे।

यन्त्रप्रकारः—मध्ये त्रिकोणं तद्बहिः षट्कोणं तद्बाह्ये वृत्तं तद्बाह्येऽष्टौ दलानि तद्बाह्ये चतुर्विंशतिदलानि तद्बाह्ये चतुर्द्वारं चतुरस्रत्रयमिति यन्त्रं विलिख्य तत्र सिंहासने शतचण्ड्यां पलसुवर्णेन (सहस्रचण्ड्यां पञ्चपलेन) तदर्धेन तदर्धार्धेन वाष्टादशभुजाम् अष्टभुजां वा सिंहारूढां पूर्वोक्तध्यानयुतां देवीमूर्तिं कारयित्वा अग्न्युत्तारणपूर्वकं संस्थाप्य प्राणप्रतिष्ठां कृत्वा पूजयेत् (प्राणप्रतिष्ठामन्त्राः पूर्वमुक्ता एव)।

चण्डिकायन्त्रम्



यन्त्रोद्धार—चण्डिका यन्त्र के मध्य में त्रिकोण, उसके बाहर षट्कोण, उसके बाहर अष्टदल, अष्टदलों के बाहर, चौबीस दल बनाये। फिर उसके बाहर चार द्वार बनाकर उस यन्त्र पर सिंहासन के ऊपर शतचण्डी हो तो एक पल सुवर्ण की अथवा सहस्रचण्डी हो तो पाँच पल सुवर्ण की मूर्ति अथवा उसके आधे या चौथाई भार की मूर्ति सिंह पर आरूढ़, अष्टादश भुजा वाली अथवा अष्टभुजा वाली पूर्वकथित ध्यानभाव को प्रकट करने वाली बनवाकर अग्नि उत्तारणपूर्वक स्थापित कर प्राणप्रतिष्ठा करे। प्राणप्रतिष्ठा-विधि पूर्व में कही जा चुकी है।

अथ पूजनप्रकार:—स्ववामे कर्पूरादियुतगङ्गाजलपूर्णं कलशं निधाय सम्पूज्य 'कलशस्य मुखे विष्णुः' इत्यादि पठित्वा कलशमुद्रां प्रदर्श्य दक्षिणतः शङ्खं सम्पूज्य शङ्खमुद्रां प्रदर्श्य शङ्खोदकेनात्मानं पूजाद्रव्याणि च प्रोक्ष्य नवरात्रोक्तविधानवत् मूलेन श्रीसूक्तेन वा आवाहनादिपुष्पान्तैरुपचारैः भगवतीं सम्पूज्य आवरणपूजां कुर्य्यात्।

पूजन-प्रकार—अपने वाम भाग में कर्पूरादि से युक्त गङ्गाजल से भरा कलश रखकर उसे पूजकर 'कलशस्य मुखे विष्णु:' इत्यादि पढ़कर कलशमुद्रा को प्रदर्शित कर उसके दक्षिण में नवरात्रोक्त विधान की भाँति मूल मन्त्र से अथवा श्रीसूक्त से आवाहनादि से लेकर पुष्पाञ्जलि-पर्यन्त उपचारों से भगवती को पूजकर फिर आवरणपूजा करनी चाहिये।

आवरणपूजा

पूज्यपूजकयोर्मध्ये प्राचीं प्रकल्प्य प्रदक्षिणक्रमेण पूजयेत्। तद्यथा—त्रिकोणमध्ये मूलमन्त्रेण देवीं गन्धादिभिः सम्पूज्य त्रिकोणस्य (पूर्वकोणे) ॐ सरस्वतीसहिताय ब्रह्मणे नमः॥ १॥ (नैर्ऋत्याम्) ॐ श्रीसहिताय विष्णवे नमः॥ २॥ (वायव्याम्) ॐ उमासहिताय शिवाय नमः॥ ३॥ (उत्तरे) ॐ सिंहाय नमः॥ ४॥ (दक्षिणे) ॐ महिषाय नमः॥ ५॥ (इति त्रिकोणदेवताः पूजयेत्)। (षट्कोणमण्डले) पूर्वादिषट्कोणे वामक्रमेण ॐ नं नन्दजायै नमः॥ १॥ ॐ रं रक्तदन्तिकायै नमः॥ २॥ ॐ शां शाकम्भर्यै नमः॥ ३॥ ॐ दुं दुर्गायै नमः॥ ४॥ ॐ भीं भीमायै नमः॥ ५॥ ॐ भ्रां भ्रामर्य्यै नमः॥ ६॥ (अष्टदले वाममार्गक्रमेण) ॐ ब्रां ब्राह्म्यै नमः॥ १॥ ॐ मां माहेश्वर्य्यै नमः॥ २॥ ॐ कौं कौमार्यै नमः॥ ३॥ ॐ वैं वैष्णव्यै नमः॥ ४॥ ॐ वां वाराह्यै नमः॥ ५॥ ॐ नां नारसिंह्यै नमः॥ ६॥ ॐ ऐं ऐन्द्र्यै नमः॥ ७॥ ॐ चां चामुण्डायै नमः॥ ८॥ (ततश्चतुर्विंशतिदलेष्वपि तेनैव क्रमेण) ॐ विं विष्णुमायायै नमः॥ १॥ ॐ चें चेतनायै नमः॥ २॥ ॐ बुं बुद्ध्यै नमः॥ ३॥ ॐ निं निद्रायै नमः॥ ४॥ ॐ क्षुं क्षुधायै नमः॥ ५॥ ॐ छां छायायै नमः॥ ६॥ ॐ शं शक्त्यै नमः॥ ७॥ ॐ तृं तृष्णायै नमः॥ ८॥ ॐ श्रं श्रद्धायै नमः॥ ९॥ ॐ जां जात्यै नमः॥ १०॥ ॐ लं लज्जायै नमः॥ ११॥ ॐ शां शान्त्यै नमः॥ १२॥ ॐ श्रं श्रद्धायै नमः॥ १३॥ ॐ कां कान्त्यै नमः॥ १४॥ ॐ लं लक्ष्म्यै नमः॥ १५॥ ॐ धृं धृत्यै नमः॥ १६॥ ॐ वृं वृत्त्यै नमः॥ १७॥ ॐ श्रुं श्रुत्यै नमः॥ १८॥ ॐ स्मृं स्मृत्यै नमः॥ १९॥ ॐ तुं तुष्ट्यै नमः॥ २०॥ ॐ पुं पुष्ट्यै नमः॥ २१॥ ॐ दं दयायै नमः॥ २२॥ ॐ मां मात्रे नमः॥ २३॥ ॐ भ्रां भ्रान्त्यै नमः॥ २४॥ ततो बहिर्भूगृहचतुष्कोणेषु (ईशान्याम्) ॐ गं गणपतये नमः॥ १॥ (आग्नेय्याम्) ॐ क्षं क्षेत्रपालाय नमः॥ २॥ (नैर्ऋत्याम्) ॐ बं वटुकाय नमः॥ ३॥ (वायव्याम्) ॐ यों योगिनीभ्यो नमः॥ ४॥ पुनः (पूर्वादिषु) प्रदक्षिणक्रमेण ॐ लं इन्द्राय नमः॥ १॥ ॐ रं अग्नये नमः॥ २॥ ॐ मं यमाय नमः॥ ३॥ ॐ क्षं निर्ऋतये नमः॥ ४॥ ॐ वं वरुणाय नमः॥ ५॥ ॐ यं वायवे नमः॥ ६॥ ॐ सों सोमाय नमः॥ ७॥ ॐ हं रुद्राय नमः॥ ८॥ ॐ ब्रं ब्रह्मणे नमः॥ ९॥ (अधः) ॐ अं अनन्ताय नमः इति पूजयेत्। तद्बाह्ये ॐ वज्राय नमः॥ १॥ शक्तये नमः॥ २॥ दण्डाय नमः॥ ३॥ खड्गाय नमः॥ ४॥ पाशाय नमः॥ ५॥ अङ्कुशाय नमः॥ ६॥ गदायै नमः॥ ७॥ त्रिशूलाय नमः॥ ८॥ पद्माय नमः॥ ९॥ चक्राय नमः॥ १०॥ इत्यायुधानि च पूजयेत्। एवमावरणपूजां कृत्वा देव्यै हरिद्राकुङ्कुमसिन्दूररक्तचन्दनालक्तकपरिमलद्रव्याणि समर्पयेत्।

यन्त्र में आवरण की पूजा—पूज्य-पूजक के मध्य प्राची दिशा की कल्पना करके त्रिकोण के पूर्व कोण में 'ॐ सरस्वतीसहिताय श्रीब्रह्मणे नमः' इस मन्त्र से पूजन करे। फिर त्रिकोण के दूसरे कोण नैर्ऋत्य में 'ॐ श्रीसहिताय विष्णवे नमः' कहकर पूजन करे। फिर वायव्य में 'ॐ उमासहिताय शिवाय नमः' कहकर पूजन करे। फिर उत्तर दिशा में 'ॐ सिंहाय नमः' तथा दक्षिण में 'ॐ महिषाय नमः' कहकर पूजन करे। यह मध्यवर्ती त्रिकोण का पूजन होता है।

फिर पूर्वादि षट्कोणों में वाम क्रम से 'ॐ नं नन्दजायै नमः' इत्यादि छः मन्त्रों में षट्कोण का पूजन करे। फिर षट्कोण के बाहर के अष्टकोण के आठों कोनों में वामक्रम से 'ॐ ब्रां ब्राह्मयै नमः' इत्यादि आठ मन्त्रों से पूजन करे। फिर उसके बाहर चौबीस दलों में उसी क्रम से (वामक्रम से) 'ॐ विं विष्णुमायायै नमः' इत्यादि चौबीस मन्त्रों से पूजन करना चाहिये। फिर उसके बाहर भूगृह के चारो कोणों में ईशान से लेकर वायव्य-पर्यन्त 'ॐ गं गणपतये नमः' इत्यादि चार मन्त्रों से इनमें निर्दिष्ट दिशाओं में पूजन करे। फिर उसी भूगृह के पूर्वादि दिशाओं में निर्दिष्ट दश दिशाओं में दिक्पालों का पूजन करे। फिर उनके बाहर पुनः पूर्वादि दश दिशाओं में प्रदक्षिणक्रम से उनके वज्रादि आयुधों का पूजन करे। इस प्रकार आवरण पूजा करके देवी को हरिद्रा, रोली, सिन्दूर, लालचन्दन, अलक्तक (महावर) तथा परिमल द्रव्यों को समर्पित करे।

अथाङ्गपूजा। ॐ दुर्गायै नमः पादौ पूजयामि। ॐ गिरिजायै नमः गुल्फौ पूजयामि। ॐ अपर्णायै नमः जानुनी पूजयामि। ॐ हरिप्रियायै नमः ऊरू०। ॐ पार्वत्यै० कटिं पू०। ॐ आर्यायै नमः नाभिं०। ॐ जगन्मात्रे० उदरं०। ॐ मङ्गलायै० कुक्षिं०। ॐ शिवायै० हृदयं०। ॐ माहेश्वर्य्यै० कण्ठं०। ॐ विश्ववन्द्यायै० स्कन्धौ०। ॐ काल्यै० बाहू०। ॐ आद्यायै० हस्तौ०। ॐ वरदायै० मुखं०। ॐ ण्यै० नासिकां०। ॐ कमलाक्ष्यै० नेत्रे०। ॐ अम्बिकायै० शिरः०। ॐ देव्यै० सर्वाङ्गं पूजयामि। इत्यङ्गपूजां कृत्वा ततः पूर्वोक्तमन्त्रैर्धूपदीपनानाविधनैवेद्यताम्बूलपूगीफलदक्षिणादि-मन्त्रपुष्पान्तपूजां कृत्वा राजोपचारान्निवेद्य शतवर्तिकाभिर्दशभिर्वा कर्पूरगर्भिताभिर्महानीराजनं प्रदक्षिणामेकां नमस्कारांश्च कृत्वा 'नमो देव्यै महादेव्यै' इत्यादिमन्त्रैः स्तुतिं कृत्वा यथासम्भवं छत्रचामरव्यजनघण्टागीतनृत्य-वाद्यादि समर्प्य कूष्माण्डनारीकेलकदलीफलेक्षुदण्डादिबलिं दत्त्वा अखण्डदीपकं प्रतिष्ठापयेत्। ततो योगिनीक्षेत्रपालपूजां कुर्यात्।

देवी की अंगपूजा—फिर मूल में उसके आगे 'ॐ दुर्गायै नमः पादौ पूजयामि' कहकर देवी के पैर पूजे। इसी प्रकार से मूल में लिखित मन्त्रों से देवी के अङ्गों तथा सर्वाङ्ग की पूजा करनी चाहिये। इस प्रकार अङ्गपूजा करके फिर पूर्वोक्त मन्त्रों से धूप-दीप, नानाविध नैवेद्य, ताम्बूल, पूगीफल, दक्षिणादि मन्त्र-पुष्पान्त पूजा करके राजोपचारों को निवेदित करके एक सौ बत्तियों अथवा दश बत्तियों के दीपक से अथवा कपूर की बत्ती जलाकर महानीराजन तथा एक प्रदक्षिणा करके नमस्कार करे। फिर 'नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सततं नमः' इत्यादि मन्त्रों (दुर्गासप्तशती अध्याय पाँच) के द्वारा स्तुति करके देवी को यथासम्भव छत्र, चामर, व्यजन, घण्टा, गीत, नृत्य, वाद्यादि समर्पित करके कूष्माण्ड (कुम्हेड़ा), नारियल, केले का फल, ईख का दण्ड इत्यादि की बलि देकर अखण्ड दीपक की प्रतिष्ठा करे। अखण्ड दीपक जलाने के उपरान्त फिर योगिनी तथा क्षेत्रपाल की पूजा करनी चाहिये।

अथ चतुःषष्टियोगिनीपूजा—देव्यग्रे रक्तवस्त्रोपरि तण्डुलान्नेन गोधूमैर्वा अष्टौ पङ्क्तिरूपेण चतुःषष्टिकोष्ठानि कृत्वा तत्र क्रमेण ॐ जये इहागच्छ इहतिष्ठ इत्यावाहयेत्॥ १॥ एवं ॐ विजये इहागच्छ इहतिष्ठ॥ २॥ ॐ जयन्ति इहा०॥ ३॥ ॐ अपराजिते इहा०॥४॥ ॐ दिव्ययोगिनि०॥५॥ ॐ महायोगिनि०॥६॥ ॐ सिद्धयोगिनि०॥७॥ ॐ गणेश्वरि०॥८॥(इति प्रथमाष्टकम्) ॐ प्रेतासनि इहा०॥ ९॥ ॐ डाकिनि इहा०॥ १०॥ ॐ कालि इहा०॥ ११॥ ॐ कालरात्रि इहा०॥ १२॥ ॐ निशाचरि इहा०॥ १३॥ ॐ टङ्कारिणि इहा०॥ १४॥ ॐ रुद्रवेतालिनि इहा०॥ १५॥ ॐ हुङ्कारिणि इहा०॥ १६॥ (इति द्वितीयाष्टकम्) ॐ ऊर्ध्वकेशि इहा०॥ १७॥ ॐ विरूपाक्षि इहा०॥ १८॥ ॐ शुक्लाङ्गि इहा०॥ १९॥ ॐ नरभोजिनि इहा०॥ २०॥ ॐ फट्कारिणि इहा०॥ २१॥ ॐ वीरभद्रे इहा०॥ २२॥ ॐ धूमाङ्गि इहा०॥ २३॥ ॐ कलहप्रिये इहा०॥ २४॥ (इति तृतीयाष्टकम्) ॐ राक्षसि इहा०॥ २५॥ ॐ रक्ताक्षि इहा०॥ २६॥ ॐ विश्वरूपे इहा०॥ २७॥ ॐ भयङ्करि इहा०॥ २८॥ ॐ वीरकौमारि इहा०॥ २९॥ ॐ चण्डिके

इहा० ॥ ३० ॥ ॐ वाराहि इहा० ॥ ३१ ॥ ॐ मुण्डधारिणि इहा० ॥ ३२ ॥ (इति चतुर्थाष्टकम्) ॐ भैरवि इहा० ॥ ३३ ॥ ॐ ध्वाङ्क्षिणि इहा० ॥ ३४ ॥ ॐ धूम्राङ्गि इहा० ॥ ३५ ॥ ॐ प्रेतवाराहि इहा० ॥ ३६ ॥ ॐ खड्गिनि इहा० ॥ ३७ ॥ ॐ दीर्घलम्बोष्ठि इहा० ॥ ३८ ॥ ॐ मालिनि इहा० ॥ ३९ ॥ ॐ मन्त्रयोगिनि इहा० ॥ ४० ॥ (इति पञ्चमाष्टकम्) ॐ कालिनि इहा० ॥ ४१ ॥ ॐ चक्रिणि इहा० ॥ ४२ ॥ ॐ कङ्कालि इहा० ॥ ४३ ॥ ॐ भुवनेश्वरि इहा० ॥ ४४ ॥ ॐ शटकि इहा० ॥ ४५ ॥ ॐ महामारि इहा० ॥ ४६ ॥ ॐ यमदूति इहा० ॥ ४७ ॥ ॐ करालिनि इहा० ॥ ४८ ॥ (इति षष्ठाष्टकम्) ॐ केशिनि इहा० ॥ ४९ ॥ ॐ मर्दिनि इहा० ॥ ५० ॥ ॐ रोमजङ्घे इहा० ॥ ५१ ॥ ॐ निवारिणि इहा० ॥ ५२ ॥ ॐ विशालिनि इहा० ॥ ५३ ॥ ॐ कार्मुकि इहा० ॥ ५४ ॥ ॐ लोलि० इहा० ॥ ५५ ॥ ॐ अधोमुखि इहा० ॥ ५६ ॥ (इति सप्तमाष्टकम्) ॐ मुण्डाग्रधारिणी इहा० ॥ ५७ ॥ ॐ व्याघ्रि इहा० ॥ ५८ ॥ ॐ काङ्क्षिणी इहा० ॥ ५९ ॥ ॐ प्रेतरूपिणि इहा० ॥ ६० ॥ ॐ धूर्जटि इहा० ॥ ६१ ॥ ॐ घोरि इहा० ॥ ६२ ॥ ॐ करालि इहा० ॥ ६३ ॥ ॐ विषलम्बिनि इहागच्छ इहतिष्ठ० ॥ ६४ ॥ (इत्यष्टमाष्टकम्) एवमावाह्य ॐ मनोजूतिरिति प्रतिष्ठाप्य 'ॐ चतुःषष्टियोगिनीभ्यो नमः' इति नाममन्त्रेण षोडशोपचारैः सम्पूज्य पायसबलिं दद्यात्। ततस्तत्रैव एकदेशे ॐ बं वटुकाय नमः। ॐ क्षं क्षेत्रपालाय नमः। इति सम्पूज्य 'ॐ बं वटुकाय पिङ्गलभासुरनेत्राय बलिं गृहाण गृहाण भक्ष भक्ष कन्दन कन्दन ह्रीं ह्रूं स्वाहा' इति मन्त्रेण बटुकाय क्षेत्रपालाय पायसादिनानाद्रव्यबलिं दत्त्वा हस्तौ प्रक्षाल्याचामेत्। ततः अनेन पूजनेन श्रीमहाकाली-महालक्ष्मीमहासरस्वत्यः प्रीयन्तामिति देवीदक्षिणतो जलमुत्सृज्य देव्यग्रे कुमारीपूजां कुर्यात्। तद्यथा—देशकालौ सङ्कीर्त्य 'शतचण्डीजपाङ्गत्वेन कुमारीपूजां करिष्ये' इति सङ्कल्प्य। नवार्णमन्त्रेण पूर्वोक्तं षडङ्गन्यासं कृत्वा।

ॐ मन्त्राक्षरमयीं देवीं मातृणां रूपधारिणीम्। नवदुर्गात्मिकां साक्षात्कन्यामावाहयाम्यहम्॥

इत्यावाह्य पूर्वोक्तनवरात्रविधिना यथासम्भवं पूजयेत्। कुमार्यश्च प्रत्यहं शतं नव वा यथाशक्ति वा पूज्याः प्रत्यहमेकवृद्ध्या वा पूजयेत्।

ततो ब्राह्मणसुवासिनीपूजा—एवं देवीकुमार्यादिपूजा प्रत्यहं कार्या। द्वितीयदिने द्विगुणा २ तृतीये त्रिगुणा ३ चतुर्थे च चतुर्गुणा ४ विधेया। इति पूजाप्रयोगः।

चौंसठ योगिनी की पूजा—फिर मूल पाठ में निर्दिष्ट चौंसठ योगिनियों की पूजा प्रथमादि आठ अष्टकों में क्रमानुसार उनके नाममन्त्रों से आवाहनपूर्वक करनी चाहिये। पूजा करके उन्हें खीर की बलि देनी चाहिये। बलि से पूर्व मनोजूति मन्त्र से उन्हें प्रतिष्ठित करना चाहिये।

क्षेत्रपाल-पूजन—फिर उसी पीठ पर (अथवा अलग से क्षेत्रपाल पीठ पर) एक स्थान पर 'ॐ बं वटुकाय नमः' तथा 'ॐ क्षं क्षेत्रपालाय नमः' कहकर पूजन कर 'ॐ बं वटुकाय पिङ्गलभासुरनेत्राय बलिं गृहाण गृहाण, भक्ष भक्ष, कन्दन कन्दन ह्रीं ह्रूं स्वाहा' इस मन्त्र से वटुक एवं क्षेत्रपाल को बलि दे। फिर हाथ धोकर आचमन करे। फिर 'अनेन पूजनेन श्रीमहाकाली महालक्ष्मीमहासरस्वत्यः प्रीयन्तां' ऐसा कहकर देवी के दक्षिण भाग में जल छोड़कर फिर देवी के आगे कुमारी-पूजा करे।

कुमारी-पूजा—इसके लिये देश-काल का उच्चारण करके 'शतचण्डीजपाङ्गत्वेन कुमारीपूजां करिष्ये' ऐसा सङ्कल्प कर फिर नवार्ण मन्त्र से पूर्वोक्त विधि से षडङ्गन्यास करके मन-वाणी को समाहित करके 'ॐ मन्त्राक्षरमयीं देवीं मातृणां रूपधारिणीम्। नवदुर्गात्मिकां साक्षात् कन्यामावाहयाम्यहम्॥' इस मन्त्र से आवाहन करके पूर्वोक्त नवरात्र विधि से यथासम्भव कुमारियों की पूजा करे। प्रतिदिन एक सौ अथवा नौ कुमारियों का पूजन अथवा प्रतिदिन एक-एक बढ़ाकर पूजन करना चाहिये।

ब्राह्मण सुवासिनी-पूजा—कुमारी-पूजा के उपरान्त फिर ब्राह्मण सुवासिनी-पूजा भी करनी चाहिये। इस प्रकार प्रतिदिन कुमारीरूप में तथा ब्राह्मण सुवासिनी के रूप में देवीपूजा करनी चाहिये। सुवासिनी पूजा प्रथम दिन

जितनी सङ्ख्या में हो, उससे दुगुनी सङ्ख्या में द्वितीय दिन, तिगुनी सङ्ख्या में तृतीय दिन, चौगुनी सङ्ख्या में चौथे दिन करनी चाहिये।

अथ पाठक्रमः—तावत् दुर्गापुरतो मृद्वासनेषूपविष्टाः सर्वे विप्राः पूर्वोक्तनवार्णमन्त्रकृताङ्गन्यासाः समाहितमनसो वाग्यताः भगवतीं स्मरन्तो मन्त्रार्थगतमानसाः कवचार्गलाकीलकानि सकृज्जप्त्वा प्रत्येकं शतं नवार्णमन्त्रं च जप्त्वा ग्रन्थार्थं बुध्यमानाः स्पष्टाक्षरं नातिशीघ्रं नातिमन्दं रसभावस्वरयुतं मार्कण्डेयपुराणोक्तं सप्तशतीस्तवं जपेयुः। ततो जपान्ते रहस्यत्रयं पुनर्नवार्णमन्त्रशतं रहस्यत्रयं च जपेयुः। एकस्मिन्दिने अनेकावृत्तौ तु कवचादीनां प्रत्यावृत्तौ नावृत्तिः। एवं प्रथमदिने एकावृत्तिः, द्वितीये द्वे तृतीये तिस्रः चतुर्थे चतस्रः रूपाणीत्येवं जपं कुर्युः। यजमानसहिताः सर्वे भूमौ शयानाः नित्यं क्षीरान्नभोजनाः अशक्तौ हविष्यमश्नन्तः सन्तुष्टास्त्यक्तमत्सरा ब्रह्मचर्यास्पृश्यास्पर्शादिनियमांश्चरेयुः। एवं शतसहस्रावृत्तयः सम्पद्यन्ते (क्रोडतन्त्रे त्रिपञ्चसप्तनवभिर्दिनैः पक्षेण वा पुनः। अदीर्घदिवसैः क्षिप्रं विदध्याच्चण्डिकामखमित्यपि लिखितम्)। प्रत्यहं सहस्रं शतं दश वा ब्राह्मणान् भोजयेत्। प्रत्यहं रात्रौ जागरणं कर्यम्। ततः पञ्चमेऽह्नि होमः। नवरात्रे तु नवम्यामेव होमः। चतुर्दश्यष्टमीनवम्यन्यतमदिने समाप्तिः कार्या।

पाठक्रम—श्रीदुर्गाजी के समक्ष अपने आसन पर बैठकर सभी जापक (पाठक) ब्राह्मणगण पूर्वोक्त नवार्ण मन्त्रकृत अङ्गन्यास करके समाहित मन तथा वाणी से भगवती का स्मरण करते हुए मन्त्रार्थ को समझते हुए एक बार कवच-कीलक तथा अर्गला का जप करके प्रतिपाठ एक सौ नवार्ण मन्त्रों का जप करें। ग्रन्थ के अभिप्राय को समझते हुए स्पष्टाक्षरों में नातिशीघ्र, नातिमन्द, रसभाव-स्वरयुक्त मार्कण्डेय पुराणोक्त सप्तशतीस्तव का पाठ करें। जप के अन्त में तीनों रहस्य का पाठ तथा नवार्ण मन्त्र का जप करके पुनः रहस्यत्रय (प्राधानिक-वैकृतिक तथा मूर्तिरहस्य) को जपें। यदि एक ही दिन में सप्तशती पाठ की अनेक आवृत्तियाँ हों तो कवचादि का पाठ प्रति आवृत्ति पर न करें। इस प्रकार प्रथम दिन एक आवृत्ति करें। दूसरे दिन दो आवृत्ति, तीसरे दिन तीन आवृत्ति, चौथे दिन चार आवृत्तियों में पाठ होना चाहिये। यजमान-सहित सभी ब्राह्मणों को भूमि पर शयन, नित्य क्षीरान्न भोजन करना चाहिये। अशक्ति में हविष्यान्न का भोजन करें। ब्राह्मण सन्तुष्ट, मत्सरहीन होकर ब्रह्मचर्य का पालन करें तथा स्पर्श-अस्पर्श के नियमों का ध्यान रखें। इस प्रकार शत या सहस्र आवृत्तियों का सम्पादन करना चाहिये। (क्रोडतन्त्र में विशेष लिखा है कि तीन या पाँच या सात दिन अथवा नौ दिन अथवा एक पक्ष में शत/सहस्र आवृत्तियों को करना चाहिये। इससे अधिक अवधि नहीं लगानी चाहिये, जितने कम दिनों में सम्पन्न हो जाय, उतना ही अच्छा है।) प्रतिदिन सहस्र अथवा शत अथवा दश ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिये। प्रतिदिन रात्रि में जागरण करना चाहिये। फिर पाँचवें दिन हवन करे। नवरात्र की नवचण्डी में नवमी के दिन ही होम करना चाहिये। अन्य समय में अष्टमी, नवमी या चतुर्दशी में से किसी भी तिथि में होम करना चाहिये।

अथ होमप्रयोगः—देशकालौ सङ्कीर्त्य 'मया ब्राह्मणद्वारा कृतस्य शतचण्डीजपस्य तत्सम्पूर्णतासिद्ध्यर्थं जपदशांशेन तिलादिमिश्रपायसद्रव्येण होमं करिष्ये, तदङ्गत्वेन कुण्डसंस्कारपूर्वकमग्निप्रतिष्ठापनं च करिष्ये' इति सङ्कल्प्य सामान्यतो गणपतिपूजनं विधाय कुण्डे स्थण्डिले वा पञ्चभूसंस्कारान् कृत्वा तत्र शतनामानमग्निं प्रतिष्ठाप्य सुसमिध्य ध्यायेत् [अत्र केचित्तु पुण्याहवाचनं तथा नान्दीश्राद्धं सर्वतोभद्रादिमण्डलपूजनं च कुर्वन्ति]। तत ईशान्यां दिशि ग्रहवेद्यां तत्तन्मन्त्रेण सूर्यादिग्रहान्संस्थाप्य सम्पूज्य तदीशान्यां पूर्ववत्कलशं स्थापयेत्। ततः पूर्ववत् यन्त्रावरणदेवतापूजां देवीपूजां च कृत्वा ततोऽग्निसमीपमागत्य कुशकुण्डिकां कृत्वा आघारावाज्यभागौ हुत्वा देशकालौ सङ्कीर्त्य क्रियमाणे शतचण्डीजपाङ्गहोमे इदं हवनीयद्रव्यं यथादैवतमस्तु न मम इति त्यागं कृत्वा। सूर्यादिग्रहेभ्योऽर्कादिसमिच्चरुतिलाज्यद्रव्यैरष्टाविंशति-सङ्ख्याकाभिराहुतिभिस्तैरेव द्रव्यैरधिप्रत्यधिदेवताभ्यश्चतुश्चतुःसङ्ख्याकाभिः विनायकादिदिक्पालान्तक्रतुसंरक्षक-देवताभ्यश्च द्विद्विसङ्ख्याकाभिश्च जुहुयात्। ततः सर्वतोभद्रमण्डलस्थदेवताहोमं कृत्वा प्रधानदेवतामहाकालीमहालक्ष्मी-

महासरस्वतीभ्यो गुडूचीपायसदूर्वातिलपलाशपुष्पसर्षपपूगीफललाजायवबिल्वफलरक्तचन्दनगुग्गुलुद्राक्षारम्भाफलद्रव्यै-स्त्रिमध्वक्तैरिक्षुखण्डैर्नारिकेलशकलैर्जातीफलैर्मातुलुङ्गैरन्यैर्मधुरवस्तुभिश्च तिलमिश्रघृताक्तपायसेन वा (शूलेन पाहि नो देवि इत्यादि चतुर्मन्त्रवर्जसप्तशत्या दशावृत्त्या प्रतिश्लोकं जुहुयुः) तैरेव द्रव्यैर्नवार्णमन्त्रजपदशांशेनापि जुहुयुः।

होम प्रयोग—देश-काल का उच्चारण करके 'मया ब्राह्मणद्वारा कृतस्य शतचण्डीजपस्य, तत्सम्पूर्णतासिद्ध्यर्थं जपदशांशेन तिलादिमिश्रपायसद्रव्येण होमं करिष्ये। तदङ्गत्वेन कुण्डसंस्कारपूर्वकं अग्निप्रतिष्ठापनञ्च करिष्ये' ऐसा सङ्कल्प करके सामान्यत: गणपति-पूजन कर कुण्ड अथवा स्थण्डिल पर पञ्चभू संस्कार करके वहाँ 'शतनामा' नामक अग्नि को प्रतिष्ठित कर समिधा-सहित अग्नि का ध्यान करे। (यहाँ कुछ लोग इस अवसर पर पुण्याहवाचन, नान्दीश्राद्ध तथा सर्वतोभद्रमण्डल का पूजन भी करते हैं)। फिर ईशान दिशा में ग्रहवेदी पर उनके मन्त्रों से सूर्यादि ग्रहों को स्थापित-पूजित करके उसके ईशान में पूर्ववत्कलश की स्थापना करनी चाहिये। फिर पूर्ववत् यन्त्रावरणदेवताओं तथा देवी की पूजा करके अग्नि के समीप आ करके कुशकण्डिका करके आधार में आज्याहुति करके देश-काल का उच्चारण कर 'क्रियमाणे शतचण्डीजपाङ्गहोमे इदं हवनीयद्रव्यं यथादैवतमस्तु न मम' कहकर त्याग करके सूर्यादि नवग्रहों के लिये अर्कादि की समिधा के साथ चरु, तिल, घृत द्रव्यों से २८ आहुतियाँ दे तथा उन्हीं होमद्रव्यों से नवग्रहों के अधिदेवताओं तथा प्रत्यधिदेवताओं को भी आहुतियाँ देनी चाहिये, उन्हें चार-चार आहुतियाँ दे। विनायकादि से लेकर दिक्पालों तक जो यज्ञसंरक्षक देवता हैं, उन्हें दो-दो आहुतियाँ दे। फिर सर्वतोभद्रमण्डल में स्थित देवताओं को होम करके प्रधान देवता महाकाली, महालक्ष्मी तथा महासरस्वती को गुडूची (गिलोय), खीर, दूब, तिल, पलाशपुष्प, सरसों, पूगीफल, लाजा, यव, बेलफल, रक्तचन्दन, गुग्गुलु, द्राक्षा, केलाफल, मधुलिप्त ईख के टुकड़ों, नारियल के टुकड़ों, जायफलों, नींबू के फलों तथा अन्य मधुर द्रव्यों से अथवा काले तिल-मिश्रित घृताक्त पायस से ('शूलेन पाहि नो देवि०' इत्यादि चार श्लोकों को छोड़कर सप्तशती के शेष श्लोकों से) दश आवृत्तियों में होम करना चाहिये। उन्हीं द्रव्यों से ही नवार्ण मन्त्र जपसङ्ख्या के दशांश का भी होम करनी चाहिये।

अध्यायसमाप्तौ उवाचस्थले च पत्रपुष्पैर्होमः कार्यः। एवं प्रधानदेवहोमं कृत्वा पूर्वोक्तजयादिपीठशक्तिभ्यो यन्त्रावरणदेवताभ्यश्च योगिनीभ्यश्च एकैकयाहुत्या साज्यं पायसं च जुहुयात्। ततः स्विष्टकृदादिप्रायश्चित्तहोमान्तं कृत्वा इन्द्रादिलोकपालेभ्यः सूर्यादिग्रहेभ्यः क्षेत्रपालादिभ्यश्च माषभक्तबलींस्तत्तन्मन्त्रैर्दद्यात्। ततो हस्तौ पादौ प्रक्षाल्याचम्य 'समुद्रादूर्मिः' इत्यादिमन्त्रैः नवार्णमन्त्रेण 'नमो देव्यै महादेव्यै' इत्यादिमन्त्रैश्च पूर्णाहुतिं दत्त्वा प्रणीताविमोकादिकर्म्मशेषं समाप्य होमान्ते जले चण्डिकां सम्पूज्य मूलमन्त्रेण होमदशांशेन दुग्धमिश्रजलेन ॐ देवीं चण्डिकां तर्पयामीत्युक्त्वा तर्पणं कार्यम्। ततस्तर्पणदशांशेन मूलमन्त्रान्ते 'आत्मानमभिषिञ्चामि नमः' इति यजमानमूर्ध्न्यभिषेकः कार्यः। ततो यजमानः आचार्यादीन् वस्त्राद्यैः सम्पूज्य तेभ्यो निष्कं सुवर्णं वा गोमिथुनानि च प्रत्येकं दक्षिणां दद्यात्। आचार्याय द्विगुणं देयम्। सति सम्भवे कपिलगोनीलमणिश्वेताश्वच्छत्रचामरभूमिशय्यासप्तधान्यानि यथासम्भवं दद्यात्। तत आचार्यादयः कलशोदकेन सपत्नीकं सकुटुम्बं यजमानं वेदमन्त्रैः 'सुरास्त्वा०' इत्यादिपौराणिकैर्ग्रहमन्त्रैश्चाभिषिञ्चेयुः। ततो यजमानो ग्रहाणामुत्तरपूजां कृत्वा ग्रहाग्निं विसृज्य देवीं पञ्चोपचारैः सम्पूज्य महाबलिं दद्यात्।

अध्याय की समाप्ति पर पत्रों-पुष्पों से होम करना चाहिये। इस प्रकार प्रधानहोम करके फिर पूर्वोक्त जयादि पीठशक्तियों, यन्त्रावरण देवताओं, योगिनियों को भी घृत एवं पायस सहित एक-एक आहुति दे। फिर 'स्विष्टकृत्' से लेकर प्रायश्चित्त होम तक के सभी होम सम्पन्न करके इन्द्रादि लोकपालों, सूर्यादि ग्रहों तथा क्षेत्रपालादि के लिये माषभक्त (उबले उड़द) की बलि उनके मन्त्रों से दे। फिर हाथ-पैर धोकर आचमन करके समुद्रादूर्मि इत्यादि

मन्त्रों से अथवा नवार्ण मन्त्र से तथा 'नमो देव्यै महादेव्यै०' इत्यादि मन्त्रों से पूर्णाहुति करके प्रणीता विमोक-पर्यन्त कर्मों को समाप्त कर होम के अन्त में जल में चण्डिका की पूजा करके मूल मन्त्र के द्वारा होमसङ्ख्या का दशांश तर्पण दुग्धमिश्रित जल से 'ॐ चण्डिकादेवीं तर्पयामि' यह कहकर करना चाहिये। फिर मूल मन्त्र में ही तर्पणसङ्ख्या का दशांश 'आत्मानमभिषिञ्चामि' जोड़कर मार्जन यजमान अपने सिर पर करे।

फिर यजमान आचार्यादि को वस्त्रादि से पूजित करके उनको निष्क सुवर्ण अथवा गोमिथुन दक्षिणा के रूप में दे। आचार्य को द्विगुणित दक्षिणा देनी चाहिये। कपिलागाय, नीलमणि, श्वेताश्व, छत्र, चामर, शय्या, भूमि तथा सप्तधान्य भी यथासम्भव देना चाहिये। फिर आचार्यादि ब्राह्मण कलशोदक से सपत्नीक-सकुटुम्ब यजमान का 'सुरास्त्वामभिषिञ्चामि' इत्यादि वेदमन्त्रों एवं पौराणिक मन्त्रों से अभिषेक करे। फिर यजमान ग्रहों की उत्तरपूजा करके ग्रहाग्नि का विसर्जन कर देवी की पञ्चोपचारों से पूजा कर महाबलि प्रदान करे।

(तत्र क्षत्त्रियादिनाऽश्वमेषच्छागमहिषाणामन्यतरो देयः)। विप्रेण तु कूष्माण्डबिल्वफलमिक्षवश्च देयाः। तद्यथा— देवीं द्रोणपुष्पबिल्वपत्राम्रदलजातीचम्पकैः सम्पूज्य कर्ता उदङ्मुखः पूर्वमुखं देव्यभिमुखं वा बलिं गन्धादिनाभ्यर्च्य,

पशुस्त्वं बलिरूपेण मम भाग्यादुपस्थितः। प्रणमामि ततः सर्वरूपिणं बलिरूपिणम्॥
चण्डिकाप्रीतिदानेन दातुरापद्विनाशनम्। चामुण्डाबलिरूपाय बले तुभ्यं नमोऽस्तु मे॥
यज्ञार्थं बलयः सृष्टाः स्वयमेव स्वयम्भुवा। अतस्त्वां घातयाम्यद्य तस्माद्यज्ञे वधोऽवधः॥

इति बलिमभिमन्त्र्य 'ॐ ह्रीं श्रीं' इति मन्त्रपुष्पं क्षिप्त्वा 'रसना त्वं चण्डिकायाः सुरलोकप्रसाधकः, 'ॐ ह्रां ह्रीं खड्ग आं हुं फट्' इति खड्गमन्यद्वा शस्त्रं सम्पूज्य 'ॐ कालिकालि यज्ञेश्वरि लोहदण्डायै नमः' इति बलिं छेदयित्वा 'ॐ ऐं ह्रीं कौशिकि रुधिरेणाप्यायताम्' इति देव्यै निवेद्य ततो माषपिष्टमयं शत्रुं कृत्वा खड्गेन च्छेदयित्वा स्कन्दाय विशिखाय च दत्त्वा बलिशेषं रक्षोभ्यो हरेत्। मन्त्रस्तु 'ॐ ह्रीं स्फुरस्फुर कुम्भ २ सूनु २ गुलु २ धुनु २ मारय २ विद्रावय २ विदारय २ कम्पय २ कम्पातय २ पूरय २ ॐ ह्रीं ॐ हुं फट् हुं मर्दय २ हुम्।' ततः शेषबलिं बहिर्दद्यात्।

बलिं गृह्णन्त्विमं देवा आदित्या वसवस्तथा। मरुतश्चाश्विनौ रुद्राः सुपर्णाः पन्नगाः खगाः॥
असुरा यातुधानश्च पिशाचोरगराक्षसाः। डाकिन्यो यक्षवेताला योगिन्यः पूतनाः शिवाः॥
जृम्भकाः सिद्धगन्धर्वा नागा विद्याधरा नगाः। दिक्पाला लोकपालाश्च ये च विघ्नविनायकाः॥
जगतां शान्तिकर्तारो ब्रह्माद्याश्च महर्षयः। मा विघ्नं मा च मे पापं मा सन्तु परिपन्थिनः॥
सौम्या भवन्तु तृप्ताश्च भूतप्रेताः सुखावहाः॥

इति मन्त्रान् पठेत्।

अयं बलिः शूद्रेण दुर्ब्राह्मणेन वा नेयः। ततः स्नात्वा तिलकं धृत्वा देवीं प्रार्थयेत्। तत्र मन्त्राः—'खड्गिनी शूलिनी घोरा०॥ १॥ शूलेन पाहि नो देवि०॥ ४॥ नमो देव्यै महादेव्यै०॥ ५॥ रूपं देहि यशो देहि भर्गं भगवति देहि मे। पुत्रान् देहि धनं देहि सर्वान्कामांश्च देहि मे॥ ६॥ महिषघ्नि महामाये चामुण्डे मुण्डमालिनि। आयुरारोग्यमैश्वर्यं देहि देवि नमोऽस्तु ते॥ ७॥ इति देवीं सम्प्रार्थ्य,

गुह्यातिगुह्यगोप्त्री त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम्। सिद्धिर्भवतु मे देवि प्रसादात्तव सुन्दरि॥

इति देव्यै जपं निवेद्य देशकालौ सङ्कीर्त्य 'कृतस्य कर्मणः साङ्गतासिद्ध्यर्थं कुमारीर्ब्राह्मणसुवासिनीर्भोजयिष्ये' इति सङ्कल्प्य पूजापूर्वकं ब्राह्मणशतं नानाभक्ष्यभोज्यैः सम्भोज्य तेभ्यो भूयसीं दक्षिणां दत्त्वा प्रदक्षिणां कृत्वा आशिषो गृह्णीयात्। ततो मूलमन्त्रेण पुष्पेण देवीमुद्वास्य तेनैव षडङ्गं कृत्वा 'उत्तिष्ठ ब्रह्मण०॥ १॥ उत्तिष्ठ देवि चण्डेशि शुभां पूजां प्रगृह्य च। कुरुष्व मम कल्याणमष्टाभिः शक्तिभिः सह॥ २॥' इति विसृज्य प्रतिमामाचार्याय दत्त्वा मन्त्रं पठेत्।

त्रैलोक्यमातर्देवि त्वं सर्वभूतदयान्विते। दानेनानेन सन्तुष्टः सुप्रीताः वरदा भव॥

ततः यस्य स्मृत्या० ॥ १ ॥ प्रमादात्कुर्वतां० ॥ २ ॥' इत्यादि पठित्वा कर्मेश्वरार्पणं कृत्वा सुहृद्युक्तो भुञ्जीत। एतद्दशगुणो विधिः सहस्रचण्ड्यां तद्दशगुणो विधिरयुतचण्ड्यां च ज्ञेयः। शेषं शतचण्डीवत्।

एवं कृते जगद्वश्यं सर्वे नश्यन्त्युपद्रवाः। राज्यं धनं यशः पुत्रानिष्टमन्यल्लभेत सः॥

इति पण्डितश्रीचतुर्थीलालगौडविरचितेऽनुष्ठानप्रकाशे शतचण्डीविधानप्रयोगः। श्रीचण्डिकार्पणमस्तु।

बलिदान—क्षत्रियादि को मेष, छाग, महिष आदि में किसी की बलि देनी चाहिये; परन्तु ब्राह्मण को कूष्माण्डफल (कुम्हड़ा—पेठा), बेलफल अथवा ईख की बलि देनी चाहिये। उसका विधान इस प्रकार है—देवी का द्रोणपुष्प (दोना के फूल), बिल्वपत्र, आम्रपत्र, जायफल, चम्पा आदि से पूजन करके यजमान उत्तर या पूर्व की ओर मुख करके बलि को गन्धादि से पूजित कर 'पशुस्त्वं बलिरूपेण मम भाग्यादुपस्थितः। प्रणमामि ततः सर्वरूपिणं बलिरूपिणम्॥ १ ॥ चण्डिकाप्रीतिदानेन दातुरापद् विनाशनम्। चामुण्डाबलिरूपाय बले तुभ्यं नमोस्तु मे॥ २ ॥ यज्ञार्थं बलयः सृष्टाः स्वयमेव स्वयंभुवा। अतस्त्वां घातयाम्यद्य तस्माद्यज्ञे वधोऽवधः॥ ३ ॥' इन श्लोकों को पढ़ते हुए बलि को अभिमन्त्रित कर उसपर 'ॐ ह्रीं श्रीं' कहकर पुष्प छोड़े। फिर 'रसनां त्वं चण्डिकायाः सुरलोकप्रसाधकः' तथा 'ॐ ह्रां ह्रीं खड्ग आं फट्' इन मन्त्रों से खड्ग (तलवार) या अन्य शस्त्र (गँड़ासा आदि) को पूजकर 'ॐ कलिकालि यज्ञेश्वरि लोहदण्डायै नमः' ऐसा कहकर बलि को काट दे। फिर 'ॐ ह्रीं कौशिकि रुधिरेणाप्यायताम्' कहकर बलि देवी को निवेदित करके उस बलि पदार्थ की शत्रु की मूर्ति बनाकर खड्ग से काटकर स्कन्द के लिये, विशाख के लिये देकर शेष बलि को राक्षसों को दे दे। उसका मन्त्र है—ॐ ह्रीं स्फुर-स्फुर, कुम्भ-कुम्भ, सूनु-सूनु, गुलु-गुलु, धुनु-धुनु, मारय-मारय, विद्रावय-विद्रावय, विदारय-विदारय, कम्पय-कम्पय, कम्पातय-कम्पातय, पूरय-पूरय, ॐ ह्रीं, ॐ हुं फट्, हुं मर्दय-मर्दय हुम्। शेष बलि देवीमूर्ति के बाहर (अलग) दे। उस बलिहेतु मूल में लिखित 'बलिं गृह्णन्त्विमं देवा आदित्या वसवस्तथा। मरुतश्चाश्विनौ रुद्राः सुपर्णाः पन्नगाः खगाः॥ १ ॥ असुरा यातुधानाश्च पिशाचोरगराक्षसाः। डाकिन्यो यक्षवेताला योगिन्यः पूतनाः शिवाः॥ २ ॥ जृम्भकाः सिद्धगन्धर्वाः नागा विद्याधराः खगाः। दिक्पाला लोकपालाश्च ये च विघ्नविनायकाः॥ ३ ॥ जगतां शान्तिकर्त्तारो ब्रह्माद्याश्च महर्षयः। मा विघ्नं मा च मे पापं मा सन्तु परिपन्थिनः॥ ४ ॥ सौम्याः भवन्तु तृप्ताश्च भूतप्रेतसुखावहाः॥' इन मन्त्रों को पढ़े। यह बलि शूद्र या दुर्ब्राह्मण को उठाकर ले जानी चाहिये। फिर यजमान को स्नान करके तिलक लगाकर देवी की प्रार्थना मूलपाठ में लिखे 'खड्गिनी शूलिनी घोरा' इत्यादि सात मन्त्रों से करनी चाहिये। फिर 'गुह्यातिगुह्यगोप्त्री त्वं गृहाणास्मत् कृतं जपम्। सिद्धिर्भवतु मे देवि त्वत् प्रसादात् महेश्वरि॥' कहकर देवी के दक्षिण कर में जप का निवेदन करनी चाहिये।

फिर देश-काल का उच्चारण कर 'कृतस्य कर्मणः साङ्गतासिद्ध्यर्थं कुमारीर्ब्राह्मणसुवासिनीर्भोजयिष्ये' कहकर सङ्कल्प करे। फिर सम्मानपूर्वक कुमारियों, ब्राह्मणों तथा सुवासिनों को भोजन कराये। उन्हें भूयसी दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद ग्रहण करे। फिर मूल मन्त्र पढ़कर पुष्प के द्वारा देवी का उद्वासन करे। मूल मन्त्र से ही षडङ्ग करके 'उत्तिष्ठ देवि चण्डेशि शुभां पूजां प्रगृह्य च। कुरुष्व मम कल्याणमष्टाभिः शक्तिभिः सह॥' कहकर देवी का विसर्जन कर दे तथा उनकी प्रतिमा को आचार्य को दे दे। 'त्रैलोक्यमातर्देवि त्वं सर्वभूतदयान्विते। दानेनानेन सन्तुष्टा सुप्रीता वरदा भव। यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तथा प्रमादात् कुर्वतां कर्म' इन तीन मन्त्रों को पढ़कर कर्म को ईश्वरार्पण कर दे। फिर यजमान स्वयं अपने बन्धु-बान्धवों एवं इष्टमित्रों सहित भोजन करे।

इस विधि का दशगुना सहस्रचण्डी में तथा सहस्रचण्डी से दशगुना विधि अयुत चण्डी में करना चाहिये। शेष सब विधि शतचण्डी की भाँति ही सहस्रचण्डी तथा लक्षचण्डी में होती है। ऐसा करने से सभी उपद्रव नष्ट होते हैं और कर्त्ता राज्य, धन, यश, पुत्र तथा अभीष्ट को प्राप्त करता है।

देव्यथर्वशीर्षम्

ॐ सर्वे देवा वै देवीमुपतस्थुः कासि त्वं महादेवी सा ब्रवीदहं ब्रह्मस्वरूपिणी मत्तः प्रकृतिपुरुषात्मकं जगच्छून्यं चाशून्यं च अहमानन्दानानन्दौ अहं विज्ञानाविज्ञाने अहं ब्रह्माब्रह्मणी द्वे ब्रह्मणी वेदितव्ये॥ १-२॥ इति वाथर्वणश्रुतिः। अहं पञ्चभूतानि अहं पञ्चतन्मात्राणि अहमखिलं जगत् वेदोऽहमवेदोऽहं विद्याहमविद्याहम् अजाहमनजाहम् अधश्चोर्ध्वं च तिर्यञ्चाहम् अहꣳरुद्रेभिर्वसुभिश्चरामि अहमादित्ये ऋत विश्वेदेवैः महं मित्रावरुणावुभौ बिभर्मि अहमिन्द्राग्नी अहमश्विनावुभौ अहꣳसोमन्त्वष्टारं पूषणं भगं दधामि अहं विष्णुमुरुक्रमं ब्रह्माणमुतप्रजापतिं दधामि अहं दधामि द्रविण ꣳ हविष्मतेसुप्राव्ये यजमानाय सुव्रते अहꣳराज्ञीसङ्गमनीवसूनाचिकितुषीप्रथमायज्ञियानाम् अहꣳसुवे पितरमस्य मूर्द्धन्मम योनिरस्वात् समुद्रे य एवं वेद स दैवीꣳ सम्पदमाप्नोति ते देवा अब्रुवन्—

नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सततं नमः। नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताः स्म ताम्॥
तामग्निवर्णां तपसा ज्वलन्तीं वैरोचनीं कर्मफलेषु जुष्टां। दुर्गां देवीं शरणं प्रपद्यामहेऽसुरान्नाशयित्र्यै ते नमः॥
देवीं वाचमजनयन्त देवास्तां विश्वरूपाः पशवो वदन्ति। सानोमन्देषमूर्जंदुहानाधेनुर्वागस्मानुपसुष्टुतैतु ॥

कालरात्रीं ब्रह्मस्तुतां वैष्णवीं स्कन्दमातरम्। सरस्वतीमदितिं दक्षदुहितरं नमामः। पावनां शिवाम्।

महालक्ष्म्यै च विद्महे सर्वशक्त्यै च धीमहि। तन्नो देवीप्रचोदयात्। अदितिर्ह्यजनिष्टं दक्षयादुहितातव। तान्देवाअन्वजायन्ते भद्राअमृततबन्धवः कामेयोनिः कमलावज्रपाणिगुहाहं सामातलिश्चाभ्रमिन्द्रः पुनर्गुहा सकलामायया चापृथक् क्लेशाविश्वमातादिविद्याः। एषात्मशक्तिः एषा विश्वमोहिनीपाशाङ्कुशधनुर्बाणधरा। एषा श्रीमहाविद्या। य एवं वेद स शोकं तरति। नमस्ते भगवति मातरस्मान्याहि सर्वतः। सैषा वैष्णवा वसवः सैवैकादशरुद्राः सैषा द्वादशादित्याः सैषा विश्वेदेवाः सोमपा असोमपाश्च सैषा यातुधाना असुरा रक्षांसि पिशाचयक्षसिद्धाः सैषा सत्त्वरजस्तमांसि सैषा ब्रह्मविष्णुरुद्ररूपिणी सैषा प्रजापतीन्द्रमनवः सैषा ग्रहनक्षत्रज्योतिष्कलाकाष्ठादिविश्वरूपिणी तामहं प्रणौमि नित्यम्।

पापापहारिणी देवी भुक्तिमुक्तिप्रदायिनी। अनन्तां विजयां शुद्धां शरण्यां सर्वदा शिवाम्॥
वियदाकारसंयुक्तं वीतिहोत्रसमन्वितम्। अर्द्धेन्दुलसितं देव्या बीजं सर्वार्थसाधकम्॥
एवमेकाक्षरं मन्त्रं यतयः शुद्धचेतसः। ध्यायन्ति परमानन्दमया ज्ञानाम्बुराशयः॥
वाङ्मयाब्रह्मभूस्तस्मात् षष्ठवक्त्रसमन्वितम्। सूर्योवामश्रोत्रबिन्दुसंयुक्ताष्टतृतीयकम् ॥
नारायणेन सम्मिश्रो वायुश्चाधारयुक्तयः। विच्चे नवार्णकोणस्य महानानन्ददायकः॥
हृत्पुण्डरीकमध्यस्थां प्रातःसूर्यसमप्रभाम्। पाशाङ्कुशधरां सौम्यां वरदाभयहस्तिकाम्॥
त्रिनेत्रां रक्तवसनां भक्तकामदुहं भजे। भजामि त्वां महादेवि महाभयविनाशिनि॥
महादारिद्र्यशमनि महाकारुण्यरूपिणि॥

यस्याः स्वरूपं ब्रह्मादयो न जानन्ति तस्मादुच्यते अज्ञेया। यस्या अन्तो न लभ्यते तस्मादुच्यतेऽनन्ता। यस्या लक्षं नोपलभ्यते तस्मादुच्यते अलक्ष्या। यस्या जननं नोपलक्ष्यते तस्मादुच्यते अजा। एकैव सर्वत्र वर्तते तस्मादुच्यते एका। एकैवं विश्वरूपिणी तस्मादुच्यतेऽनेका। अत एवोच्यतेऽज्ञेयानन्तालक्ष्याजैकानेकामन्त्राणां मातृकादेवीशब्दानां ज्ञानरूपिणी ज्ञानानां चिन्मयातीता शून्यसाक्षिणी। यस्याः परतरं नास्ति सैषा दुर्गा प्रकीर्तिता। तां दुर्गां दुर्गमां देवीं दुराचारविघातिनीम्॥ नमामि भवभीतोऽहं संसारार्णवतारिणीम्॥

इदमथर्वशीर्षं योऽधीते स पञ्चाथर्वशीर्षफलमाप्नोति। इदमथर्वशीर्षमज्ञात्वा योऽर्चां ॐ स्थापयति। शतलक्षं प्रजप्त्वापि नार्चाशुद्धिं च विन्दति। शतमष्टोत्तरं चास्य पुरश्चर्याविधिः स्मृतः॥ दशवारं पठेद्यस्तु सद्यः पापात्प्रमुच्यते। महादुर्गाणि तरति महादेव्याः प्रसादतः। सायमधीयानो दिवसकृतं पापं नाशयति। प्रातरधीयानो रात्रिकृतं पापं नाशयति। सायंप्रातः प्रयुञ्जानोऽपापो भवति। निशीथे तुरीयसन्ध्यायां जप्तुर्वाक्सिद्धिर्भवति। नूतनायां प्रतिमायां जप्त्वा देवतासान्निध्यं भवति। भौमाश्विन्यां महादेवीसन्निधौ जप्त्वा महामृत्युं तरति। स महामृत्युं तरति। य एवं वेद। इत्युपनिषत्। इति देव्यथर्वशीर्षं समाप्तम्।

देवी अथर्वशीर्ष—ॐ सभी देवता देवी के निकट गये तथा पूछने लगे—हे महादेवि! आप कौन हैं ? वह बोली—मैं ब्रह्मस्वरूप हूँ तथा मुझसे प्रकृति-पुरुषात्मक (सद-असद् रूप) जगत उत्पन्न हुआ है। मैं आनन्द तथा अनानन्द रूप वाली हूँ। मैं विज्ञान तथा अविज्ञान स्वरूपिणी हूँ। मैं जानने योग्य ब्रह्म तथा अब्रह्म हूँ। मैं पञ्चभूत तथा अपञ्चभूत हूँ। मैं सम्पूर्ण जगत् हूँ। वेद तथा अवेद हूँ। मैं विद्या तथा अविद्या हूँ। मैं अजा तथा अनजा (प्रकृति तथा उससे भिन्न) हूँ। मैं नीचे, ऊपर तथा तिर्यक् (अगल-बगल) हूँ। मैं रुद्रों एवं वसुओं के रूप में सञ्चरित होती हूँ। मैं आदित्यों एवं विश्वेदेवों के रूपों में फिरा करती हूँ। मैं मित्र तथा वरुण दोनों का, इन्द्र एवं अग्नि का एवं अश्विनीद्वय का पोषण करती हूँ। मैं सोम, त्वष्टा, पूषा तथा भग को धारण करती हूँ। तीनों लोकों को अपने पादक्षेप से आक्रान्त करने वाले विष्णु को तथा ब्रह्मा एवं प्रजापति को मैं ही धारण करती हूँ। मैं देवताओं को हवि पहुँचाने वाले तथा सोमरस निकालने वाले यजमान के लिये हविर्द्रव्यों से युक्त धन को धारण करती हूँ। मैं सम्पूर्ण संसार की ईश्वरी, उपासकों को धन प्रदान करने वाली, ब्रह्मस्वरूपा तथा यजन करने योग्य देवों में प्रथमा हूँ। मैं आत्मस्वरूप पर आकाश आदि का निर्माण करती हूँ। मैं आत्मस्वरूप को धारण करने वाली बुद्धिवृत्ति में स्थित रहती हूँ। जो इस बात को जानता है, दैवी सम्पदा को प्राप्त होता है।

वे देवता बोले—देवी को प्रणाम है, बड़ों-बड़ों को भी स्वकर्त्तव्य मार्ग पर आरूढ़ करने वाली कल्याणी को प्रणाम है। उन अग्नि के समान चमक वाली, तप से जलने वाली वैरोचनी देवी की शरण में हम देवता लोग जाते हैं। उन असुरों को नष्ट करने वाली देवी को नमस्कार है। प्राणस्वरूप देवताओं ने जिस भास्वर वैखरी वाणि का प्रदान किया, उसे अनेक प्रकार के प्राणी बोलते हैं। वह कामधेनु के समान आनन्ददायक, अन्न तथा बलदायक, वाणीरूप भगवती उत्तम स्तुति से सन्तुष्ट होकर हमारे समीप पधारने की कृपा करे। काल की नाशक, वेदों द्वारा स्तुत, विष्णुशक्ति, स्कन्दमाता (शिवशक्ति), देवमाता (अदिति), सरस्वती (ब्रह्मशक्ति), दक्षकन्या (सती), पापनाशिनी कल्याणकारिणी देवी को हम (देवगण) प्रणाम करते हैं। हम महालक्ष्मी को जानते हैं। हम उन शक्तिस्वरूपिणी का ही ध्यान करते हैं। वह देवी हमें ज्ञान में प्रवृत्त करे।

हे दक्ष! आपकी पुत्री अदिति से देव उत्पन्न हुए हैं। काम (क), योनि (ए), कमला (ई), वज्रपाणि इन्द्र ('लं' बीज), गुहा (ह्रीं बीज), सकल वर्ण तथा माया बीज (ह्रीं)—यह सर्वात्मिका जगन्माता की मूल विद्या है तथा वह ब्रह्मस्वरूपिणी है। ये परात्म शक्ति हैं। ये विश्वमोहिनी हैं; जो पाश, अङ्कुश, धनुष, बाण को धारण करने वाली हैं। ये श्री महाविद्या हैं। जो इस बात को जानता है, वह व्यक्ति सभी शोक से पार हो जाता है। हे भगवति! आपको नमस्कार है। हे माता! आप हम देवों की रक्षा करें।

(मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने कहा)—वही यातुधान है; वही असुर, राक्षस, पिशाच, यक्ष तथा सिद्ध हैं; वही सत्व-रज-तम हैं। वही ब्रह्म-विष्णु-रुद्रस्वरूपिणी है। वही प्रजापति, इन्द्र एवं मन है। वही देवी इन ग्रह, नक्षत्र, तारों, कला, काष्ठा आदि के रूप में प्रकट है। वह पापनाशक, भोग-मोक्षप्रद, अन्तरहित, विजयाधिष्ठात्री, दोषरहित,

शरण्या, कल्याणदात्री तथा मङ्गलरूपिणी है; उसे हम प्रणाम करते हैं। आकाश (ह) तथा 'ई' वर्ण से युक्त जो वीतिहोत्र (अग्नि='रं' बीज) युक्त अर्धचन्द्र से अलंकृत देवीबीज है, वह सभी मनोरथों को पूरा करना है। इस एकाक्षर ब्रह्म (ह्रीं) को शुद्ध चित्त वाले साधक ज्ञान के सागर होकर ध्याते हैं। हे चित्स्वरूपिणी महासरस्वती, हे सद्रूपिणी महालक्ष्मी, हे आनन्दरूपिणी महाकाली! ब्रह्मविद्या पाने के लिये हम प्रत्येक समय आपका ध्यान करते हैं। आपको नमस्कार है। आप अविद्या रज्जु की हृद्ग्रन्थि को खोलकर मुझे मुक्त करो।

हृत्कमल के मध्य में रहने वाली, प्रातःकालीन सूर्य जैसी कान्ति से युक्त, पाशाङ्कुशधारिणी, मनोहर-स्वरूपिणी, वरद एवं अभयमुद्राधारिणी, त्रिनेत्रा, रक्तवस्त्रधारिणी तथा कामधेनु के समान भक्तों के मनोरथ को पूर्ण करने वाली देवी को मैं भजता हूँ। महाभयनाशिनी, महासङ्कट को शान्त करने वाली, करुणामयी देवीमूर्ति! आपको नमस्कार है। जिस देवी का स्वरूप ब्रह्मादि देवता भी नहीं जानते हैं, इसलिये वह अज्ञेया कहलाती है। अन्त न मिलने से वह अनन्ता है। लक्ष्य न दिखने से वह अलक्ष्या है। जन्म का पता नहीं होने से वह अजा है। वह अकेली है, सर्वव्याप्त है। अतः एका है; किन्तु वही विश्व में नाना रूपों में दिखती है; अतः नैका है। इसीलिये वह देवी अज्ञेया, अनन्ता, अलक्ष्या, अजा, एका तथा नैका कहलाती है। सब देवों में मातृका (मूलाक्षर) रूप में, शब्दों में ज्ञान के रूप में, ज्ञानों में चिन्मयातीता के रूप में, शून्यों में शून्यसाक्षिणी के रूप में वह देवी रहती है। अतः उस दुर्गा के नाम से प्रसिद्ध देवी के समान अन्य कोई श्रेष्ठ नहीं है। अतः उन दुर्विज्ञेया, दुराचारनाशिनी, संसारतारिणी दुर्गा को मैं संसारभय से भीत होकर नमस्कार करता हूँ।

इस अथर्वशीर्ष का जो अध्ययन करता है, उसे पाँच अथर्वशीर्षों के जप का फल प्राप्त होता है। इस अथर्वशीर्ष को बिना जाने जो देवी की प्रतिमा का स्थापन करता है, उसे सैकड़ों लाख जप करने पर भी देवी-पूजा का फल नहीं मिलता है। अष्टोत्तर (१०८) जप इसकी पुरश्चरण विधि है। जो इसका दस बार पाठ करता है, वह उसी समय पापों से छुटकारा पा जाता है। जो सायङ्काल इसका पाठ करता है, वह दिन में किये गये पापों को नष्ट कर लेता है। प्रातःकाल में जो इसका अध्ययन करता है, उसके रात में किये हुए पाप नष्ट हो जाते हैं। दोनों सन्ध्याओं में इसको पढ़ने वाला निष्पाप रहता है। जो इसका मध्यरात्रि में तुरीय सन्ध्या के समय जप करता है, उसे वाक्सिद्धि प्राप्त होती है। नयी प्रतिमा पर (प्रतिष्ठा के समय) किया गया जप देवी का सान्निध्य प्राप्त कराता है। प्राणप्रतिष्ठा के समय इसका जप करने से प्राणों की प्रतिष्ठा होती है। भौमवार में अश्विनी नक्षत्र के योग से बने अमृतसिद्धि योग में इसका जप महादेवी के सान्निध्य में करने पर महामृत्यु से तर जाता है (मुक्त हो जाता है)। जो इस प्रकार से जानता है, वह महामृत्यु से तर जाता है। इस प्रकार यह (देव्यथर्वशीर्ष) अविद्यानाशिनी ब्रह्मविद्या है।

विमर्श—सामान्यतः दैनिक कृत्य में त्रिकाल सन्ध्या करने का विधान है, जिसके अनुसार प्रातः, मध्याह्न तथा सूर्यास्त समय—इन तीन कालों में सन्ध्या करने का नियम है; परन्तु तन्त्रमार्ग में जो श्रीविद्या के साधक होते हैं, वे चार समय सन्ध्योपासना करते हैं, इनमें चौथी सन्ध्या निशीथ काल (अर्धरात्रि के समय) में की जाती है। इसी का नाम तुरीय सन्ध्या है।

लक्ष्मीमन्त्रानुष्ठानम्

श्रीगणेशाय नमः। अथ लक्ष्मीमन्त्रानुष्ठानविधानं शारदातिलके—

अथ वक्ष्ये श्रियो मन्त्रान् श्रीसौभाग्यफलप्रदान्। यस्याः कटाक्षमात्रेण त्रैलोक्यमपि वर्द्धते॥ १॥

तत्र तावल्लक्ष्म्या एकाक्षरमन्त्रपुरश्चरणप्रयोगः। मन्त्रस्वरूपं यथा 'श्रीं' इत्येकाक्षरो बीजमन्त्रः॥ १॥ ऐं श्रीं ह्रीं क्लीं इति चतुर्बीजात्मको मन्त्रः॥ २॥ अस्य लक्ष्मीबीजमन्त्रस्य भृगुर्ऋषिः निचृच्छन्दः श्रीलक्ष्मीः देवता। शं बीजम्। ईं शक्तिः। रं कीलकम्। सर्वेष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः। ॐ भृगुऋषये नमः शिरसि॥ १॥ ॐ निचृच्छन्दसे नमः मुखे॥ २॥ ॐ श्रीदेवतायै नमः हृदये॥ ३॥ ॐ शं बीजाय नमः गुह्ये॥ ४॥ ईं शक्तये नमः पादयोः॥ ५॥ रं कीलकाय नमः सर्वाङ्गे॥ ६॥ इति ऋष्यादिन्यासः। ॐ श्रां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः॥ १॥ ॐ श्रीं तर्जनीभ्यां नमः॥ २॥ ॐ श्रूँ मध्यमाभ्यां नमः॥ ३॥ ॐ श्रैँ अनामिकाभ्यां नमः॥ ४॥ ॐ श्रौँ कनिष्ठिकाभ्यां नमः॥ ५॥ ॐ श्रः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः॥ ६॥ इति करन्यासः। एवमेव हृदयादिन्यासं कृत्वा ध्यायेत्।

एकाक्षरमन्त्रध्यानम्—

कान्त्या काञ्चनसन्निभां हिमगिरिप्रख्यैश्चतुर्भिर्गजैर्हस्तोत्क्षिप्तहिरण्मयामृतघटैरासिच्यमानां श्रियम्।
बिभ्राणां वरमब्जयुग्ममभयं हस्तैः किरीटोज्ज्वलां क्षौमाबद्धनितम्बबिम्बलसितां वन्देऽरविन्दस्थिताम्॥

अथ चतुरक्षरमन्त्रध्यानम्—

माणिक्यप्रतिमप्रभाहिमनिभैस्तुङ्गैश्चतुर्भिर्गजैर्हस्ताग्राहितरत्नकुम्भसलिलैरासिच्यमानां मुदा।
हस्ताब्जैर्वरदानमम्बुजयुगाभीतीर्दधानां हरेः कान्तां काङ्क्षितपारिजातलतिकां वन्दे सरोजासनाम्॥

इति ध्यात्वा मानसोपचारैः सम्पूज्य पीठपूजां कुर्यात्।

एकाक्षर तथा चतुरक्षर लक्ष्मी मन्त्र-प्रयोग (शारदातिलक में)—अब मैं श्री लक्ष्मी जी के सर्वसौभाग्यप्रद मन्त्रों को बता रहा हूँ, जिसके कटाक्षमात्र से तीनों लोक वृद्धि को प्राप्त होते हैं। अब प्रथम लक्ष्मी के एकाक्षर एवं चतुरक्षर मन्त्रों के प्रयोग को कहता हूँ। 'श्रीं' यह एकाक्षर मन्त्र है तथा 'ऐं श्रीं ह्रीं क्लीं' यह चतुर्बीजात्मक (चार अक्षरों का) मन्त्र है।

विनियोग—'ॐ अस्य श्रीलक्ष्मीबीजमन्त्रस्य भृगुर्ऋषिः निचृच्छन्दः श्रीलक्ष्मीः देवता शं बीजं ईं शक्तिः रं कीलकम् सर्वेष्टसिद्धिजपे विनियोगः' कहकर विनियोग करे। फिर मूल में लिखे 'ॐ भृगुऋषये नमः शिरसि' इत्यादि छः मन्त्रों से उनमें निर्दिष्ट अङ्गों में ऋष्यादिन्यास करे। फिर मूलोक्त 'ॐ श्रां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः।' इत्यादि छः मन्त्रों से उनमें निर्दिष्ट अङ्गों में करन्यास करे। तदनन्तर 'ॐ श्रां हृदयाय नमः, ॐ श्रीं शिरसे स्वाहा, ॐ श्रूं शिखायै वषट्, ॐ श्रैं कवचाय हुम्, ॐ श्रौं नेत्रत्रयाय वौषट् तथा ॐ श्रः अस्त्राय फट्' इन मन्त्रों से हृदयादिन्यास करना चाहिये (फिर ध्यान करे)। एकाक्षर मन्त्र का ध्यान इस प्रकार है—

कान्त्या काञ्चनसन्निभां हिमगिरिप्रख्यैश्चतुर्भिर्गजैर्हस्तोत्क्षिप्तहिरण्मयामृतघटैरासिच्यमानां श्रियम्।
बिभ्राणां वरमब्जयुग्ममभयं हस्तैः किरीटोज्ज्वलां क्षौमाबद्धनितम्बविंबलसितां वन्देऽरविन्दस्थिताम्॥

चतुरक्षर मन्त्र का ध्यान इस प्रकार है—

माणिक्यप्रतिमप्रभाहिमनिभैस्तुङ्गैश्चतुर्भिर्गजैर्हस्ताग्राहितरत्नकुम्भसलिलैरासिच्यमानां मुदा।
हस्ताब्जैर्वरदानमम्बुजयुगाभीतीर्दधानां हरेः कान्तां काङ्क्षितपारिजातलतिकां वन्दे सरोजासनाम्॥

इस प्रकार से जिस मन्त्र का अनुष्ठान करना हो, उसका ध्यान करे। फिर मानसोपचार से श्री लक्ष्मी जी की पूजा करके पीठपूजा करे।

ॐ मण्डूकादिपरतत्त्वान्तपीठदेवताभ्यो नमः इति पीठदेवताः सम्पूज्य पूर्वादिषु ॐ विभूत्यै नमः॥ १॥ ॐ उन्नत्यै नमः॥ २॥ ॐ कान्त्यै नमः॥ ३॥ ॐ सृष्ट्यै नमः॥ ४॥ ॐ कीर्त्यै नमः॥ ५॥ ॐ सन्नत्यै नमः॥ ६॥ ॐ पुष्ट्यै नमः॥ ७॥

ॐ उत्कृष्ट्यै नमः ॥ ८ ॥ (मध्ये) ॐ ऋद्ध्यै नमः ॥ ९ ॥ इति पीठशक्तीः पूजयेत्। तदुपरि श्रीकमलासनाय नमः इत्यासनं दत्त्वा मूलेन मूर्तिं प्रकल्प्य पाद्यादिपुष्पान्तैरुपचारैः सम्पूज्य आवरणपूजां कुर्यात्।

पीठपूजा—'ॐ मण्डूकादिपरतत्वान्तपीठदेवताभ्यो नमः' कहकर पीठदेवताओं को पूजकर मूल में लिखित पूर्वादि आठ दिशाओं में प्रदक्षिणक्रम से 'ॐ विभूत्यै नमः' इत्यादि आठ मन्त्रों से क्रमशः पूजन करे, फिर पीठ के मध्य भाग में 'ॐ ऋद्ध्यै नमः' कहकर नौ पीठशक्तियों का पूजन सम्पन्न करना चाहिये। फिर उस पीठ पर 'श्रीकमलासनाय नमः' कहकर लक्ष्मी जी को आसन दे। फिर मूल मन्त्र से लक्ष्मी जी की मूर्ति की कल्पना करके पाद्यादि पुष्पान्त उपचारों से पूजन कर फिर आवरणपूजा करनी चाहिये।

(षट्कोणे) आग्नेयादिकोणकेसरेषु मध्ये दिक्षु च ॐ श्रां हृदयाय नमः ॥ १ ॥ ॐ श्रीं शिरसे स्वाहा ॥ २ ॥ ॐ श्रूं शिखायै वषट् ॥ ३ ॥ ॐ श्रैं कवचाय हुँ ॥ ४ ॥ ॐ श्रौं नेत्रत्रयाय वौषट् ॥ ५ ॥ ॐ श्रः अस्त्राय फट् ॥ ६ ॥ इति षडङ्गानि पूजयेत्। तद्बहिरष्टदले पूर्वादिचतुर्दिक्षु क्रमेण ॐ वासुदेवाय नमः ॥ १ ॥ ॐ सङ्कर्षणाय नमः ॥ २ ॥ ॐ प्रद्युम्नाय नमः ॥ ३ ॥ ॐ अनिरुद्धाय नमः ॥ ४ ॥ (कोणदलेषु) ॐ दमकाय नमः ॥ ५ ॥ ॐ सलिलाय नमः ॥ ६ ॥ ॐ गुग्गुलाय नमः ॥ ७ ॥ ॐ कुरुण्डकाय नमः ॥ ८ ॥ इति पूजयेत्। (ततो देवीदक्षिणभागे) ॐ शङ्खनिधये नमः ॥ १ ॥ ॐ वसुधायै नमः ॥ २ ॥ (देवीवामे) ॐ पद्मनिधये नमः ॥ १ ॥ ॐ वसुमत्यै नमः ॥ २ ॥ इति पूजयेत्। (ततोऽष्टदलाग्रेषु पूर्वादिक्रमेण) ॐ बलाक्यै नमः ॥ १ ॥ ॐ विमलायै नमः ॥ २ ॥ ॐ कमलायै नमः ॥ ३ ॥ ॐ नवमालिकायै नमः ॥ ४ ॥ ॐ विभीषिकायै नमः ॥ ५ ॥ ॐ भालिकायै नमः ॥ ६ ॥ ॐ शाङ्कर्य्यै नमः ॥ ७ ॥ ॐ सुमालिकायै नमः ॥ ८ ॥ इति पूजयेत्। तद्बाह्ये इन्द्रादीन् दशदिक्पालान् पूजयेत्। तद्बाह्ये वज्राद्यायुधानि च पूजयेत्। इत्यावरणपूजां कृत्वा धूपादिनमस्कारान्तं सम्पूज्य स्तवेन स्तुत्वा जपं कुर्यात्। अस्य पुरश्चरणं द्वादशलक्षजपः। अन्यत्सर्वं पूर्ववत्।

आवरण-पूजा—सर्वप्रथम षट्कोण में आग्नेयादि कोण, केसरों के मध्य तथा दिशाओं में 'ॐ श्रां हृदयाय नमः' इत्यादि मूल में लिखित छः मन्त्रों से पूजन करे। इस प्रकार षडङ्ग पूजन करने के पश्चात् बाहर अष्टदलों में मूलोक्त 'ॐ वासुदेवाय नमः' इन चार मन्त्रों से मुख्य दिशाओं में फिर 'ॐ दमकाय नमः' इत्यादि शेष चार मन्त्रों से चारो कोणों (विदिशाओं) के दलों में पूजन करे। फिर देवी के दक्षिण भाग में 'ॐ शङ्खनिधये नमः तथा ॐ वसुधायै नमः' से पूजन करे। फिर उनके वामभाग में 'ॐ पद्मनिधये नमः तथा ॐ वसुमत्यै नमः' से पूजन करे। फिर आठो दलों में क्रम से 'ॐ बलाक्यै नमः' इत्यादि मूलोक्त आठ मन्त्रों से पूजन करना चाहिये। फिर उसके बाहर दश दिक्पालों तथा उनके बाहर उनके वज्रादि आयुधों की पूजा करनी चाहिये। इस प्रकार से आवरण-पूजा करके धूपादि नमस्कारान्त पूजित कर लक्ष्मीस्तव (आगे दिये गये हैं) से स्तुति कर मन्त्र (एकाक्षरी मन्त्र अथवा चतुरक्षरी मन्त्र) का जप करना चाहिये। इन मन्त्रों का पुरश्चरण बारह लाख जप करने से होता है। अन्य सब पूर्ववत् करना चाहिये।

तथा च—

भानुलक्षं जपेन्मन्त्रं दीक्षितो विजितेन्द्रियः। श्रियमभ्यर्चयेन्नित्यं सुगन्धिकुसुमादिभिः ॥
तत्सहस्रं प्रजुहुयात्कमलैर्मधुरोक्षितैः। जपान्ते जुहुयान्मन्त्री तिलैर्वा मधुराप्लुतैः ॥
बैल्वैः फलैर्वा जुहुयात्त्रिभिर्वा साधकोत्तमः। इत्थं यो भजते देवीं विधिना साधकोत्तमः ॥
धनधान्यसमृद्धिः स्याच्छ्रियमाप्नोत्यनिन्दिताम् ॥
वक्षःप्रमाणे सलिले स्थित्वा मन्त्रमिमं जपेत्। त्रिलक्षं संयतो मन्त्री देवीं ध्यात्वार्कमण्डले ॥
स भवेदल्पकालेन रमाया वसतिः स्थिरा। विष्णुगेहस्थबिल्वस्य मूलमास्थाय मन्त्रवित् ॥

त्रिलक्षं प्रजपेन्मन्त्रं वाञ्छितं लभते धनम्। अशोकवह्नौ जुहुयात्तण्डुलैराज्यलोलितैः॥
वशयत्यचिरादेव त्रैलोक्यमपि मन्त्रवित्। जुहुयात्तण्डुलैः शुद्धैरर्काग्नौ नियुतं वशी॥
राज्यश्रियमवाप्नोति राजपुत्रो महीयसीम्। जुहुयात्खादिरे वह्नौ तण्डुलैर्मधुरोक्षितैः॥
राजा वश्यो भवेच्छीघ्रं महालक्ष्मीश्च वर्द्धते। बिल्वछायामधिवसन्बिल्वमिश्रहविष्यभुक् ॥
संवत्सरद्वयं हुत्वा तत्फलैरथवाम्बुजैः। साधकेन्द्रो महालक्ष्मीं चक्षुषा पश्यति ध्रुवम्॥
हविषा घृतसिक्तेन पायसेन ससर्पिषा। हुत्वा श्रियमवाप्नोति नियुतं मन्त्रवित्तमः॥
मधुराक्तारुणाम्भोजैर्जुहुयाल्लक्षमादरात् । न मुञ्चति रमा तस्य वंशमाभूतसम्प्लवम्॥
इत्येकाक्षरचतुरक्षरलक्ष्मीमन्त्रपुरश्चरणप्रयोगः।

पुरश्चरण की फलश्रुति—दीक्षा लेकर जितेन्द्रिय होकर बारह लाख जप करते हुए प्रतिदिन लक्ष्मी का पूजन सुगन्ध कुङ्कुमादि से करे। जप का दशांश मधुरत्रय (घी, दूध तथा मधु—ये तीन मधुरत्रय हैं) से आप्लावित कर कमलों से अथवा मधुर-प्लावित तिलों से अथवा बेलफलों के तीन टुकड़े करके साधक को हवन करना चाहिये। जो इस प्रकार से देवी को भजता है, उसके धन-धान्य की समृद्धि होती है तथा उसे नित्य ही लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। यदि आवक्ष गहरे जल में खड़े होकर इस मन्त्र को तीन लाख की सङ्ख्या में जपे तथा सूर्यमण्डल में देवी का ध्यान करे तो उसके यहाँ एक कल्प समय तक लक्ष्मी स्थिर रहती है। भगवान् विष्णु के मन्दिर प्राङ्गण में लगे बेलवृक्ष की जड़ में बैठकर यदि इस मन्त्र का जप किया जाय तो वाञ्छित धन की प्राप्ति होती है। यदि अशोक की समिधा की अग्नि में घृताक्त चावलों से हवन किया जाय तो तीनों लोक शीघ्र ही वश में हो जाते हैं। यदि आक की समिधा की अग्नि में हवन करे तो उस राजपुत्र को राज्यलक्ष्मी की प्राप्ति होती है। यदि खैर की समिधाओं की अग्नि में मधुर-मिश्रित तण्डुल से हवन करे तो उसके वश में राजा हो जाता है और उसकी लक्ष्मी बढ़ती है। यदि बेलवृक्ष की छाया में बैठकर बेलफल-मिश्रित हविष्य का भोजन करते हुये दो वर्ष तक बेलफलों अथवा कमलों से हवन करे तो वह अपने नेत्रों से निश्चित ही लक्ष्मी के दर्शन करता है। यदि घी मिश्रित पायस से हवन करे तो लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। मधुराक्त लाल कमल के फूलों से एक लाख हवन भक्तिपूर्वक करे तो लक्ष्मी उसके वंश को छोड़कर नहीं जाती है। इस प्रकार यह एकाक्षर तथा चतुरक्षर लक्ष्मी मन्त्र की प्रयोगविधि समाप्त हुई।

दक्षाक्षरलक्ष्मीमन्त्रप्रयोगः

मन्त्रो यथा—'नमः कमलवासिन्यै स्वाहा' इति दशाक्षरो मन्त्रः। अस्य मन्त्रस्य दक्षऋषिः। विराट् छन्दः। लक्ष्मीर्देवता। इष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः। ॐ दक्षऋषये नमः शिरसि॥ १॥ ॐ विराट्छन्दसे नमः मुखे॥ २॥ ॐ लक्ष्मीदेवतायै नमः हृदि॥ ३॥ इति ऋष्यादिन्यासः। ॐ देव्यै नमः अङ्गुष्ठाभ्यां नमः॥ १॥ ॐ पद्मिन्यै नमः तर्जनीभ्यां नमः॥ २॥ ॐ विष्णुपत्न्यै नमः मध्यमाभ्यां नमः॥ ३॥ ॐ वरदायै नमः अनामिकाभ्यां नमः॥ ४॥ ॐ कमलरूपायै नमः कनिष्ठिकाभ्यां नमः॥ ५॥ इति करन्यासः। एवं नेत्रहीनं हृदयादिपञ्चाङ्गन्यासं कृत्वा ध्यायेत्। ध्यानम्—

आसीना सरसीरुहे स्मितमुखी हस्ताम्बुजैर्बिभ्रती दानं पद्मयुगाभये च वपुषा सौदामिनीसन्निभा।
मुक्तादामविराजमानपृथुलोत्तुङ्गस्तनोद्भासनी पायान्नः कमला कटाक्षविभवैरानन्दयन्ती हरिम्॥
इति ध्यात्वा पूर्वोक्तावरणपूजां कृत्वा जपं कुर्यात्। अस्य पुरश्चरणं दशलक्षणजपः।

दशाक्षर लक्ष्मी मन्त्र-प्रयोग—'नमः कमलवासिन्यै स्वाहा' यह दशाक्षरों वाली लक्ष्मी मन्त्र है। विनियोग-हेतु 'ॐ अस्य दशाक्षरलक्ष्मीमन्त्रस्य दक्षऋषिः विराट्च्छन्दः। लक्ष्मीर्देवता। इष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः' कहकर जल

छोड़े। फिर 'ॐ दक्षऋषये नमः शिरसि, ॐ विराट् छन्दसे नमः मुखे तथा ॐ लक्ष्मीदेवतायै नमः हृदि' कहकर ऋष्यादि न्यास क्रमशः शिर-मुख तथा हृदय में करे। तत्पश्चात् 'ॐ देव्यै नमः अङ्गुष्ठाभ्यां नमः, ॐ पद्मिन्यै नमः तर्जनीभ्यां नमः, ॐ विष्णुपत्न्यै नमः मध्यमाभ्यां नमः, ॐ वरदायै नमः अनामिकाभ्यां नमः, ॐ कमलरूपायै नमः कनिष्ठिकाभ्यां नमः' इन पाँच मन्त्रों से करन्यास करे। फिर नेत्रों को छोड़कर शेष पाँच अङ्गों का न्यास इन्हीं मन्त्रों से इस प्रकार करे—'ॐ देव्यै नमः हृदयाय नमः, ॐ पद्मिन्यै नमः शिरसे स्वाहा, ॐ विष्णुपत्न्यै नमः शिखायै वषट्, ॐ वरदायै नमः कवचाय हुम्, ॐ कमलरूपायै नमः अस्त्राय फट्।' फिर लक्ष्मी जी का ध्यान मूल में लिखित—'आसीना सरसीरुहे स्मितमुखी' इत्यादि से करे। (भावार्थ—कमल पर विराजमान, प्रसन्न मुख वाली, हाथों में दान अभयमुद्रा तथा दो कमल लिये, बिजली के समान चमक वाली मोतियों की झालरों से सुसज्जित पीन उत्तुङ्ग स्तनों से सुशोभित लक्ष्मी जी भगवान् विष्णु को आनन्दित करती हुई मेरी रक्षा करे। इस प्रकार ध्यान करके पूर्व के एकाक्षर-चतुरक्षर मन्त्र में कथित आवरण-पूजा की विधि से पीठपूजा तथा यन्त्रावरण पूजा करे (लक्ष्मी यन्त्र आगे दिया जा रहा है)। फिर इस दशाक्षर लक्ष्मी मन्त्र का दश लाख की सङ्ख्या में जप करके पुरश्चरण सम्पन्न करे।

तथा च—

दशलक्षं जपेन्मन्त्रं मन्त्रविद्विजितेन्द्रियः। दशांशं जुहुयान्मन्त्री मधुराक्तैः सरोरुहैः॥
समुद्रगायां सरिति कण्ठमात्रे जले स्थितः। त्रिलक्षं प्रजपेन्मन्त्री साक्षाद्वैश्रवणो भवेत्॥
आराध्योत्तरनक्षत्रे देवीं स्रक्चन्दनादिभिः। नन्द्यावर्तभवैः पुष्पैः सहस्रं जुहुयात्ततः॥
पौर्णमास्यां फलैर्बैल्वैर्जुहुयान्मधुराप्लुतैः। पञ्चम्यां विशदाम्भोजैः शुक्रवारे सुगन्धिभिः॥
अन्यैर्वा विशदैः पुष्पैः प्रतिमासं विशालधीः। स भवेदब्दमात्रेण सर्वदा सम्पदां निधिः॥

इति दशाक्षरलक्ष्मीमन्त्रप्रयोगः समाप्तः।

पुरश्चरण-विधि—साधक जितेन्द्रिय होकर इस मन्त्र का दश लाख जप करे तथा जप का दशांश (एक लाख) हवन मधुराक्त (घी-दूध-मधु) कमलों से करे। समुद्र में जाने वाली नदी में कण्ठमात्र जल में स्थित होकर यदि साधक इस मन्त्र (नमः कमलवासिन्यै स्वाहा) का जप करे तो वह कुबेर के समान हो जाता है। उत्तरा नक्षत्र में लक्ष्मी की लाल चन्दन आदि से पूजा करके नन्द्यावर्त्त के फूलों की एक सहस्र आहुतियाँ दे तथा पूर्णिमा के दिन मधुराप्लुत बेलपत्रों की आहुतियाँ दे। पञ्चमी को निर्मल कमलों की तथा शुक्रवार को सुगन्धि की आहुति दे। अथवा अन्य विशद् पुष्पों से प्रतिमास की पूर्णिमा पर इस दशाक्षर मन्त्र से एक वर्ष तक आहुति देता रहे तो वह बुद्धिमान् मनुष्य एक वर्ष के उपरान्त ही सम्पूर्ण सम्पदाओं का स्वामी हो जाता है।

महालक्ष्मीमन्त्रपुरश्चरणम्


मन्त्रो यथा—'ॐ ऐं ह्रीँ श्रीँ क्लीं सौं जगत्प्रसूत्यै नमः' इति द्वादशाक्षरो मन्त्रः। अस्य मन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषिः। गायत्री छन्दः। महालक्ष्मीर्देवता। सर्वेष्टसिद्ध्यर्थे विनियोगः। ॐ ब्रह्मऋषये नमः शिरसि॥ १॥ ॐ गायत्रीछन्दसे नमः मुखे॥ २॥ ॐ महालक्ष्मीदेवतायै नमः हृदि॥ ३॥ इति ऋष्यादिन्यासः। ततो मूलेन हस्तौ संशोध्य ॐ ऐं नमः अङ्गुष्ठाभ्यां नमः॥ १॥ ॐ ह्रीं नमः तर्जनीभ्यां नमः॥ २॥ ॐ श्रीं नमः मध्यमाभ्यां नमः॥ ३॥ ॐ क्लीं नमः अनामिकाभ्यां नमः॥ ४॥ ॐ सौं नमः कनिष्ठिकाभ्यां नमः॥ ५॥ ॐ जगत्प्रसूत्यै नमः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः॥ ६॥ ॐ ऐं ह्रीँ श्रीँ क्लीँ सौं जगत्प्रसूत्यै नमः इति मूर्द्धादिचरणान्तं व्यापकं न्यसेत्॥ ७॥ इति करन्यासः। ॐ ऐं नमः मूर्ध्नि॥ १॥ ॐ ह्रीं नमः मुखे॥ २॥ ॐ श्रीँ नमः वक्षसि॥ ३॥ ॐ क्लीं नमः गुह्ये॥ ४॥ ॐ सौं नमः पादयोः। इति पञ्चबीजानि विन्यसेत्। ॐ जं नमः त्वचि॥ १॥ ॐ गं नमः रक्ते॥ २॥ ॐ त्रं नमः मांसे॥ ३॥ ॐ सूं नमः मेदसि॥ ४॥ ॐ त्यैं नमः अस्थ्नि॥ ५॥ ॐ नं नमः मज्जायाम्॥ ६॥ ॐ मं नमः शुक्रे॥ ७॥ इति सप्तवर्णान् सप्तधातुषु हृदये न्यसेत्। ॐ ऐं ज्ञानाय अङ्गुष्ठाभ्यां नमः॥ १॥ ॐ ह्रीं ऐश्वर्य्याय

तर्जनीभ्यां नमः ॥ २ ॥ ॐ श्रीं शक्तये मध्यमाभ्यां नमः ॥ ३ ॥ ॐ क्लीं बलाय अनामिकाभ्यां नमः ॥ ४ ॥ ॐ सौं वीर्याय कनिष्ठिकाभ्यां नमः ॥ ५ ॥ ॐ जगत्प्रसूत्यै तेजसे नमः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः इति करन्यासः । एवमेव हृदयादिन्यासं कृत्वा ध्यायेत् ।

महालक्ष्मी मन्त्र (द्वादशाक्षर लक्ष्मी मन्त्र) **का पुरश्चरण**—'ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौं जगत्प्रसूत्यै नमः' यह द्वादशाक्षर लक्ष्मी-मन्त्र है। सर्वप्रथम 'अस्य द्वादशाक्षरलक्ष्मीमन्त्रस्य ब्रह्मात्रऋषिः । गायत्रीछन्दः । महालक्ष्मीर्देवता। सर्वेष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः' इस मन्त्र से जल छोड़कर विनियोग करे। फिर मूल में लिखित 'ॐ ब्रह्मर्षये नमः शिरसि, ॐ गायत्री छन्दसे नमः मुखे तथा ॐ महालक्ष्मीदेवतायै नमो हृदि' इन मन्त्रों से ऋष्यादि न्यास करे। फिर मूल मन्त्र से हाथों को शुद्ध कर मूल पाठ में लिखित 'ॐ ऐं नमः अङ्गुष्ठाभ्यां नमः' इत्यादि सात मन्त्रों से निर्दिष्ट अङ्गों में करन्यास करे। फिर मूलोक्त 'ॐ ऐं नमः मूर्ध्नि' इत्यादि सात मन्त्रों का उनके साथ निर्दिष्ट शरीर की सात धातुओं में न्यास करे। फिर मूल में लिखित 'ॐ ऐं ज्ञानाय अङ्गुष्ठाभ्यां नमः' इत्यादि छः मन्त्रों से पुनः करन्यास करे।

पुनः हृदयादि न्यास ॐ ऐं ज्ञानाय हृदयाय नमः, ॐ ह्रीं ऐश्वर्याय शिरसे स्वाहा, ॐ श्रीं शक्तये शिखायै वषट्, ॐ क्लीं बलाय कवचाय हुम्, ॐ सौं वीर्याय नेत्रत्रयाय वौषट् तथा ॐ जगत् प्रसूत्यै तेजसे नमः अस्त्राय फट् मन्त्रों से करे।

श्रीमहालक्ष्मीयन्त्रम्



तत्रादावुद्यानस्मरणम्—

चम्पकाशोकपुन्नागपाटलैरुपशोभितम् । लवङ्गमालतीबिल्वदेवदारुनमेरुभिः ॥
मन्दारपारिजाताद्यैः कल्पवृक्षैः सुपुष्पितैः । चन्दनैः कर्णिकारैश्च मातुलुङ्गैश्च वञ्जुलैः ॥
दाडिमीलकुचाङ्कोलैः पूगैः कुरवकैरपि । कदलीकुन्दमन्दारनारिकेरैरलङ्कृतैः ॥
अन्यैः सुगन्धिपुष्पाद्यैर्वृक्षसङ्घैश्च मण्डितम् । मालतीमल्लिकाजातीकेतकीशतपत्रकैः ॥
पारन्तीतुलसीनन्द्यावर्तैर्दमनकैरपि । सर्वर्तुकुसुमोपेतैर्नमद्भिरुपशोभितम् ॥
मन्दमारुतसम्भिन्नकुसुमामोदिदिङ्मुखम् । तस्य मध्ये सदोत्फुल्लैः कुमुदोत्पलपङ्कजैः ॥
सौगन्धिकैश्च कह्लारैर्नवैः कुवलयैरपि । हंससारसकारण्डभ्रमरैश्चक्रनामभिः ॥
अन्यैः कलकलारावैर्विहङ्गैरुपशोभितम् । महासरसि तन्मध्ये पुलिनेऽतिमनोहरे ॥
परितः पारिजाताद्यं मण्डपं मणिकुट्टिमम् । उद्यदादित्यसङ्काशं भास्वरं शशिशीतलम् ॥
चतुर्द्वारसमायुक्तं हैमप्राकारशोभितम् । रत्नापक्लृप्तिसंशोभि कपाटाष्टकसंयुतम् ॥
नवरत्नसमाक्लृप्तं तुङ्गगोपुरतोरणम् । हेमदण्डि समालम्बि ध्वजावलिपरिष्कृतम् ॥
नवरत्नसमाबद्धस्तम्भराजिविराजितम् । सहस्रदीपसंयुक्तदीपं दण्डविराजितम् ॥
तप्तहाटकसंक्लृप्तवातायनमनोहरम् । नानावर्णांशुकोद्बद्धसुवर्णशतकोटिभिः ॥
किङ्किणीमल्लिकायुक्तपताकाभिरलङ्कृतम् । जातरूपमयै रत्नविचित्रैरतिविस्तृतैः ॥
माणिक्यरत्नैर्वैडूर्य्यस्वर्णमालावलीयुतैः । अन्तरान्तरसम्बद्धरत्नैर्दृष्टिमनोहरैः ॥
विचित्रैश्चित्रवर्णैश्च वितानैरुपशोभितम् । सर्वरत्नसमायुक्तं हेमकुट्टिममुज्ज्वलम् ॥
केतकीमालतीजातीचम्पकोत्पलकेसरैः । मल्लिकातुलसीजातीनन्द्यावर्तकदम्बकैः ॥
एतैरन्यैश्च कुसुमैरलङ्कृतमहीतलम् । अम्बुकाश्मीरकस्तूरीमृगनाभितमालकैः ॥
चन्दनागरुकर्पूरैरामोदितदिगन्तरम् । एवं सञ्चिन्त्य मनसा मण्डपं सुमनोहरम् ॥
तन्मध्ये भावयेन्मन्त्री पारिजातं मनोहरम् । तस्याधस्तात्स्मरेन्मन्त्री रत्नसिंहासनं शुभम् ॥
तस्मिन्सञ्चिन्तयेद्देवीं महालक्ष्मीं मनोरमाम् ।

उद्यान-स्मरण—चम्पा, अशोक, पुन्नाग, पाटला से सुशोभित; लौंग, मालती, बेल, देवदारु, नमेरु, मन्दार, पारिजात आदि कल्पवृक्षों से सुशोभित; चन्दन, कर्णिकार, बिजौरा नीबू, वञ्जुल, अनार, बड़हर, अङ्कोल (ढेरा या अकोला), सुपारी, कुरवक, केला, कुन्द, मन्दार, नारियल से अलंकृत; अन्य सुगन्धित पुष्पादि वृक्षों से मण्डित; मालती, मल्लिका, चमेली, केतकी, शतपत्रक (गुलाब), पारन्ती, तुलसी, नन्द्यावर्त, दौना, सभी ॠतुओं में खिलने वाले फूलों से सुशोभित; मन्द-मन्द पवन से झरते हुए फूलों से सभी दिशाओं में सुगन्ध फूट रही है। उन सबके मध्य में सदैव खिलने वाले कमलों, सौगन्धिक कल्हारों, नवीन कुवलयों, हंस, सारस, कारण्ड, भ्रमर, चक्रनाम तथा अन्य पक्षियों के कलरव से सुशोभित एक महान् सरोवर है; उसके मध्य में अत्यन्त मनोहर तट पर चारो ओर से पारिजात एवं मणियों से निर्मित कुटी मण्डप है, जो कि उदित होते हुए सूर्य के समान चमकदार तथा चन्द्रमा के समान शीतल है, जिसमें चार द्वार हैं। स्वर्ण का परकोटा शोभायमान है। रत्नजटित आठ कपाटों से संयुक्त, नवरत्नयुक्त, ऊँचे गोपुर तथा तोरणों से युक्त, स्वर्णदण्डों पर फहराने वाले ध्वजों से युक्त, नवरत्नजटित खम्भों से सुशोभित, सहस्र दीपों से युक्त दीपदण्डों से विराजित, तप्त सुवर्ण से निर्मित मनोहर वातायनों से युक्त, अनेक वर्णों

के अंशुक वस्त्रों से बँधे सैकड़ों सुवर्ण, किङ्किणियों, मल्लिकाओं की पताकाओं से अलंकृत, स्वर्ण-माणिक्य आदि से निर्मित मनोहर वितानों से उपशोभित, समस्त रत्नों से युक्त कुटे हुए सुवर्ण के समान उज्ज्वल केतकी, मालती, नन्द्यावर्त्त-कदम्बक तथा अन्य पुष्पों से जहाँ पृथ्वी मण्डित है, जिसमें कस्तूरी, तमाल, चन्दन, अगरु, कपूर से दिशाएँ आमोदित हैं—ऐसा महालक्ष्मी का मण्डप है; उसमें देवी विराजमान हैं—ऐसा ध्यान करना चाहिये।

अथ ध्यानम्—

बालार्कद्युतिमिन्दुखण्डविलसत्कोटीरहारोज्ज्वलां रत्नाकल्पविभूषितां कुचनतां शालैः करैर्मञ्जरीम्।
पद्मं कौस्तुभरत्नमप्यविरतं सम्बिभ्रतीं सस्मितां फुल्लाम्भोजविलोचनत्रययुतां ध्यायेत्परां देवताम्॥
सिञ्जन्मञ्जीरसंशोभिपदाम्भोजविराजिताम्। नवरत्नगणाकीर्णां काञ्चीदामविभूषिताम्॥
मुक्तामाणिक्यवैदूर्यसम्बद्धोदरबन्धनाम्। बिभ्राजमानां मध्येन बलित्रितयशोभिताम्॥
जाह्नवीसरिदावर्तशोभिनाभिविभूषिताम्। पाटीरपङ्ककर्पूरकुङ्कुमालङ्कृतस्तनीम्॥
वारिवाहविनिर्मुक्तमुक्तादामगरीयसीम्। वहन्तीमुत्तरासङ्गं दुकूलपरिकल्पिताम्॥
तप्तकाञ्चनसन्नद्धवैदूर्याङ्गदभूषणाम्। पद्मरागस्फुरद्वर्णकङ्कणाढ्यकराम्बुजाम्॥
माणिक्यशकलाबद्धमुद्रिकाभिरलङ्कृताम्। तप्तहाटकसंक्लृप्तमालग्रैवेयशोभिताम्॥
विचित्रविविधाकल्पकम्बुसङ्काशकन्धराम्। उद्यद्दिनकराकारमणिताटङ्कमण्डिताम्॥
रत्नाङ्कितलसत्स्वर्णकर्णपूरोपशोभिताम्। जपाविद्रुमलावण्यललिताधरपल्लवाम्॥
दाडिमीफलबीजाभदन्तपङ्क्तिविभूषिताम्। कलङ्ककार्श्यनिर्मुक्तशरच्चन्द्रनिभाननाम्॥
पुण्डरीकदलाकारनयनत्रयसुन्दरीम्। भ्रूलताजितकन्दर्पकरकार्मुकविभ्रमाम्॥
विलसत्तिलपुष्पश्रीविजयोद्यतनासिकाम्। ललाटकान्तिविभवविजितार्द्धसुधाकराम्॥
सान्द्रसौरभसम्पन्नकस्तूरीतिलकाङ्किताम्। मत्तालिमालाविलसदलकाढ्यमुखाम्बुजाम्॥
पारिजातप्रसूनश्रीवाहिधम्मिल्लबन्धनाम्। अनर्घ्यरत्नघटितमुकुटाङ्कितमस्तकाम्॥
सर्वलावण्यवसतिं भवनं विभ्रमश्रियः। तेजसां जन्मभूमिं तां महालक्ष्मीं मनोहराम्॥

एवं ध्यात्वा मानसोपचारैः सम्पूज्य पूर्वोक्ते श्रीबीजोदिते पीठे मूलेन मूर्तिं प्रकल्प्यापाद्यादिपुष्पान्तैरुपचारैः सम्पूज्यावरणपूजां कुर्यात्।

महालक्ष्मी का ध्यान—मूल पाठ में लिखित 'बालार्कद्युति' इत्यादि १५ श्लोकों में ध्यान का भावार्थ इस प्रकार है—जिनके सिर पर बने जूड़े (कोटीर) पर बालसूर्य के समान चन्द्रखण्ड तथा हार सुशोभित हैं। जिनके कुच रत्नाभूषणों से नत हैं, शाल जैसे हाथों में मञ्जरी सुशोभित है। कमल, कौस्तुभमणि धारण कर मुस्कराती हुई खिले कमल जैसे तीन नेत्रों वाली परा देवता का ध्यान करना चाहिये। जिनके चरणकमल नूपुरों की झङ्कार से सुशोभित हैं। नवरत्नों से जिनकी करधनी भूषित है। उदरबन्धन में माणिक्य, वैदूर्य आदि बँधे हैं। उदरमध्य में त्रिवलियाँ सुशोभित हैं। जो गङ्गाजी की धार में पड़ने वाले आवर्त्तों की भाँति वाली नाभि से सुशोभित हैं। जिनकी स्तनी (चोली) कमल-केसर-कर्पूर-पङ्क से अलंकृत है, मेघमाला के सदृश मुक्तादाम से भी श्रेष्ठ है। दुकुल परिकल्पित उत्तरीय को धारण किये हैं, जिनकी भुजाओं में तप्त स्वर्ण में वैदूर्य-जटित आभूषण हैं। जिनके करकमलों में लाल माणिक्य के समान वर्ण के कङ्कण चमक रहे हैं। माणिक्य के टुकड़ों से जड़ी अङ्गूठियाँ पहिने हैं। तप्त सुवर्ण से निर्मित कण्ठीमाला शोभित है। शङ्ख के समान विचित्र ग्रीवा है। उगते हुए सूर्य के समान

मणिताटङ्क (कान की बाली) शोभित हैं; रत्नाङ्कित, स्वर्ण के कर्णपूरों से सुशोभित हैं। जिनके अधर गुड़हल, मूँगा के समान हैं; अनारदाना के समान जिनकी दन्तपंक्ति है। जिनका आनन्द निर्मल पूर्ण चन्द्रमा के समान है। जो कमल पत्राकार तीन नेत्रों वाली सुन्दरी हैं। जिनकी भौंहें कामदेव के धनुष के समान हैं। जिनकी नाक तिलपुष्प के समान शोभित है। जिनके ललाट की कान्ति अर्धचन्द्र के कारण विभवयुक्त है। जिस ललाट पर सान्द्र सौरभ से सम्पन्न कस्तूरी का तिलक है। मुखकमल पर मतवाले भौरों की माला विराजमान है। पीछे की चोटी (जूड़े) में पारिजातपुष्पों का बन्धन है। मस्तक पर बहुमूल्य रत्नों का मुकुट है। इस प्रकार सम्पूर्ण सौन्दर्य से युक्त मनोहर महालक्ष्मी सभी तेजसों की जन्मभूमि हैं—इस भाव से महालक्ष्मी का ध्यान करे। पूजा करके पूर्वोक्त श्री बीज में कथित पीठ पर मूल मन्त्र (द्वादशाक्षरी) लक्ष्मीमन्त्र से महालक्ष्मी की मूर्ति रखकर या कल्पित करके पाद्यादि पुष्पान्त उपचारों से पूजन कर फिर आवरण-पूजा करे।

तद्यथा (लक्ष्म्या दक्षभागे) ॐ शङ्करनन्दनाय नमः॥ १॥ (वामभागे) ॐ पुष्पधन्वने नमः॥ २॥ ततः षड्दले (पूज्यपूजकयोर्मध्ये प्राचीं प्रकल्प्य) आग्नेयादिकोणकेसरेषु मध्ये दिक्षु च ॐ ऐं ज्ञानाय नमः हृदयाय नमः॥ १॥ ॐ ह्रीं ऐश्वर्याय नमः शिरसे स्वाहा॥ २॥ ॐ श्रीं शक्त्यै नमः शिखायै वषट्॥ ३॥ ॐ क्लीं बलाय नमः कवचाय हुं॥ ४॥ ॐ सौं वीर्याय नमः नेत्रत्रयाय वौषट्॥ ५॥ ॐ जगत्प्रसूत्यै नमः अस्त्राय फट्॥ ६॥ इति षडङ्गानि पूजयेत्।

ततोऽष्टदलेषु पूर्वादिक्रमेण—ॐ उमायै नमः॥ १॥ ॐ श्रियै नमः॥ २॥ ॐ सरस्वत्यै नमः॥ ३॥ ॐ दुर्गायै नमः॥ ४॥ ॐ धरिण्यै नमः॥ ५॥ ॐ गायत्र्यै नमः॥ ६॥ ॐ देव्यै नमः॥ ७॥ ॐ उषायै नमः॥ ८॥ इति पूजयेत्। (दक्षिणे) ॐ जाह्नव्यै नमः॥ १॥ (वामे) ॐ यमुनायै नमः॥ २॥ इति सम्पूज्य (पुनर्दक्षिणपार्श्वे) ॐ शङ्खनिधये नमः॥ १॥ (वामपार्श्वे) ॐ पद्मनिधये नमः॥ २॥ (पश्चिमे) ॐ वरुणाय नमः॥ ३॥ इति पूजयेत्।

तद्बहिर्द्वादशदलेषु पूर्वादिक्रमेण—ॐ मेषाय नमः॥ १॥ ॐ वृषाय नमः॥ २॥ ॐ मिथुनाय नमः॥ ३॥ ॐ कर्काय नमः॥ ४॥ ॐ सिंहाय नमः॥ ५॥ ॐ कन्यायै नमः॥ ६॥ ॐ तुलायै नमः॥ ७॥ ॐ वृश्चिकाय नमः॥ ८॥ ॐ धनुषे नमः॥ ९॥ ॐ मकराय नमः॥ १०॥ ॐ कुम्भाय नमः॥ ११॥ ॐ मीनाय नमः॥ १२॥ इति राशीन् पूजयेत्।

तद्बहिः—ॐ सूर्याय नमः॥ १॥ ॐ चन्द्रमसे नमः॥ २॥ ॐ मङ्गलाय नमः॥ ३॥ ॐ बुधाय नमः॥ ४॥ ॐ बृहस्पतये नमः॥ ५॥ ॐ शुक्राय नमः॥ ६॥ ॐ शनैश्चराय नमः॥ ७॥ ॐ राहवे नमः॥ ८॥ ॐ केतवे नमः॥ ९॥ इति ग्रहान् पूजयेत्।

तद्बाह्ये—ॐ ऐरावताय नमः॥ १॥ ॐ पुण्डरीकाय नमः॥ २॥ ॐ वामनाय नमः॥ ३॥ ॐ कुमुदाय नमः॥ ४॥ ॐ अञ्जनाय नमः॥ ५॥ ॐ पुष्पदन्ताय नमः॥ ६॥ ॐ सार्वभौमाय नमः॥ ७॥ ॐ सुप्रतीकाय नमः॥ ८॥ इत्यष्टौ दिग्गजान्पूजयेत्।

तद्बहिः भूपुरे पूर्वादिदिक्षु—ॐ इन्द्राय नमः॥ १॥ ॐ अग्नये नमः॥ २॥ ॐ यमाय नमः॥ ३॥ ॐ निर्ऋतये नमः॥ ४॥ ॐ वरुणाय नमः॥ ५॥ ॐ वायवे नमः॥ ६॥ ॐ कुबेराय नमः॥ ७॥ ॐ ईशानाय नमः॥ ८॥ (ऊर्ध्वम्) ॐ ब्रह्मणे नमः॥ ९॥ (अधः) ॐ अनन्ताय नमः॥ १०॥ इति दशदिक्पालान् पूजयेत्।

तद्बाह्ये—ॐ वज्राय नमः॥ १॥ ॐ शक्तये नमः॥ २॥ ॐ दण्डाय नमः॥ ३॥ ॐ खड्गाय नमः॥ ४॥ ॐ पाशाय नमः॥ ५॥ ॐ अङ्कुशाय नमः॥ ६॥ ॐ गदायै नमः॥ ७॥ ॐ त्रिशूलाय नमः॥ ८॥ ॐ पद्माय नमः॥ ९॥ ॐ चक्राय नमः॥ १०॥ इत्यायुधानि पूजयेत्। एवं सप्तावरणपूजां कृत्वा धूपदीपनैवेद्यताम्बूलदक्षिणादिभिर्भगवतीं सम्पूज्य नीराजनं कृत्वा साष्टाङ्गं प्रणम्य स्तोत्रैः स्तुत्वा जपं कुर्यात्। अस्य पुरश्चरणं द्वादशलक्षजपः। जपान्ते दशांशेन घृतपद्मबिल्वफलैर्होमं कृत्वा तत्तद्दशांशेन तर्पणमार्जनब्राह्मणभोजनानि कुर्यात्।

आवरणपूजा—महालक्ष्मी यन्त्र के आवरण की पूजा इस प्रकार करे। लक्ष्मी के दक्षिण भाग में 'ॐ शङ्कराय नमः' कहकर पूजन करे। फिर वामभाग में मूल पाठ में लिखित 'ॐ पुष्पधन्वने नमः' से पूजा करे। फिर यन्त्र के षड्दल कमल में (पूज्य-पूजक के मध्य में प्राची की कल्पना करके) मूलोक्त 'ॐ ऐं ज्ञानाय हृदयाय नमः' इत्यादि छः मन्त्रों से अग्निकोण से आरम्भ कर फिर मध्य में तथा दिशाओं में षडङ्गों की पूजा करे। फिर उसके बाहर अष्टदल में पूर्वादि क्रम से मूलोक्त 'ॐ उमायै नमः' इत्यादि आठ मन्त्रों से निर्देशानुसार पूजा करे। फिर दक्षिण में 'ॐ जाह्नव्यै नमः' तथा वामभाग में 'ॐ यमुनायै नमः' कहकर पूजे। पुनः दक्षिण पार्श्व में 'ॐ शङ्खनिधये नमः' तथा वामपार्श्व में 'ॐ पद्मनिधये नमः' कहकर पूजे। पश्चिम में 'ॐ वरुणाय नमः' कहकर पूजना चाहिये। फिर उसके बाहर बारह दलों में क्रमशः पूर्वादि क्रम से 'ॐ मेषाय नमः, ॐ वृषाय नमः, ॐ मिथुनाय नमः, ॐ कर्काय नमः' इस क्रम से चारो दिशाओं में राशियों की पूजा करे। फिर 'ॐ सिंहाय नमः, ॐ कन्यायै नमः, ॐ तुलायै नमः' तथा 'ॐ वृश्चिकायै नमः' इन मन्त्रों से प्रदक्षिणक्रम से पुनः पूर्वादि दिशाओं में पूजा करे। फिर तीसरी आवृत्ति में 'ॐ धनुषे नमः, ॐ मकराय नमः, ॐ कुम्भाय नमः' तथा 'ॐ मीनाय नमः' इन शेष चार राशियों की पूजा पूर्वादिक्रम से करे (चारो राशियों की दिशायें राशियों में इसी क्रम से मान्य हैं)। फिर उसके बाहर 'ॐ सूर्याय नमः' इत्यादि मूलोक्त नौ मन्त्रों से नवग्रहों की पूजा करे। फिर उनके बाहर पूर्व से (दिशाओं विदिशाओं में) प्रदक्षिणक्रम से 'ॐ ऐरावताय नमः, ॐ पुण्डरीकाय नमः, ॐ वामनाय नमः, ॐ कुमुदाय नमः, ॐ अञ्जनाय नमः, ॐ पुष्पदन्ताय नमः, ॐ सार्वभौमाय नमः, ॐ सुप्रतीकाय नमः' इन आठ दिशाओं की पूजा करे। फिर उसके बाहर भूपुर में पूर्वादि आठ दिशाओं में 'ॐ इन्द्राय नमः, ॐ अग्नये नमः, ॐ यमाय नमः, ॐ निर्ऋतये नमः, ॐ वरुणाय नमः, ॐ वायवे नमः, ॐ कुबेराय नमः, ॐ ईशानाय नमः' कहकर पूजन करे। फिर ऊर्ध्व में 'ॐ ब्रह्मणे नमः' तथा अधः में 'ॐ अनन्ताय नमः' कहकर पूजन करे। ये दश दिक्पाल हैं। इन दिक्पालों के बाहर 'ॐ वज्राय नमः, ॐ शक्तये नमः, ॐ दण्डाय नमः, ॐ खड्गाय नमः, ॐ पाशाय नमः, ॐ अङ्कुशाय नमः, ॐ गदायै नमः, ॐ त्रिशूलाय नमः, ॐ पद्माय नमः' तथा 'ॐ चक्राय नमः' इन मन्त्रों से उन दश दिक्पालों के आयुधों का पूजन करे। इस प्रकार यन्त्र के सातों आवरणों की पूजा करके धूप, दीप, नैवेद्य, ताम्बूल एवं दक्षिणा द्वारा भगवती महालक्ष्मी का पूजन कर आरती करके साष्टाङ्ग प्रणाम कर उनके स्तोत्र (आगे दिये गये हैं) का पाठ कर मन्त्रजप करे। बारह लाख मन्त्रजप से इसका पुरश्चरण सम्पन्न होता है। जप के अन्त में जप का दशांश होम घी, कमल, बेलफल से करे। उसका दशांश तर्पण, फिर उसका दशांश मार्जन तथा उसका दशांश ब्राह्मणभोजन कराये।

तथा च शारदातिलके—

एवं सञ्चिन्त्य यो देवीं हविष्याशी जितेन्द्रियः। भानुलक्षं जपेन्मन्त्रं दशांशं जुहुयाद्घृतैः॥
जुहुयाच्छ्रीफलैः पद्मैः प्रत्येकमयुतं ततः। तर्पयेत्सलिलैः शुद्धैः सुगन्धिरयुतद्वयम्॥
आगमोक्तेन विधिना सुगन्धैः सुमनोहरैः। पूजयेद्गन्धपुष्पाद्यैर्देवीमन्वहमादरात्॥
दूर्वाभिराज्यसिक्ताभिर्जुहुयादायुषे नरः। दशरात्रे समिद्धेऽग्नौ अष्टोत्तरसहस्रकम्॥
गुडूचीमाज्यसंसिक्तां जुहुयात्सप्तवासरम्। अष्टोत्तरसहस्रं यः स जीवेच्छरदां शतम्॥
हुत्वा तिलान्घृताभ्यक्तान्दीर्घमायुरवाप्नुयात्। आरभ्यार्कदिनं मन्त्री दशरात्रं दिने-दिने॥
आज्याक्तार्कसमिद्धोमादारोग्यं लभते ध्रुवम्। कण्ठमात्रोदके स्थित्वा ध्यात्वा देवीं दिवाकरे॥
ऊर्ध्वबाहुर्दशशतमष्टोत्तरमिमं हुनेत्। आरोग्यं लभते सद्यो वाञ्छितान्यपि मन्त्रवित्॥

शालिभिर्जुह्वतो नित्यमष्टोत्तरसहस्रकम्। अचिरादेव महती लक्ष्मीः सञ्जायते ध्रुवम्॥
प्रसूनैर्जुहुयान्मन्त्री लक्ष्मीवल्लीसमुद्भवैः। नन्द्यावर्तसमुत्थैश्च सिद्धार्थैश्च घृतप्लुतैः॥
महतीं श्रियमाप्नोति मान्यते सर्वजन्तुभिः। मरीचजीरकोन्मिश्रैर्नारिकेलरजःप्लुतैः॥
सगुडैराज्यसम्पक्वैरपूपैराज्यलोलितैः। जुहुयात्पयआहारो मन्त्रविद्विजितेन्द्रियः॥
अष्टोत्तरशतं नित्यं मण्डलाद्धनदो भवेत्। हविषा गुडमिश्रेण जुहुयादर्थवान्भवेत्॥
जपापुष्पाणि जुहुयादष्टोत्तरसहस्रकम्। गृहीत्वा प्रजपेद्भस्म नागवल्लीसमन्वितम्॥
तिलकं तनुयात्तेन सर्ववश्यकरं भवेत्। ब्रह्मवृक्षसमित्पुष्पैर्ब्राह्मणान्वशयेद्वशी॥
जातीपुष्पैश्च राजानं वैश्यान् रक्तोत्पलैः शुभैः। शूद्रान्नीलोत्पलैर्हुत्वा वशयेन्मन्त्रविन्नरः॥
पुष्पैर्मधूकजैर्हुत्वा वशमानयति स्त्रियः।

शारदातिलक के अनुसार द्वादशाक्षर मन्त्र के पुरश्चरण का फल—इस प्रकार से जो साधक हविष्यान्न का भोजन कर जितेन्द्रिय रहते हुए देवी का पूजन एवं ध्यान करके बारह लाख जप द्वादशाक्षर मन्त्र का करता है, वह उसका दशांश (एक लाख बीस सहस्र) संख्या में घृत से आप्लावित कर होम करे एवं दस सहस्र श्रीफल (नारियल) का होम करे। फिर दश सहस्र कमलपुष्प या कमलगट्टा से हवन करे। शुद्ध सुगन्धियुक्त जल से दो अयुत (बीस सहस्र) तर्पण करे। आगमोक्त विधि से विविध प्रकार की मनोहर सुगन्ध तथा गन्ध-पुष्पादि से श्रद्धापूर्वक देवी का पूजन करे। आयु की प्राप्ति के लिये घृत में डुबोकर दूर्वा का हवन करना चाहिये। दश रात्रियों में समिधा की अग्नि में एक सहस्र आठ होम करे। जो सात दिनों तक गिलोय के टुकड़ों को घृत से सींचकर १००८ हवन करता है, वह सौ वर्षों तक जीवित रहता है। जो घृताभ्यक्त काले तिलों का रविवार से आरम्भ कर द्वादशाक्षर मन्त्र से (लक्ष्मी मन्त्र से) दश दिनों तक होम करता है, उसे दीर्घायु प्राप्त होती है। जो घृताक्त आक की समिधाओं से महालक्ष्मी मन्त्र से आहुतियाँ देता है, उसे शीघ्र आरोग्य की प्राप्ति होती है। जो कण्ठ-पर्यन्त जल में स्थित होकर सूर्य में देवी का ध्यान करके आक की समिधाओं से होम करता है, वह साधक शीघ्र ही आरोग्य तथा वाञ्छित अर्थ प्राप्त करता है। जो साधक शालि चावलों से नित्य अष्टोत्तर सहस्र (१००८) हवन करता है, उसको शीघ्र ही विपुल लक्ष्मी प्राप्त हो जाती है। जो साधक लक्ष्मीवल्ली (लवङ्गलता के फूल=लौंग) के फूलों से, नन्द्यावर्त्त के फूलों से तथा सफेद सरसों को घृत में सानकर हवन करता है, उसे बहुत लक्ष्मी प्राप्त होती है तथा वह सभी जन्तुओं से मानित होता है अर्थात् उसे कोई भी प्राणी पीड़ा नहीं देता है। काली मिर्च, जीरा, नारियल का चूरा, गुड़—इनको मिलाकर घी में पका ले, फिर घी के साथ इनसे हवन करे। केवल दूध के आहार पर रहे। जितेन्द्रिय रहकर साधक नित्य चालीस दिन तक महालक्ष्मी मन्त्र से हवन करे तो धनवान हो जाता है। यदि ऐसा साधक गुड़ एवं हवि-मिश्रित हवन करे तो भी धनवान हो जाता है। जवाकुसुम से एक सहस्र आठ (१००८) हवन करे तथा उसका भस्म लगाकर महालक्ष्मी मन्त्र का जप करे एवं उसी भस्म को पान के रस में घोंटकर तिलक लगाये तो वह साधक सबको वश में कर लेता है। यदि महालक्ष्मी मन्त्र से पलाश की समिधा एवं पुष्पों से (घृताक्त करके) होम किया जाय तो साधक ब्राह्मणों को वश में कर लेता है। चमेली के पुष्पों का होम राजाओं को तथा लालकमल के फूलों के होम से वैश्यों को वश में कर लेता है। नीलकमल के होम से शूद्र वश में हो जाते हैं। महुआ के फूलों से होम करने पर स्त्रियाँ वश में हो जाती हैं।

होम किया जाय तो साधक ब्राह्मणों को वश में कर लेता है। चमेली के पुष्पों का होम राजाओं को तथा लालकमल के फूलों के होम से वैश्यों को वश में कर लेता है। नीलकमल के होम से शूद्र वश में हो जाते हैं। महुआ के फूलों से होम करने पर स्त्रियाँ वश में हो जाती हैं।

कृत्वा नवपदात्मानं मण्डलं यन्त्रभूषितम्॥

अभिषेकं प्रकुर्वीत विधिना सर्वसिद्धये। कलशान् स्थापयेत्तेषु पदेषु शुभलक्षणान्॥
चन्दनालिप्तसर्वाङ्गान् दूर्वाशतसमन्वितान्। दुकूलवेष्टितानेतान् पूरयेत्तीर्थवारिणा॥
नवरत्नसमाबद्धं कर्षकाञ्चनकल्पितम्। मध्यकुम्भे क्षिपेत्पद्मं यन्त्राढ्यं देशकोत्तमः॥
चन्दनोशीरकर्पूरजातीकं कोलकुङ्कुमम्। कुष्ठागरुतमालैलायुतं सम्पिष्य भागतः॥
विलोड्य सर्वकुम्भेषु रत्नान्यपि विनिक्षिपेत्। लक्ष्मीदूर्वासहाभद्रासहदेवीमधुव्रताः ॥
मुशलीं शक्रवल्लीं च क्रान्तापामार्गपत्रकान्। प्रियङ्गुमुद्गगोधूमव्रीहींश्च सतिलान्यवान्॥
शालितण्डुलमाषांश्च प्रक्षाल्यैतेषु निक्षिपेत्। धात्रीलकुचबिल्वानां कदलीनारिकेलयोः॥
फलान्यपि विनिक्षिप्य पुष्पाण्येतानि निक्षिपेत्। पद्मसौगन्धिकं जातिं मल्लिकां बकुलं तथा॥
चम्पकाशोकपुन्नागतुलसीकेतकोद्भवम् । पल्लवानि वटाश्वत्थप्लक्षोदुम्बरशाखिनाम्॥
ब्रह्मकूर्चं विनिक्षिप्य चषकैः सुफलान्वितैः। पिधाय कुम्भवक्त्राणि क्षौमैराच्छादयेत्ततः॥
आवाह्य कलशमध्ये महालक्ष्मीं प्रपूजयेत्। यजेदुमाद्याः शिष्टेषु कलशेष्वष्टसु क्रमात्॥
गन्धैर्मनोहरैः पुष्पैधूपदीपसमन्वितैः। निवेद्य भक्ष्यभोज्यानि तान्स्पृष्ट्वा प्रजपेन्मनुम्॥
त्रिसहस्रं जपस्यान्ते साध्यमानीय संयुतम्। संस्थाप्य स्थण्डिले पीठं तस्मिंस्तं विनिवेशयेत्॥
रम्यैरावरणैर्वस्त्रैरलङ्कृत्य तमादरात्। सुमङ्गलाभिर्नारीभिः क्षिप्तपुष्पाक्षतान्वितम्॥
अर्चितानां द्विजातीनामाशीर्वादपुरःसरम्। नदत्सु पञ्चवाद्येषु मुहूर्ते शोभने सुधीः॥
मध्यस्थं कुम्भमुत्सृज्य महालक्ष्मीमनुस्मरन्। अभिषिञ्चेत्क्रमादन्यैः कलशैरपि देशिकः॥
करेणास्य शिरः स्पृष्ट्वा प्रयुञ्जीताशिषं गुरुः ।
भद्रमस्तु शिवं चास्तु महालक्ष्मीः प्रसीदतु॥
रक्षन्तु त्वां सदा देवाः सम्पदः सन्तु सर्वदा।

नवपदमण्डल

१ कलश	२ कलश	३ कलश
८ कलश	महालक्ष्मी ९ कलश	४ कलश
७ कलश	६ कलश	५ कलश

अभिषेक—नव पदों का यन्त्र अपने लिये बनाकर विधिपूर्वक अभिषेक करे तो सभी प्रकार की सफलता मिलती है। उन नौ पदों के मण्डल में शुभ लक्षणों वाले कलशों को स्थापित करे। कलशों की संख्या ९ होगी। उन कलशों के सर्वाङ्ग में चन्दन का लेप हो तथा प्रत्येक कलश में एक सौ दूर्वाङ्कुर हों। उन सभी कलशों में तीर्थ जल भरा होना चाहिये। बीच वाले कुम्भ में यन्त्र तथा कमल डाल दे। चन्दन, उशीर, चमेली, कङ्कोल, कुङ्कुम, कूठ, अगुरु, तमाल, इलायची—इनमें से प्रत्येक समान भाग लेकर पीसकर मिलाकर सभी कलशों में डाल दे। तुलसी, दूर्वा, सहदेवी, भद्रा (कठूमर = कठवर), सहा (माषपर्णी = मखवन = जङ्गली उड़द=मासा), मधुव्रता (मीठा बिजौरा नींबू), मूसली, शक्रवल्ली (इन्द्रायण),

पीपल, पाकर तथा गूलर के पत्ते—इनको डालकर उन कलशों को प्यालों से ढँककर बन्द कर दे तथा अलसी के वस्त्र से उन्हें ढँक दे। महालक्ष्मी का आवाहन मध्य के कलश पर करके उनका पूजन करे। शेष कलशों पर ईशान से उमा आदि आठ शक्तियों का पूजन करे। मनोहर गन्ध, पुष्प, दीप, धूप तथा नैवेद्य भक्ष्य-भोज्य आदि का निवेदन महालक्ष्मी से करके फिर उस कलश का स्पर्श कर महालक्ष्मी मन्त्र का जप करना चाहिये। तीन सहस्र जप की समाप्ति पर साध्य (राज्याभिषेक योग्य व्यक्ति) को स्थण्डिल पीठ (चौकी) पर बिठाकर रमणीय वस्त्रों से आदरपूर्वक अलंकृत कर सुमङ्गली स्त्रियों द्वारा पुष्पादि की वृष्टि कराकर द्विजों की पूजा कर उनसे आशीर्वाद ग्रहण कराये। सुमुहूर्त में इस कार्य को कराते हुए पञ्चवाद्य बजवाये। फिर बीच के प्रधान कलश को उठाकर महालक्ष्मी का स्मरण करता हुआ देशिक (पुरोहित=गुरु=आचार्य) साध्य व्यक्ति का शिर अपने हाथ से स्पर्श कर आशीर्वाद देते हुए कल्याण हो, शिव हो, महालक्ष्मी प्रसन्न हों, देवता तुम्हारी सदैव रक्षा करें तथा सदैव सम्पदा बनी रहे, इस प्रकार सभी कुम्भों के जल से अभिषेक कर दे।

अथोत्थायाभिषिक्तः सन् वाससी परिधाय च॥

यथाविधि समाचम्य दण्डवत्प्रणमेद्गुरुम्। वस्त्रैराभरणैर्धान्यैर्धनैर्गोमहिषादिभिः॥
दासीदासैश्च विधिवत्तोषयेद्देवताधिया। ब्राह्मणान् भोजयेत्पश्चाद्दीनान्धकृपणैः सह॥
महान्तमुत्सवं कुर्याद्भवने बन्धुभिः सह। तदा कृतार्थमात्मानं मन्यते मनुजोत्तमः॥
अभिषिक्तो नरपतिः परान्विजयतेऽचिरात्। पदेच्छुः पदमाप्नोति राजपुत्रो न संशयः॥
अभिषिक्ता सती वन्ध्या सूते पुत्रं महामतिम्। महारोगेषु जातेषु कृत्याद्रोहेषु देशिकः॥
भूतेषु दुर्निमित्तादौ विदध्यादभिषेचनम्। सर्वसम्पत्करं पुंसां सर्वसौभाग्यसिद्धिदम्॥
सर्वरोगप्रशमनं सर्वापद्विनिवारणम्। गर्भरक्षाकरं स्त्रीणां दीर्घायुर्जनकं परम्॥
प्रसूतानामपि स्त्रीणां सूतिकागाररक्षकम्। प्रनष्टपुष्पगर्भाणां पुष्पगर्भाभिरक्षणम्॥
आसन्नशत्रुभीतीनां नाशनं च महीभृताम्। अभिषेकमिमं प्राहुरागमार्थविशारदाः॥
सर्वदुःखप्रशमनं सर्वापद्विनिवारणम्। बहुना किमिहोक्तेन परमस्मान्न विद्यते॥

इति श्रीशारदातिलके महालक्ष्मीमन्त्रपुरश्चरणं समाप्तम्।

फिर अभिषिक्त व्यक्ति उठकर नये वस्त्रों को पहिनकर यथाविधि आचमन करके अपने गुरु को दण्डवत् प्रणाम करे तथा वस्त्राभूषण, गाय, भैंस, दास-दासियों से विधिपूर्वक अपने गुरु में देवता मानकर उनका पूजन करे। फिर ब्राह्मणों, दीनों, अन्धों एवं विकलाङ्गों को भोजन कराये। बन्धु-बान्धवों सहित महान् उत्सव अपने भवन में आयोजित करे। फिर वह अभिषिक्त व्यक्ति स्वयं को धन्य माने। ऐसा अभिषिक्त राजा अन्य राजाओं को शीघ्र ही जीत लेता है। जिस पद की इच्छा करता है, उसे वह पद प्राप्त हो जाता है। राजपुत्र को वह पद अवश्य ही मिलता है, इसमें सन्देह नहीं है। जिस वन्ध्या पतिव्रता स्त्री का अभिषेक इस प्रकार की विधि से किया जाता है, उसे महान् बुद्धिशाली पुत्र प्राप्त होता है। महारोग (कुष्ठादि) उत्पन्न होने पर, प्राणियों के दुर्निमित्त (अपशकुन; यथा—काकस्पर्श, छिपकली का गिरना, काकमैथुन देखना आदि) इस प्रकार का अभिषेक आयोजित करना चाहिये। यह अभिषेक पुरुषों को सभी प्रकार की सम्पत्ति देने वाला, सभी प्रकार का सौभाग्य देने वाला तथा सभी प्रकार की सफलता देने वाला है। यह अभिषेक सभी रोगों को नष्ट करने वाला तथा सभी आपदाओं का निवारण करने वाला है। यह गर्भिणी स्त्रियों के गर्भ की रक्षा करने वाला तथा दीर्घायु देने वाला है। यह प्रसूता स्त्रियों की तथा

सूतिकागार की रक्षा करता है। यह अभिषेक जिन स्त्रियों का पुष्प (मासिक धर्म तथा डिम्ब का उत्पादन) नष्ट हो गया है, उसे पुनः प्रारम्भ करता है तथा जिनका गर्भ शुष्क हो जाता है, उसे फिर से हरा-भरा चैतन्य कर देता है। यह राजा लोगों के लिये जो शत्रुओं का भय उत्पन्न हो जाता है, उसे दूर कर शत्रु का नाश कर देता है। विजययात्रा के पूर्व भी विद्वानों ने इस अभिषेक को प्रशस्त कहा है। यह सभी दुःखों का नाश करने वाला तथा सभी प्रकार की आपदाओं (दैहिक, दैविक, भौतिक) का निवारण करने वाला है। अधिक क्या कहा जाय; इस अभिषेक से बढ़कर अन्य कोई दूसरा उपाय नहीं है।

सप्तविंशतिवर्णात्मकमहालक्ष्मीमन्त्रप्रयोगः

मन्त्रो यथा—'ॐ श्रींह्रींश्रीं कमले कमलामये प्रसीद प्रसीद श्री ह्रीं श्रीमहालक्ष्म्यै नमः' इति सप्तविंशत्यक्षरो मन्त्रः। अस्य मन्त्रस्य दक्षऋषिः। विराट् छन्दः। महालक्ष्मीर्देवता। सर्वेष्टसिद्धये विनियोगः। ॐ दक्षऋषये नमः शिरसि॥ १॥ ॐ विराट्छन्दसे नमः मुखे॥ २॥ ॐ महालक्ष्मीदेवतायै नमः हृदि। इति ऋष्यादिन्यासः। श्रींह्रींश्रींप्रसीदकमलेश्रींह्रींश्रीं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः॥ १॥ श्रींह्रींश्रींप्रसीदकमलेश्रींह्रींश्रीं तर्जनीभ्यां नमः॥ २॥ श्रीह्रींश्रींप्रसीदकमले श्रीह्रींश्रींमध्यमाभ्यां नमः॥ ३॥ श्रींह्रींश्रींप्रसीदकमलेश्रींह्रींश्रीं अनामिकाभ्यां नमः॥ ४॥ श्रींह्रींश्रींप्रसीदकमले श्रीं ह्रीं श्रीं कनिष्ठिकाभ्यां नमः॥ ५॥ इति करन्यासः। एवं नेत्रहीनं पञ्चाङ्गहृदयादिन्यासं कुर्यात्। एवं न्यासविधिं कृत्वा ध्यायेत्।

सिन्दूरारुणकान्तिमब्जवसतिं सौन्दर्यवारान्निधिं कोटीराङ्गदहारकुण्डलकटीसूत्रादिभिर्भूषिताम्।
हस्ताब्जैर्वसुपत्रमब्जयुगलादर्शौ वहन्ती परामावीतां परिचारिकाभिरनिशं ध्यायेत्प्रियां शार्ङ्गिणः॥

इति ध्यात्वा मानसोपचारैः सम्पूज्य पूर्वोक्ते श्रीबीजपीठे पुष्पान्तैरुपचारैः महालक्ष्मीं सम्पूज्य आवरणपूजां कुर्यात्।

सप्तविंशति अक्षर वाले महालक्ष्मी मन्त्र का प्रयोग—'ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलामये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं महालक्ष्म्यै नमः' यह सत्ताईस अक्षरों वाला महालक्ष्मी मन्त्र है। सर्वप्रथम 'अस्य मन्त्रस्य दक्षऋषिः। विराट् छन्दः। महालक्ष्मीर्देवता। सर्वेष्टसिध्यर्थे विनियोगः' यह मन्त्र पढ़कर विनियोग का जल छोड़े। तदनन्तर 'ॐ दक्षऋषये नमः शिरसि, ॐ विराट् छन्दसे नमः मुखे, ॐ महालक्ष्म्यै देवतायै नमः हृदि' कहकर ऋष्यादिन्यास करे। फिर मूल में मुद्रित 'श्रीं ह्रीं श्रीं प्रसीद कमले श्रीं ह्रीं श्रीं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः' इत्यादि पाँच मन्त्रों से करन्यास करे। तत्पश्चात् करन्यास के मन्त्रों से ही क्रमशः हृदयाय नमः, शिरसे स्वाहा, शिखायै वषट्, कवचाय हुं तथा अस्त्राय फट् कहते हुए हृदयादि न्यास सम्पन्न करे। जैसे—'श्रीं ह्रीं श्रीं प्रसीद कमले श्रीं ह्रीं श्रीं हृदयाय नमः' कहकर हृदय में दाहिने हाथ की अङ्गुलियों का स्पर्श कर न्यास करे। इसी प्रकार अन्य अङ्गों का भी करे। केवल पञ्चाङ्ग न्यास ही करे, षडङ्ग नहीं।

फिर मूल में लिखित 'सिन्दूरारुणकान्तिमब्ज०' इत्यादि श्लोकानुसार लक्ष्मीजी का ध्यान करके मानसोपचारों से पूजा कर पूर्व में कथित श्रीबीजपीठ (महालक्ष्मी यन्त्र) पर पुष्पान्त उपचारों से श्री महालक्ष्मी की पूजा कर आवरणपूजा करे।

षट्कोणकेसरेषु दिक्षु च श्रीं ह्रींश्रींप्रसीद कमले श्रीह्रींश्रीं हृदयाय नमः॥ १॥ श्रीं ह्रीं श्रीं प्रसीद कमले श्रीं ह्रीं श्रीं शिरसे स्वाहा॥ २॥ श्रीं ह्रीं श्रीं प्रसीदकमले श्रीं ह्रीं श्रीं शिखायै वषट्॥ ३॥ श्रीं ह्रीं श्रीं प्रसीदकमले श्रींह्रींश्रीं कवचाय हुं॥ ४॥ श्रीं ह्रीं श्रीं प्रसीद कमले श्रीं ह्रीं श्रीं अस्त्राय फट्। इति पञ्चाङ्गानि पूजयेत्।

तद्बहिरष्टदलमूले पूर्वादिक्रमेण—ॐ श्रीधराय नमः॥ १॥ ॐ हृषीकेशाय नमः॥ २॥ ॐ वैकुण्ठाय नमः॥ ३॥ ॐ विश्वरूपाय नमः॥ ४॥ ॐ वासुदेवाय नमः॥ ५॥ ॐ सङ्कर्षणाय नमः॥ ६॥ ॐ प्रद्युम्नाय नमः॥ ७॥ ॐ अनिरुद्धाय नमः॥ ८॥ इति पूजयेत्। ततः पूर्वादिदिग्दलमध्येषु ॐ भारत्यै नमः॥ १॥ ॐ पार्वत्यै नमः॥ २॥ ॐ चान्द्र्यै नमः॥ ३॥ ॐ शच्यै नमः॥ ४॥ विदिग्दलमध्ये—ॐ दमकाय नमः॥ ५॥ ॐ सलिलाय नमः॥ ६॥ ॐ गुग्गुलवे नमः॥ ७॥ ॐ कुरुण्टकाय नमः॥ ८॥ इति पूजयेत्।

ततो दलाग्रेषु पूर्वादिक्रमेण—ॐ अनुरागाय नमः॥ १॥ ॐ संवादाय नमः॥ २॥ ॐ विजयाय नमः॥ ३॥ ॐ वल्लभाय नमः॥ ४॥ ॐ मदाय नमः॥ ५॥ ॐ हर्षाय नमः॥ ६॥ ॐ बलाय नमः॥ ७॥ ॐ तेजसे नमः॥ ८॥ इति महालक्ष्मीबाणान् पूजयेत्। ततो भूपुरे इन्द्रादीन् दशदिक्पालान् तद्बाह्ये वज्राद्यायुधानि च पूजयेत्। इत्यावरणपूजां कृत्वा धूपादिनीराजनं सम्पूज्य जपं कुर्यात्। अस्य पुरश्चरणं लक्षजपः।

आवरण पूजा—यन्त्र में षट्कोण में तथा केसरों में एवं दिशाओं में मूल में लिखित मन्त्रों से पञ्चाङ्ग पूजन करे। फिर षट्कोण के बाहर अष्टदलों में पूर्वादि क्रम से मूल में लिखित आठ मन्त्रों से पूजा करे। फिर पूर्वादि दिशाओं के दलों के मध्यभागों मूल में लिखित 'ॐ भारत्यै नमः' इत्यादि चार मन्त्रों से, तत्पश्चात् विदिशाओं में भी पाँचवें मन्त्र 'ॐ दमकाय नमः' से लेकर शेष और तीन मन्त्रों से क्रमशः पूजन करे। फिर दलाग्रों में पूर्वादिक्रम से 'ॐ अनुरागाय नमः' इत्यादि आठ मन्त्रों से महालक्ष्मी के बाणों का पूजन करे। फिर भूपुर में इन्द्र आदि दश दिक्पालों को तथा उनके बाहर वज्रादि आयुधों का भी पूजन करे जैसे—इन्द्राय नमः, अग्नये नमः, इत्यादि। इस प्रकार आवरणपूजा करके धूपादि नीराजनान्त पूजा करके एक लाख जप का पुरश्चरण करे।

तथा च शारदायाम्—

लक्षं जपेत्फलैर्बैल्वैर्जुहुयान्मधुरोक्षितैः। दशांशं संस्कृतं वह्नौ प्राक्प्रोक्तेनैव वर्त्मना॥
अनेन विधिना देवीं महालक्ष्मीमुपासते। ये तेषु निवसेल्लक्ष्मीरस्मरन्ती निजालयम्॥
उत्पलैर्जुहुयाल्लक्षं चन्द्रमाम्भसि लोलितैः। शत्रूणां लभते राज्यं विना युद्धेन पार्थिवः॥
जपन् राजसभां गच्छेत्सम्भाष्येत तथा नरः। दूर्वा देवी महालक्ष्मीर्विष्णुक्रान्ता मधुव्रता॥
मुसली शक्रवल्ली च सदा भद्राञ्जलिप्रिया। हरिचन्दनकर्पूरचन्दनाकोलरोचना ॥
मालूककेसरौ कुष्ठं सर्वं पिष्ट्वा निशारसैः। अष्टोत्तरसहस्रं तु जपित्वा तिलकक्रियाम्॥
कुर्वतो मन्त्रिणः सर्वे वशे तिष्ठन्त्यहर्निशम्। श्रियो मन्त्रं भजेन्मन्त्री श्रीसूक्तान्यपि संयजेत्॥

शारदातिलक के अनुसार इस मन्त्रजप की फलश्रुति—एक लाख जप करके उसका दशमांश बेलफल में मधुर पदार्थ मिलाकर संस्कृताग्नि में पूर्वकथित विधि से होम करे। जो इस विधि से महालक्ष्मी देवी की उपासना करते हैं, उनके घरों में लक्ष्मी अपने घर को भूलकर निवास करती है। एक लाख कुमुदिनी-पुष्पों से बिना युद्ध के राजा के शत्रुओं का राज्य प्राप्त हो जाता है। वह इस मन्त्र को जपता हुआ राजसभा में जाय तो उसको सभा में सम्मान मिलता है। दूब, देवी (लिङ्गिनी लता), महालक्ष्मी, विष्णुक्रान्ता, मधुव्रता, मूसली, इन्द्रायण, भद्रमोथा, लाजवन्ती, पीला चन्दन, कपूर, गोरोचन, लाल चन्दन, अङ्कोल, मालूक, केसर तथा कूठ—इन सबको कच्ची हल्दी के रस में पीसकर फिर एक सौ आठ बार इस २७ अक्षरों वाले सिद्ध मन्त्र को जपकर रस का तिलक अपने माथे पर करे तो उस साधक के सब कोई वश में हो जाता है। साधक को श्रीमन्त्र का जप तथा श्रीसूक्त का भी जप करना चाहिये।

भूयसीं श्रियमाकांक्षन्सत्यवादी भवेत्सदा। प्रत्यगाशामुखोऽश्नीयात्स्थितपूर्वप्रियं वदेत्॥
पूजयेद्गन्धपुष्पाद्यैरात्मानं नियतः शुचिः। शयीत शुद्धशय्यायां तरुण्या सह नान्यथा॥
नग्नो नावतरेदम्भस्तैलाभ्यक्तो न भक्षयेत्। हरिद्रां न मुखे लिम्पेन्न स्वपेदशुचिः क्वचित्॥
न वृथा विलिखेद्भूमिं न बिल्वं द्रोणमम्बुजम्। धारयेन्मूर्ध्नि नैवाद्याल्लोणतैलं च केवलम्॥
मलिनो न भवेज्जातु कुत्सितान्नं न भक्षयेत्। द्रोणपङ्कजबिल्वानि पद्भ्यां जातु न लङ्घयेत्॥

महदेवीमिन्द्रवल्लीं श्रीवल्लीं विष्णुवल्लभाम्। कन्याम्बुजप्रवालं च धारयेन्मूर्ध्नि सर्वदा॥
इत्याचारपरो नित्यं विष्णुभक्तो दृढव्रतः। श्रियमाप्नोति महतीं देवानामपि दुर्लभाम्॥

इति सप्तविंशत्यक्षरलक्ष्मीमन्त्रप्रयोगः।

लक्ष्मी की अधिक चाह वाले के लिये पालनीय नियम—(१) सदा सत्यवादी रहे। (२) पश्चिम की ओर मुख करके भोजन करे। (३) प्रतिदिन स्वच्छ पवित्र होकर सुगन्ध-पुष्पादि धारण करे। (४) शुद्ध शय्या पर तरुणी के साथ शयन करे। (५) नग्न होकर स्नान न करे। (६) तेल-मालिश कर भोजन न करे। (७) मुख में हल्दी न लगाये। (८) कभी भी अपवित्र स्थिति में शयन न करे। (९) व्यर्थ में भूमि न खरोंचे। (१०) व्यर्थ में बिल्व-फल-पत्र, दोनाफूल तथा कमल को न तोड़े। (११) शिर में कच्ची घानी का तेल न लगाये। (१२) मलीन न रहे तथा कुत्सितान्न का भोजन न करे। (१३) दोना, कमल तथा बेलपत्र-फल को पैरों से न लाँघे। (१४) सहदेवी, इन्द्रायण, लौंग आदि को शिर पर धारण करे। (१५) इस प्रकार का आचरण करते हुए सदैव विष्णु का भक्त बना रहे तो देवों को भी दुर्लभ महती श्री की प्राप्ति होती है।

लक्ष्मीस्तोत्रम्

अथ लक्ष्मीस्तोत्रप्रारम्भः—

सिंहासनगतः शक्रः सम्प्राप्य त्रिदिवं पुनः। देवराज्ये स्थितो देवीं तुष्टावाब्जकरां ततः॥ १॥

श्री विष्णुपुराणोक्त लक्ष्मी स्तोत्र—(लक्ष्मीजी के मन्त्रों के अनुष्ठान में लक्ष्मीस्तव के पाठ का निर्देश है। वह लक्ष्मी-स्तोत्र के लिये ही है। स्तोत्रपाठ के उपरान्त ही प्रतिदिन मन्त्रजप आरम्भ करना चाहिये।)

जब देवराज इन्द्र को स्वर्ग के राज्य का सिंहासन पुनः प्राप्त हो गया तब उन्होंने महालक्ष्मी को तुष्ट करने का कार्य किया॥ १॥

इन्द्र उवाच—

नमस्ये सर्वभूतानां जननीमब्जसम्भवाम्। श्रियमुन्निद्रपद्माक्षीं विष्णुवक्षःस्थलस्थिताम्॥ २॥
पद्मालयां पद्मकरां पद्मपत्रनिभेक्षणाम्। वन्दे पद्ममुखीं देवीं पद्मनाभप्रियामहम्॥ ३॥
त्वं सिद्धिस्त्वं स्वधा स्वाहा सुधा त्वं लोकपावनी। सन्ध्या रात्रिः प्रभा भूतिर्मेधा श्रद्धा सरस्वती॥ ४॥
यज्ञविद्या महाविद्या गुह्यविद्या च शोभने। आत्मविद्या च देवि त्वं विमुक्तिफलदायिनी॥ ५॥
आन्वीक्षिकी त्रयी वार्ता दण्डनीतिस्त्वमेव च। सौम्या सौम्यैर्जगद्रूपैस्त्वयैतद्देवि पूरितम्॥ ६॥
का त्वन्या त्वामृते देवि सर्वयज्ञमयं वपुः। अध्यास्ते देवदेवस्य योगचिन्त्यं गदाभृतः॥ ७॥
त्वया देवि परित्यक्तं सकलं भुवनत्रयम्। विनष्टप्रायमभवत्त्वयेदानीं समेधितम्॥ ८॥
दाराः पुत्रास्तथाऽगारं सुहृद्धान्यं धनादिकम्। भवत्येतन्महाभागे नित्यं त्वद्वीक्षणान्नृणाम्॥ ९॥
शरीरारोग्यमैश्वर्यमरिपक्षक्षयः सुखम्। देवि त्वद्दृष्टिदृष्टानां पुरुषाणां न दुर्लभम्॥ १०॥
त्वम्बा सर्वभूतानां देवदेवी हरिः पिता। त्वयैतद्विष्णुना चाम्ब जगद्व्याप्तं चराचरम्॥ ११॥
मा नः कोशं तथा कोष्ठं मा गृहं मा परिच्छदम्। मा शरीरं कलत्रं च त्यजेथाः सर्वपावनि॥ १२॥
मा पुत्रान्मा सुहृद्वर्गान्मा पशून्मा विभूषणम्। त्यजेथा मम देवस्य विष्णोर्वक्षःस्थलाश्रये॥ १३॥

इन्द्र बोले—हे सभी प्राणियों को जन्म देने वाली कमलसम्भवा देवि! आपको नमस्कार है। आप लक्ष्मी हैं, जिनके नेत्र उन्निद्र हैं तथा कमल के समान है और विष्णु के वक्षःस्थल में जो बैठी हुई हैं। कमलों में निवास करने

वाली, कमलों के समान हाथों वाली, कमलपत्र के समान दृष्टि वाली, कमलमुखी, विष्णु भगवान् की प्रिया लक्ष्मी की मैं वन्दना करता हूँ। हे देवि! आप सिद्धि हैं। आप ही स्वधा, स्वाहा तथा लोकपावनी हैं। आप ही सन्ध्या, रात्रि, प्रभा, मेधा, श्रद्धा, सरस्वती, यज्ञविद्या, महाविद्या, गुह्यविद्या तथा शोभना हैं। हे देवि! आप ही मोक्षदायिनी आत्मविद्या हैं। आप सौम्या हैं तथा आपने ही सौम्य रूपों से इस जगत् को भर दिया है। हे अमृते देवि! आपके अतिरिक्त अन्य दूसरा यज्ञमय शरीर है; आप जगदाधार योगचिन्त्य देवदेव श्रीविष्णु भगवान् में विराजती हैं। तुम्हारे द्वारा त्याग दिये जाने पर सम्पूर्ण त्रिलोक विनष्टप्राय हो जाते हैं, आप ही इनको जीवित रखती हैं। हे महाभागे! मनुष्यों पर आपकी कृपादृष्टि से ही पत्नी, पुत्र, आवास, मित्र तथा धन-धान्य प्राप्त होता है। शरीर, आरोग्य, ऐश्वर्य, शत्रुपक्ष का नाश, सुख—ये सब हे देवि! जिन लोगों पर आपकी दृष्टि है, उनके लिये दुर्लभ नहीं हैं। हे देवि! आप सम्पूर्ण प्राणियों की माता तथा भगवान् विष्णु पिता हैं। आप एवं विष्णु से ही यह चराचर जगद् व्याप्त है। हे सर्वपावनी! मुझे कोश, कोष्ठ, गृह, परिच्छद, शरीर, कलत्र, पुत्र, मित्र, पशु, विभूषण न त्यागें। आप मेरे देव विष्णु के वक्षःस्थल में विराजमान बनी रहें॥ २-१३॥

सत्त्वेन सत्यशौचाभ्यां तथा शान्त्यादिभिर्गुणैः। त्यज्यन्ते ते नराः सद्यः सन्त्यक्ता ये त्वयाऽमले॥ १४॥
त्वयावलोकिताः सद्यः शीलाद्यैरखिलैर्गुणैः। कुलैश्वर्यैश्च युज्यन्ते पुरुषा निर्गुणा अपि॥ १५॥
स श्लाघ्यः स गुणी धन्यः स कुलीनः स बुद्धिमान्। स शूरः स च विक्रान्तो यस्त्वया देवि वीक्षितः॥ १६॥
सद्यो वैगुण्यमायान्ति शीलाद्याः सकला गुणाः। पराङ्मुखी जगद्धात्री यस्य त्वं विष्णुवल्लभे॥ १७॥
न ते वर्णयितुं शक्ता गुणाञ्जिह्वाऽपि वेधसः। प्रसीद देवि पद्माक्षि माऽस्मांस्त्याक्षीः कदाचन॥ १८॥

सत्त्व, सत्य, शौच, शान्ति आदि गुणों को जो लोग त्याग देते हैं, वे हे अमले! आपके द्वारा त्याग दिये जाते हैं। आपकी दृष्टिमात्र से शीघ्र ही निर्गुणी लोग शीलादि सम्पूर्ण गुणों, कुल तथा ऐश्वर्य से युक्त हो जाते हैं। हे देवि! जिस पर आपकी दृष्टि हो जाती है, वह व्यक्ति प्रशंसनीय, गुणी, धन्य, कुलीन, बुद्धिमान, शूर तथा विक्रान्त हो जाता है। हे जगद्धात्री देवि! जिस व्यक्ति से आप पराङ्मुखी हो जाती हैं, वह व्यक्ति शीघ्र ही शीलादि सम्पूर्ण गुणों से रहित हो जाता है। आप विष्णुप्रिया हैं। आपकी महिमा का वर्णन तो ब्रह्माजी भी अपनी जिह्वा से नहीं कर सकते हैं। हे देवि! आप मुझपर प्रसन्न हों तथा मुझे कभी न त्यागें॥ १४-१८॥

पराशर उवाच—

एवं श्रीः संस्तुता सम्यक्प्राह हृष्टा शतक्रतुम्। शृण्वतां सर्वदेवानां सर्वभूतस्थिता द्विज॥ १९॥

पराशर जी बोले—इन्द्र के द्वारा इस प्रकार स्तुति किये जाने पर प्रसन्न होकर इन्द्र से सब देवताओं को सुनाते हुए सब प्राणियों के हितार्थ बोलीं॥ १९॥

श्रीरुवाच—

परितुष्टास्मि देवेश स्तोत्रेणानेन ते हरे। वरं वृणीष्व यस्त्विष्टो वरदाऽहं तवागता॥ २०॥

श्री देवी बोलीं—हे देवेश! आपके द्वारा की गई हरि की स्तुति से मैं प्रसन्न हूँ। अब तुम्हें जो इच्छा हो, वह वर माँगो। मैं तुम्हें वर देने के लिये आई हूँ॥ २०॥

इन्द्र उवाच—

वरदा यदि मे देवि वरार्हो यदि वाऽप्यहम्। त्रैलोक्यं न त्वया त्याज्यमेष मेऽस्तु वरः परः॥ २१॥
स्तोत्रेण यस्तवैतेन त्वां स्तोष्यत्यब्धिसम्भवे। स त्वया न परित्याज्यो द्वितीयोऽस्तु वरो मम॥ २२॥

इन्द्र बोले—हे देवि! यदि मैं वर पाने योग्य हूँ और आप मुझे वर दे रही हैं तो आप तीनों लोकों को कभी न त्यागें। यह मेरा प्रथम वर है, जिसकी मैं याचना कर रहा हूँ। मेरा दूसरा अभीष्ट वर यह है कि इस स्तोत्र से जो भी आपकी स्तुति करे, उसे आप कभी न त्यागना॥ २१-२२॥

श्रीरुवाच—

त्रैलोक्यं त्रिदशश्रेष्ठ न सन्त्यक्ष्यामि वासव। दत्तो वरो मयाऽयं ते स्तोत्राराधनतुष्टया॥ २३॥

यश्च सायं तथा प्रातः स्तोत्रेणानेन मानवः। मां स्तोष्यति न तस्याहं भविष्यामि पराङ्मुखी॥ २४॥

श्री बोलीं—हे त्रिदशश्रेष्ठ! मैं तीनों लोकों को नहीं त्यागूँगी—यह वर मैं तुम्हें इस स्तोत्र से आशान्वित होकर, सन्तुष्ट होकर दे रही हूँ। जो प्रातः तथा सायंकाल इस स्तोत्र से मेरी स्तुति करेगा, उस मनुष्य से मैं कभी पराङ्मुख नहीं होऊँगी॥ २३-२४॥

पराशर उवाच—

एवं वरं ददौ देवी देवराजाय वै पुरा। मैत्रेय श्रीर्महाभागा स्तोत्राराधनतोषिता॥ २५॥

भृगोः ख्यात्यां समुत्पन्ना श्रीः पूर्वमुदधेः पुनः। देवदानवयत्नेन प्रसूताऽमृतमन्थने॥ २६॥

एवं यथा जगत्स्वामी देवराजो जनार्दनः। अवतारं करोत्येषा तथा श्रीस्तत्सहायिनी॥ २७॥

पुनश्च पद्मा सम्भूता यदाऽऽदित्योऽभवद्धरिः। यदा च भार्गवो रामस्तदाऽभूद्धरणी त्वियम्॥ २८॥

राघवत्वेऽभवत्सीता रुक्मिणी कृष्णजन्मनि। अन्येषु चावतारेषु विष्णोरेषाऽनपायिनी॥ २९॥

देवत्वे देवदेहेयं मानुषत्वे च मानुषी। विष्णोर्देहानुरूपं वै करोत्येषाऽऽत्मनस्तनुम्॥ ३०॥

यश्चैवं शृणुयाज्जन्म लक्ष्म्या यश्च पठेन्नरः। श्रियो न विच्युतिस्तस्य गृहे यावत्कुलत्रयम्॥ ३१॥

पठ्यते येषु चैवैष गृहेषु श्रीस्तवो मुने। अलक्ष्मीः कलहाधारा न तेष्वास्ते कदाचन॥ ३२॥

एतत्ते कथितं ब्रह्मन् यन्मां त्वं परिपृच्छसि। क्षीराब्धौ श्रीर्यथा जाता पूर्वं भृगुसुता सती॥ ३३॥

इति सकलविभूत्यवासिहेतुः स्तुतिरियमिन्द्रमुखोद्गता हि लक्ष्म्या।
अनुदिनमिह पठ्यते नृभिर्यैर्वसति न तेषु कदाचिदप्यलक्ष्मीः॥ ३४॥

इति श्रीविष्णुपुराणे लक्ष्मीस्तोत्रं समाप्तम्।

पराशर जी बोले—हे महाभाग मैत्रेय जी! प्राचीन काल में इस स्तोत्र से परितुष्ट होकर श्रीदेवी ने देवराज इन्द्र को वर दिया था। पूर्व में भृगु की ख्याति से लक्ष्मी समुद्र से उत्पन्न हुई थी, फिर वह देव-दानवों के समुद्र-मन्थन से पुनः उत्पन्न हुई थी। जिस प्रकार जगत् के स्वामी भगवान् जनार्दन हैं, उनकी ही सहायता के लिये यह लक्ष्मी भी अवतार धारण करती हैं। फिर जब विष्णु आदित्य हुए तब यह पद्मा के रूप में अवतरित हुईं। जब परशुराम के रूप में विष्णु प्रकट हुये, तब यह 'धरणी' होकर प्रकट हुईं। जब राम का अवतार हुआ तब यह 'सीता' हुईं। कृष्णजन्म में यह रुक्मिणी होकर प्रकट हुईं। अन्य अवतारों से भी यह विष्णु के साथ अनपायिनी होकर रही हैं। यह देवावतार में देवरूप से तथा मानुषावतार में मनुष्यरूप से उत्पन्न होती हैं। यह विष्णु के शरीर के अनुरूप ही अपना शरीर धारण करती हैं। जो मनुष्य लक्ष्मी के इन जन्मों को सुनता तथा पढ़ता है, उसकी तीन पीढ़ियों तक लक्ष्मी उसे नहीं त्यागती हैं। हे मुनि! जिन घरों में इस श्रीस्तव का पाठ होता है, उनमें कलह का आधार अलक्ष्मी (दरिद्रता) कभी नहीं फटकती। आपने मुझसे जो पूछा, हे ब्रह्मन्! वह मैंने आपको बता दिया। क्षीरसागर में पूर्व में जिस प्रकार भृगुपुत्री के रूप में लक्ष्मी जन्मी, वह सब बताया। इन्द्र के मुख से की गई यह लक्ष्मी की स्तुति सम्पूर्ण

विभूतियों को प्राप्त कराती है। जिन मनुष्यों के द्वारा इस स्तुति को प्रतिदिन पढ़ा जाता है, उनके यहाँ अलक्ष्मी कभी नहीं आती है॥ २५-३४॥

द्वादशनामात्मकं लक्ष्मीस्तोत्रम्

त्रैलोक्यपूजिते देवि कमले विष्णुवल्लभे। यथा त्वमचला कृष्णे तथा भव मयि स्थिरा॥ १॥
कमला चञ्चला लक्ष्मीश्चला भूतिर्हरिप्रिया। पद्मा पद्मालया सम्पदुच्चैः श्री पद्मधारिणी॥ २॥
द्वादशैतानि नामानि लक्ष्मीं सम्पूज्य यः पठेत्। स्थिरा लक्ष्मीर्भवेत्तस्य पुत्रदारादिभिः सह॥ ३॥
इति लक्ष्मीस्तोत्रं द्वितीयम्।

लक्ष्मीद्वादश नाम स्तोत्र—हे विष्णुप्रिया कमले! आप तीनों लोकों द्वारा पूजित हैं। जिस प्रकार हे कृष्णे! आप अचला हैं, उसी प्रकार आप मेरे घर में स्थिर होकर रहें। (१) कमला, (२) चञ्चला, (३) लक्ष्मी, (४) चला, (५) भूति, (६) हरिप्रिया, (७) पद्मा, (८) पद्मालया, (९) सम्पद्, (१०) उच्चैः, (११) श्रीः तथा (१२) पद्मधारिणी—ये लक्ष्मी के बारह नाम हैं। जो इन द्वादश नामों को पढ़कर लक्ष्मी की पूजा करता है, उसके घर में लक्ष्मी पुत्र-दारा आदि के साथ विराजती है॥ १-३॥

लक्ष्मीकवचम्

अथ लक्ष्मीकवचप्रारम्भः—

अथ वक्ष्ये महेशानि कवचं सर्वकामदम्। यस्य विज्ञानमात्रेण भवेत्साक्षात्सदाशिवः॥ १॥
नार्चनं तस्य देवेशि मन्त्रमात्रं जपेन्नरः। स भवेत्पार्वतीपुत्रः सर्वशास्त्रपुरस्कृतः॥ २॥
विद्यार्थिना सदा सेव्या विशेषे विष्णुवल्लभा।

ॐ अस्याश्चतुरक्षरविष्णुवनितायाः कवचस्य श्रीभगवान् शिव ऋषिः। अनुष्टुप् छन्दः। वाग्भवा देवता। वाग्भवं वीजम्। लज्जा शक्तिः। रमा कीलकम्। कामबीजात्मकं कवचं मम सुकवित्वपाण्डित्यसमृद्धिसिद्धये विनियोगः।

ऐङ्कारो मस्तके पातु वाग्भवा सर्वसिद्धिदा॥ ३॥
ह्रीं पातु चक्षुषोर्मध्ये चक्षुर्युग्मे च शाङ्करी। जिह्वायां मुखवृत्ते च कर्णयोर्दन्तयोर्नसि॥ ४॥
ओष्ठाधारे दन्तपङ्क्तौ तालुमूले हनौ पुनः। पातु मां विष्णुवनिता लक्ष्मीः श्रीवर्णरूपिणी॥ ५॥

लक्ष्मीकवच—हे महेशानि! अव मैं सभी कामनाओं को पूर्ण करने वाला कवच कहता हूँ, जिसके जानने मात्र से साधक साक्षात् शिव हो जाता है। हे देवेशि! उसके लिये किसी प्रकार का अर्चन नहीं है, वह केवल मन्त्रमात्र का जप करे तो वह सर्वशास्त्रों में पुरस्कृत साक्षात् पार्वतीपुत्र (गणेश) ही हो जाता है। विद्यार्थियों के द्वारा विष्णुवल्लभा (लक्ष्मी) की सदा सेवा करनी चाहिये। ऐङ्कार मस्तक की रक्षा करें, वाग्भवा सर्वसिद्धियों को दे। नेत्रों के मध्यभाग की रक्षा ह्रीं करे। दोनों नेत्रों की रक्षा शाङ्करी करे। जीभ, मुखवृत्त, कान, दाँत, नाक, ओष्ठाधार, दन्तपङ्क्ति, तालुमूल तथा हनु की रक्षा विष्णुवनिता लक्ष्मी श्रीकर्णरूपिणी करे॥ १-५॥

कर्णयुग्मे भुजद्वन्द्वे स्तनद्वन्द्वे च पार्वती। हृदये मणिबन्धे च ग्रीवायां पार्श्वयोर्द्वयोः॥ ६॥
पृष्ठदेशे तथा गुह्ये वामे च दक्षिणे तथा। उपस्थे च नितम्बे च नाभौ जङ्घाद्वये पुनः॥ ७॥
जानुचक्रे पदद्वन्द्वे घुटिकाङ्गुलिमूलके। सधातुप्राणशक्त्या वा सीमन्त्यां मस्तके तथा॥ ८॥
सर्वाङ्गे पातु कामेशी महादेवी समुन्नतिः। पुष्टिः पातु महामाया उत्कृष्टिः सर्वदावतु॥ ९॥

ऋद्धिः पातु सदा देवी सर्वत्र शम्भुवल्लभा। वाग्भवी सर्वदा पातु पातु मां हरगेहिनी॥ १०॥
रमा पातु महादेवी पातु माया स्वराट् स्वयम्। सर्वाङ्गे पातु मां लक्ष्मीर्विष्णुमाया सरस्वती॥ ११॥

दोनों कान, दोनों भुजा, दोनों स्तनों की रक्षा पार्वती करें। हृदय, मणिबन्ध, ग्रीवा, दोनों पार्श्व, पृष्ठदेश, गुह्य, वाम दक्षिण, उपस्थ, नितम्ब, नाभि, दोनों जङ्घा, जानुचक्र, चरणद्वय, घुटिका, अङ्गुलिमूलक, धातु, प्राण, शक्ति, सीमन्त (माँग), मस्तक तथा सर्वाङ्ग की रक्षा कामेशी महादेवी करें। पुष्टि, उत्कृष्टि की रक्षा सदैव महामाया करें। सर्वत्र शम्भुवल्लभा देवी ऋद्धि की रक्षा करें। वाग्भवी सर्वदा रक्षा करें। हरगेहिनी मेरी रक्षा करें। महादेवी लक्ष्मी की रक्षा करें। स्वयं माया अपने राज्य की रक्षा करें। विष्णुमाया, लक्ष्मी एवं सरस्वती मेरे सर्वाङ्ग की रक्षा करें॥ ६-११॥

विजया पातु भवने जया पातु सदा मम। शिवदूती सदा पातु सुन्दरी पातु सर्वदा॥ १२॥
भैरवी पातु सर्वत्र भेरुण्डा सर्वदावतु। त्वरिता मां पातु नित्यमुग्रतारा सदावतु॥ १३॥
पातु मां कालिका नित्यं कालरात्रिः सदावतु। नव दुर्गाः सदा पान्तु कामाख्या सर्वदावतु॥ १४॥
योगिन्यः सर्वदा पान्तु मुद्राः पान्तु सदा मम। मात्राः पान्तु सदा देव्यश्चक्रस्थो योगिनीगणः॥ १५॥
सर्वत्र सर्वकार्येषु सर्वकर्मसु सर्वदा। पातु मां देवदेवी च लक्ष्मीः सर्वसमृद्धिदा॥ १६॥
इति ते कथितं दिव्यं कवचं सर्वसिद्धये। यत्र तत्र न वक्तव्यं यदीच्छेदात्मनो हितम्॥ १७॥
शठाय भक्तिहीनाय निन्दकाय महेश्वरि। न्यूनाङ्गे ह्यतिरिक्ताङ्गे दर्शयेन्न कदाचन॥ १८॥
न स्तवं दर्शयेद्दिव्यं सन्दर्श्य शिवहा भवेत्। कुलीनाय महेशाय दुर्गाभक्तिरताय च॥ १९॥
वैष्णवाय विशुद्धाय दद्यात्कवचमुत्तमम्। निजशिष्याय शान्ताय धनिने कुलिने तथा॥ २०॥
दद्यात्कवचमित्युक्तं सर्वतन्त्रसमन्वितम्। शनौ मङ्गलवारे च रक्तचन्दनकैस्तथा॥ २१॥
सुतिथौ शुभयोगे च श्रवणायां रवेर्दिने। विलिखेत्प्रपठेत्स्तोत्रं शून्यागारे सुरालये॥ २२॥
कुमारीं पूजयित्वा च यजेद्देवीं सनातनीम्। घृताद्यैः सोपकरणैः पुष्पधूपैर्विशेषतः॥ २३॥
ब्राह्मणान्भोजयित्वा च पूजयेत्परमेश्वरीम्। आखेटकमुपाख्यानं तत्र कुर्याद्दिनत्रयम्॥ २४॥
तदा धरेन्महारक्षां शङ्करेण प्रभाषिताम्। मारणद्वेषणादीनि लभते नात्र संशयः॥ २५॥
स भवेत्पार्वतीपुत्रः सर्वशास्त्रपुरस्कृतः। गुरुर्देवो हरः साक्षात्पत्नी तस्य हरिप्रिया।
अभेदेन यजेद्यस्तु तस्य सिद्धिरदूरतः॥ २६॥

पठति य इह मर्त्यो नित्यमार्द्रान्तरात्मा जपफलमनुवेलं लप्स्यते यद्विशेषम्।
स भवति पदमुच्चैः सम्पदां पादनम्रक्षितिपमुकुटलक्ष्मीर्लक्षणानां चिराय॥ २७॥

इति विश्वसारे श्रीलक्ष्मीकवचं समाप्तम्। श्रीमहालक्ष्म्यै नमः। शम्।

विजया भवन में रक्षा करें। जया सदा मेरी रक्षा करें। शिवदूती सदा मेरी रक्षा करें। सुन्दरी मेरी सदैव रक्षा करे। भैरवी सर्वत्र रक्षा करें तथा भेरुण्डा सर्वदा रक्षा करें। त्वरिता मेरी नित्य रक्षा करें तथा उग्रतारा सदा रक्षा करें। कालिका मेरी नित्य रक्षा करें। कालरात्रि सदैव रक्षा करें। नवदुर्गा तथा कामाख्या सदैव रक्षा करें। योगिनियाँ तथा मुद्रायें मेरी सदैव रक्षा करें। देवी के चक्र में स्थित योगिनीगण सदैव मेरी मात्रा की रक्षा करें। सर्वत्र समस्त कार्यों में सर्वसिद्धिदा देवदेवी लक्ष्मी मेरी रक्षा करें। यह आपसे सर्वसिद्धि देने वाला कवच कहा गया है, जिसे अपना हित चाहने वाले किसी ऐरे-गैरे को नहीं देना चाहिये। न इस स्तव को किसी को दिखाना चाहिये, अन्यथा वह

शिवहा (अपने कल्याण का नाशक) होता है। इस कवच को कुलीन व्यक्ति को, जो शिवभक्त तथा दुर्गाभक्त हो अथवा विशुद्ध वैष्णव हो, उसको ही यह उत्तम कवच देना चाहिये। जो शान्त, कुलीन तथा धनी अपना शिष्य हो, उसे ही यह सर्वतन्त्रसमन्वित कवच देना चाहिये। इस कवच को शनिवार, मङ्गलवार के दिन अथवा सुतिथि, सुयोग में रविवार को श्रवण नक्षत्र में लालचन्दन से निर्जन स्थान में या शिवालय में एकान्त में लिखकर तथा पढ़कर देना चाहिये। कुमारी की पूजा कर सनातनी आद्याशक्ति की पूजा करे। घी, उपकरण, धूप आदि से पूजा करके फिर ब्राह्मणों को भोजन कराये। तीन दिन तक आखेटक उपाख्यान करे। तब देवी महारक्षा करती हैं, यह शङ्कर जी का कथन है। साधक को फिर मारण एवं द्वेषणों का भय नहीं रहता, वह साक्षात् पार्वतीपुत्र हो जाता है। इसमें सन्देह नहीं है। गुरुदेव साक्षात् शिव हैं तथा उनकी पत्नी साक्षात् पार्वती हैं, इस प्रकार की अभेद भावना से जो पूजा करता है, उसको शीघ्र ही सफलता मिलती है। जो मनुष्य अन्तरात्मा से आर्द्र होकर इस कवच को पढ़ता है, उसे विशेष फल प्राप्त होता है। उसे उच्च पद एवं सम्पदाओं की प्राप्ति होती है तथा लक्ष्मी के लक्षणों से उसे राजमुकुट की प्राप्ति चिरकाल तक रहती है॥ १२-२७॥

विमर्श—मूल पाठ में तीसरे श्लोक के पूर्वार्ध के उपरान्त इस कवच का विनियोग दिया गया है, उसका उपयोग करना चाहिये।

श्रीसूक्तविधानम्

ऋग्विधाने—

य इच्छेद्वरदां देवीं श्रियं नित्यं कुले स्थिताम्। स शुचिः प्रयतो भूत्वा जुहुयादाज्यमन्वहम्॥
श्रियः पञ्चदशर्च्चं च श्रीकामः सततं जपेत्। आवाहयेच्छ्रियं पद्मे पञ्चभिः कनकेन वा॥
उपहारानुपहरेच्छुक्लान् भक्ष्यान् पयो दधि। स्थालीपाकं च शालीनां पयसा सम्प्रकल्पयेत्॥
चान्द्रायणकृतात्मा तु प्रपद्येत्प्रयतः श्रियै। सर्वौषधीभिः पाठाभिः स्नात्वाऽद्भिः पावनैरपि॥
श्रीसूक्तं यो जपेद्भक्त्या तस्याऽलक्ष्मीर्विनश्यति। जुहुयाद्यश्च धर्म्मज्ञो हविष्येण विशेषतः॥

श्रीसूक्त के जप की विधि (ऋग्विधान के अनुसार)—जो व्यक्ति यह चाहता है कि उसके कुल में नित्य ही लक्ष्मी का वास बना रहे, वह पवित्र होकर प्रतिदिन घृत की आहुति के साथ श्रीसूक्त की पन्द्रह ऋचाओं से जप करे। श्रीलक्ष्मी का आवाहन करके पाँच स्वर्णमुद्राओं के उपहार एवं दूध-दही से पूजा करे। शालि चावलों का स्थालीपाक दूध के साथ बनाकर भोग लगाये। प्रथम चान्द्रायण व्रत करके फिर सर्वौषधि के जल से स्नान करके पूजा करके फिर श्रीसूक्त का पाठ करे। जो भक्तिपूर्वक श्रीसूक्त का जप करता है, उसकी अलक्ष्मी नष्ट हो जाती है। जो धर्मज्ञ विशेषतः हविष्य से आहुति देता है, उसका कल्याण होता है।

अथ प्रयोगः—तत्रादौ चान्द्रायणादिद्वारा प्रायश्चित्तं सम्पाद्य पूर्वदिने अयुतगायत्रीजपं कृत्वा प्रारम्भदिने प्रातर्नद्यादौ स्नात्वा सन्ध्यादिनित्यकर्म्म समाप्य सर्वौषधियुक्तैरुष्णोदकैर्मङ्गलस्नानं कृत्वा नवे शुक्लवाससी परिधाय यथायोग्या लङ्कृतो देवालयादिषु विविक्ते देशे जपस्थानं प्रकल्पयेत्। ततः स्वासने प्राङ्मुख उपविश्य सपवित्रकरः आचम्य प्राणानायम्य ॐ 'सुमुखश्च०' इत्यादिगणपतिस्मरणं कुर्य्यात्। ततो देशकालौ सङ्कीर्त्य 'मम अनन्ताव्यवच्छिन्नशाश्वत-लक्ष्मीप्राप्तिद्वारा सुखसम्पदायुरारोग्यप्राप्त्यर्थं श्रीमहालक्ष्मीदेवताप्रीत्यर्थं च अमुकसङ्ख्यया श्रीसूक्तजपं करिष्ये, तदङ्गत्वेन न्यासध्यानादिकर्म्म करिष्ये' इति च सङ्कल्प्य न्यासं कुर्य्यात्। तद्यथा—अस्य हिरण्यवर्णामित्यादिपञ्चदशर्चस्य श्रीसूक्तस्य आनन्दकर्दमचिक्लीतेन्दिरासुता ऋषयः आद्यानां तिसृणामनुष्टुप्छन्दः चतुर्थ्याः प्रस्तारपङ्क्तिश्छन्दः। पञ्चमीषष्ठ्योस्त्रिष्टुप्छन्दः। ततोऽष्टानामनुष्टुप्छन्दः। अन्त्यायाः प्रस्तारपङ्क्तिश्छन्दः। श्रीविश्वावसुर्देवता स्थिरलक्ष्मीप्राप्तये

न्यासे जपे विनियोगः। ॐ आनन्दकर्दमचिक्लीतेन्दिरासुतऋषिभ्यो नमः शिरसि॥ १॥ ॐ अनुष्टुप्प्रस्तारपङ्क्ति-त्रिष्टुबनुष्टुप्प्रस्तारपङ्क्तिच्छन्दोभ्यो नमः मुखे॥ २॥ ॐ श्रीविश्वावसुदेवताभ्यां नमः हृदये॥ ३॥ इति ऋष्यादिन्यासः। अथ सूक्तन्यासः। ॐ हिरण्यवर्णां हरिणीम्० इति शिरसि॥१॥ ॐ तांमआव ह० नेत्रयोः॥२॥ ॐ अश्वपूर्वामिति कर्णयोः॥३॥ ॐ कांसोस्मितामिति नासिकयोः॥४॥ ॐ चन्द्रांप्रभासामिति मुखे॥५॥ ॐ आदित्यवर्णे इति गले॥६॥ ॐ उपैतुमामिति बाह्वोः॥७॥ ॐ क्षुत्पिपासेति हृदि॥८॥ ॐ गन्धद्वारामिति नाभौ॥९॥ ॐ मनसः काममिति गुह्ये॥१०॥ ॐ कर्दमेनेति गुदे॥११॥ ॐ आपः सृजंत्विति ऊर्वोः॥१२॥ ॐ आर्द्रां पुष्करिणीमिति जानुनोः॥१३॥ ॐ आर्द्रां यस्करिणीमिति जङ्घयोः॥१४॥ ॐ ताम्मआवह इति पादयोः॥१५॥ एवमेताः प्रणवादिनमोऽन्ता विन्यस्य ध्यायेत्—

या सा पद्मासनस्था विपुलकटितटी पद्मपत्रायताक्षी गम्भीरावर्तनाभिस्तनभरनमिता शुभ्रवस्त्रोत्तरीया।
या लक्ष्मीर्दिव्यरूपैर्मणिगणखचितैः स्नापिता हेमकुम्भे सा नित्यं पद्महस्ता मम वसतु गृहे सर्वमाङ्गल्ययुक्ता॥

एवं ध्यात्वा मानसोपचारैः सम्पूजयेत्। ततः स्वपुरतः पीठे चतुर्द्वारचतुरस्त्रत्रयावृतमष्टदलं कमलं विधाय 'ॐ मण्डूकादिपरतत्त्वान्तपीठदेवताभ्यो नमः' इति पीठदेवताः सम्पूज्य ॐ विभूत्यै नमः॥ १॥ ॐ उन्नत्यै नमः॥ २॥ ॐ कान्त्यै नमः॥ ३॥ ॐ सृष्ट्यै नमः॥ ४॥ ॐ कीर्त्यै नमः॥ ५॥ ॐ सन्नत्यै नमः॥ ६॥ ॐ पुष्ट्यै नमः॥ ७॥ ॐ उत्कृष्ट्यै नमः॥ ८॥ (मध्ये) ॐ ऋद्ध्यै नमः॥ ९॥ इति पीठशक्तीः सम्पूजयेत्। तत 'ॐ श्रीं कमलासनाय नमः' इत्यासनं दत्त्वा तत्र स्वर्णमयीं महालक्ष्मीप्रतिमां सावयवां संस्थाप्य प्राणप्रतिष्ठां कृत्वा ॐ हिरण्यवर्णामित्यादिश्रीसूक्तेनावाहनादिश्वेत-पुष्पान्तैरुपचारैः सम्पूज्य पूर्वोक्तैकाक्षरप्रयोगवदावरणपूजां कृत्वा धूपदीपशुक्लभक्ष्यान् पयो दधि शुक्लानुपहारांश्च निवेद्य नीराजनान्तं कृत्वा पूर्वोक्तस्तवेन स्तुत्वा सूक्तं पठेत्।

प्रयोगविधि—प्रथम चान्द्रायणादि द्वारा प्रायश्चित्त करके पूर्व दिन अयुत सङ्ख्या में जप करके प्रारम्भ के दिन में प्रातः नदी आदि में स्नान करके सन्ध्यादि नित्यकर्म समाप्त कर सर्वौषधि-युक्त उष्णोदक से मङ्गलस्नान कर शुक्ल वस्त्र धारण कर यथायोग्य अलंकृत होकर देवालय इत्यादि एकान्त स्थान में जप करे। अपने आसन पर पूर्व की ओर मुख करके बैठे। पवित्री धारण कर आचमन, प्राणायाम कर 'ॐ सुमुखश्चैकदन्तश्च०' इत्यादि से गणपति का स्मरण करके देश-काल का सङ्कीर्तन कर 'मम अनन्ताव्यवच्छिन्नशाश्वतलक्ष्मीप्राप्तिद्वारा सुखसम्पदायुरा-रोग्यप्राप्त्यर्थं च अमुकसङ्ख्यया श्रीसूक्तजपं करिष्ये, तदङ्गत्वेन न्यासध्यानादिकर्म्म करिष्ये' ऐसा कहकर सङ्कल्प करे। फिर न्यासादि करे। 'अस्य हिरण्यवर्णामित्यादिपञ्चदशर्चस्य श्रीसूक्तस्य आनन्द, कर्दम, चिक्लीत इन्दिरासुता ऋषयः आद्यानान्तिसृणां अनुष्टुप् छन्दः। चतुर्थ्याः प्रस्तारपङ्क्तिश्छन्दः। पञ्चमीषष्ठ्योस्त्रिष्टुप् छन्दः। ततोऽष्टानामनुष्टुप् छन्दः। अन्त्यायाः प्रस्तारपङ्क्तिश्च्छन्दः। श्रीविश्वावसुर्देवता। स्थिरलक्ष्मीप्राप्तये न्यासे जपे विनियोगः' इस मन्त्र से विनियोग करे। तदनन्तर मूलपाठ में लिखित 'ॐ आनन्दकर्दमचिक्लीतेन्दिरासुतऋषिभ्यो नमः शिरसि' इत्यादि तीन मन्त्रों से ऋष्यादि न्यास करे। फिर मूल में लिखित 'ॐ हिरण्यवर्णां हरिणीम्०' इत्यादि पन्द्रह ऋचाओं से श्रीसूक्त का न्यास प्रणव से आरम्भ कर नमः अन्त में लगाकर करना चाहिये।

फिर मूल में लिखित 'या सा पद्मासनस्था विपुलकटितटी पद्मपत्रायताक्षी०' इत्यादि श्लोक से ध्यान करे। ध्यान का भावार्थ इस प्रकार है—जो पद्मासन पर स्थित, विपुल कटितटी, कमलपत्र के समान नेत्रों वाली, गम्भीर आवर्त्तों वाली नाभि से युक्त, स्तनों के भार से झुकी हुई, शुभ्र वस्त्र का उत्तरीय धारण की हुई लक्ष्मी दिव्य रूप वाले मणिगणों से शोभित, स्वर्णकुम्भों से स्नापित, पद्महस्ता है, वह नित्य ही मेरे घर में निवास करे।

इस प्रकार ध्यान करके मानसोपचारों से पूजा करे। फिर अपने सम्मुख रखे पीठ (चौकी) पर चार द्वार, तीन चतुरस्रों से आवृत अष्टदलकमल बनाकर 'ॐ मण्डूकादिपरतत्त्वान्तदेवताभ्यो नमः' कहकर उस पीठ के देवताओं को पूजकर मूलोक्त 'ॐ विभूत्यै नमः' इत्यादि ९ मन्त्रों से नौ पीठशक्तियों की पूजा करे। फिर 'ॐ कमलासनाय नमः' कहकर लक्ष्मीजी को आसन देकर स्वर्ण-निर्मित लक्ष्मी की सावयव प्रतिमा को स्थापित करके प्राणप्रतिष्ठा करके 'ॐ हिरण्यवर्णां०' इत्यादि श्रीसूक्त से आवाहनादि श्वेत पुष्पान्त उपचारों के द्वारा पूजकर पूर्वोक्त एकाक्षर मन्त्रप्रयोग की भाँति आवरणपूजा करके धूप-दीप, शुक्ल भक्ष्य, दूध-दही, शुक्ल उपहारों का नैवेद्य देकर नीराजनान्त करके पूर्वोक्त महालक्ष्मी स्तोत्र से स्तुति कर (अथवा लक्ष्मीद्वादशनाम स्तोत्र से स्तुति कर) फिर श्रीसूक्त पढ़े। श्रीसूक्त का मूलपाठ आगे दिया जा रहा है।

श्रीसूक्तम्

ॐ हिर॑ण्यवर्णां॒ हरि॑णीं सु॒वर्ण॑रज॒तस्र॑जाम्। च॒न्द्रां हि॒रण्म॑यीं ल॒क्ष्मीं जात॑वेदो म॒ आव॑ह॥१॥ ताम्म॒ आव॑ह जातवेदो-ल॒क्ष्मीमन॑पगा॒मिनी॑म्। यस्यां॒ हिर॑ण्यं वि॒न्देयं॒ गामश्वं॒ पुरु॑षान॒हम्॥२॥ अ॒श्व॒पू॒र्वां र॑थम॒ध्यां ह॒स्तिना॑दप्र॒बोधि॑नीम्। श्रियं॑-दे॒वीमुप॑ह्वये॒ श्रीर्मा॑ दे॒वीजु॑षताम्॥३॥ कां॒सो॒स्मि॒तां हिर॑ण्यप्रा॒कारा॑मा॒र्द्रां ज्वल॑न्तीं तृ॒प्तां त॒र्पय॑न्तीम्। प॒द्मे॒स्थि॒तां प॒द्मव॑र्णां॒ तामि॒होप॑ह्वये॒ श्रिय॑म्॥४॥ च॒न्द्रां प्र॑भा॒सां य॒शसा॒ ज्वल॑न्तीं॒ श्रियं॑ लो॒के दे॒वजु॑ष्टामुदा॒राम्। तां प॒द्मिनी॑मीं॒ शर॑णम॒हं-प्रप॑द्येऽल॒क्ष्मीर्मे॑ नश्यतां॒ त्वां वृ॑णे॥५॥ आ॒दि॒त्यव॑र्णे॒ तप॒सोऽधि॑जा॒तो वन॒स्पति॒स्तव॑ वृ॒क्षोऽथ बि॒ल्वः। तस्य॒ फला॑नि॒ तप॒सानु॑दन्तु म॒मान्त॑रा॒याश्च॑ बा॒ह्या अ॑ल॒क्ष्मीः॥६॥ उपै॑तु॒ मां दे॑वस॒खः की॒र्तिश्च॒ मणि॑ना स॒ह। प्रा॒दु॒र्भू॒तो॒ सु॑रा॒ष्ट्रेऽस्मिन् की॒र्तिमृ॑द्धिं द॒दातु॑ मे॥७॥ क्षु॒त्पि॑पा॒सामल॑ां ज्ये॒ष्ठाम॑ल॒क्ष्मीं ना॑शया॒म्यहम्। अभू॑तिम॒समृ॑द्धिं च॒ सर्वां॒ निर्णु॑द मे॒ गृहा॑त्॥८॥ ग॒न्ध॒द्वा॒रां दु॑राध॒र्षां नि॒त्यपु॑ष्टां करी॒षिणी॑म्। ई॒श्वरीं॑ सर्व॑भूता॒नां॒ तामि॒होप॑ह्वये॒ श्रिय॑म्॥९॥ मन॑सः॒ काम॒माकू॑तिं वा॒चः स॒त्यम॑शीमहि। प॒शू॒नां रू॒पम॑न्न॒स्य मयि॒ श्रीः श्र॑यतां॒ यशः॑॥१०॥ क॒र्दमे॑न प्र॑जाभू॒ता म॒यि॒ सम्भ॑व क॒र्दम। श्रियं॑ वा॒सय॑ मे कु॒ले मा॒तरं॑ पद्म॒मालि॑-नीम्॥११॥ आपः॑ सृ॒जन्तु॑ स्नि॒ग्धा॒नि॒ चि॒क्ली॒त व॑स मे॒ गृहे। नि च॑ दे॒वीं मा॒तरं॒ श्रियं॑ वा॒सय॑ मे कु॒ले॥१२॥ आ॒र्द्रां पु॒ष्करि॑णीं पु॒ष्टिं॒ पि॒ङ्ग॒लां प॑द्ममालि॒नीम्। च॒न्द्रां हि॒रण्म॑यीं ल॒क्ष्मीं जात॑वेदो म॒ आव॑ह॥१३॥ आ॒र्द्रां यः॒ करि॑णीं य॒ष्टिं॒ सु॒व॒र्णां हे॑ममा॒लिनी॑म्। सू॒र्यां हि॒रण्म॑यीं ल॒क्ष्मीं जात॑वेदो म॒ आव॑ह॥१४॥ तां म॒ आव॑ह जातवेदो ल॒क्ष्मीमन॑पगा॒मिनी॑म्। यस्यां॒ हिर॑ण्यं॒ प्रभू॑तं॒ गावो॑ दा॒स्योऽ-श्वा॑न् वि॒न्देयं॒ पुरु॑षान॒हम्॥१५॥ यः शुचिः॒ प्रय॑तो भू॒त्वा जु॒हुया॑दा॒ज्यमन्व॑हम्। श्रियः॑ प॒ञ्चद॑शर्चं च श्रीका॒मः॑ सत॒तं जपे॑त्॥१६॥ इति श्रीसूक्तम्।

इस श्रीसूक्त का मूल पाठ वैदिक ब्राह्मणों द्वारा ही किया जाना चाहिये। पाठ में उच्चारण में त्रुटि न हो, तभी फल की प्राप्ति होगी। यथासङ्कल्पित संख्या में सूक्तपाठ करके प्रतिदिन उतनी ही संख्या में घृत एवं समिधा से होम करके भगवती महालक्ष्मी से प्रार्थना करनी चाहिये।

एवं यथासङ्कल्पितसङ्ख्यया सूक्तं पठित्वा प्रत्यहं तत्सङ्ख्यया वा समिद्धेऽग्नौ घृतहोमं कृत्वा भगवतीं प्रार्थयेत्—

सरसिजनिलये सरोजहस्ते धवलतरांशुकगन्धमाल्यशुभ्रे।
भगवति हरिवल्लभे मनोज्ञे त्रिभुवनभूतिकरि प्रसीद मह्यम्॥

धनमग्निर्धनं वायुर्धनं सूर्यो धनं वसुः। धनमिन्द्रो बृहस्पतिर्वरुणं धनमश्विनौ॥
वैनतेय सोमं पिब सोमं पिबतु वृत्रहा। सोमं धनस्य सोमिनो मह्यं ददातु सोमिनः॥
न क्रोधो न च मात्सर्यं न लोभो नाशुभा मतिः। भवन्ति कृतपुण्यानां भक्तानां जाप्यसूक्तके॥
पद्मानने पद्म ऊरू पद्माक्षि पद्मसम्भवे। तन्मे भजसि पद्माक्षि येन सौख्यं लभाम्यहम्॥

विष्णुपत्नीं क्षमां देवीं माधवीं माधवप्रियाम्। विष्णुप्रियसखीं देवीं नमाम्यच्युतवल्लभाम्॥
महालक्ष्म्यै च विद्महे विष्णुपत्न्यै च धीमहि। तन्नो लक्ष्मीः प्रचोदयात्॥
पद्मानने पद्मिनि पद्मपत्रे पद्मप्रिये पद्मदलायताक्षि। विश्वप्रिये विश्वमनोनुकूले त्वत्पादपद्मं मयि सन्निधत्स्व॥
आनन्दः कर्दमः श्रीदश्चिक्लीत इति विश्रुताः। ऋषयः श्रियपुत्राश्च मयि श्रीर्देवीदेवता॥
ऋणरोगादिदारिद्र्यं पापञ्च अपमृत्यवः। भयशोकमनस्तापा नश्यन्तु मम सर्वदा॥
श्रीवर्च्चस्यमायुष्यमारोग्यमाविधात्पवमानं महीयते। धनं धान्यं पशुं बहुपुत्रलाभं शतसंवत्सरं दीर्घमायुः॥

इति प्रार्थना।

प्रार्थना—हे कमल के घर में निवास करने वाली, हाथों में कमल धारण करने वाली, धवलतर वस्त्र-गन्ध-माल्य धारण करने वाली, शुभ्रवर्णा भगवती, हरिवल्लभे, मनोज्ञे, तीनों लोकों को ऐश्वर्य देने वाली मुझपर प्रसन्न हो। अग्नि धन है, वायु धन है, सूर्य धन है, वसु धन है। इन्द्र धन है, धन बृहस्पति है, वरुण धन है, धन अश्विनीकुमार हैं। हे वैनतेय! सोम पियो। हे वृत्रहा! सोमपान करो। सोम धन का सोमिन है। सोमिनः मुझे दो। मुझे न क्रोध आये, न मात्सर्य आये, न लोभ हो और न मेरी बुद्धि विकृत हो। यह सब इस सूक्त के जपने वाले कृतपुण्य लोगों को प्राप्त हो। कमल के समान आनन वाली, कमल के समान ऊरुओं वाली, कमल के समान नेत्रों वाली, कमल से उत्पन्न लक्ष्मी मेरे ऊपर ऐसी कृपा करो, जिससे मुझे सुख प्राप्त हो। मैं विष्णु की पत्नी, क्षमा देवी, माधवी, माधवप्रिया, विष्णु की प्रिय सखी, अच्युतवल्लभा को प्रणाम करता हूँ। मैं महालक्ष्मी को जानता हूँ। विष्णुपत्नी का ध्यान करता हूँ, वह लक्ष्मी मेरी उन्नति करे। हे पद्मानने, पद्मिनी, पद्मपत्रे, पद्मप्रिये, पद्म के पत्रों के समान नेत्रों वाली, विश्वप्रिये, विश्वमनोनुकूले! आपके चरणकमलों में मेरी भक्ति बनी रहे। आपके आनन्द, कर्दम, श्रीद तथा चिक्लीत—ये पुत्र प्रसिद्ध हैं। ये मेरे ऋषिगण श्रीपुत्र हैं। श्रीदेवी मेरी देवता हैं। ऋण, रोगादि, दरिद्रता, पाप, अपमृत्यु, भय, शोक, मनस्ताप—ये सब मेरे शरीर-घर एवं कुल से सर्वदा के लिये नष्ट हो जायँ। लक्ष्मी, वर्चस्व, आरोग्य तथा पवित्रता को प्राप्त कर मैं महिमान हो जाऊँ। धन-धान्य, पशु, बहुत से योग्य पुत्र तथा सौ वर्ष की दीर्घायु मुझे प्राप्त हो।

श्रीसूक्तस्य फलश्रुतिः

ऋग्विधाने—

चन्द्रामिति तु पद्मानि जुहुयात्सर्पिषा द्विजः। आदित्यवर्ण इत्यनया बिल्वहोमो विधीयते॥
बिल्वमध्य एवाग्निः स्यात्स्थालीपाके हुनेद्द्विजः। दशसाहस्रिको होमः श्रीकामः प्रथमो विधिः॥
हुत्वा तु प्रयुतं सम्यगनन्तं विन्दते श्रियम्। अयुतं शतकृत्वस्तु हुत्वा शुक्लानि सर्पिषा॥
अनन्तामध्यवच्छिन्नां शाश्वतीं विन्दते श्रियम्। अशक्तौ जप एवोक्तो दशसाहस्रिको वरः॥
जप्त्वा तु प्रयुतं सम्यगनन्तं विन्दते श्रियम्। अयुतं शतकृत्वस्तु जप्त्वा श्रियमुपाश्नुते॥
अप्स्वेव जुहुयान्नित्यं पद्मान्ययुतशो निशि। दृष्ट्वा श्रियं तूपरमेत्किलासत्त्वाद्बिभेतवे॥
बिल्वाशी बिल्वनिलये जुह्वद्बिल्वानि सर्पिषा। एकविंशतिरात्रेण परां सिद्धिं नियच्छति॥
येन येन च कामेन जुहोति प्रयतः श्रिये। पद्मान्यथापि बिल्वानि स स कामः समृध्यति॥
न जातु कृपणोऽर्थाय श्रियमावाहयेत्क्वचित्। न च किञ्चन कामेन होमः कार्यः कथञ्चन॥
महद्वा प्रार्थ्यमानेन राज्यकामेण वा पुनः। वाचः परं प्रार्थयिता यत्नाद्युक्तः श्रियं जपेत्॥

ऋग्विधान के अनुसार श्रीसूक्त की फलश्रुति—'चन्द्रां प्रभासां यशसा ज्वलन्तीं०' इत्यादि ऋचा से द्विज को कमलों की आहुति देनी चाहिये। 'आदित्यवर्णे०' इत्यादि ऋचा से बिल्वफल का होम करना चाहिये। बिल्वहोम के मध्य में ही स्थालीपाक से होम करे। दश सहस्र की संख्या में होम करना चाहिये। यह श्रीकामी व्यक्ति के लिये प्रथम विधि है। जो प्रयुत संख्या (दश लाख) आहुति श्रीसूक्त से देता है, उसे महान् लक्ष्मी प्राप्त होती है। सौ अयुत संख्या में श्वेत कमल की घृत से आहुति देने पर अनन्ता, अबाधिता, शाश्वती श्री प्राप्त होती है। अशक्ति में दश सहस्र जप करना श्रेष्ठ है। प्रयुत संख्या में जप करके अनन्त श्री प्राप्त होती है। अयुत जप करने से श्री प्राप्त होती है। रात्रि में जल में ही यदि अयुत संख्या में कमलों का होम करे तो उसे देखकर लक्ष्मी घर में रम जाती है। जो बिल्वफल का आहार करके बिल्व के नीचे रहकर घृत में डुबोकर श्रीसूक्त से बिल्वफलों का हवन इक्कीस रात्रियों तक नित्य करता है, उसे परा सिद्धि प्राप्त होती है। जिस-जिस कामना से लक्ष्मी के लिये हवन कमलों अथवा बिल्वफलों से किया जाता है, वह कामना सिद्ध होती है। कृपण व्यक्ति को अर्थ या काम के लिये कदापि श्री का आवाहन तथा होम नहीं करना चाहिये। अधिक प्रार्थना राज्यकामी व्यक्ति को ही करनी चाहिये।

विष्णुधर्मोत्तरेऽपि—

श्रीसूक्तं यो जपेद्भक्त्या तस्याऽलक्ष्मीर्विनश्यति। जुहुयाद्यश्च धर्मज्ञो हविष्येण विशेषतः॥
श्रीसूक्तेन तु पद्मानां घृताक्तानां भृगूत्तम। अयुतं होमयेद्यस्तु वह्नौ भक्तियुतो नरः॥
पद्महस्तद्वयालाभे भजन्तमुपतिष्ठति। दशायुतं तु पद्मानां जुहुयाद्यस्तथा जले॥
नापैति तत्कुलाल्लक्ष्मीर्विष्णोर्वक्षोगता यथा। घृताक्तानां तु बिल्वानां हुत्वा रामायुतं तथा॥
बहुवित्तमवाप्नोति स यावन्मनसेच्छति। बिल्वानां लक्षहोमेन कुले लक्ष्मीमुपाश्नुते॥
पद्मानामथ बिल्वानां कोटिहोमं समाचरेत्। सत्यलोकमवाप्नोति देवेन्द्रत्वमपि ध्रुवम्॥
सम्पूज्य देवीं वरदां यथावत्पद्मैः सितैर्वा कुसुमैस्तथान्यैः। क्षीरेण धूपैः परमान्नभक्ष्यैर्लक्ष्मीमवाप्नोति विधानतश्च॥

इति लक्ष्मीसूक्तविधानं समाप्तम्।

विष्णुधर्मोत्तर के अनुसार श्रीसूक्त अनुष्ठान का फल—जो भक्तिपूर्वक श्रीसूक्त जपता है, उसकी अलक्ष्मी नष्ट हो जाती है। विशेष कर हवन करने से विशेष रूप से लाभ मिलता है। हे भृगूत्तम! श्रीसूक्त से कमलों का हवन घृताक्त करके करने से लक्ष्मी देर तक टिकती है। दशायुत कमलों का जल में हवन करने से अपार लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। घृताक्त बेलफलों के तीन अयुत होम से बहुत धन प्राप्त होता है। एक लाख बिल्वहोम से कुल में लक्ष्मी स्थिर हो जाती है। कमलों अथवा बिल्वों का कोटि होम सत्यलोक की प्राप्ति कराता है।

सरस्वतीमन्त्रानुष्ठानम्

तत्र तावद्दशाक्षरात्मकवागीश्वरीमन्त्रप्रयोगः। भूतशुद्ध्यादिनिवृत्त्यादिकलामातृकान्यासान्तं पूर्ववत्कर्त्तव्यम्। मन्त्रो यथा—'ॐ वदवदवाग्वादिनि स्वाहा' इति दशाक्षरी मन्त्रः। अस्य मन्त्रस्य कण्वः ऋषिः। विराट् छन्दः। वाग्देवता। विद्याप्राप्त्यर्थे जपे विनियोगः। ॐ कण्वऋषये नमः शिरसि॥ १॥ ॐ विराट्छन्दसे नमः मुखे॥ २॥ ॐ वागीश्वरीसरस्वतीदेवतायै नमः हृदि॥ ३॥ इति ऋष्यादिन्यासः। ॐ वं नमः शिरसि॥ १॥ ॐ दं नमः दक्षश्रवणे॥ २॥ ॐ वं नमः वामश्रवणे॥ ३॥ ॐ दं नमः दक्षिणनेत्रे॥ ४॥ ॐ वां नमः वामनेत्रे॥ ५॥ ॐ ग्वां नमः दक्षिणनासायाम्॥ ६॥ ॐ दिं नमः वामनासायाम्॥ ७॥ ॐ निं नमः मुखे॥ ८॥ ॐ स्वां नमः लिङ्गे॥ ९॥ ॐ ह्रां नमो गुदे॥ १०॥ इति मन्त्रवर्णन्यासः। ॐ अंकंखंगंघंङंआं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः॥ १॥ ॐ इंचंछंजंझंञंईं तर्जनीभ्यां नमः॥ २॥ ॐ उंटंठंडंढंणंऊं मध्यमाभ्यां नमः॥ ३॥ ॐ एंतंथंदंधंनंऐं अनामिकाभ्यां नमः॥ ४॥ ॐ ओंपंफंबंभंमंऔं कनिष्ठिकाभ्यां नमः॥ ५॥ ॐ अंयंरंलंवंअः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः॥ ६॥ इति करन्यासः। एवं हृदयादिषडङ्गन्यासं कुर्यात्।

दशाक्षरात्मक वागीश्वरी मन्त्र-प्रयोग—पूर्व की भाँति भूतशुद्ध्यादि, कलामातृकान्यास-पर्यन्त करना चाहिये। मन्त्र है—ॐ वदवदवाग्वादिनि स्वाहा। यह दशाक्षरी सरस्वती-मन्त्र है। इसका 'अस्य मन्त्रस्य कण्वऋषिः। विराट्छन्दः, वाग्देवता। विद्याप्राप्त्यर्थे जपे विनियोगः' इस मन्त्र से विनियोग करना चाहिये। तदनन्तर मूल में लिखित 'ॐ कण्वऋषये नमः शिरसि' इत्यादि तीन मन्त्रों से ऋष्यादि न्यास करना चाहिये। फिर मूलोक्त 'ॐ वं नमः शिरसि' इत्यादि दस मन्त्रों से उनमें निर्दिष्ट अङ्गों में मन्त्र के वर्णों का (एक-एक कर दश वर्णों का न्यास) करे। फिर मूल में लिखित 'ॐ अं कं खं गं घं ङं आं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः' इत्यादि छः मन्त्रों से अङ्गुष्ठ, तर्जनी, मध्यमा, अनामिका, कनिष्ठा तथा करतल में न्यास करे। फिर 'ॐ अं कं खं गं घं ङं आं हृदयाय नमः, ॐ इं चं छं जं झं ञं ईं तर्जनीभ्यां नमः शिरसे स्वाहा, ॐ उँ टं ठं डं ढं णं ऊं शिखायै वषट्, ॐ एं तं थं दं धं नं ऐं कवचाय हुम्, ॐ ओं पं फं बं भं मं औं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ अं यं रं लं वं अः अस्त्राय फट्' इन मन्त्रों से षडङ्ग न्यास करे। फिर सरस्वती का ध्यान करे।

अथ ध्यानम्—

तरुणशकलमिन्दोर्बिभ्रती शुभ्रकान्तिः कुचभरनमिताङ्गी सन्निषण्णां सिताब्जे।
निजकरकमलोद्यल्लेखनीपुस्तकश्रीः सकलविभवसिद्ध्यै पातु वाग्देवता नः॥

इति ध्यात्वा मानसोपचारैः सम्पूज्य पीठे आधारशक्त्यादि परतत्त्वान्तपीठदेवताः पूर्ववत् सम्पूज्य पीठशक्तीः पूजयेत्।

ध्यान—'तरुणशकल०' इत्यादि मूल में लिखित मन्त्र से सरस्वती का ध्यान करना चाहिये। ध्यान का भावार्थ इस प्रकार है—पूर्ण चन्द्रमा की भाँति शुभ्र कान्ति वाली है, कुचों के भार से जिनका अङ्ग नत है, जो श्वेत कमल पर विराजमान हैं, जो अपने करकमल में लेखनी तथा पुस्तक धारण किये हैं, वह सरस्वती हमें सम्पूर्ण प्रकार का वैभव देकर हमारी रक्षा करें। इस प्रकार ध्यान करके फिर मानसोपचारों से पूजा करे। फिर पीठ पर आधारशक्त्यादि परतत्त्वान्त पीठदेवताओं को पूर्ववत् पूजकर पीठशक्तियों की पूजा करे।

तद्यथा—प्राचीक्रमेण ॐ मेधायै नमः॥ १॥ ॐ प्रज्ञायै नमः॥ २॥ ॐ प्रभायै नमः॥ ३॥ ॐ विद्यायै नमः॥ ४॥ ॐ श्रियै नमः॥ ५॥ ॐ धृत्यै नमः॥ ६॥ ॐ स्मृत्यै नमः॥ ७॥ ॐ बुद्ध्यै नमः॥ ८॥ (मध्ये) ॐ विद्येश्वर्यै नमः॥ ९॥ इति पीठशक्तीः सम्पूज्य वर्णाब्जेनासनं दत्त्वा मूलेन मूर्तिं प्रकल्प्य आवाहनादिपुष्पान्तैरुपचारैः सम्पूज्यावरणपूजां कुर्यात्।

तत्र षट्कोणे—आग्नेयादिकेसरेषु मध्ये दिक्षु च ॐ अंकंखंगंघंङंआं हृदयाय नमः॥ १॥ ॐ इंचंछंजंझंञंईं शिरसे स्वाहा॥ २॥ ॐ उंटंठंडंढंणंऊं शिखायै वषट्॥ ३॥ ॐ एंतंथंदंधंनंऐं कवचाय हुं॥ ४॥ ॐ ओंपंफंबंभंमंऔं नेत्रत्रयाय वौषट्॥ ५॥ ॐ अंयंरंलंवंअः अस्त्राय फट्॥ ६॥ इत्यङ्गानि पूजयेत्।

तद्बहिरष्टदलेषु पूर्वादिक्रमेण ॐ योगायै नमः॥ १॥ ॐ सत्यायै नमः॥ २॥ ॐ विमलायै नमः॥ ३॥ ॐ ज्ञानायै नमः॥ ४॥ ॐ बुद्ध्यै नमः॥ ५॥ ॐ स्मृत्यै नमः॥ ६॥ ॐ मेधायै नमः॥ ७॥ ॐ प्रज्ञायै नमः॥ ८॥ इति पूजयेत्।

ततो दलाग्रेषु ॐ ब्राह्म्यै नमः॥ १॥ ॐ माहेश्वर्यै नमः॥ २॥ ॐ कौमार्यै नमः॥ ३॥ ॐ वैष्णव्यै नमः॥ ४॥ ॐ वाराह्यै नमः॥ ५॥ ॐ इन्द्राण्यै नमः॥ ६॥ ॐ चामुण्डायै नमः॥ ७॥ ॐ महालक्ष्म्यै नमः॥ ८॥ इति पूजयेत्।

तद्बाह्ये चतुरस्रे भूपुरे पूर्वादिषु इन्द्रादिदशदिक्पालान् सम्पूज्य तद्बाह्ये वज्राद्यायुधानि च पूजयेत्। एवमावरणपूजां कृत्वा धूपादिनीराजनान्तपूजां समाप्य स्तवेन स्तुत्वा जपं कुर्यात्। अस्य पुरश्चरणं दशलक्षजपः।

पीठशक्ति-पूजा—मूल में लिखित 'ॐ मेधायै नमः' इत्यादि नौ मन्त्रों से क्रमशः (१) पूर्व, (२) आग्नेय, (३) दक्षिण, (४) नैर्ऋत्य, (५) पश्चिम, (६) वायव्य, (७) उत्तर, (८) ईशान तथा (९) मध्यभाग में पीठशक्तियों की पूजा करे। फिर वर्णाब्ज से आसन देकर मूल मन्त्र से मूर्ति की कल्पना कर आवाहनादि पुष्पान्त उपचारों से पूजा करके

आवरणपूजा करे। षट्कोण में आग्नेयादि केसरों, मध्य में तथा दिशाओं में मूल में लिखित 'ॐ अं कं खं गं घं ङं आं हृदयाय नमः' इत्यादि छः मन्त्रों से पूजन करे। फिर उसके बाहर अष्टदलों में 'ॐ योगायै नमः' इत्यादि आठ मन्त्रों से पूजा करे। फिर उसके बाहर दलाग्रों में 'ॐ ब्राह्म्यै नमः' इत्यादि आठ मन्त्रों से पूजा करे। फिर उसके बाहर चौकोर भूपुर में पूर्वादि दश दिशाओं में क्रमशः इन्द्रादि दिक्पालों का पूजन कर उसके बाहर उनके वज्रादि आयुधों का पूजन करना चाहिये। इस प्रकार से आवरण-पूजा करके धूपादि नीराजनान्त पूजा को समाप्त कर सरस्वती स्तोत्र से स्तुति कर इस दशाक्षरी मन्त्र का जप करे। इसका पुरश्चरण दश लक्ष संख्या में जप करने से होता है। (सरस्वती स्तोत्र आगे दिया है)

तथा च शारदायाम्—

दशलक्षं जपेन्मन्त्रं दशांशं जुहुयात्ततः। पुण्डरीकैः पयोभ्यक्तैस्तिलैर्वा मधुराप्लुतैः॥
एवं सम्पूजयेन्मन्त्री जपहोमादितत्परः। ब्रह्मचर्यरतः शुद्धः शुद्धदन्तनखादिकः॥
संस्मरन्सर्ववनिताः सततं देवताधिया। कवित्वं लभते धीमान् मासैर्द्वादशभिर्ध्रुवम्॥
कृत्वा तन्मन्त्रितं तोयं सहस्रं प्रत्यहं पिबेत्। महाकविर्भवेन्मन्त्री वत्सरेण न संशयः॥
उरोमात्रे जले स्थित्वा ध्यायेन्मार्तण्डमण्डले। स्थितां देवीं प्रतिदिनं त्रिसहस्रं जपेन्मनुम्॥
लभते मण्डलात्सिद्धिं वाचमप्रतिमां भुवि। पलाशबिल्वकुसुमैर्जुहुयान्मधुरोक्षितैः॥
समिद्भिर्वा तदुत्थाभिर्यशः प्राप्नोति वाक्पतेः। होमोऽयं सर्वसौभाग्यलक्ष्मीवश्यप्रदो भवेत्॥
राजवृक्षसमुद्भूतैः प्रसूनैर्मधुराप्लुतैः। तत्समिद्भिश्च जुहुयात्कवित्वमतुलं भवेत्॥
इत्थं दशाक्षरः प्रोक्तः सिद्धये वाचमिच्छताम्।

इति दशाक्षरसरस्वतीमन्त्रप्रयोगः।

शारदातिलक में दशाक्षरी सरस्वती मन्त्र की फलश्रुति—दश लाख मन्त्र का जप कर उसके दशांश (एक लाख) की संख्या में दूध में भिगोये कमलों से अथवा मधुराप्लुत काले तिलों से हवन करना चाहिये। इस प्रकार साधक जप-होमादि के लिये ब्रह्मचर्य पालन कर शुद्ध होकर, दन्त-नख आदि को शुद्ध कर, सभी स्त्रियों में देवता की भावना कर बारह मास की साधना से कवित्वशक्ति को प्राप्त कर लेता है। इस दशाक्षरी मन्त्र से अभिमन्त्रित किया हुआ जल प्रतिदिन पान करे। एक सहस्र जप से उस जल को अभिमन्त्रित करना चाहिये। इससे एक वर्ष में साधक महाकवि हो जाता है। इसमें कोई सन्देह नहीं है। छाती-छाती गहरे जल में खड़े होकर सूर्यमण्डल में सरस्वती का ध्यान कर प्रतिदिन तीन सहस्र जप करे तो चालीस दिन में अप्रतिम वाक्सिद्धि हो जाती है। पलाश एवं बिल्व के फूलों से मधुर मिश्रित कर तथा उसी की समिधा से हवन करने से वाक्पति होकर यश प्राप्त करता है। यह होम सर्वसौभाग्यदायक तथा लक्ष्मी को वश में करने वाला है। खिरनी के वृक्ष के फलों को मधुराप्लुत करके तथा उसी की समिधा से हवन करने से अतुल कवित्व प्राप्त होता है। यह दशाक्षर सरस्वती मन्त्र वाक्सिद्धि के लिये कहा गया है।

षोडशवर्णात्मकसरस्वतीमन्त्रप्रयोगः

मन्त्रो यथा—'ऐं नमो भगवति वद वद वाग्देवि स्वाहा' इति षोडशाक्षरो मन्त्रः। अस्य मन्त्रस्य कण्व ऋषिः। विराट् छन्दः। सरस्वती देवता। ऐं बीजम्। स्वाहा शक्तिः। सर्वेष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः। ॐ कण्वऋषये नमः शिरसि॥ १॥ ॐ विराट्छन्दसे नमः मुखे॥ २॥ ॐ सरस्वतीदेवतायै नमः हृदये॥ ३॥ ॐ ऐं बीजाय नमः गुह्ये॥ ४॥ ॐ स्वाहा शक्तये नमः पादयोः॥ ५॥ इति ऋष्यादिन्यासः। ॐ ऐं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः॥ १॥ ॐ नमस्तर्जनीभ्यां नमः॥ २॥ ॐ भगवति मध्यमाभ्यां नमः॥ ३॥ ॐ वदवद अनामिकाभ्यां नमः॥ ४॥ ॐ वाग्देवि कनिष्ठिकाभ्यां नमः॥ ५॥ ॐ स्वाहा करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः॥ ६॥ इति करन्यासः। एवमेव हृदयादिन्यासं कृत्वा ध्यायेत्—


शुभ्रां स्वच्छविलेपमाल्यवसनां शीतांशुखण्डोज्ज्वलां व्याख्यामक्षगुणं सुधाढ्यकलशं विद्यां च हस्ताम्बुजैः।
बिभ्राणां कमलासनां कुचनतां वाग्देवतां सुस्मितां वन्दे वाग्विभवप्रदां त्रिनयनां सौभाग्यसम्पत्करीम्॥

इति ध्यात्वा मानसोपचारैः सम्पूज्य पूर्वोक्ते पीठे पाद्यादिपुष्पान्तैरुपचारैः सम्पूज्य आवरणपूजां कुर्यात्। (षट्कोणे) आग्नेयादिकोणेषु मध्ये दिक्षु च ॐ हृदयाय नमः॥ १॥ ॐ नमः शिरसे स्वाहा॥ २॥ ॐ भगवति शिखायै वषट्॥ ३॥ ॐ वदवद कवचाय हुं॥ ४॥ ॐ वाग्देवि नेत्रत्रयाय वौषट्॥ ५॥ ॐ स्वाहा अस्त्राय फट् इति षडङ्गानि पूजयेत्। अन्यत्सर्वं पूर्ववत्। अस्य पुरश्चरणमष्टलक्ष जपः। तथा च—

हविष्याशी जपेत्सम्यग्वसुलक्षमनन्यधीः। दशांशं जुहुयादन्ते तिलैराज्यपरिप्लुतैः॥
पिबेत्तन्मन्त्रितं तोयं प्रातःकाले दिने-दिने। विद्वान्वत्सरतो मन्त्री भवेन्नास्ति विचारणा॥
अभिषिञ्चेज्जलैर्जप्तैरात्मानं स्नानकर्मणि। तर्पयेत्तां जलैः शुद्धैरतिमेधामवाप्नुयात्॥
पुष्पगन्धादिकं जप्तं सर्वं तद्धारयेत्सुधीः। सभायां पूज्यते सद्भिर्वादे च विजयी भवेत्॥

इति षोडशाक्षरात्मकमन्त्रप्रयोगः।

श्रीसरस्वतीयन्त्रम्



षोडशाक्षरी सरस्वती मन्त्र-प्रयोग—'ॐ ऐं नमो भगवति वद-वद वाग्देवि स्वाहा' यह षोडशाक्षर मन्त्र है। 'अस्य मन्त्रस्य कण्व ऋषिः। विराट् छन्दः। सरस्वती देवता। ऐं बीजम्। स्वाहा शक्तिः। सर्वेष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः' कहकर विनियोग करे। फिर मूलोक्त 'ॐ कण्वऋषये नमः शिरसि' इत्यादि पाँच मन्त्रों से ऋष्यादि न्यास करे। फिर मूलोक्त 'ॐ ऐं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः' इत्यादि छः मन्त्रों से अङ्गुष्ठादि में क्रमशः करन्यास करे। फिर

'ॐ ऐं हृदयाय नमः, ॐ नमः शिरसे स्वाहा, ॐ भगवति शिखायै नमः, ॐ वदवद शिखायै वषट्, ॐ वाग्देवि कवचाय हुम्, ॐ स्वाहा अस्त्राय फट्' इन मन्त्रों से हृदयादि षडङ्ग न्यास करे। षट्कोण में आग्नेयादि दिशाओं में (दिये गये अङ्कों के अनुसार) पूजन करे। पूजन के लिये छः मन्त्र मूल में लिखे हैं। अन्य समस्त पूजन पूर्व के मन्त्रप्रयोग में दिये गये हैं; उन्हें करना चाहिये। इसका पुरश्चरण आठ लाख जप करने पर होता है। जैसाकि कहा भी गया है—धनलक्ष्मी का जप अनन्य बुद्धि से हविष्याशी होकर करना चाहिये। जपान्त में उसका दशांश तिल एवं घृत का होम करना चाहिये। इस मन्त्र से अभिमन्त्रित जल को प्रतिदिन पीने से एक वर्ष में साधक विद्वान् हो जाता है। स्नान में उसी जल से अपना अभिषेक करने तथा इसी जल से सरस्वती का तर्पण करने से बुद्धि शुद्ध हो जाती है। इसी मन्त्र से अभिमन्त्रित पुष्प-गन्धादि भी धारण करे तो सभा में पूजित तथा विजयी होता है।

एकादशाक्षरसरस्वतीमन्त्रप्रयोगः

मन्त्रो यथा—'ॐ ह्रींऐंह्रीं ॐ सरस्वत्यै नमः' इत्येकादशाक्षरो मन्त्रः। अस्य मन्त्रस्य कण्व ऋषिः। विराट् छन्दः। सरस्वती देवता। ऐं बीजम्। नमः शक्तिः। सर्वेष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः। ॐ कण्वऋषये नमः शिरसि॥ १॥ ॐ विराट् छन्दसे नमः मुखे॥ २॥ ॐ सरस्वती देवतायै नमः हृदि॥ ३॥ ॐ ऐं बीजाय नमः गुह्ये॥ ४॥ ॐ नमः शक्तये नमः पादयोः॥ ५॥ इति ऋष्यादिन्यासः। ॐ ॐ नमो ब्रह्मरन्ध्रे॥ १॥ ॐ ह्रीं नमो भ्रूमध्ये॥ २॥ ॐ ऐं नमः दक्षिणनेत्रे॥ ३॥ ॐ ह्रीं नमः वामनेत्रे॥ ४॥ ॐ ॐ नमः दक्षिणनासिकायाम्॥ ५॥ ॐ सं नमः वामनासायाम्॥ ६॥ ॐ रं नमः दक्षिणकर्णे॥ ७॥ ॐ स्वं नमः वामकर्णे॥ ८॥ ॐ त्यैं नमः मुखे॥ ९॥ ॐ नं नमः लिङ्गे॥ १०॥ ॐ मं नमः गुदे॥ ११॥ इति मन्त्रवर्णन्यासः। ऐं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः॥ १॥ ऐं तर्जनीभ्यां नमः॥ २॥ ऐं मध्यमाभ्यां नमः॥ ३॥ ऐं अनामिकाभ्यां नमः॥ ४॥ ऐं कनिष्ठिकाभ्यां नमः॥ ५॥ ऐं करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः॥ ६॥ इति करन्यासः। एवमेव हृदयादिषडङ्गन्यासं कृत्वा ध्यायेत्—

वाणीं पूर्णनिशाकरोज्ज्वलमुखीं कर्पूरकुन्दप्रभां चन्द्रार्धाङ्कितमस्तकां निजकरैः सम्बिभ्रतीमादरात्।
वीणामक्षगुणां सुधाढ्यकलशं विद्यां च तुङ्गस्तनीं दिव्यैराभरणैर्विभूषिततनुं हंसाधिरूढां भजे॥

इति ध्यात्वा मानसोपचारैः सम्पूज्य पूर्वोक्ते पीठे मूर्तिं प्रकल्प्य आवाहनादिपुष्पान्तैरुपचारैः सम्पूज्य आवरणपूजां कुर्यात्॥

एकादशाक्षर सरस्वतीमन्त्र-प्रयोग—'ॐ ह्रीं ऐं ह्रीं ॐ सरस्वत्यै नमः' यह ग्यारह अक्षरों का मन्त्र है। इस मन्त्र के कण्व ऋषि, विराट् छन्द, सरस्वती देवता, ऐं बीज, नमः शक्ति तथा सर्वेष्ट-सिद्ध्यर्थ जप में विनियोग है। विनियोग के उपरान्त 'ॐ कण्व ऋषये नमः शिरसि' इन मूलोक्त पाँच मन्त्रों से ऋष्यादि न्यास करे। फिर आगे लिखे 'ॐ ॐ ब्रह्मरन्ध्रे' इत्यादि ग्यारह मन्त्रों से मन्त्र के वर्णों का न्यास करे। फिर 'ॐ ऐं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः' इत्यादि छः मन्त्रों से करन्यास करे। इसके बाद 'ॐ ऐं हृदयाय नमः, ॐ ऐं शिरसे स्वाहा, ॐ ऐं शिखायै नमः. ॐ ऐं कवचाय हुम्, ॐ ऐं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ऐं अस्त्राय फट्' कहकर हृदयादि अङ्गों का स्पर्श करते हुए हृदयादि षडङ्ग न्यास करे। फिर मूलोक्त 'वाणीं पूर्णनिशाकरो०' इत्यादि मन्त्र के अनुसार सरस्वती का ध्यान करे।

(भावार्थ—पूर्ण चन्द्र के समान उज्ज्वल मुख वाली, कर्पूर एवं कुन्दपुष्प के समान प्रभा वाली, मस्तक पर अर्धचन्द्र धारण किये हुए, अपने हाथों में आदरपूर्वक वीणा, अक्षमाला, विद्या तथा अमृतकलश को धारण करने वाली, तुङ्गस्तनी, दिव्य आभरणों से विभूषित शरीर वाली हंसाधिरूढ़ वाणी (सरस्वती) को भजे। ऐसा ध्यान करके मानसोपचारों से पूजा कर पूर्वोक्त पीठ पर मूल मन्त्र से मूर्ति की कल्पना करके आवरणपूजा करे।

तद्यथा—देव्याः (दक्षिणपार्श्वे) ॐ संस्कृतायै वाङ्मय्यै नमः॥ १॥ (वामपार्श्वे) ॐ प्राकृतायै वाङ्मय्यै नमः॥ २॥ इति सम्पूज्य षट्कोणे आग्नेयादिकोणकेसरेषु मध्ये दिक्षु च ऐं हृदयाय नमः॥ १॥ ऐं शिरसे स्वाहा॥ २॥ ऐं शिखायै वषट्॥ ३॥ ऐं कवचाय हुम्॥ ४॥ ऐं नेत्रत्रयाय वौषट्॥ ५॥ ऐं अस्त्राय फट्॥ इति षडङ्गानि पूजयेत्। तद्बहिरष्टदले पूर्वादिक्रमेण—ॐ प्रज्ञायै नमः॥ १॥ ॐ मेधायै नमः॥ २॥ ॐ श्रुत्यै नमः॥ ३॥ ॐ शक्त्यै नमः॥ ४॥ ॐ स्मृत्यै नमः॥ ५॥ ॐ वागीश्वर्यै नमः॥ ६॥ ॐ मत्यै नमः॥ ७॥ ॐ स्वस्त्यै नमः॥ ८॥ इति पूजयेत्। ततो दलाग्रेषु—ॐ ब्राह्म्यै नमः॥ १॥ ॐ माहेश्वर्यै नमः॥ २॥ ॐ कौमार्यै नमः॥ ३॥ ॐ वैष्णव्यै नमः॥ ४॥ ॐ वाराह्यै नमः॥ ५॥ ॐ इन्द्राण्यै नमः॥ ६॥ ॐ चामुण्डायै नमः॥ ७॥ ॐ महालक्ष्म्यै नमः॥ ८॥ इति पूजयेत्। तद्बाह्ये भूपुरे पूर्वादिक्रमेण इन्द्रादिदशदिक्पालान् तद्बाह्ये वज्राद्यायुधानि च पूजयेत्। एवम् आवरणपूजां कृत्वा धूपादिनीराजनान्तं सम्पूज्य जपं कुर्य्यात्। अस्य पुरश्चरणं द्वादशलक्षजपः।

आवरणपूजा—देवी के दक्षिण पार्श्व में 'ॐ संस्कृतायै वाङ्मय्यै नमः' से तथा वामपार्श्व में 'ॐ प्राकृतायै वाङ्मय्यै नमः' से पूजन करके फिर यन्त्र के मध्य षट्कोण में आग्नेयादि कोण केसरों में 'ऐं हृदयाय नमः' इत्यादि छः मन्त्रों से पूजन करे। फिर उसके बाहर अष्टदल में पूर्वादि क्रम से 'ॐ प्रज्ञायै नमः' इत्यादि मूलोक्त आठ मन्त्रों से पूजन करे। फिर दलाग्रों में 'ॐ ब्राह्म्यै नमः' इत्यादि आठ मन्त्रों से पूजन करे। फिर उसके बाहर भूपुर में पूर्वादि क्रम से प्रथम इन्द्रादि दश दिक्पालों को पूजकर फिर उनके बाहर समीप में उसके पूजादि आयुधों को पूजना चाहिये। इस प्रकार आवरणपूजा करके धूप-दीपादि नीराजनान्त पूजन कर जप करे। इसका पुरश्चरण बारह लाख जप से सम्पन्न होता है।

तथा च—

जपेद्द्वादशलक्षाणि तत्सहस्रं सिताम्बुजैः। नागचम्पकपुष्पैर्वा जुहुयात्साधकोत्तमः॥
इति सम्पूजयेद्देवीं साक्षाद्वाग्वल्लभो भवेत्। दशाक्षरसमुक्तानि कर्म्माण्यत्रापि साधकः॥
एवमुक्तेषु मन्त्रेषु दीक्षितो यतमानसः। एवं यो भजते भक्त्या स भवेद्भुक्तिमुक्तिभाक्॥
सुसितैर्गन्धकुसुमैः पूजा सारस्वते विधौ। दूर्वां बीजाङ्कुरं पुष्पं राजवृक्षसमुद्भवम्॥
उत्पलानि प्रशस्तानि सिन्दुवाराङ्कुराणि च। भजन्सारस्वतीं नित्यमेतानि परिवर्जयेत्॥
आम्रातं गृञ्जनं बिल्वं कलञ्जं लशुनं तथा। तैलं पलाण्डुं पिण्याकं शार्ङ्गाष्टमपि भोजने॥
सर्वं पर्युषितं त्याज्यं सदा सारस्वतार्थिनाम्। नाचरेन्निशि ताम्बूलं स्त्रियं गच्छेद्दिवा न च॥
न सन्ध्ययोः स्वपेज्जातु नाशुचिः किञ्चिदुच्चरेत्। प्रदीपेषु भवेन्मौनी दिग्वस्त्रां न विलोकयेत्॥
न पुष्पितां स्त्रियं गच्छेन्न निन्देद्वामलोचनाम्। न मृषावचनं ब्रूयान्नाक्रमेत्पुस्तकं सुधीः॥
अक्षराढ्याणि पत्राणि नोपेक्षेत न लङ्घयेत्। चतुर्दश्यष्टमीपर्वप्रतिपद्ग्रहणेषु च॥
सङ्क्रमेषु च सर्वेषु विद्यां नैव पठेद्द्विजः। व्याख्याने सन्त्यजेन्निद्रामालस्यं जृम्भणं बुधः॥
क्रोधं निष्ठीवनं तद्वन्नीचाङ्गस्पर्शनं तथा। मनुष्यसर्पमार्जारमण्डूकनकुलादयः॥
अन्तरा यदि गच्छेयुस्तदा व्याख्यां परित्यजेत्। निशासु दीपध्वंसेषु पाठं सद्यः परित्यजेत्॥
ज्ञात्वा दोषानिमान्सम्यग्भक्त्या यो भारतीं यजेत्। वाचं सिद्धिमवाप्नोति वाचस्पतिरिवापरः॥

इति शारदातिलके सरस्वतीमन्त्रानुष्ठानप्रयोगः समाप्तः।

कहा भी गया है—बारह लाख का जप करके फिर बारह सहस्र (अथवा एक लाख बीस सहस्र) हवन श्वेत कमल अथवा नागचम्पा के फूलों से करे। इस प्रकार सरस्वती देवी की पूजा करने से साधक साक्षात् वाग्वल्लभ हो जाता है। दशाक्षर मन्त्र-प्रयोग में जो कर्म वर्णित हैं, उनको यहाँ भी करना चाहिये। इस प्रकार कहे गये मन्त्रों को जो साधक दीक्षित होकर संयमित मन से जप करता है, वह भुक्ति एवं मुक्ति का अधिकारी हो जाता है। श्वेत वर्ण के सुगन्धित फूलों से सरस्वती एवं ब्रह्माजी की पूजा करे। दूर्वा, बीजाङ्कुर (जवारे), गजवृक्ष (अमलतास) के फूल, कमल, सिन्दुवार (निर्गुण्डी) के अङ्कुर (कोमल जड़ों)—इनसे नित्य ही सरस्वती की पूजा करनी चाहिये तथा सरस्वती की पूजा में निम्न कार्य त्याज्य हैं—

अमाड़ा, गाजर, बेलफल, कलञ्ज, लहसन, प्याज, तेल, पीना (खली) तथा करञ्जफल—इनको भोजन में त्याग दे। सभी बासी भोज्य तथा पेय त्यागना चाहिये। रात में ताम्बूल-भक्षण, मैथुन त्याग दे तथा दिन में एवं दोनों सन्ध्याओं में शयन न करे। अपवित्र वाणी न बोले। प्रदोषकाल में मौन रहना चाहिये। नग्न स्त्री को न देखे। मासिक धर्म वाली स्त्री के समीप न जाय। न स्त्रियों की निन्दा करे। झूठ न बोले, पुस्तकों को न लाँघे। जिन कागजों पर अक्षर लिखे हों, उनकी उपेक्षा न करे और न उनको लाँघे। ४-८-१५-३०-१ तिथियों एवं ग्रहण के समय में भी विद्या न पढ़े। संक्रान्तियों के संक्रमणकाल में भी विद्या न पढ़े। व्याख्यान कर्म में निद्रा, आलस्य तथा जँभाई को त्याग दे। क्रोध, थूकना, गुप्ताङ्गों एवं कमर से नीचे के अङ्गों का स्पर्श न करे। मनुष्य, सर्प, बिल्ली, मेढक, नकुल यदि व्याख्यान के बीच से निकल जायँ तो व्याख्यान को त्याग दे। रात में दीप बुझ जाने पर पाठ तुरन्त त्याग दे। इन दोषों को जानकर भक्तिपूर्वक जो सरस्वती की पूजा करता है, वह वाणी की सिद्धि को प्राप्त कर साक्षात् ब्रह्माजी की भाँति हो जाता है।

सरस्वतीस्तोत्रम्

अस्य श्रीवाग्वदिनीशारदामन्त्रस्य मार्कण्डेय आश्वलायन ऋषिः। स्रग्धरानुष्टुप्छन्दांसि। श्रीसरस्वतीदेवता-श्रीसरस्वतीप्रसादसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

अथ ध्यानम्—

शुक्लां ब्रह्मविचारसारपरमामाद्यां जगद्व्यापिनीं वीणापुस्तकधारिणीमभयदां जाड्यान्धकारापहाम्।
हस्ते स्फाटिकमालिकां विदधतीं पद्मासने संस्थितां वन्दे तां परमेश्वरीं भगवतीं बुद्धिप्रदां शारदाम्॥ १॥

ब्रह्मोवाच—

ह्रींह्रींहृद्यैकविद्ये शशिरुचिकमलाकल्पविस्पष्टशोभे भव्ये भावानुकूले कुमतिवनमहे विश्ववन्द्यांघ्रिपद्मे।
पद्मे पद्मोपविष्टे प्रणतजनमनोमोदसम्पादयित्रि प्रोत्प्लुष्टाज्ञानकूटे हरिनिजदयिते देवि संसारसारे॥ १॥
ऐंऐंऐं इष्टमन्त्रे कमलभवमुखाम्भोजरूपे स्वरूपे रूपारूपप्रकाशे सकलगुणमये निर्गुणे निर्विकारे।
न स्थूले नैव सूक्ष्मेऽप्यविदितविषये नापि विज्ञाततत्त्वे विश्वे विश्वान्तराले सुरवरनमिते निष्कले नित्यशुद्धे॥ २॥
ह्रीह्रींह्रीं जाप्यतुष्टे हिमरुचिमुकुटे वल्लकीव्यग्रहस्ते मातर्मातर्नमस्ते दहदह जडतां देहि बुद्धिं प्रशस्ताम्।
विद्ये वेदान्तगीते श्रुतिपरिपठिते मोक्षदे मुक्तिमार्गे मार्गातीतप्रभावे भव मम वरदा शारदे शुभ्रहारे॥ ३॥
ध्रींध्रींध्रीं धारणाख्ये धृतिमतिनुतिभिर्नामभिः कीर्त्तनीये नित्येनित्ये निमित्ते मुनिगणनमिते नूतने वै पुराणे।
पुण्ये पुण्यप्रभावे हरिहरनमिते वर्णशुद्धे सुवर्णे मात्रे मात्रार्थतत्त्वे मतिमतिमतिदे माधवप्रीतिनादे॥ ४॥
ह्रीं क्ष्रीं धीं ह्रीं स्वरूपे दहदह दुरितं पुस्तकव्यग्रहस्ते सन्तुष्टाकारचित्ते स्मितमुखि सुभगे जृम्भणिस्तम्भविद्ये।
मोहे मुग्धप्रबोधे मम कुरु सुमतिं ध्वान्तविध्वंसिनित्ये गीर्वाग्गौर्भारति त्वं कविवृषरसनासिद्धिदा सिद्धिसाध्या॥ ५॥

सौंसौंसौं शक्तिबीजे कमलभवमुखाम्भोजभूतस्वरूपे रूपारूपप्रकाशे सकलगुणमये निर्गुणे निर्विकारे।
न स्थूले नैव सूक्ष्मेऽप्यविदितविभवे जाप्यविज्ञानतत्त्वे विश्वे विश्वान्तराले सुरगणनमिते निष्कले नित्यशुद्धे॥ ६॥

सरस्वतीस्तोत्र—स्तोत्रपाठ करने के पूर्व 'अस्य श्रीवाग्वादिनीशारदामन्त्रस्य मार्कण्डेय-आश्वलायन ऋषिः। स्रग्धरानुष्टुप् छन्दांसि। श्रीसरस्वती देवता। श्रीसरस्वतीप्रसादसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः' इस मन्त्र से स्तोत्रपाठ का विनियोग करे। फिर मूल में लिखित 'शुक्लां ब्रह्मविचारसार०' इत्यादि मन्त्र के अनुसार ध्यान करे।

मूल स्तोत्र का भावार्थ—श्री ब्रह्माजी बोले—'ह्रीं ह्रीं हृद्यैकविद्ये!!' आप चन्द्र के समान शुभ्र कान्ति वाली, लक्ष्मी के समान शोभा वाली, भव्य भावानुकूल, कुमतिरूपी वन में सर्प के समान विश्ववन्दित कर-चरण वाली हैं। हे पद्मे! आप कमल पर बैठी हैं, प्रणतजनों के मन को प्रसन्न करने वाली हैं। अज्ञान के समूह को दग्ध करने वाली हैं। आप संसार की सार तथा ब्रह्माजी की निजपुत्री हैं। हे ऐं ऐं ऐं इष्ट मन्त्र वाली, कमल भवमुखाम्भोजरूपे, स्वरूपे, रूपारूपप्रकाशे, सकलगुणमये, निर्गुणे, निर्विकारे! आप न स्थूल हैं न सूक्ष्म हैं, न आप अविदित विषय हैं और न ही आप विज्ञाततत्त्वा हैं। हे विश्वे! आप इस विश्वान्तराल में, देवश्रेष्ठों द्वारा नामित, निष्कल तथा नित्य शुद्ध हैं। हे ह्रीं ह्रीं ह्रीं जाप्यतुष्टे! हिम के समान धवल मुकुट वाली, हाथ में वीणा धारण किये मातर्माते! आपको नमस्कार है। आप मेरी बौद्धिक जड़ता को नष्ट कर प्रशस्त बुद्धि प्रदान करें। हे वेदान्त गायन करने वाली गीते, वेदपरिपठिते, मोक्षदायिनी, मुक्तिमार्गे, मार्गातीतप्रभावे शुभ्रहार वाली शारदे! मुझे वर प्रदान करो॥ ३॥ हे ध्रीं, ध्रीं ध्रीं धारणा नाम वाली, धृतिमति देवि! आप प्रणाम एवं नामों के द्वारा कीर्तनीया हैं, नित्यनित्या, मुनिगणों के नमन-निमित्त से पुरानी होकर भी नूतना हैं। हे पुण्ये, पुण्यप्रभावे, विष्णु एवं शिव से प्रणमित सरस्वति! आप शुद्धवर्ण वाली, सुवर्णमात्रा हैं; आप मात्रार्थतत्त्व भी हैं, मतिमति, मतिदायिनी माधव की प्रसन्नता के लिये नादस्वरूपा हैं। हे ह्रीं, क्षीं, धीं ह्रीं स्वरूप वाली सरस्वति! आप पुस्तक व्यग्र हाथ वाली, सन्तुष्टाकार चित्त वाली, स्मितमुखी, सुभगे! जृम्भणमात्र से विद्या को स्तम्भित कर देने वाली हैं, आप मेरे पापों को जला दें। हे मोहे, मुग्धप्रबोधे! आप मुझे सुमति प्रदान करें। हे ध्वंसविध्वंसि, नित्ये, गीर्वाग्गौ भारति! आप कविश्रेष्ठों की रसना को सिद्धि देने वाली सिद्धिसाध्या हैं। हे सौं सौं सौं शक्तिबीजे, ब्रह्माजी के मुखकमल से उत्पन्न स्वरूप वाली, रूपारूपप्रकाशे, सकलगुणमयी, निर्गुण, निर्विकार, न स्थूल, न सूक्ष्म होने पर भी अविदित विभव वाली, अजा होने पर भी अविज्ञ तत्त्व वाली विश्वे! आप इस विश्वान्तराल में सुरगणों द्वारा नमित, निष्कल तथा शुद्ध हैं॥ १-६॥

स्तौमि त्वां त्वां च वन्दे भज मम रसनां मा कदाचित्त्यजेथा मा मे बुद्धिर्विरुद्धा भवतु न च मनो देवि मे यातु पापम्।
मा मे दुःखं कदाचिद्विपदि च समयेऽप्यस्तु मे नाकुलत्वं शास्त्रे वादे कवित्वे प्रसरतु मम धीर्मास्तु कुण्ठा कदाचित्॥ ७॥
इत्येतैः श्लोकमुख्यैः प्रतिदिनमुषसि स्तौति यो भक्तिनम्रो वाण्या वाचस्पतेरप्यतिमतिविभवो वाक्पटुर्नष्टपङ्कः।
स स्यादिष्टार्थलाभः सुतमिव सततं पाति तं सा च देवी सौभाग्यं तस्य लोके प्रसरति कविता विघ्नमस्तं प्रयाति॥ ८॥
ब्रह्मचारी व्रती मौनी त्रयोदश्यां निरामिषः। सारस्वतो नरः पाठात्स स्यादिष्टार्थलाभवान्॥ ९॥
पक्षद्वयेऽपि यो भक्त्या त्रयोदश्येकविंशतिः। अविच्छेदं पठेद्धीमान्ध्यात्वा देवीं सरस्वतीम्॥ १०॥
शुक्लाम्बरधरां देवीं शुक्लाभरणभूषिताम्। वाञ्छितं फलमाप्नोति स लोके नात्र संशयः॥ ११॥
इति ब्रह्मा स्वयं प्राह सरस्वत्याः स्तवं शुभम्। प्रयत्नेन पठेन्नित्यं सोऽमृतत्वं प्रयच्छति॥ १२॥

इति ब्रह्मपुराणे ब्रह्मणा कृतं सरस्वत्याः स्तोत्रम्।

मैं आपकी स्तुति तथा वन्दना करता हूँ। आप मेरी जीभ पर बैठें, उसे छोड़कर कहीं अन्यत्र न जायँ। मेरी बुद्धि को आप विपरीत न करें। मेरा मन कभी पापों में न जाय। मुझे कभी दुःख एवं विपत्तियाँ प्राप्त न हों। मुझे शास्त्र पढ़ने में, बाद में कभी भी आकुलता न हो। मेरी बुद्धि कवित्व में प्रसरित हो, कभी कुण्ठित न हो। इन मुख्य श्लोकों से जो व्यक्ति प्रतिदिन प्रातःकाल में भक्तिपूर्वक नम्रभाव से सरस्वती की स्तुति करता है, वह ब्रह्माजी के समान वाग्वैभव तथा वाक्पटु होकर पापरहित हो जाता है। उसे इष्टार्थ-लाभ प्राप्त होता है तथा वह देवी उसकी रक्षा पुत्र की भाँति करती हैं, उसे सौभाग्य मिलता है तथा उसकी कविता लोक में प्रसरित होती है, विघ्न समाप्त हो जाते हैं। जो मनुष्य ब्रह्मचारी, व्रती तथा मौनी होकर त्रयोदशी तिथि को निरामिषभोजी होकर इस स्तोत्र को पढ़ता है, उसे इष्टलाभ की प्राप्ति होती है। जो व्यक्ति दोनों पक्षों की त्रयोदशी में भक्तिपूर्वक इसके इक्कीस पाठ अविच्छिन्न रूप में करता है तथा जो शुक्लाम्बरधरा शुक्लाभरणभूषिता का ध्यान करता है, उसे इस लोक में वाञ्छित फल की प्राप्ति होती है। इस प्रकार के इस सरस्वती स्तव को ब्रह्माजी ने स्वयं अपने मुख से कहा है। इसे प्रयत्नपूर्वक नित्य पढ़ने से अमरत्व की प्राप्ति होती है॥ ७-१२॥

अन्नपूर्णामन्त्रप्रयोगः

मन्त्रमहोदधौ—


अन्नपूर्णेश्वरीमन्त्रं वक्ष्येऽभीष्टप्रदायकम्। कुबेरो यामुपास्याशु लब्धवान्निधिनाथताम्॥ १॥
शम्भोः सख्यं दिगीशत्वं कैलासाधीशतामपि।

अथ प्रयोगः; मन्त्रो यथा—'ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नमः भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा' इति विंशतिवर्णो मन्त्रः। अस्य अन्नपूर्णामन्त्रस्य द्रुहिणः ऋषिः। कृतिः छन्दः। अन्नपूर्णेशी देवता। ह्रीँ बीजम्। स्वाहा शक्तिः। ममाखिलसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः। ॐ द्रुहिणऋषये नमः शिरसि॥ १॥ ॐ कृतिच्छन्दसे नमः मुखे॥ २॥ ॐ अन्नपूर्णादेवतायै नमः हृदि॥ ३॥ ॐ ह्रीं बीजाय नमः गुह्ये॥ ४॥ ॐ स्वाहाशक्तये नमः पादयोः॥ ५॥ इति ऋष्यादिन्यासः। ॐ ह्रां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः॥ १॥ ॐ ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः॥ २॥ ॐ ह्रुं मध्यमाभ्यां नमः॥ ३॥ ॐ ह्रैं अनामिकाभ्यां नमः॥ ४॥ ॐ ह्रौं कनिष्ठिकाभ्यां नमः॥ ५॥ ॐ ह्रः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः॥ ६॥ इति करन्यासः। एवमेव हृदयादिषडङ्गन्यासं कुर्य्यात्। ॐ नमः मुखे॥ १॥ ॐ ह्रीं नमः दक्षिणनासिकायाम्॥ २॥ ॐ श्रीं नमः वामनासिकायाम्॥ ३॥ ॐ क्रीं नमः दक्षिणनेत्रे॥ ४॥ ॐ नमो नमः वामनेत्रे॥ ५॥ ॐ भगवति नमः दक्षिणकर्णे॥ ६॥ ॐ माहेश्वरि नमः वामकर्णे॥ ७॥ ॐ अन्नपूर्णे नमः लिङ्गे॥ ८॥ ॐ स्वाहा नमः गुदे॥ ९॥ इति मन्त्रन्यासः। एवं न्यासविधिं कृत्वा ध्यायेत्—

तप्तस्वर्णनिभा शशाङ्कमुकुटा रत्नप्रभाभासुरा नानावस्त्रविराजिता त्रिनयना भूमीरमाभ्यां युता।
दर्वीहाटकभाजनं च दधती रम्भोच्चपीनस्तनी नृत्यन्तं शिवमाकलय्य मुदिता ध्येयान्नपूर्णेश्वरी॥

इति ध्यात्वा मानसोपचारैः सम्पूज्य पीठपूजां कुर्यात्। तद्यथा—मण्डूकादिपरतत्त्वान्तपीठदेवताः सम्पूज्य पूर्वादिक्रमेण ॐ जयायै नमः॥ १॥ ॐ विजयायै नमः॥ २॥ ॐ अजितायै नमः॥ ३॥ ॐ अपराजितायै नमः॥ ४॥ ॐ नित्यायै नमः॥ ५॥ ॐ विलासिन्यै नमः॥ ६॥ ॐ दोग्ध्र्यै नमः॥ ७॥ ॐ अघोरायै नमः॥ ८॥ (मध्ये) ॐ मङ्गलायै नमः॥ ९॥ इति पीठशक्तीः पूजयेत्। 'ॐ ह्रीं अन्नपूर्णात्मने नमः' इत्यासनं दत्त्वा मूलेन मूर्तिं प्रकल्प्य पाद्यादिपुष्पान्तै-रुपचारैः सम्पूज्य आवरणपूजां कुर्यात्।

श्रीअन्नपूर्णापूजायन्त्रम्



अन्नपूर्णा मन्त्रप्रयोग (मन्त्रमहोदधि के अनुसार)—अब मैं अभीष्ट-प्रदायक अन्नपूर्णेश्वरी मन्त्र को कहता हूँ जिसकी उपासना करने से कुबेर को निधिनाथता प्राप्त हुई थी तथा भगवान् शङ्कर की मित्रता, दिक्पालपद एवं कैलाश का भी अधीश्वरत्व प्राप्त हुआ था। मन्त्र है—'ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नमः भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा।' यह बीस अक्षरों का मन्त्र है। सर्वप्रथम 'ॐ अस्य श्री अन्नपूर्णामन्त्रस्य द्रुहिणऋषिः। कृतिः छन्दः। अन्नपूर्णेश्वरी देवता। ह्रीं बीजम् स्वाहा शक्तिः। ममाखिलसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः' इसको कहकर मन्त्र का विनियोग करे। तदनन्तर 'ॐ द्रुहिणऋषये नमः शिरसि' इत्यादि मूल में लिखित पाँच मन्त्रों से ऋष्यादि न्यास करे। फिर प्रणवपूर्वक मूल में लिखित छः मन्त्रों 'ॐ ह्रां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः' इत्यादि से करन्यास करे। फिर 'ॐ ह्रां हृदयाय नमः, ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा, ॐ ह्रूं शिखायै वषट्, ॐ ह्रैं कवचाय हुम्, ॐ ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ह्रः अस्त्राय फट्' इन छः मन्त्रों से हृदयादि षडङ्गन्यास करे। फिर मूलोक्त 'ॐ नमः मुखे' इत्यादि नौ मन्त्रों से शरीर के निर्दिष्ट अङ्गों में मन्त्रन्यास करना चाहिये। मूलोक्त 'तप्तस्वर्णनिभा०' इत्यादि मन्त्र से अन्नपूर्णा का ध्यान करे। ध्यान का भावार्थ इस प्रकार है—तपे हुए सोने के समान चन्द्रमा का मुकुट धारण किये रत्नों की कान्ति से चमकयुक्त अनेक वस्त्रों से सुशोभित, त्रिनेत्र, भूमि तथा रमा (लक्ष्मी) से युक्त, दक्षिण हस्त में दर्वी—चमचा तथा वामहस्त में सोने का कटोरा धारण किये, केला के समान ऊँची, पुष्ट स्तनों वाली, नाचते हुए शिव को देखकर मुदित हो रही अन्नपूर्णा का ध्यान करे। इस प्रकार ध्यान करके मानसोपचारों से पूजा करके फिर पीठपूजा करे। एतदर्थ मण्डूकादि परतत्त्वान्त पीठदेवताओं को पूजकर फिर पूर्वादि क्रम से मूलोक्त 'ॐ जयायै नमः' इत्यादि नौ मन्त्रों से (पूर्व-आग्नेय-दक्षिण-नैर्ऋत्य-

पश्चिम-वायव्य-उत्तर-ईशान तथा मध्य में) पीठशक्तियों को पूजे। फिर 'ॐ ह्रीं अन्नपूर्णात्मने नमः' इस मन्त्र से आसन देकर मूल मन्त्र से मूर्ति की कल्पना करके पाद्य से लेकर पुष्पाञ्जलि-पर्यन्त उपचारों से पूजा करके फिर आवरणपूजा करे।

तद्यथा—'त्रिकोणवेदपत्राष्टपत्रषोडशपत्रके। भूपुरेण युते यन्त्रे प्रदद्यान्माययासनम्'। आग्नेयादिकोणत्रितये क्रमेण 'ॐ हौं नमः शिवाय' इति मन्त्रेण शिवं पूजयेत्॥ १॥ ततो द्वितीयकोणे 'ॐ नमो भगवते वराहरूपाय भूर्भुवः स्वः पतये भूपतित्वं मे देहि दापय स्वाहा' इति त्रयस्त्रिंशद्वर्णात्मकमन्त्रेण वराहं पूजयेत्॥ २॥ तृतीयकोणे 'ॐ नमो नारायणाय' इति माधवं पूजयेत्॥ ३॥ तद्बाह्ये ॐ ह्रां हृदयाय नमः॥ १॥ ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा॥ २॥ ॐ ह्रूं शिखायै वषट्॥ ३॥ ॐ ह्रैं कवचाय हुं॥ ४॥ ॐ ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्॥ ५॥ ॐ ह्रः अस्त्राय फट्॥ ६॥ इति षडङ्गानि पूजयेत्। ततो देव्या वामे 'ग्लौं अन्नं मह्यन्नं मे देह्यन्नाधिपतये ममान्नं प्रदापय स्वाहा ग्लौं' इति धरां पूजयेत्। ततो दक्षभागे 'श्रीं अन्नं मह्यन्नं मे देह्यन्नाधिपतये ममान्नं प्रदापय स्वाहा श्रीं' इति लक्ष्मीं पूजयेत्॥ २॥ ततश्चतुर्दले पूज्यपूजकयोर्मध्ये प्राचीं प्रकल्प्य प्राच्यादिक्रमेण ॐ परायै नमः॥ १॥ ह्रीं भुवनेश्वर्य्यै नमः॥ २॥ श्रीं कमलायै नमः॥ ३॥ क्लीं सुभगायै नमः॥ ४॥ इति पूजयेत्। तद्बहिरष्टदले प्राच्यादिक्रमेण ॐ ब्राह्म्यै नमः॥ १॥ ॐ माहेश्वर्य्यै नमः॥ २॥ ॐ कौमार्य्यै नमः॥ ३॥ ॐ वैष्णव्यै नमः॥ ४॥ ॐ वाराह्यै नमः॥ ५॥ ॐ इन्द्राण्यै नमः॥ ६॥ ॐ चामुण्डायै नमः॥ ७॥ ॐ महालक्ष्म्यै नमः॥ ८॥ इति पूजयेत्। तद्बाह्ये षोडशदले तेनैव क्रमेण 'नं अमृतायै नमः॥ १॥ मं मानदायै नमः॥ २॥ भं तुष्ट्यै नमः॥ ३॥ गं पुष्ट्यै नमः॥ ४॥ वं प्रीत्यै नमः॥ ५॥ तीं रत्यै नमः॥ ६॥ मां ह्रियै नमः॥ ७॥ हें श्रियै नमः॥ ८॥ श्वं स्वधायै नमः॥ ९॥ रिं स्वाहायै नमः॥ १०॥ अं ज्योत्स्नायै नमः॥ ११॥ भं हैमवत्यै नमः॥ १२॥ पूं छायायै नमः॥ १३॥ णं पूर्णिमायै नमः॥ १४॥ स्वां नित्यायै नमः॥ १५॥ हां अमावास्यायै नमः॥ १६॥' इति पूजयेत्। तद्बहिः पूर्वादिदशदिक्षु इन्द्रादिदशदिक्पालान् तद्बाह्ये वज्राद्यायुधानि च पूजयेत्। इत्यावरणार्चनं कृत्वा धूपदीपनैवेद्याचमनीयताम्बूल-दक्षिणानीराजनैर्भगवतीं मूलेन सम्पूज्य स्तवेन स्तुत्वा जपं कुर्य्यात्। अस्य पुरश्चरणं लक्षजपः। घृतसहितेन चरुणा दशांशहोमः। तद्दशांशेन तर्पणं तद्दशांशेन मार्जनं तद्दशांशेन ब्राह्मणभोजनं च कार्य्यम्।

इत्थं जपादिभिः सिद्धे मन्त्रेऽस्मिन्धनसञ्चयैः। कुबेरसदृशो मन्त्री जायते जनवन्दितः॥

इत्यन्नपूर्णामन्त्रपुरश्चरणं समाप्तम्।

आवरण-पूजा—(यहाँ दिये गये) त्रिकोण, चतुर्दल, अष्टदल तथा षोडश दलात्मक भूपुरयुक्त यन्त्र में आसन देकर आग्नेयादि तीन कोणों में क्रम से 'ॐ ह्रौं नमः शिवाय' इस मन्त्र से शिवजी की पूजा करे। फिर द्वितीय कोण में 'ॐ नमो भगवते वराहरूपाय भूर्भुवः स्वःपतये भूपतित्वं मे देहि दापय स्वाहा' इस मन्त्र से वराह की पूजा करे। फिर तृतीय कोण में 'ॐ नमो नारायणाय' से माधव की पूजा करे। फिर उसके बाहर मूल में लिखित 'ॐ ह्रां हृदयाय नमः' इत्यादि छः मन्त्रों से उनमें निर्दिष्ट षडङ्गों की पूजा करे। फिर देवी के वाम भाग में तथा दक्षिण भाग में क्रमशः 'ग्लौं०' इत्यादि तथा 'श्रीं' इत्यादि मन्त्रों से पूजा करके फिर चतुर्दल में पूज्य-पूजक के मध्य में प्राची दिशा की कल्पना करके पूर्वादिक्रम से 'ॐ परायै नमः' इत्यादि मूलोक्त चार मन्त्रों से पूजा करे। फिर उसके बाहर अष्टदल में मूलोक्त 'ॐ ब्राह्म्यै नमः' इत्यादि आठ मन्त्रों से पूजा करे। फिर उसके बाहर षोडशदल में उसी क्रम से (प्राच्यादि क्रम से) 'नं अमृतायै नमः' इत्यादि सोलह मन्त्रों से पूजा करे। फिर उसके बाहर पूर्वादि दश दिशाओं में प्रदक्षिणक्रम से प्रथम इन्द्र आदि दश दिक्पालों को पूजकर फिर उन्हीं स्थानों में उनके आयुधों की भी पूजा करनी चाहिये। इस प्रकार आवरण का अर्चन करके धूप, दीप, नैवेद्य, आचमनीय, ताम्बूल, दक्षिणा, नीराजन

आदि के द्वारा भगवती अन्नपूर्णा का पूजन उनके मूल मन्त्र (बीस अक्षरी) से करके अन्नपूर्णा स्तोत्र का पाठ करके (जो आगे दिया गया है) मूल मन्त्र (ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नमः भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा) का जप करे। एक लाख जप करने से इस मन्त्र का पुरश्चरण हो जाता है। घृतसहित खीर के द्वारा इसका दशांश (दस सहस्र) हवन करना चाहिये। उसका दशांश (एक सहस्र) तर्पण करे। फिर उसका दशांश (एक सौ) मार्जन करे। फिर उसका दशांश (दस) ब्राह्मणों को भोजन कराये। इस प्रकार की विधि से जो साधक अन्नपूर्णेश्वरी मन्त्र को सिद्ध कर लेता है तो फिर उसके जप करते रहने से वह साधक (अपने पुरुषार्थ से) कुबेर के समान धन-सम्पत्ति एवं वैभव से सम्पन्न हो जाता है तथा जनता के द्वारा पूजित होता है।

अन्नपूर्णाकवचम्

देव्युवाच—

कथिता अन्नपूर्णाया या या विद्याः सुदुर्लभाः। कृपया कथिताः सर्वाः श्रुताश्चाधिगता मया॥ १॥
साम्प्रतं श्रोतुमिच्छामि कवचं मन्त्रविग्रहम्।

अन्नपूर्णा कवच—देवी ने कहा—आपने मुझसे देवी की दुर्लभ विद्या कही, उसे मैंने सुनी और समझी। अब मैं उनके मन्त्रविग्रहस्वरूप कवच को सुनने की इच्छा करती हूँ॥ १॥

ईश्वर उवाच—

शृणु पार्वति वक्ष्यामि सावधानावधारय॥ २॥
ब्रह्मविद्यास्वरूपं च महदैश्वर्यदायकम्। पठनाद्धारणान्मर्त्यस्त्रैलोक्यैश्वर्यभाग्भवेत्॥ ३॥
त्रैलोक्यरक्षणस्यास्य कवचस्य ऋषिः शिवः। छन्दो विराट् देवता च अन्नपूर्णासमृद्धिदा॥ ४॥
धर्मार्थकाममोक्षेषु विनियोगः प्रकीर्तितः। ह्रीं नमो भगवत्यन्ते माहेश्वरिपदं ततः॥ ५॥
अन्नपूर्णे ततः स्वाहा चैषा सप्तदशाक्षरी। पातु मामन्नपूर्णा सा या ख्याता भुवनत्रये॥ ६॥
विमायाप्रणवाद्यैषा तथा सप्तदशाक्षरी। या त्वन्नपूर्णा सर्वाङ्गे रत्नकुम्भान्नपात्रदा॥ ७॥
श्रीबीजाद्या तथैवेषा द्विरन्धार्णा तथा मुखम्। प्रणवाद्या भ्रुवौ पातु कण्ठं वाग्बीजपूर्विका॥ ८॥
कामबीजादिका चैषा हृदयं तु महेश्वरी। ऐंश्रीह्रीं च नमोऽन्ते च भगवतिपदं ततः॥ ९॥
माहेश्वरिपदं चान्नपूर्णे स्वाहेति पातु मे। नाभिमेकोनविंशार्णा पायान्माहेश्वरी सदा॥ १०॥
तारं मायारमाकामः षोडशार्णा ततः परम्। शिरःस्था सर्वदा पातु विंशत्यर्णात्मिका परा॥ ११॥
अन्नपूर्णा महाविद्या ह्रीं पातु भुवनेश्वरी। शिरः श्रींह्रीं तथा क्रीं च त्रिपुटा पातु मे गुदम्॥ १२॥
षड्दीर्घभाजा बीजेन षडङ्गानि पुनन्तु माम्। इन्द्रो मां पातु पूर्वे च वह्निकोणेनलोऽवतु॥ १३॥
यमो मां दक्षिणे पातु नैर्ऋत्यां नैर्ऋतिश्च माम्। पश्चिमे वरुणः पातु वायव्यां पवनोऽवतु॥ १४॥
कुबेरश्चोत्तरे पातु ऐशान्यां शङ्करोऽवतु। ऊर्ध्वाधः पातु सततं ब्रह्मानन्तो यथाक्रमात्॥ १५॥
वज्राद्याश्चायुधाः पान्तु दशदिक्षु यथाक्रमात्।

श्री महादेवजी बोले—हे पार्वति! अब मैं कहता हूँ, उसे सावधानी से धारण करे। इस ब्रह्मविद्या का स्वरूप विपुल ऐश्वर्य देने वाला है। इसके पढ़ने तथा समझने से व्यक्ति तीनों लोकों के ऐश्वर्य को प्राप्त कर लेता है। इस

त्रैलोक्यरक्षणकर्त्ता कवच के शिव ऋषि हैं, विराट् छन्द है तथा समृद्धिदा अन्नपूर्णा इसकी देवता हैं। धर्म-अर्थ-काम तथा मोक्ष के हेतु इसका विनियोग कहा गया है। 'ॐ ह्रीं नमः भगवति माहेश्वरि अन्नपूर्णे स्वाहा' इस प्रकार यह सत्रह अक्षरों वाली विद्या (मन्त्र) है। जो अन्नपूर्णा तीनों लोकों में प्रसिद्ध है, वह मेरी रक्षा करें। जो मायाबीज-रहित सप्तदशाक्षरी तथा जिसके आरम्भ में प्रणव (ॐ) है, वह रत्नकुम्भ एवं अन्नपात्र प्रदान करने वाली अन्नपूर्णा मेरी रक्षा करें। जिसके आदि में श्रीबीज है, द्विरन्ध्रवर्ण तथा मुखयुक्त है। प्रणवाद्या मेरी भ्रू की रक्षा करें। वाग्बीज-पूर्विका मेरे कण्ठ की रक्षा करें। वह कामबीजादिका माहेश्वरी हृदय की रक्षा करें। फिर ऐंश्रींह्रीं नमोऽन्त भगवती पद माहेश्वरी पद, तथा अन्नपूर्णे स्वाहा मेरी रक्षा करें। २१ वर्णों वाली माहेश्वरी मेरी सदैव रक्षा करें। तार मायाबीज, लक्ष्मीबीज, कामबीज तथा सोलह वर्णों वाली विद्या मेरी रक्षा करें। मेरे शिर की बीस वर्णों वाली पराविद्या रक्षा करें। अन्नपूर्णा महाविद्या ह्रीं भुवनेश्वरी रक्षा करें। श्रीं, ह्रीं, क्रीं मेरे शिर की तथा त्रिपुटा गुद की रक्षा करें। मेरे छः अङ्गों को षड्दीर्घभाजा बीज से पवित्र करे। इन्द्र पूर्व में मेरी रक्षा करें तथा आग्नेय में अग्नि रक्षा करें। यम दक्षिण में मेरी रक्षा करें तथा नैर्ऋत्य में निर्ऋति मेरी रक्षा करें। पश्चिम में वरुण मेरी रक्षा करें। वायव्य में वायु रक्षा करें। कुबेर उत्तर में रक्षा करें तथा ईशान में श्री शङ्कर रक्षा करें। ऊर्ध्व में ब्रह्मा तथा अधः में अनन्त रक्षा करें। उन इन्द्रादि दिक्पालों के वज्रादि आयुध भी यथाक्रम से पूर्वादि दश दिशाओं में रक्षा करें॥ २-१५॥

इति ते कथितं पुण्यं त्रैलोक्यरक्षणं परम्॥ १६॥
यद्धृत्वा पठनाद्देवा सर्वैश्वर्यमवाप्नुयुः। ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च धारणात्पठनाद्यतः॥ १७॥
सृजत्यवति हन्त्येव कल्पे-कल्पे पृथक्पृथक्। पुष्पाञ्जल्यष्टकं देव्यै मूलेनैव पठेत्ततः॥ १८॥
युगायुतकृतायास्तु पूजायाः फलमाप्नुयात्। वाणी वक्त्रे वसेत्तस्य सत्यं सत्यं न संशयः॥ १९॥
अष्टोत्तरशतं चास्य पुरश्चर्याविधिः स्मृतः। भूर्जे विलिख्य गुटिकां स्वर्णस्थां धारयेद्यदि॥ २०॥
कण्ठे वा दक्षिणे बाहौ सोऽपि पुण्यवतां वरः। ब्रह्मास्त्रादीनि शस्त्राणि सद्गात्र प्राप्य पार्वति।
माल्यानि कुसुमान्येव सुखदानि भवन्ति हि॥ २१॥

इति भैरवतन्त्रेऽन्नपूर्णाकवचं समाप्तम्।

इस प्रकार तुमसे मैंने त्रैलोक्यरक्षक कवच कहा है। जिसको पढ़कर तथा धारण कर देवों ने सभी ऐश्वर्य प्राप्त किये। ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र इस कवच के धारण एवं पठन करने से सृष्टि, पालन तथा संहार का कार्य करते हैं। फिर आठ मूल मन्त्रों को पढ़कर पुष्पाञ्जलि देनी चाहिये। इसके पाठ से चारो युगों की पूजा का फल मिलता है। उसके मुख से निकली वाणी निस्सन्देह सत्य होती है। इसका पुरश्चरण एक सौ आठ बार जप का है। यदि भूर्जपत्र पर लिखकर स्वर्णगुटिका (ताबीज या ढुलनियाँ) में कण्ठ या दक्षिण भुजा में धारण करे तो ब्रह्मास्त्र भी उसके शरीर को पीड़ित नहीं करता तथा शस्त्र माला की भाँति सुखदाई होते हैं॥ १६-२१॥

अन्नपूर्णास्तोत्रम्

ॐ नमः कल्याणदे देवि नमः शङ्करवल्लभे। नमो भुक्तिप्रदे देवि अन्नपूर्णे नमोऽस्तु ते॥ १॥
नमो मायागृहीताङ्गि नमः शङ्करवल्लभे। माहेश्वरि नमस्तुभ्यमन्नपूर्णे नमोऽस्तु ते॥ २॥
अन्नपूर्णे हव्यवाहपत्नीरूपे हरप्रिये। कलाकाष्ठास्वरूपे च अन्नपूर्णे नमोऽस्तु ते॥ ३॥
उद्यद्भानुसहस्राभे नयनत्रयभूषिते। चन्द्रचूडे महादेवि अन्नपूर्णे नमोऽस्तु ते॥ ४॥
विचित्रवसने देवि अन्नदानरतेऽनघे। शिवनृत्यकृतामोदे अन्नपूर्णे नमोऽस्तु ते॥ ५॥

षट्कोणपद्ममध्यस्थे षडङ्गयुवतीमये। ब्रह्माण्यादिस्वरूपे च अन्नपूर्णे नमोऽस्तु ते॥ ६॥
देवि चन्द्रकृता पीठे सर्वसाम्राज्यदायिनि। सर्वानन्दकरे देवि अन्नपूर्णे नमोऽस्तु ते॥ ७॥
साधकाभीष्टदे देवि भवदुःखविनाशिनि। कुचभारनते देवि अन्नपूर्णे नमोऽस्तु ते॥ ८॥
इन्द्राद्यर्चितपादाब्जे रुद्रादिरूपधारिणि। सर्वसम्पत्प्रदे देवि अन्नपूर्णे नमोऽस्तु ते॥ ९॥

अन्नपूर्णा स्तोत्र—हे कल्याणदे देवि! आपको नमस्कार है। हे शङ्करवल्लभे! आपको नमस्कार है। हे अन्नपूर्णे! आपको नमस्कार है। मायागृहीताङ्गी शङ्करवल्लभे! आपको नमस्कार है। माहेश्वरि! आपको नमस्कार है। अन्नपूर्णे! आपको नमस्कार है। हे अन्नपूर्णे, अग्नि की पत्नीरूप हरप्रिये! कलाकाष्ठास्वरूपे अन्नपूर्णे! आपको नमस्कार है। हे तीन नेत्रों से शोभित सहस्रों बालसूर्यों की आभा वाली चन्द्रपूर्णे, चन्द्रचूडे महादेवि! आपको नमस्कार है। हे विचित्र वस्त्रधारिणी, अन्नदान में रत, निष्पाप तथा शिव के नृत्य से प्रमुदित होने वाली देवी अन्नपूर्णे! आपको नमस्कार है। हे षट्कोण कमल के मध्य में स्थित षडङ्ग युवतियों से युक्त ब्रह्माणी आदि के स्वरूप वाली अन्नपूर्णे! आपको नमस्कार है। हे चन्द्रकृत पीठ पर विराजमान सर्वसाम्राज्यदायिनी, सर्वानन्दकरी अन्नपूर्णे! आपको नमस्कार है। साधकों को अभीष्ट देने वाली, भवदुःखों का नाश करने वाली, कुचों के भार से नत अन्नपूर्णे देवि! आपको नमस्कार है। हे इन्द्रादि द्वारा अर्चित चरणकमलों वाली रुद्रादि रूपधारिणी, सर्वसम्पत् प्रदे अन्नपूर्णे! आपको नमस्कार है॥ १-९॥

पूजाकाले पठेद्यस्तु स्तोत्रमेतत्समाहितः। तस्य गेहे स्थिरा लक्ष्मीर्जायते नात्र संशयः॥ १०॥
प्रातःकाले पठेद्यस्तु मन्त्रजापपुरःसरम्। तस्यैवान्नसमृद्धिः स्याद्वर्द्धमाना दिनेदिने॥ ११॥
यस्मै कस्मै न दातव्यं न प्रकाश्यं कदाचन। प्रकाशात्सिद्धिहानिः स्यात्तस्माद्यत्नेन गोपयेत्॥ १२॥
इत्यन्नपूर्णास्तोत्रं समाप्तम्।


जो पूजा-समय में समाहित मन से इस स्तोत्र का पाठ करता है, उसके घर में लक्ष्मी स्थिर होकर निवास करती है, इसमें सन्देह नहीं है। जो अन्नपूर्णा के मन्त्र के जप के उपरान्त इस स्तोत्र का नित्य प्रातःकाल पाठ करता है, उसकी अन्नसमृद्धि दिन-प्रतिदिन बढ़ती जाती है। इस स्तोत्र को हर किसी को नहीं देना चाहिये और न ही बताना चाहिये। इसके प्रकट करने से सिद्धि की हानि होती है; अतः इसे गुप्त रखना चाहिये॥ १०-१२॥

गङ्गामन्त्रपुरश्चरणप्रयोगः

मन्त्रमहोदधौ मन्त्रो यथा—'ॐ नमः शिवायै नारायण्यै दशहरायै गङ्गायै स्वाहा' इति विंशतिवर्णात्मको मन्त्रः। 'अस्य श्रीगङ्गामन्त्रस्य वेदव्यास ऋषिः। कृतिश्छन्दः। गङ्गा देवता। ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।' ॐ वेदव्यासऋषये नमः शिरसि॥ १॥ ॐ कृतिच्छन्दसे नमो मुखे॥ २॥ ॐ गङ्गादेवतायै नमः हृदये॥ ३॥ इति ऋष्यादिन्यासः। ॐ नमः अङ्गुष्ठाभ्यां नमः॥ १॥ ॐ शिवायै तर्जनीभ्यां नमः॥ २॥ ॐ नारायण्यै मध्यमाभ्यां नमः॥ ३॥ ॐ दशहरायै अनामिकाभ्यां नमः॥ ४॥ ॐ गङ्गायै कनिष्ठिकाभ्यां नमः॥ ५॥ ॐ स्वाहा करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः॥ ६॥ इति करन्यासः। एवमेव हृदयादिषडङ्गन्यासं कृत्वा ध्यायेत्—

उत्फुल्लामलपुण्डरीकरुचिरा कृष्णेशविन्ध्यात्मिका कुम्भेष्टाभयतोयजानि दधती श्वेताम्बरालङ्कृता।
हृष्टास्या शशिशेखराखिलनदीशोणादिभिः सेविता ध्येया पापविनाशिनी मकरगा भागीरथी साधकैः॥
इति ध्यात्वा मानसोपचारैः सम्पूज्य पीठपूजां कुर्यात्।

गङ्गायन्त्रम्



गङ्गामन्त्र पुरश्चरण-प्रयोग—'ॐ नमः शिवायै नारायण्यै दशहरायै गङ्गायै स्वाहा' यह बीस अक्षरों का मन्त्र है। इस गङ्गामन्त्र के वेदव्यास ऋषि हैं। कृति छन्द है। गङ्गा देवता हैं। मेरे अभीष्ट-सिद्धिहेतु किये गये जपार्थ विनयोग है। 'ॐ वेदव्यासऋषये नमः शिरसि, ॐ कृतिच्छन्दसे नमः मुखे तथा ॐ गङ्गादेवतायै नमः हृदये' इन तीन मन्त्रों से ऋष्यादिन्यास करे। फिर मूलोक्त 'ॐ नमः अङ्गुष्ठाभ्यां नमः' इत्यादि छः मन्त्रों से क्रमशः अङ्गूठा, तर्जनी, मध्यमा, अनामिका, कनिष्ठा तथा करतल में न्यास करे। इसी प्रकार हृदयादि षडङ्गन्यास भी करे; जैसे—ॐ नमः हृदयाय नमः, ॐ शिवायै शिरसे स्वाहा, ॐ नारायण्यै शिखायै वषट्, ॐ दशहरायै कवचाय हुम्, ॐ गङ्गायै नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ स्वाहा अस्त्राय फट्। फिर मूल में लिखित 'उत्फुल्लामलपुण्डरीक०' इत्यादि श्लोक से ध्यान करे। ध्यान का भावार्थ है—'खिले हुए निर्मल कमल की भाँति शोभित, कृष्णेशविन्ध्यात्मिका, कुम्भ, इष्टमुद्रा, अभयमुद्रा तथा कमलों को धारण किये, श्वेत वस्त्रों से अलंकृत, प्रसन्नमुख, सम्पूर्ण शोणादि नदियों के द्वारा सेवित, शिवजी की जटाओं में स्थित पापविनाशिनी भागीरथी (गङ्गा) जो कि मकर पर सवार हैं, उनका ध्यान साधकों को करना चाहिये।' ऐसा ध्यान करके मानस पूजा करने के उपरान्त पीठपूजा करे।

ॐ मण्डूकादिपरतत्त्वान्तदेवताभ्यो नमः इति पूर्ववत् पीठदेवताः सम्पूज्य पूर्वादिषु ॐ जयायै नमः॥ १॥ ॐ विजयायै नमः॥ २॥ ॐ अजितायै नमः॥ ३॥ ॐ अपराजितायै नमः॥ ४॥ ॐ नित्यायै नमः॥ ५॥ ॐ विलासिन्यै

नमः ॥ ६ ॥ ॐ दोग्ध्र्यै नमः ॥ ७ ॥ ॐ अघोरायै नमः ॥ ८ ॥ (मध्ये) ॐ मङ्गलायै नमः ॥ ९ ॥ इति पीठशक्तीः पूजयेत्। ततो मूर्तिं प्रकल्प्य आवाहनादिपुष्पान्तैरुपचारैर्गङ्गां सम्पूज्य आवरणपूजां कुर्यात्। षट्कोणे आग्नेयादिकेसरेषु ॐ नमः हृदयाय नमः ॥ १ ॥ ॐ शिवायै शिरसे स्वाहा ॥ २ ॥ ॐ नारायण्यै शिखायै वषट् ॥ ३ ॥ ॐ दशहरायै कवचाय हुं ॥ ४ ॥ ॐ गङ्गायै नेत्रत्रयाय वौषट् ॥ ५ ॥ ॐ स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ ६ ॥ इति षडङ्गानि पूजयेत्। तद्बहिरष्टदलेषु प्राचीक्रमेण ॐ रुद्राय नमः ॥ १ ॥ ॐ हरये नमः ॥ २ ॥ ॐ विधये नमः ॥ ३ ॥ ॐ सूर्य्याय नमः ॥ ४ ॥ ॐ हिमाचलाय नमः ॥ ५ ॥ ॐ मेनायै नमः ॥ ६ ॥ ॐ भगीरथाय नमः ॥ ७ ॥ ॐ अपांपतये नमः ॥ ८ ॥ इति पूजयेत्। ततो दलाग्रेषु ॐ मीनाय नमः ॥ १ ॥ ॐ कूर्माय नमः ॥ २ ॥ ॐ मण्डूकाय नमः ॥ ३ ॥ ॐ मकराय नमः ॥ ४ ॥ ॐ हंसेभ्यो नमः ॥ ५ ॥ ॐ कारण्डवेभ्यो नमः ॥ ६ ॥ ॐ वकेभ्यो नमः ॥ ७ ॥ ॐ सारसकेभ्यो नमः ॥ ८ ॥ इति पूजयेत्। तद्बाह्ये चतुरस्रे भूपुरे पूर्वादिदशदिक्षु इन्द्रादिदशदिक्पालान् तद्बहिर्वज्राद्यायुधानि च पूजयेत्। एवमावरणपूजां कृत्वा धूपदीपादि-नमस्कारान्तैरुपचारैः सम्पूज्य स्तवेन स्तुत्वा जपं कुर्यात्। अस्य पुरश्चरणं लक्षजपः। तथा च—

लक्षं जपेद्दशांशेन जुहुयात्सघृतैस्तिलैः। एवं संसाधितो मन्त्रोऽभीष्टं यच्छति मन्त्रिणाम् ॥
ज्येष्ठशुक्लदशम्यां तां विशेषेण भजेद्बुधः। दद्याद्दशभ्यो विप्रेभ्यो दशप्रस्थमितांस्तिलान् ॥
जप्त्वा सहस्रं हुत्वा चोपोष्य तत्र विकल्मषः। सर्वभोगसमायुक्तो जायते मानवो भुवि ॥

इति विंशतिवर्णात्मकश्रीगङ्गामन्त्रप्रयोगः।

पीठपूजा—'ॐ मण्डूकादि परतत्त्वान्तदेवताभ्यो नमः' कहकर पीठपूजा करे। फिर उस पीठ की शक्तियों की पूजा मूल में लिखित 'ॐ जयायै नमः' इत्यादि नौ मन्त्रों से पूर्वादि आठ दिशाओं में तथा मध्य में करना चाहिये। फिर मूर्ति की कल्पना करके आवाहन से लेकर पुष्पाञ्जलि-पर्यन्त पूजा करके श्रीगङ्गायन्त्र के आवरणों की पूजा करे। प्रथम षट्कोण की केसरों में मूलोक्त 'ॐ नमः हृदयाय नमः' इत्यादि छः मन्त्रों से आग्नेयादि क्रम से (यन्त्र के रेखाचित्र के अनुसार) पूजा करे। फिर उसके बाहर के अष्टदल में प्राची क्रम से 'ॐ रुद्राय नमः' इत्यादि आठ मन्त्रों से पूजा करे। फिर उन्हीं आठ दलों के अग्रभागों में मूलोक्त 'ॐ मीनाय नमः' इत्यादि आठ मन्त्रों से उसी क्रम से पूजा करनी चाहिये। फिर उन दलाग्रों के बाहर बने भूपुर में (जो कि चौकोर होता है) पूर्वादि दश दिशाओं में इन्द्रादि दश दिक्पालों की पूजा (इन्द्राय नमः इत्यादि मन्त्रों से) करे तदुपरान्त उन्हीं स्थानों में 'ॐ वज्राय नमः' इत्यादि कहकर उनके आयुधों की भी पूजा करनी चाहिये। इस प्रकार आवरण पूजा कर चुकने के पश्चात् धूप-दीप-नमस्कारान्त उपचारों से पूजा करके गङ्गास्तोत्र से स्तुति करने के उपरान्त जप करना चाहिये। इसका पुरश्चरण एक लाख मन्त्रजप से होता है। कहा भी गया है—जप के दशांश तिल एवं घृत से हवन करे। ऐसा करने से मन्त्र सिद्ध होकर साधक को सफलता देता है। ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को इसका जप विशेष रूप से करना चाहिये। दश ब्राह्मणों को दश प्रस्थ (दस किलो) काले तिल का दान करना चाहिये। फिर जपकर होम करने के उपरान्त साधक पापरहित होकर सभी भोगों से युक्त हो जाता है।

दशहरागङ्गास्तोत्रम्

स्कान्दे काशीखण्डे च तत्रादौ स्नानार्चनविधिं विधाय पश्चाज्जलान्तरे स्थित्वा देशकालौ सङ्कीर्त्य 'मम दशविधपाप-प्रणाशनार्थं श्रीभगवतीगङ्गाप्रीत्यर्थं च ज्येष्ठे मासि सिते पक्षे प्रतिपदमारभ्य दशमीपर्यन्तं प्रतिदिनमुत्तरोत्तरवृद्ध्या दशहरास्तोत्रजपमहं करिष्ये' इति सङ्कल्प्य पठेत्।

दशहरा गङ्गा स्तोत्र—सर्वप्रथम स्नान एवं पूजा को समाप्त कर जल के भीतर स्थित होकर देश-काल का संकीर्तन कर 'मम दशविधपापप्रणाशनार्थं श्रीभगवतीगङ्गाप्रीत्यर्थं च ज्येष्ठमासि सिते पक्षे प्रतिपदमारभ्य दशमीपर्यन्तं प्रतिदिनमुत्तरोत्तरवृद्ध्या दशहरास्तोत्रजपमहं करिष्ये' यह सङ्कल्प करके (ज्येष्ठ मास के शुक्लपक्ष की प्रतिपदा से गङ्गादशहरा-पर्यन्त प्रतिदिन) यह स्तोत्रपाठ प्रारम्भ करना चाहिये अथवा मन्त्रसिद्ध्यर्थ अन्य समय में भी करा सकते हैं।

ब्रह्मोवाच—

नमः शिवायै गङ्गायै शिवदायै नमो नमः। नमस्ते विष्णुरूपिण्यै ब्रह्ममूर्त्यै नमो नमः॥ १॥
नमस्ते रुद्ररूपिण्यै शाङ्कर्य्यै ते नमो नमः। सर्वदेवस्वरूपिण्यै नमो भेषजमूर्तये॥ २॥
सर्वस्य सर्वव्याधीनां भिषक्छ्रेष्ठ्यै नमो नमः। स्थाणुजङ्गमसम्भूते विषहन्त्र्यै नमो नमः॥ ३॥
भोगोपभोगदायिन्यै भोगवत्यै नमो नमः। मन्दाकिन्यै नमस्तेऽस्तु स्वर्गदायै नमो नमः॥ ४॥
नमस्त्रैलोक्यभूषायै जगद्धात्र्यै नमो नमः। नमस्त्रिशुक्लसंस्थायै तेजोवत्यै नमो नमः॥ ५॥
नन्दायै लिङ्गधारिण्यै नारायण्यै नमो नमः। नमस्ते विश्वमुख्यायै रेवत्यै ते नमो नमः॥ ६॥
बृहत्यै ते नमस्तुभ्यं लोकधात्र्यै नमो नमः। नमस्ते विश्वमित्रायै नन्दिन्यै ते नमो नमः॥ ७॥
पृथ्व्यै शिवामृतायै च सुवृषायै नमो नमः। शान्तायै च वशिष्ठायै वरदायै नमो नमः॥ ८॥
उस्रायै सुखदोग्ध्र्यै च सञ्जीविन्यै नमो नमः। ब्रह्मिष्ठायै ब्रह्मदायै दुरितघ्न्यै नमो नमः॥ ९॥
प्रणतार्तिप्रभञ्जिन्यै जगन्मात्रे नमोऽस्तु ते। सर्वापत्प्रतिपक्षायै मङ्गलायै नमो नमः॥ १०॥
शरणागतदीनार्तपरित्राणपरायणे। सर्वस्यार्तिहरे देवि नारायणि नमोऽस्तु ते॥ ११॥
निर्लेपायै दुर्गहन्त्र्यै दक्षायै ते नमो नमः। परात्परतरे तुभ्यं नमस्ते मोक्षदे सदा॥ १२॥
गङ्गे ममाग्रतो भूया गङ्गे मे देवि पृष्ठतः। गङ्गे मे पार्श्वयोरेहि त्वयि गङ्गेऽस्तु मे स्थितिः॥ १३॥
आदौ त्वमन्ते मध्ये च सर्वं त्वं गां गते शिवे। त्वमेव मूलप्रकृतिस्त्वं हि नारायणः परः॥ १४॥
गङ्गे त्वं परमात्मा च शिवस्तुभ्यं नमः शिवे।

ब्रह्माजी बोले—शिवा गङ्गा, शिवदा के लिये नमो नमः। विष्णुरूपिणी को नमस्ते। ब्रह्ममूर्ति को नमो नमः। रुद्ररूपिणी को नमस्ते। शाङ्करी को नमो नमः। सर्वदेवस्वरूपिणी को नमस्ते, भेषजमूर्ति को नमो नमः। सबकी सब व्याधियों के लिये भिषक्श्रेष्ठी को नमो नमः। स्थावर-जङ्गम से उत्पन्न विषों की नाशक, आपको नमो नमः। भोगोप-भोगदायिनी तथा भोगवती को नमो नमः। मन्दाकिनी को नमस्ते, स्वर्गदायिनी को नमो नमः। त्रैलोक्यभूषा जगद्धात्री को नमो नमः। त्रिशुक्लसंस्था, तेजोवती को नमो नमः। नन्दा, नारायणी तथा लिङ्गधारिणी को नमो नमः। विश्वमुख्या, रेवती! आपको नमो नमः। हे बृहती, लोकधात्री, विश्वमित्रा, नन्दिनी! आपको नमो नमः। हे पृथ्वी, शिवा, अमृता, सुवृषा, शान्ता, वशिष्ठा, वरदा तुझे नमस्कार है। उस्रा, सुखदा, दोग्ध्री, सञ्जीवनी को नमो नमः। ब्रह्मिष्ठा, ब्रह्मदा, दुरितघ्नी को नमो नमः। प्रणतार्ति प्रभञ्जनी, जगन्माता, सर्वापत्प्रतिपक्षा, मङ्गला को नमो नमः। शरणागत-दीनार्त-परित्राण परायणा, सबकी पीड़ा हरने वाली को नमस्कार है। निर्लेपा, दुर्गहन्त्री, दक्षा, परात्परतरा, मोक्षदा! तुझे सदैव नमस्कार है। हे गङ्गे! आप मेरे पीछे, आगे तथा पार्श्व में रहें। आपमें मेरी स्थिति रहे। आप ही आदि-अन्त-मध्य में सबकी गतिस्वरूपा शिवा हैं। आप ही मूल प्रकृति तथा नारायण हैं। हे गङ्गे! आप ही परमात्मा, शिव तथा शिवा हैं॥ १-१४॥

य इदं पठति स्तोत्रं भक्त्या नित्यं नरोऽपि यः॥ १५॥

शृणुयाच्छ्रद्धया युक्तः कायवाक्चित्तसम्भवैः। दशधा संस्थितैर्दोषैः सर्वैरेव प्रमुच्यते॥ १६॥
सर्वान्कामानवाप्नोति प्रेत्य ब्रह्मणि लीयते। ज्येष्ठमासि सिते पक्षे दशमी हस्तसंयुता॥ १७॥
तस्यां दशम्यामेतच्च स्तोत्रं गङ्गाजले स्थितः। यः पठेद्दशकृत्वस्तु दरिद्रो वापि चाक्षमः।

सोऽपि तत्फलमाप्नोति गङ्गां सम्पूज्य यत्नतः॥ १८॥

अदत्तानामुपादानं हिंसा चैवाविधानतः। परदारोपसेवा च कायिकं त्रिविधं स्मृतम्॥ १९॥
पारुष्यमनृतं चैव पैशून्यं चापि सर्वशः। असम्बद्धप्रलापश्च वाङ्मयं स्याच्चतुर्विधम्॥ २०॥
परद्रव्येष्वभिध्यानं मनसानिष्टचिन्तनम्। वितथाभिनिवेशश्च मानसं त्रिविधं स्मृतम्॥ २१॥
एतानि दश पापानि हर त्वं मम जाह्नवि। दशपापहरा यस्मात्तस्माद्दशहरा स्मृता॥ २२॥
त्रयस्त्रिंशच्छतं पूर्वान्पितॄनथ पितामहान्। उद्धरत्येव संसारान्मन्त्रेणानेन पूजिता॥ २३॥

जो मनुष्य नित्य भक्तिपूर्वक इस स्तोत्र का पाठ करता है, मन-वाणी-चित्त को एकाग्र कर सुनता है, वह दश प्रकार के पापों एवं सभी पापों से मुक्त हो जाता है। उसकी सभी कामनाएँ पूर्ण होकर मरने पर वह ब्रह्मलीन हो जाता है। ज्येष्ठ शुक्ल दशमी में हस्त नक्षत्र के संयोग में इस स्तोत्र को गंगाजल में स्थित होकर जो दश बार पढ़ता है, वह भले ही दरिद्र एवं अक्षम हो, वह भी गङ्गा को पूजकर उस फल को प्राप्त होता है। अदत्तानामुपादानं, अनावश्यक हिंसा, परदारागमन, कठोरता, मिथ्या वाणी, चुगली, असम्बद्ध प्रलाप, पराए द्रव्य पर मन लगाना, मन से बुरा सोचना, दम्भ—इन (कायिक, वाचिक, मानसिक) दश पापों को हे गङ्गे! हरण करो। आप दश पाप हरण करने वाली होने से दशहरा कही जाती हैं। आप इस मन्त्र से आराधित होकर मेरे पूर्व की ३३०० पीढ़ियों के पूर्वजों का उद्धार कर दें॥ १५-२३॥

ॐ नमो भगवत्यै दशपापहरायै गङ्गायै नारायण्यै रेवत्यै।
शिवायै दक्षायै अमृतायै विश्वरूपिण्यै नन्दिन्यै ते नमो नमः॥ २४॥
सितमकरनिषण्णां शुभ्रवर्णां त्रिनेत्रां करधृतकलशोद्यत्सोत्पलामत्यभीष्टाम्।
विधिहरिहररूपां सेन्दुकोकीरजुष्टां कलितसितदुकूलां जाह्नवीं तां नमामि॥ २५॥
आदावादिपितामहस्य निगमव्यापारपात्रे जलं पश्चात्पन्नगशायिनो भगवतः पादोदकं पावनम्।
भूयः शम्भुजटाविभूषणमणिर्जह्नोर्महर्षेरियं कन्या कल्मषनाशिनी भगवती भागीरथी दृश्यते॥ २६॥
गङ्गागङ्गेति यो ब्रूयाद्योजनानां शतैरपि। मुच्यते सर्वपापेभ्यो विष्णुलोकं स गच्छति॥ २७॥

इति गङ्गास्तोत्रं समाप्तम्।

ॐ भगवती, दशपापहरा, गङ्गा, नारायणी, रेवती, शिवा, दक्षा, अमृता, विश्वरूपिणी नन्दिनी! आपको नमो नमः। श्वेत मगर पर बैठी, शुभ्र वर्ण की, त्रिनेत्रा, हाथ में कलश, कमल, अति अभीष्ट वरमुद्रा-धारिणी ब्रह्मा-विष्णु-रुद्रस्वरूपिणी, चन्द्र-शुकयुक्त, सुन्दर किनारों से युक्त जाह्नवी को प्रणाम करता हूँ। प्रथम पितामह के कमण्डलु से निकलकर फिर विष्णु के चरणों का पादोदक बनकर शम्भु की जटाओं का विभूषण बनी यह जह्नु की श्रेष्ठ कन्या पापनाशिनी, भगवती, भागीरथी दिख रही है। जो सैकड़ों लोगों के साथ मिलकर गङ्गा-गङ्गा कहता है, वह सभी पापों से मुक्त होकर विष्णुलोक को जाता है॥ २४-२७॥

शीतलामन्त्रप्रयोगः

मन्त्रमहोदधौ मन्त्रो यथा—'ॐ ह्रीं श्रीं शीतलायै नमः' इति नवाक्षरो मन्त्रः। अस्य मन्त्रस्य उपमन्युर्ऋषिः। बृहती छन्दः। शीतला देवता। ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः। ॐ उपमन्युऋषये नमः शिरसि॥ १॥ ॐ बृहतीछन्दसे नमः मुखे॥ २॥ ॐ शीतलादेवतायै नमः हृदि॥ ३॥ इति ऋष्यादिन्यासः। ह्रां श्रां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः॥ १॥ ह्रीं श्रीं तर्जनीभ्यां नमः॥ २॥ ह्रूं श्रूं मध्यमाभ्यां नमः॥ ३॥ ह्रैं श्रैं अनामिकाभ्यां नमः॥ ४॥ श्रौं ह्रौं कनिष्ठिकाभ्यां नमः॥ ५॥ ह्रः श्रः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः॥ ६॥ इति करन्यासः। एवं हृदयादिन्यासं कृत्वा ध्यायेत्—

दिग्वाससं मार्जनिकां च शूर्पं करद्वये सन्दधतीं घनाभाम्। श्रीशीतलां सर्वरुजार्तिनष्टौ रक्ताङ्गरागस्त्रजमर्चयामि॥

एवं ध्यात्वा मानसोपचारैः सम्पूज्य अथवा स्वपुरतः प्रतिमायां भगवतीं शीतलां शीतजलेन पाद्यादिषोडशोपचारैः सम्पूज्य स्तवेन स्तुत्वा जपं कुर्यात्। अस्य पुरश्चरणमयुतजपः। तथा च—

अयुतं प्रजपेन्मन्त्रं पायसेन सहस्त्रकम्। जुहुयात्पूर्ववत्पीठे स्फोटानां नाशिनी त्वियम्॥
नाभिमात्रे जले स्थित्वा यः सहस्त्रं जपेन्मनुम्। तेन सम्मार्जितास्तीव्राः स्फोटा नश्यन्ति तत्क्षणात्॥

इति शीतलामन्त्रप्रयोगः।

शीतलामन्त्र-प्रयोग (मन्त्र महोदधि के अनुसार)—'ॐ ह्रीं श्रीं शीतलायै नमः' यह नौ अक्षरों का मन्त्र है। इस मन्त्र के उपमन्यु ऋषि, बृहती छन्द तथा शीतला देवता हैं। अभीष्ट सफलताहेतु इसका जप में विनियोग है। इस भाव को व्यक्त करने वाला मन्त्र मूल से पढ़कर विनियोग का जल छोड़े। फिर मूलोक्त 'ॐ उपमन्युऋषये नमः शिरसि' इत्यादि तीन मन्त्रों से ऋष्यादि न्यास करे। फिर 'ॐ ह्रां श्रां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः' इत्यादि छः मन्त्रों से करन्यास करे। फिर हृदयादि न्यास कर ध्यान करे। 'ॐ ह्रां श्रां हृदयाय नमः, ॐ ह्रीं श्रीं शिरसे स्वाहा, ॐ ह्रूं श्रूं शिखायै वषट्, ॐ ह्रैं श्रैं कवचाय हुम, ॐ ह्रौं श्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ह्रः श्रः अस्त्राय फट्' इन मन्त्रों से हृदयादि न्यास करे। 'दिगम्बर, अपने दोनों हाथों में मार्जनी तथा शूर्प लिये काले मेघ के समान आभायुक्त शीतला को अपनी सब पीड़ा के नाश-हेतु लाल रङ्ग के अङ्गराग से अर्चित करता हूँ।' ऐसा मूलोक्त ध्यान करके नाभिमात्र जल में खड़े होकर एक सहस्र जप करे, उसके मार्जन (झाड़ा) करने से शीतला के तीव्र विस्फोट शीघ्र शान्त हो जाते हैं।

शीतलास्तोत्रम्

ॐ अस्य श्रीशीतलास्तोत्रस्य महादेव ऋषिः। अनुष्टुप् छन्दः। शीतला देवता। लक्ष्मीर्बीजम्। भवानी शक्तिः। सर्वविस्फोटकनिवृत्तये जपे विनियोगः।

शीतला स्तोत्र—मूल में लिखित 'ॐ अस्य श्रीशीतलास्तोत्रस्य०' इत्यादि के द्वारा विनियोग का जल छोड़कर मूल में लिखित स्तोत्र का जप प्रारम्भ करना चाहिये।

ईश्वर उवाच—

वन्देऽहं शीतलां देवीं रासभस्थां दिगम्बराम्। मार्जनीकलशोपेतां शूर्पालङ्कृतमस्तकाम्॥ १॥
वन्देऽहं शीतलां देवीं सर्वरोगभयापहाम्। यामासाद्य निवर्तेत विस्फोटकभयं महत्॥ २॥
शीतले शीतले चेति यो ब्रूयाद्दाहपीडितः। विस्फोटकभयं घोरं क्षिप्रं तस्य प्रणस्यति॥ ३॥
यस्त्वामुदकमध्ये तु धृत्वा पूजयते नरः। विस्फोटकभयं घोरं गृहे तस्य न जायते॥ ४॥
शीतले ज्वरदग्धस्य पूतिगन्धयुतस्य च। प्रनष्टचक्षुषः पुंसस्त्वामाहुर्जीवनौषधम्॥ ५॥
शीतले तनुजात्रोगान्नृणां हरसि दुस्त्यजान्। विस्फोटकविजीर्णानां त्वमेकामृतवर्षिणी॥ ६॥

गलगण्डग्रहा रोगा ये चान्ये दारुणा नृणाम्। त्वदनुध्यानमात्रेण शीतले यान्ति संक्षयम्॥ ७॥
न मन्त्रो नौषधं तस्य पापरोगस्य विद्यते। त्वामेकां शीतले धात्रीं नान्यां पश्यामि देवताम्॥ ८॥

श्री शंकरजी बोले—मैं गधे पर स्थित दिगम्बर शीतला, देवी, जो मार्जनी (बुहारी) तथा कलश अपने हाथों में लिये हैं एवं जिनके माथे पर सूप शोभित है, उनकी वन्दना करता हूँ। मैं सर्वरोग-भय को दूर करने वाली शीतला देवी की वन्दना करता हूँ, जिनके द्वारा विस्फोटकों का महाभय नष्ट हो जाता है। जो दाहपीड़ित व्यक्ति शीतले-शीतले कहता है, उसका विस्फोटकों का घोर भय शीघ्र ही नष्ट हो जाता है। जो आपको जल में स्थित होकर पूजता है, उसके घर में विस्फोटकों का भय नहीं होता है। हे शीतले! आप ज्वर से दग्ध, दुर्गन्धित एवं प्रनष्ट नेत्रों वाले रोगी के लिये जीवनीय औषध कहलाती हो। हे शीतले! आप मनुष्यों के शरीर के कठिन शारीरिक रोगों को हरती हो। विस्फोटकों से विजीर्ण (विदीर्ण) शरीर वालों के लिये आप एकमात्र अमृतवर्षा करने वाली हो। गलगण्ड तथा अन्य जो दारुण रोग हैं, वे सब आपके अनुध्यानमात्र से हे शीतले! संक्षय को प्राप्त हो जाते हैं। उस पापरोग (गलगण्ड-गण्डमाला) की आपके अतिरिक्त अन्य कोई औषधि नहीं है, आप जैसी माता मुझे इस संसार में दिखाई नहीं देती है॥ १-८॥

मृणालतन्तुसदृशीं नाभिहृन्मध्यसंस्थिताम्। यस्त्वां सञ्चिन्तयेद्देवि तस्य मृत्युर्न जायते॥ ९॥
अष्टकं शीतलादेव्या यो नरः प्रपठेत्सदा। विस्फोटकभयं घोरं गृहे तस्य न जायते॥ १०॥
श्रोतव्यं पठितव्यं च श्रद्धाभक्तिसमन्वितैः। उपसर्गविनाशाय परं स्वस्त्ययनं महत्॥ ११॥
शीतले त्वं जगन्माता शीतले त्वं जगत्पिता। शीतले त्वं जगद्धात्री शीतलायै नमो नमः॥ १२॥
रासभो गर्दभश्चैव खरो वैशाखनन्दनः। शीतलावाहनश्चैव दूर्वाकन्दनिकृन्तनः॥ १३॥
एतानि खरनामानि शीतलाग्रे तु यः पठेत्। तस्य गेहे शिशूनां च शीतलारुङ् न जायते॥ १४॥
शीतलाष्टकमेवेदं न देयं यस्य कस्यचित्। दातव्यं च सदा तस्मै श्रद्धाभक्तियुताय वै॥ १५॥

इति श्रीस्कन्दपुराणे शीतलास्तोत्रं सम्पूर्णम्। श्रीशीतलाभगवत्यै नमः।

हे देवि! मृणाल तन्तु के समान आपका ध्यान नाभि एवं हृदय के मध्य में जो करता है, उसकी मृत्यु नहीं होती है। यह शीतलाष्टक जो भी पढ़ता है, उससे स्तोत्रपाठक के घर में घोर विस्फोटकों का भय नहीं होता है। भक्ति एवं श्रद्धा के साथ इसे पढ़ना तथा सुनना चाहिये। यह संक्रामक रोगों के लिये महान् स्वस्त्ययन है। हे शीतले! आप जगन्माता तथा जगत्पिता हो, आप ही जगद्धात्री हो, आपको नमो नमः। रासभ, गर्दभ, खर, वैशाखनन्दन, शीतलावाहन, दूर्वाकन्द-निकृन्तन—ये गधे के (छः) नाम जो शीतला के आगे पढ़ता है, उसके घर में बालकों को शीतला रोग नहीं होता है। यह शीतलाष्टक है, जिसे हर किसी को नहीं देना चाहिये। इसे केवल श्रद्धा-भक्तियुक्त मनुष्य को ही देना चाहिये॥ ९-१५॥

पृथ्वीमन्त्रपुरश्चरणप्रयोगः

शारदातिलके मन्त्रो यथा—'ॐ नमो भगवत्यै धरिण्यै धरणिधरे धरे स्वाहा' इत्येकोनविंशतिवर्णात्मको मन्त्रः। अस्य मन्त्रस्य वराह ऋषिः। निचृच्छन्दः। पृथ्वी देवता। सर्वेष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः। ॐ वराहऋषये नमः शिरसि॥ १॥ ॐ निचृच्छन्दसे नमः मुखे॥ २॥ ॐ पृथ्वीदेवतायै नमः हृदये॥ ३॥ ॐ बीजाय नमः गुह्ये॥ ४॥ ॐ स्वाहाशक्तये नमः पादयोः॥ ५॥ इति ऋष्यादिन्यासः। ॐ नमः हृदयाय नमः॥ १॥ ॐ भगवत्यै शिरसे स्वाहा॥ २॥ ॐ धरिण्यै शिखायै वषट्॥ ३॥ ॐ धरणिधरे कवचाय हुं॥ ४॥ ॐ धरे नेत्रत्रयाय वौषट्॥ ५॥ ॐ स्वाहा अस्त्राय फट्॥ ६॥ एवं षडङ्गन्यासं कृत्वा ध्यायेत्—

श्यामां विचित्रांशुकरत्नभूषणां पद्मासनां तुङ्गपयोधराननाम्।
इन्दीवरे द्वे नवशालिमञ्जरीं शुकं दधानां वसुधां यजामहे॥

इति ध्यात्वा पूर्वोक्ते विष्णोः पीठे भगवतीं पृथ्वीं पुष्पान्तैरुपचारैः सम्पूज्य आवरणपूजां कुर्य्यात्।

तद्यथा—षट्कोणे आग्नेयादिकोणकेसरेषु मध्ये दिक्षु च पूर्ववत् षडङ्गानि पूजयेत्। तद्बहिरष्टदले प्राचीक्रमेण चतुर्दिग्दलेषु ॐ भूम्यै नमः॥ १॥ ॐ अग्नये नमः॥ २॥ ॐ अद्भ्यो नमः॥ ३॥ ॐ वायवे नमः॥ ४॥ इति पूजयेत्। तत आग्नेयादिकोणदलेषु तत्तत्कलां यजेत्। तद्यथा—ॐ निवृत्त्यै नमः॥ १॥ ॐ प्रतिष्ठायै नमः॥ २॥ ॐ विद्यायै नमः॥ ३॥ ॐ शान्त्यै नमः॥ ४॥ ॐ शान्त्यतीतायै नमः॥ ५॥ इति भूम्यादिकलां पूजयेत्। तद्बाह्ये भूपुरे पूर्वादिक्रमेण इन्द्रादिदशदिक्पालान् तद्बाह्ये वज्राद्यायुधानि च पूजयेत्। इत्यावरणपूजां कृत्वा धूपादिनीराजनान्तं सम्पूज्य जपं कुर्यात्। अस्य पुरश्चरणं लक्षजपः।

पृथ्वी मन्त्रपुरश्चरण-प्रयोग—'ॐ नमो भगवत्यै धरिण्यै धरणिधरे धरे स्वाहा' यह उन्नीस अक्षरों वाला मन्त्र है। इसके वराह ऋषि, निचृत् छन्द, पृथ्वी देवता, सर्वेष्ट सिद्ध्यर्थ जप में विनियोग है। इस भाव के मूलोक्त मन्त्र से विनियोग का जल पृथ्वी पर छोड़कर फिर मूलोक्त 'ॐ वराहऋषये नमः शिरसि, ॐ निचृच्छन्दसे नमः मुखे, ॐ पृथ्वीदेवतायै नमः हृदये' इन ५ मन्त्रों से ऋष्यादि न्यास कर फिर मूलोक्त 'ॐ हृदयाय नमः' इत्यादि छः मन्त्रों से षडङ्गन्यास करके फिर 'श्यामां विचित्रांशुक०' इत्यादि श्लोक के अनुसार पृथ्वी का ध्यान करे। फिर पूर्वोक्त विष्णु मन्त्रपीठ पर भगवती पृथ्वी की पुष्पाञ्जलि-पर्यन्त उपचारों से पूजा करके आवरणपूजा करे।

षट्कोण में षडङ्गों को (हृदयादि न्यासोक्त मन्त्रों से) पूजकर उसके बाहर अष्टदल पर पूर्वादि क्रम से चारो दिशाओं के दलों में 'ॐ भूम्यै नमः' इत्यादि चार मन्त्रों से पूजा करे। फिर आग्नेयादि कोणों के दलों में 'ॐ निवृत्त्यै नमः' इत्यादि पाँच मन्त्रों से पूजा करे। फिर बाहर भूपुर में पूर्वादि दश दिशाओं में क्रमशः इन्द्रादि दस दिक्पालों की पूजा कर फिर उन्हीं स्थानों में उनके आयुधों की भी पूजा क्रमशः करनी चाहिये। इस प्रकार यन्त्र की आवरणपूजा करके धूपादि नीराजनान्त पूजा करने के उपरान्त पृथ्वीमन्त्र का जप करना चाहिये। एक लाख की संख्या में इस मन्त्र का जप करने से इसका पुरश्चरण सम्पन्न होता है।

तथा च—

लक्षमेनं जपेन्मन्त्री धराहृदयमादरात्। ससर्पिषा पायसेन जुहुयात्तद्दशांशतः॥
एवं सिद्धे मनौ मन्त्री साधयेत्स्वमनोरथान्। मधुत्रितयसंयुक्तैर्जुहुयादरुणोत्पलैः॥
सहस्रं भूसमृद्धिः स्यात्तथा नीलोत्पलैर्भवेत्। प्रियङ्गुपुष्पैर्मध्वक्तैर्धनधान्यमहाश्रियः॥
मञ्जरीशालिसम्भूतां मधुरत्रयलोलिताम्। जुहुयात्साधिते वह्नौ मण्डलात्स्याद्धरापतिः॥
शुक्रवारे दिनमुखे गृहीत्वा साध्यभूमृदम्। तामम्भसि विनिःक्षिप्य शोधितेऽत्र चरुं पचेत्॥
पयोघृताभ्यां सहितं जुहुयात्तं हुताशने। षण्मासं शुक्रवारेषु हुत्वैवं प्राप्नुयाद्धराम्॥
धरामेवं जपेन्मन्त्री पशुरत्नधरादिभिः। धराया वल्लभः स स्यान्नात्र कार्या विचारणा॥

इति पृथ्वीमन्त्रपुरश्चरणं समाप्तम्।

पुरश्चरण का फल—पृथ्वी का हृदय से आदर करते हुए इस मन्त्र का जप करे तथा घृतसहित पायस से उसका दशमांश हवन करे। ऐसा करने से मन्त्र सिद्ध हो जाता है। फिर इस सिद्ध मन्त्र से साधक को अपने मनोरथों को पूर्ण करना चाहिये। लाल कमलों को मधु, घृत एवं दूध के साथ हवन करे तो उसके पास भूसमृद्धि (भूमि, कृषि उत्पादन, पशुधन आदि) सहस्र गुनी हो जाती है। प्रियङ्गु के पुष्पों का मधु के साथ होम करने से धन-धान्य

महाश्री की प्राप्ति होती है। शालिमञ्जरी (धान की बाली) को मधुरत्रय (दूध-घी-मधु) में सानकर होम करने से साधक धरापति होता है। शुक्रवार के दिन प्रातः अभीष्ट खेत की मिट्टी लाकर उसे जल में घोलकर छानकर उससे खीर पकाये; उस खीर का घृत एवं दूध के साथ अग्नि में होम करे। प्रति शुक्रवार को छः मास तक करे तो वह खेत साधक को प्राप्त हो जाते हैं। इस पृथ्वी मन्त्र के जप से भूमि एवं कृषि के साथ समृद्धि प्राप्त होती है।

देवीभागवतोक्तं पृथ्वीस्तोत्रम्

श्रीनारायण उवाच—

जये जये जलाधारे जलशीले जयप्रदे। यज्ञसूकरजाये च जयं देहि जयावहे॥ १॥
मङ्गले मङ्गलाधारे माङ्गल्ये मङ्गलप्रदे। मङ्गलार्थं मङ्गलेशे मङ्गलं देहि मे भवे॥ २॥
सर्वाधारे च सर्वज्ञे सर्वशक्तिसमन्विते। सर्वकामप्रदे देवि सर्वेष्टं देहि मे भवे॥ ३॥
पुण्यस्वरूपे पुण्यानां बीजरूपे सनातनि। पुण्याश्रये पुण्यवतामालये पुण्यदे भवे॥ ४॥
सर्वसस्यालये सर्वसस्याढ्ये सर्वसस्यदे। सर्वसस्यहरे काले सर्वसस्यात्मिके भवे॥ ५॥
भूमे भूमिपसर्वस्वे भूमिपालपरायणे। भूमिपानां सुखकरे भूमिं देहि च भूमिदे॥ ६॥
इदं स्तोत्रं महापुण्यं प्रातरुत्थाय यः पठेत्। कोटिजन्मसु स भवेद्बलवान्भूमिपेश्वरः॥ ७॥
भूमिदानकृतं पुण्यं लभ्यते पठनाज्जनैः। भूमिदानहरात्पापान्मुच्यते नात्र संशयः॥ ८॥
अम्बुवाचीभूकरणपापात्स मुच्यते ध्रुवम्। अन्यकूपे कूपखननपापत्स मुच्यते ध्रुवम्॥ ९॥
परभूमिहरात्पापान्मुच्यते नात्र संशयः। भूमौ वीर्यत्यागपापाद्भूमौ दीपादिस्थापनात्॥ १०॥
पापेन मुच्यते सोऽपि स्तोत्रस्य पठनान्मुने। अश्वमेधशतं पुण्यं लभते नात्र संशयः॥ ११॥
भूमिदेव्या महास्तोत्रं सर्वकल्याणकारकम्॥ १२॥

इति भूमिस्तोत्रम्।

पृथ्वी स्तोत्र—(देवीभागवत में)—श्री नारायण बोले—हे मङ्गले, मङ्गलाधारे, माङ्गल्ये, मङ्गलप्रदे, मङ्गल के लिये मङ्गलेश्वरी देवी पृथ्वी मुझे मङ्गल प्रदान करो। हे जये, अजये, जलाधारे, जलशीले जलप्रदे, यज्ञशूकर की पत्नी, जय देने वाली पृथ्वी मुझे जय प्रदान करो। हे सबकी आधारभूत सर्वज्ञे, सर्वशक्तियों से युक्त, सभी कामनाओं को पूरा करने वाली पृथिवी देवी मेरी सभी कामनाएँ पूरी करो। हे पुण्यदायिनी पृथिवी! आप पुण्यस्वरूपा, पुण्यों की बीजरूपा, सनातनी, पुण्यों का आश्रय तथा पुण्यों का घर हो। आप सभी सस्यों (फसलों) का आलय हो, सभी सस्यों से युक्त हो, सभी सस्यों का समयविशेष पर हरण करके पुनः आप सर्वसस्यात्मक हो जाती हैं। हे भूमि! आप भूपतियों का सर्वस्व हो, भूमिपालपरायणा हो, आप भूमिपालों के लिये सुखदायिनी तथा भूमिदायिनी हैं, आप मुझे कृषिभूमि प्रदान करें।

इस महापुण्यशाली स्तोत्र को जो प्रातःकाल उठकर पढ़ता है, वह करोड़ों जन्म तक भूमिस्वामी रहता है (इस जन्म की तो बात ही क्या है)। इस स्तोत्र का पाठ करने से लोगों को भूमिदान का पुण्य मिलता है तथा भूमिदान-हरण के पाप से भी वह मुक्त हो जाता है। इसमें कोई सन्देह नहीं है। वह पराई भूमि हरण करने के पाप से निश्चित ही मुक्त हो जाता है। भूमि पर वीर्यत्याग के पाप से मुक्त हो जाता है, वह भूमि पर प्रज्वलित दीप रखने के पाप से भी मुक्त हो जाता है। इस स्तोत्र को पढ़ने से हे मुनि! वह पाप से मुक्त होकर एक सौ अश्वमेध का पुण्यफल प्राप्त करता है, इसमें कोई सन्देह नहीं है। यह भूमि देवी का महास्तोत्र सर्वकल्याणकारक है॥ १-१२॥

भूमौ शङ्खादिस्थापने दोषाः

देवीभागवते (स्कं० ९ अ० ९ श्लो० ३९)—

वसुधोवाच—

मुक्तां शुक्तिं हरेरर्चां शिवलिङ्गं शिवां तथा। शङ्खं प्रदीपं यन्त्रं च माणिक्यं हीरकं तथा॥
यज्ञसूत्रं च पुष्पं च पुस्तकं तुलसीदलम्। जपमालां पुष्पमालां कर्पूरं च सुवर्णकम्॥
गोरोचनं चन्दनं च शालग्रामजलं तथा। एतान् वोढुमशक्ताहं क्लिष्टा च भगवञ्छृणु॥

धरती पर शंखादि स्थापित करने के दोष (देवी भागवत स्कन्ध ९, अध्याय ९)—पृथिवी बोली—मोती, मोती की सीप, विष्णु की मूर्ति, शिवलिङ्ग, पार्वती की मूर्ति, शङ्ख, दीपक, यन्त्र, माणिक्य, हीरा, जनेऊ, पुष्प, पुस्तक, तुलसीदल, जप की माला, पुष्पमाला, कपूर, स्वर्ण, गोरोचन, चन्दन, शालिग्राम का जल—इन वस्तुओं का भार सहन करने में मैं असमर्थ हूँ। हे भगवन्! सुनो, यह सब सहन करना मेरे लिये कष्टप्रद है।

श्रीभगवानुवाच—

द्रव्याण्येतानि ये मूढा अर्पयिष्यन्ति सुन्दरि। यास्यन्ति कालसूत्रं ते दिव्यं वर्षशतं त्वयि॥

श्री भगवान् बोले—हे सुन्दरि! जो मूर्ख इन पदार्थों को तुझे अर्पित करते हैं, वे कालसूत्र नरक में एक सौ दिव्य वर्षों तक रहते हैं।

तत्रैव (अ० १० श्लो० १३)—

कामी भूमौ च रहसि वीर्यत्यागं करोति यः। भूमिरेणुप्रमाणं च वर्षं तिष्ठति रौरवे॥
भूमौ दीपं योऽर्पयति स चान्धः सप्तजन्मसु। भूमौ शङ्खं च संस्थाप्य कुष्ठं जन्मान्तरं लभेत्॥
मुक्तं माणिक्यहीरौ च सुवर्णं च मणिं तथा। पञ्च संस्थापयेद्भूमौ स चान्धः सप्तजन्मसु॥
शिवलिङ्गं शिवामर्चां यश्चार्पयति भूतले। शतमन्वन्तरं यावत् कृमिभक्षः स तिष्ठति॥
शङ्खं यन्त्रं शिलातोयं पुष्पं च तुलसीदलम्। यश्चार्पयति भूमौ च स तिष्ठेन्नरके ध्रुवम्॥
जपमालां पुष्पमालां कर्पूरं रोचनं तथा। यो मूढश्चार्पयेद्भूमौ स याति नरकं ध्रुवम्॥
भूमौ चन्दनकाष्ठं च रुद्राक्षं कुशमूलकम्। संस्थाप्य भूमौ नरके वसेन्मन्वन्तरावधि॥
पुस्तकं यज्ञसूत्रं च भूमौ संस्थापयेन्नरः। न भवेद्विप्रयोनौ च तस्य जन्मान्तरे जनिः॥

देवीभागवत में ही अध्याय १० श्लोक १३ में कहा गया है कि जो कामी भूमि पर वीर्यत्याग करता है, वह उतनी भूमि के रेणुतुल्य वर्षों तक नरक में रहता है। जो भूमि पर दीप जलाता है, वह सात जन्मों तक अन्धा होता है। भूमि पर शङ्ख रखने वाला जन्मान्तर में कुष्ठरोगी होता है। मुक्ता, माणिक्य, हीरा, सुवर्ण तथा मणि—इन पाँच को जो भूमि पर रखता है, वह सात जन्मों तक अन्धा रहता है। शिवलिङ्ग, शिव की पूजा को जो धरती पर स्थापित करता है, वह एक सौ मन्वन्तरों तक कृमिभक्षक होकर रहता है। शङ्ख, यन्त्र, शालिग्राम शिला के जल, पुष्प तथा तुलसीपत्रों को जो भूमि पर रखता है, वह निश्चित नरक में रहता है। जपमाला, पुष्पमाला, कर्पूर तथा गोरोचन को जो मूढ़ धरती पर चढ़ाता है या रखता है, वह निश्चित ही नरक को जाता है। जो व्यक्ति भूमि पर चन्दन, काष्ठ, रुद्राक्ष, कुश की जड़ स्थापित करता है, वह एक मन्वन्तर-पर्यन्त नरक में वास करता है। जो पुस्तक तथा जनेऊ को धरती पर रखता है, वह अनेकों जन्मों तक ब्राह्मण की योनि में जन्म नहीं लेता है।

गायत्रीपुरश्चरणप्रयोगः

अथो वक्ष्यामि गायत्रीं तत्त्वरूपां त्रयीमयीम्। यथा प्रकाश्यते ब्रह्म सच्चिदानन्दलक्षमम्॥

तत्र चन्द्रतारादिबलान्विते पूर्वोक्ते सुमुहूर्ते शिवालयादिपवित्रस्थले जपस्थानं प्रकल्प्य गोमयोपलेपनादिभिः संशोध्य तत्रासनभूमौ कूर्मशोधनं दीपस्थानशोधनं च कृत्वा अनुष्ठानारम्भं कुर्यात्।

तद्यथा—कर्ता प्रारम्भात्पूर्वदिने ब्राह्मे मुहूर्ते चोत्थाय नद्यादौ स्नात्वा प्रातःसन्ध्यादिनित्यकर्म समाप्य आचार्यमाहूय सम्पूज्य तदनुज्ञया स्वासने प्राङ्मुख उपविश्य सपवित्रकरः आचम्य प्राणानायम्य सामान्यतो गणपत्यादिस्मरणं कृत्वा देहशुद्ध्यर्थं प्रायश्चित्तं कुर्यात्। देशकालौ सङ्कीर्त्य 'करिष्यमाणगायत्रीपुरश्चरणेऽधिकारसिद्ध्यर्थे कृच्छ्रत्रयममुक-प्रत्याम्नायेनाहमाचरिष्ये' इति सङ्कल्प्य धेनुदानतिलहोमसुवर्णादिप्रत्याम्नायद्वारा कृच्छ्राणि सम्पाद्य कृताञ्जलिः अमुकशर्मणो मम गायत्रीपुरश्चरणे अनेन कृच्छ्रत्रयानुष्ठानेनाधिकारसिद्धिरस्त्विति विप्रान् वदेत्। विप्रा अधिकारसिद्धिरस्त्विति ब्रूयुः। पुनर्देशकालौ सङ्कीर्त्य 'करिष्यमाणपुरश्चरणाङ्गत्वेन मन्त्रसिद्ध्यर्थं गायत्र्या अयुतजपं करिष्ये' इति सङ्कल्प्य स्वयं विप्रद्वारा वा कुर्यात्। एवं सप्रणवव्याहृतिगायत्र्ययुतं जप्त्वा तर्पणं कुयात्। तद्यथा—ॐ तत्सवितुरित्यस्याऽऽचार्यं ऋषिं विश्वामित्रं तर्पयामि॥ १॥ ॐ गायत्रीछन्दसं तर्पयामि॥ २॥ ॐ सवितारं देवं तर्पयामि॥ ३॥ इति तर्पणं कृत्वा रुद्रं नमस्कृत्य कद्रुदायेत्यादीनि रुद्रसूक्तानि सकृज्जपेत्। इति पूर्वदिनकृत्यम्।

गायत्रीपुरश्चरण प्रयोग—अब मैं तत्त्वरूपा त्रयीमयी गायत्री को कहता हूँ, जिसके द्वारा सच्चिदानन्द परब्रह्म के दर्शन होते हैं। इसका अनुष्ठान शुभ मुहूर्त में चन्द्र-ताराबलान्वित सुमुहूर्त में शिवालय इत्यादि पवित्र स्थान में करना चाहिये। स्थान को गोबर आदि से लीप कर, आसन भूमि के कूर्म का शोधन कर दीपस्थान का शोधन करके ही अनुष्ठान करना चाहिये।

पूर्वदिन का कृत्य—कर्त्ता साधक अथवा यजमान अनुष्ठानमुहूर्त के प्रारम्भ दिन से एक दिन पूर्व ब्राह्म मुहूर्त में उठकर नदी आदि में स्नान करके प्रातः के सन्ध्यादि नित्य कर्मों को सम्पन्न कर आचार्य को बुलाकर पूज कर उसकी अनुज्ञा से अपने आसन पर पूर्व की ओर मुख करके बैठे तथा पवित्री धारण कर आचमन एवं प्राणायाम करके सामान्य रूप से गणेशजी का स्मरण कर देहशुद्धि के लिये प्रायश्चित्त करे।

प्रायश्चित्त-विधि—देश काल का स्मरण करके 'करिष्यमाणगायत्रीपुरश्चरणे अधिकारसिद्ध्यर्थं कृच्छ्रत्रयममुक-प्रत्याम्नायेनाहमाचरिष्ये' ऐसा सङ्कल्प करके गोदान, तिलहोम, सुवर्ण आदि प्रत्याम्नाय द्वारा तीनों कृच्छ्रों को सम्पादित करके हाथ जोड़कर 'अमुकनाम शर्मा (वर्मा इत्यादि की) अपने गायत्री पुरश्चरण में इस कृच्छ्रत्रय के अनुष्ठान से अधिकार सिद्ध हों' ऐसा ब्राह्मणों से कहे। तब ब्राह्मण लोग 'अधिकारसिद्धिः अस्तु' ऐसा कहें। पुनः देश-काल का उच्चारण करके 'करिष्यमाणपुरश्चरणाङ्गत्वेन मन्त्रसिद्ध्यर्थं गायत्र्या अयुतजपं करिष्ये' ऐसा सङ्कल्प साधक स्वयं अथवा ब्राह्मण द्वारा (आचार्य द्वारा) करे। फिर सप्रणव व्याहृतियों सहित अयुत संख्या में गायत्री जपकर तर्पण करना चाहिये।

गायत्री-तर्पणविधि—'ॐ तत्सवितुरित्यस्याऽऽचार्यऋषिं विश्वामित्रं तर्पयामि, ॐ गायत्री छन्दसं तर्पयामि, ॐ सवितारं देवं तर्पयामि' इस प्रकार तर्पण करके रुद्र को नमस्कार कर 'कद्रुदाय' इत्यादि रुद्रसूक्तों का एक बार जप करे। यह पूर्व दिन का कृत्य होता है।

ततो जपप्रारम्भदिने सुमुहूर्ते सपत्नीको यजमानः सुगन्धतैलाभ्यङ्गपूर्वकमुष्णोदकेन मङ्गलस्नानं कृत्वा शुक्लधौतवासांसि परिधाय यथायोग्यालङ्कृतो धृतकुङ्कुमादित्रिपुण्ड्रतिलकः सपवित्रोपग्रहः स्वासने प्राङ्मुख उपविश्य आचम्य देशकालौ सङ्कीर्त्य 'मम इह जन्मनि जन्मान्तरेषु च कृतकायिकवाचिकमानसिकसांसर्गिकसमस्तपापक्षयार्थं

पुत्रपौत्रधनधान्याभिवृद्ध्यर्थं चतुर्विधपुरुषार्थसिद्ध्यर्थं श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थं सप्रणवव्याहृतिपूर्वकचतुर्विंशतिलक्ष-जपात्मकगायत्रीपुरश्चरणं (स्वयं) विप्रद्वारा वा करिष्ये, तदङ्गत्वेन गणेशपूजनं स्वस्तिपुण्याहवाचनं मातृकापूजनं नान्दीश्राद्धमाचार्यजपकर्तृवरणं च करिष्ये' इति सङ्कल्प्य गणेशपूजनादिनान्दीश्राद्धान्तं पूर्ववत् कृत्वा नान्दीश्राद्धान्ते सविता प्रीयतामिति पठित्वा आचार्यजपकर्तृवरणं कुर्यात्।

जपप्रारम्भ के दिन का कृत्य—जप-प्रारम्भ के दिन यजमान सपत्नीक सुगन्धित तैल लगाकर उष्णोदक से स्नान करे। फिर श्वेत वस्त्र धारण कर अपने आसन पर पूर्वाभिमुख बैठकर आचमन कर देश-काल का उच्चारण करके 'मम इह जन्मनि जन्मान्तरेषु च कृतकायिकवाचिकमानसिकसांसर्गिकसमस्तपापक्षयार्थं पुत्रपौत्र-धनधान्याभिवृद्ध्यर्थं चतुर्विधपुरुषार्थसिद्ध्यर्थं श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थं सप्रणव्याहृतिपूर्वकचतुर्विंशलक्षजपात्मक-गायत्रीपुरश्चरणं (स्वयं) विप्रद्वारा वा करिष्ये, तदङ्गत्वेन गणेशपूजनं स्वस्तिपुण्याहवाचनं मातृकापूजनं नान्दीश्राद्धमाचार्यजपकर्तृवरणं च करिष्ये' कहकर सङ्कल्प करे। फिर गणेशपूजनादि नान्दीश्राद्धान्त सभी कर्म पूर्ववत् करके नान्दीश्राद्ध के अन्त में 'सविता प्रीयताम्' कहकर आचार्य तथा जपकर्ताओं का वरण करे।

तद्यथा—आचार्यं जपकर्तृंश्चोदङ्मुखानासनेषूपवेश्य स्वयं प्राङ्मुख उपविश्य सर्वेषां पादप्रक्षालनं कृत्वा दक्षिणहस्ते वरणद्रव्याणि गृहीत्वा देशकालौ सङ्कीर्त्य 'मम सकलपापक्षयद्वारा श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थं करिष्यमाणगायत्रीजपपुरश्चरण-कर्मणि अमुकगोत्रोत्पन्नममुकवेदशाखाध्यायिनममुकशर्माणं ब्राह्मणमेभिर्गन्धाक्षतताम्बूलस्वर्णाङ्गुलीयकासनमाला-कमण्डलुयुग्मवासोभिर्जपकरणार्थमाचार्यत्वेन त्वामहं वृणे' इत्याचार्यं वृत्वा 'ॐ वृतोऽस्मीति' प्रतिवचनानन्तरं हस्ते यज्ञकङ्कणं बद्ध्वा गन्धपुष्पादिभिः पूजां कुर्यात्। ततो जापकवरणं देशकालौ सङ्कीर्त्य 'मम सकलपापक्षयद्वारा श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थं करिष्यमाणगायत्रीपुरश्चरणकर्मणि नानागोत्रोत्पन्नानमुकाऽमुकशर्मणो विप्रानेभिर्गन्धाक्षतताम्बूल-स्वर्णाङ्गुलीयकासनमालाकमण्डलुवासोभिर्विहितजपकरणार्थं जापकत्वेन युष्मानहं वृणे'—'ॐ वृताः स्म' इति प्रति-वचनानन्तरं पृथक्पृथक् हस्ते यज्ञकङ्कणं बद्ध्वा गन्धादिभिः सम्पूज्य प्रार्थयेत्—

ॐ अस्य यागस्य निष्पत्तौ भवन्तोऽभ्यर्थिता मया। सुप्रसन्नैः प्रकर्त्तव्यो मद्यागो विधिपूर्वकम्॥
अङ्गीकुर्वन्तु कर्मैतत्कल्पद्रुमसमाशिषः। यथोक्तनियमैर्युक्ता जपार्थे स्थिरबुद्धयः॥
अस्मिन्यज्ञे मया पूज्याः सन्तु मे नियमान्विताः। अक्रोधनाः शौचपराः सततं ब्रह्मचारिणः॥
जपध्यानरता नित्यं प्रसन्नमनसः सदा। अदुष्टभाषणाः सन्तु मा सन्तु परनिन्दकाः॥
ममापि नियमा ह्येते भवन्तु भवतामपि॥

इति प्रार्थ्य मधुपर्कपूजां कृत्वा प्रत्येकं वस्त्रद्वयमासनमर्घ्यपात्रमाचमनपात्रं जलपात्रं सुवर्णाङ्गुलीयकं मालां च दद्यात्। (अत्र जापकास्त्वेकविंशतिः न्यूनाधिका वा कार्याः)। ततः सर्वे जापका आचम्य प्राणानायम्य,

ॐ सूर्यः सोमो यमः कालः सन्ध्ये भूतान्यहः क्षपा। पवमानो दिक्पतिर्भूराकाशं खेचरामराः॥
ब्रह्मशासनमास्थायकल्पध्वमिह सन्निधिम्।

इति प्रार्थयेयुः। ततो देशकालौ सङ्कीर्त्य 'ममामुकशर्मणो यजमानस्य वा सकलपापक्षयद्वारा श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थम् (यजमानानुज्ञया) गायत्रीपुरश्चरणान्तर्गतामुकसहस्रसंख्यापरिमितिविहितगायत्रीजपं करिष्ये, तदङ्गत्वेन भूतशुद्धिं प्राण-प्रतिष्ठामन्तर्मातृकाबहिर्मातृकान्यासं च करिष्ये' इति सङ्कल्प्य पूर्वोक्तपद्धतिकाण्डमार्गेण भूतशुद्ध्यादिबहिर्मातृकान्यासान्तं कृत्वा गायत्रीन्यासं कुर्यात्। तद्यथा—ॐ प्रणवस्य ब्रह्मा ऋषिः। गायत्री छन्दः। परमात्मा देवता। शरीरशुद्ध्यर्थे जपे विनियोगः। ॐ ब्रह्मऋषये नमः शिरसि॥ १॥ ॐ गायत्रीछन्दसे नमः मुखे॥ २॥ ॐ परमात्मदेवतायै नमः हृदये॥ ३॥ इति प्रणवन्यासः। सप्तव्याहृतीनां जमदग्निभारद्वाजात्रिगौतमकश्यपविश्वामित्रवसिष्ठाः ऋषयः। गायत्र्युष्णिगनुष्टुब्वृहतीपङ्क्ति-

त्रिष्टुब्जगत्यश्छन्दांसि। अग्निवायुसूर्यबृहस्पतिवरुणेन्द्रविश्वेदेवा देवताः। न्यासे जपे च विनियोगः। ॐ जमदग्नि-भारद्वाजात्रिगौतमकश्यपविश्वामित्रवसिष्ठऋषिभ्यो नमः शिरसि॥ १॥ ॐ गायत्र्युष्णिगनुष्टुब्बृहतीपङ्क्तित्रिष्टुब्जगती-छन्दोभ्यो नमः मुखे॥ २॥ ॐ अग्निवायूसूर्यबृहस्पतिवरुणेन्द्रविश्वेदेवदेवताभ्यो नमः हृदये॥ ३॥ इति व्याहृति-ऋष्यादिन्यासः। ॐ गायत्र्या विश्वामित्रऋषिः। गायत्री छन्दः। सविता देवता। न्यासे जपे च विनियोगः। ॐ विश्वामित्रऋषये नमः शिरसि॥ १॥ ॐ गायत्री छन्दसे नमो मुखे॥ २॥ ॐ सवितृदेवतायै नमः हृदये॥ ३॥ इति गायत्र्या ऋष्यादिन्यासः। ॐ शिरसः प्रजापतिः ऋषिः ब्रह्माग्निवायुसूर्या देवताः। यजुश्छन्दः। प्राणायामे विनियोगः। ॐ प्रजापतिऋषये नमः शिरसि॥ १॥ ॐ यजुश्छन्दसे नमः मुखे॥ २॥ ॐ ब्रह्माग्निवायुसूर्यदेवताभ्यो नमः हृदये॥ १॥ इति शिरस ऋष्यादिन्यासः। ॐ भूः अङ्गुष्ठाभ्यां नमः॥ १॥ ॐ भुवः तर्जनीभ्यां नमः॥ २॥ ॐ स्वः मध्यमाभ्यां नमः॥ ३॥ ॐ तत्सवितुर्वरेण्यम् अनामिकाभ्यां नमः॥ ४॥ ॐ भर्गोदेवस्य धीमहि कनिष्ठिकाभ्यां नमः॥ ५॥ ॐ धियो यो नः प्रचोदयात् करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः॥ ६॥ इति करन्यासः। एवमेव हृदयादिन्यासं कुर्यात्। ततः ॐ भूः नमः हृदये॥ १॥ ॐ भुवः नमो मुखे॥ २॥ ॐ स्वः नमो दक्षांसे॥ ३॥ ॐ महः नमो वासांसे॥ ४॥ ॐ जनः नमो दक्षिणोरौ॥ ५॥ ॐ तपः नमो वामोरौ॥ ६॥ ॐ सत्यं नमः जठरे॥ ७॥ इति व्याहृतिन्यासः।

आचार्यादि वरण-विधि—आचार्य तथा जपकर्ता अपने आसनों पर उत्तराभिमुख होकर बैठें तथा यजमान (साधक) स्वयं पूर्वाभिमुख होकर बैठकर आचार्यादि सब ब्राह्मणों के पैर धोकर दाहिने हाथ में वरणद्रव्यों को लेकर देश-काल का उच्चारण कर 'मम सकलपापक्षयद्वारा श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थं करिष्यमाणगायत्रीजपपुरश्चरणकर्मणि अमुकगोत्रोत्पन्नममुकवेदशाखाध्यायिनममुकशर्माणं ब्राह्मणमेभिर्गन्धाक्षतताम्बूलस्वर्णाङ्गुलीयकासनमालाकमण्डलु-युग्मवासोभिर्जपकरणार्थमाचार्यत्वेन त्वामहं वृणे' ऐसा कहकर आचार्य-वरण करे। आचार्य 'ॐ वृतोऽस्मि' ऐसा प्रतिवचन कहे। फिर यजमान आचार्य के हाथ में यज्ञकङ्कण बाँधकर गन्धादि के द्वारा उसकी पूजा करे। फिर जापकों के वरण के लिये देश-काल का उच्चारण करके 'मम सकलपापक्षयद्वारा श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थं करिष्यमाणगायत्रीपुरश्चरणकर्मणि नानागोत्रोत्पन्नानमुकाऽमुकशर्मणो विप्रानेभिर्गन्धाक्षतपुष्पताम्बूलस्वर्णाङ्गुलीय-कासनमालाकमण्डलुवासोभिर्विहितजपकरणार्थं जापकत्वेन युष्मानहं वृणे' कहकर जापकों का वरण करे। जापक 'ॐ वृताः स्मः' कहकर प्रतिवचन दें। फिर यजमान उन जापकों के हाथ में पृथक्-पृथक् कङ्कण बाँधे तथा गन्धादि से उनकी पूजा कर मूलोक्त 'अस्य यागस्य०' इत्यादि पाँच श्लोकों को कहकर जापकों से प्रार्थना करे, जिसका भावार्थ इस प्रकार है—ॐ इस यज्ञ की सम्पूर्णताहेतु मैं आप सबसे प्रार्थना करता हूँ। आप प्रसन्न होकर विधिपूर्वक मेरे इस याग को सम्पन्न करें। मेरे इस कार्य को अङ्गीकार कर आप मुझे कल्पवृक्ष के समान आशीर्वाद प्रदान करें। आप यथोक्त नियमों का पालन करते हुए स्थिर बुद्धि होकर रहें। इस यज्ञ में आप मेरे द्वारा पूजित होकर अक्रोधन, शौच-परायण, सतत ब्रह्मचारी, जप-ध्यानपरायण, नित्य प्रसन्न मानस, अदुष्ट भाषण होकर रहें। पराई निन्दा न करें। मेरे लिये भी यही नियम पालनीय रहेंगे, आपके लिये भी यही पालनीय होंगे।

ऐसी प्रार्थना करके मधुपर्क से उनकी पूजा करके प्रत्येक जापक को दो वस्त्र, आसन, अर्घ्यपात्र, आचमनपात्र, जलपात्र, सोने की अङ्गूठी तथा माला दे (यहाँ जापकों की संख्या इक्कीस अथवा आवश्यकतानुसार न्यूनाधिक रखनी चाहिये)। फिर सभी जापक आचमन तथा प्राणायाम करके 'ॐ सूर्यः सोमो यमः कालः सन्ध्ये भूतान्यहः क्षपा। पवमानो दिक्पतिर्भूराकाशं खेचरामराः। ब्रह्मशासनमास्थाय कल्पध्वमिह सन्निधिम्।' ऐसा कहकर प्रार्थना करे। फिर प्रत्येक जापक देश-काल का उच्चारण करके 'ममामुकशर्मणो०' इत्यादि वाक्य के द्वारा सङ्कल्प करे।

फिर पूर्वोक्त पद्धतिकाण्ड में बताई रीति से भूतशुद्धि इत्यादि बलिर्मातृका न्यासान्त कर्मों को करके गायत्रीन्यास करे। फिर मूलोक्त 'ॐ प्रणवस्य ब्रह्मात्रृषिः' इत्यादि मन्त्र से विनियोग करके 'ॐ ब्रह्मऋषये नमः शिरसि' इत्यादि तीन मन्त्र से प्रणवन्यास करे। फिर मूलोक्त 'सप्त व्याहृतीनां जमदग्नि०' इत्यादि कहकर व्याहृति-विनियोग करे। फिर 'ॐ जमदग्नि भारद्वाज०' इत्यादि तीन मन्त्रों से व्याहृतियों के लिये ऋष्यादि न्यास करे।

गायत्री न्यासार्थ विनियोग—फिर 'ॐ गायत्र्या विश्वामित्रः ऋषिः' इत्यादि से गायत्री का विनियोग कर 'ॐ विश्वामित्रऋषये नमः शिरसि' इत्यादि तीन मन्त्रों से गायत्री का ऋष्यादि न्यास करे। फिर 'ॐ शिरसः प्रजापतिः' इत्यादि से प्राणायाम का विनियोग करे। फिर 'ॐ प्रजापतये नमः शिरसि' इत्यादि तीन मन्त्रों से ऋष्यादि न्यास करे। पुनः 'ॐ भूः अङ्गुष्ठाभ्यां नमः' इत्यादि छः मन्त्रों से करन्यास करे। फिर 'ॐ भूः हृदयाय नमः, ॐ भुवः शिरसि स्वाहा, ॐ स्वः शिखायै वषट्, ॐ तत्सवितुर्वरेण्यं कवचाय हुम्, ॐ भर्गो देवस्य धीमहि नेत्रत्रयाय वौषट् तथा ॐ धियो योनः प्रचोदयात् अस्त्राय फट्' इन छः मन्त्रों से हृदयादि षडङ्ग न्यास करे। फिर 'ॐ भूः नमः हृदये' इत्यादि सात मन्त्रों से मूल में निर्दिष्ट अङ्गों में सप्त व्याहृतियों का न्यास करना चाहिये।

अथ गायत्रीवर्णन्यासः—ॐ तत् नमः पादद्वयाङ्गुलिमूलयोः॥ १॥ ॐ सं नमः गुल्फयोः॥ २॥ ॐ विं नमः जानुनोः॥ ३॥ ॐ तुं नमः पादमूलयोः॥ ४॥ ॐ वं नमः लिङ्गे॥ ५॥ ॐ रें नमः नाभौ॥ ६॥ ॐ णिं नमः हृदये॥ ७॥ ॐ यं नमः कण्ठे॥ ८॥ ॐ भं नमः हस्तद्वयाङ्गुलीमूलयोः॥ ९॥ ॐ र्गो नमः मणिबन्धयोः॥ १०॥ ॐ दे नमः कूर्परयोः॥ ११॥ ॐ वं नमः बाहुमूलयोः॥ १२॥ ॐ स्यं नमः आस्ये॥ १३॥ ॐ धीं नमः नासापुटयोः॥ १४॥ ॐ मं नमः कपोलयोः॥ १५॥ ॐ हिं नमः नेत्रयोः॥ १६॥ ॐ धिं नमः कर्णयोः॥ १७॥ ॐ यों नमः भ्रूमध्ये॥ १८॥ ॐ यों नमः मस्तके॥ १९॥ ॐ नं नमः पश्चिमवक्त्रे॥ २०॥ ॐ प्रं नमः उत्तरवक्त्रे॥ २१॥ ॐ चों नमः दक्षिणवक्त्रे॥ २२॥ ॐ दं नमः पूर्ववक्त्रे॥ २३॥ ॐ यात् नमः उर्ध्ववक्त्रे॥ २४॥ इति गायत्र्यक्षरन्यासः। ॐ तत् नमः शिरसि॥ १॥ ॐ सवितुर्नमः भ्रुवोर्मध्ये॥ २॥ ॐ वरेण्यं नमः नेत्रयोः॥ ३॥ ॐ भर्गो नमः मुखे॥ ४॥ ॐ देवस्य नमः कण्ठे॥ ५॥ ॐ धीमहि नमः हृदये॥ ६॥ ॐ धियो नमः नाभौ॥ ७॥ ॐ यो नमः गुह्ये॥ ८॥ ॐ नः नमः जानुनोः॥ ९॥ ॐ प्रचोदयात् नमः पादयोः॥ १०॥ ॐ आपोज्योतीरसोमृतं ब्रह्मभूर्भुवः स्वरोमिति शिरसि॥ ११॥ इति पदन्यासः। ततः ॐ तत्सवितुर्वरेण्यं नमः नाभ्यादिपादाङ्गुलीपर्यन्तम्॥ १॥ ॐ भर्गोदेवस्य धीमहि नमः हृदयादि नाभ्यन्तम्॥ २॥ ॐ धियो यो नः प्रचोदयात् नमः मूर्द्धादिहृदयान्तम्॥ ३॥ इति विन्यस्य षडङ्गन्यासं कुर्यात्। ॐ तत्सवितुर्ब्रह्मणे हृदयाय नमः॥ १॥ ॐ वरेण्यं विष्णवे शिरसे स्वाहा॥ २॥ ॐ भर्गोदेवस्य रुद्राय शिखायै वषट्॥ ३॥ ॐ धीमहि ईश्वराय कवचाय हुं॥ ४॥ ॐ धियो यो नः सदाशिवाय नेत्रत्रयाय वौषट्॥ ५॥ ॐ प्रचोदयात् सर्वात्मने अस्त्राय फट्॥ ६॥ इति षडङ्गन्यासं कृत्वा ध्यायेत्।

अथ ध्यानम्—

मुक्ताविद्रुमहेमनीलधवलच्छायैर्मुखैस्त्रीक्षणैर्युक्तामिन्दुनिबद्धरत्नमुकुटां तत्त्वार्थवर्णात्मिकाम्।
सावित्रीं वरदाभयाङ्कुशकशां पाशं कपालं गुणं शङ्खं चक्रमथारविन्दयुगलं हस्तैर्वहन्तीं भजे॥

इति ध्यात्वा ॐ लं पृथिव्यात्मकं गन्धं समर्पयामि॥ १॥ ॐ हं आकाशात्मकं पुष्पं समर्पयामि॥ २॥ ॐ यं वाय्वात्मकं धूपं समर्पयामि॥ ३॥ ॐ रं तेजआत्मकं दीपं समर्पयामि॥ ४॥ ॐ वं अमृतात्मकं नैवेद्यं समर्पयामि॥ ५॥ ॐ सं सर्वात्मकं मन्त्रपुष्पं समर्पयामि॥ ६॥ इति मानसोपचारैः सम्पूज्य (भेदपक्षे) त्रिकोणपीठपूजां कुर्य्यात्।

तद्यथा—पूर्वादिचतुर्दिक्षु मध्ये च ॐ प्रभूताय नमः॥ १॥ ॐ विमलाय नमः॥ २॥ ॐ साराय नमः॥ ३॥ ॐ समाराध्याय नमः॥ ४॥ (मध्ये) ॐ परमसुखाय नमः॥ ५॥ इति सम्पूज्य तद्बहिः ॐ अं अनन्ताय नमः॥ १॥ ॐ पृं पृथिव्यै नमः॥ २॥ ॐ अं अमृतसागराय नमः॥ ३॥ ॐ रं रत्नद्वीपाय नमः॥ ४॥ ॐ हें हेमगिरये नमः॥ ५॥ ॐ नं

नन्दनोद्यानाय नमः ॥ ६ ॥ ॐ कं कल्पवृक्षेभ्यो नमः ॥ ७ ॥ ॐ मं मणिभूषितभूतलाय नमः ॥ ८ ॥ ॐ सं सोममण्डलाय नमः ॥ ९ ॥ ॐ अं अग्निमण्डलाय नमः ॥ १० ॥ ॐ सूं सूर्यमण्डलाय नमः ॥ ११ ॥ इति पीठदेवताः सम्पूजयेत्। ततः (पूज्यपूजकयोर्मध्ये प्राचीं प्रकल्प्य) पूर्वादिक्रमेण ॐ रां दीप्तायै नमः ॥ १ ॥ ॐ रीं सूक्ष्मायै नमः ॥ २ ॥ ॐ रूं जयायै नमः ॥ ३ ॥ ॐ रें भद्रायै नमः ॥ ४ ॥ ॐ रैं विभूत्यै नमः ॥ ५ ॥ ॐ रों विमलायै नमः ॥ ६ ॥ ॐ रौं अमोघायै नमः ॥ ७ ॥ ॐ रं विद्युतायै नमः ॥ ८ ॥ (मध्ये) ॐ रः सर्वतोमुख्यै नमः ॥ ९ ॥ इति पीठशक्तीः गन्धपुष्पैः पूजयेत्। तन्मध्ये 'ॐ ब्रह्मविष्णुशिवात्मकाय सौराय योगपीठात्मने नमः' इति पुष्पाञ्जलिना आसनं दत्त्वा तत्र सर्वतोभद्रमध्ये गायत्रीयन्त्रं विलिख्य तदुपरि 'ॐ महीद्यौः' इत्यादिमन्त्रः पूर्णपात्रान्तं पूर्ववत्ताम्रकलशं संस्थाप्य 'तत्त्वायामि' इति वरुणमावाह्य सम्पूज्य कलशस्य मुखे विष्णु इत्याद्यभिमन्त्र्य देवदानवसंवादे इत्यादि प्रार्थयेत्। ततः तदुपरि पट्टवस्त्रे शक्तिगन्धाष्टकेन यन्त्रं विलिख्य तन्मध्ये मूलमन्त्रेण पलस्वर्णमयीं पूर्वोक्तध्यानप्रतिपादितां भगवत्या गायत्र्याः प्रतिमां सावयवां वा त्रिकोणाकारामग्न्युत्तारणपूर्विकां संस्थाप्य प्राणप्रतिष्ठां कृत्वा मूलेन तस्यां भगवतीं वेदमातरं श्रीगायत्रीमावाह्य पुरुषसूक्तेन श्रीसूक्तेन पाद्यादिपुष्पान्तैरुपचारैः सम्पूज्य आवरणार्चनं कुर्य्यात्।

गायत्री वर्णन्यास—फिर 'ॐ तत्सवितुवरिण्यम् नमः' कहकर नाभि से पैर की अङ्गुलियों तक; 'ॐ भर्गो देवस्य धीमहि नमः' से हृदय से लेकर नाभि तक न्यास करे। फिर 'ॐ धियो योनः प्रचोदयात्' इससे शिर से लेकर हृदय-पर्यन्त न्यास करना चाहिये। फिर मूलोक्त 'ॐ तत्सवितुर्वरेण्यं हृदयाय नमः' इत्यादि छः मन्त्रों से षडङ्ग न्यास करके गायत्री का ध्यान मूलोक्त 'मुक्ताविद्रुमहेमनील०' इत्यादि श्लोक से करना चाहिये। ध्यान का भावार्थ इस प्रकार है—'मोती, मूंगा, स्वर्ण, नीलमणि के समान धवल छायायुक्त मुख वाली, तीन नेत्रों वाली, चन्द्रमा के सहित रत्नों के मुकुट को धारण किये चौबीस अक्षरों वाली सावित्री, जो कि वरदमुद्रा, अभयमुद्रा, अङ्कुश, पाश, कपाल, रस्सी (सूत्र), शङ्ख, चक्र तथा कमल को धारण करने वाली है, उसे भजें।' फिर मूल में लिखित 'ॐ लं पृथिव्यात्मकं गन्धं समर्पयामि' इत्यादि छः मन्त्रों से क्रमशः गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य तथा मन्त्रपुष्प समर्पित कर मानसपूजा करे। तदनन्तर मूल में लिखे 'ॐ प्रभूताय नमः' इत्यादि पाँच मन्त्रों पूर्वादि चारो दिशाओं तथा मध्य में पूजा करके फिर बाहर 'ॐ अं अनन्ताय नमः' इत्यादि ग्यारह मन्त्रों से पीठदेवताओं की पूजा करे। फिर पूज्य-पूजक के मध्य में प्राची की कल्पना करके पूर्वादि क्रम से मूलोक्त 'ॐ रां दीप्तायै नमः' इत्यादि नौ मन्त्रों से पीठशक्तियों की पूजा पूर्वादि आठ दिशाओं तथा मध्य में करे। फिर पीठ के मध्य में 'ॐ ब्रह्मविष्णुशिवात्मकाय सौराय योगपीठात्मने नमः' कहकर पुष्पाञ्जलि से आसन देकर फिर सर्वतोभद्र के मध्य में गायत्री यन्त्र लिखकर उसके ऊपर 'ॐ महीद्यौ०' इत्यादि मन्त्र-लिखित ताम्रकलश पूर्णपात्र-सहित स्थापित करके 'तत्त्वायामि०' इत्यादि वैदिक मन्त्र से वरुण का आवाहन कर पूजकर 'कलशस्य मुखे विष्णुः' इत्यादि मन्त्रों से अभिमन्त्रित कर 'देवदानवसंवादे०' इत्यादि मन्त्रों से प्रार्थना करे।

यन्त्र-लेखन—फिर उस कलश के ऊपर पट्टवस्त्र पर गन्धाष्टक से यन्त्र लिखकर उस यन्त्र के मध्य में एक पल भार की स्वर्णमयी गायत्री-प्रतिमा पूर्व में कथित ध्यान के अनुसार स्वरूप वाली बनवाकर अथवा भगवती गायत्री की प्रतिमा त्रिकोणाकार बनवाकर अग्नि उत्तारणपूर्वक संस्थापित करके प्राणप्रतिष्ठा करके मूल मन्त्र से उन वेदमाता का आवाहन करके पुरुषसूक्त तथा श्रीसूक्त से पाद्यादि पुष्पान्त उपचारों से पूजकर फिर यन्त्र के आवरण की पूजा करे।

तद्यथा—तत्र त्रिकोणस्य पूर्वकोणे ॐ गायत्र्यै नमः ॥ १ ॥ (निर्ऋतिकोणे) ॐ सावित्र्यै नमः ॥ २ ॥ (वायुकोणे) ॐ सरस्वत्यै नमः ॥ २ ॥ (त्रिकोणान्तरालेषु) ॐ ब्रह्मणे नमः ॥ १ ॥ ॐ विष्णवे नमः ॥ २ ॥ ॐ रुद्राय नमः ॥ ३ ॥ इति

पूजयेत्। ततो मूलेन पुष्पाञ्जलिं गृहीत्वा 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि शरणागतवत्सले। भक्त्या समर्पये तुभ्यं प्रथमावरणार्चनम्' इति पुष्पाञ्जलिं दत्त्वा विशेषार्घाद्बिन्दुं निक्षिप्य 'पूजितास्तर्पिताः सन्तु' इति वदेत्। इति प्रथमावरणम्॥ १॥

ततोऽष्टदले पूर्वादिचतुर्दिक्षु ॐ आदित्याय नमः॥ १॥ ॐ भानवे नमः॥ २॥ ॐ भास्कराय नमः॥ ३॥ ॐ रवये नमः॥ ४॥ (आग्नेयादिकेसरेषु) ॐ उषायै नमः॥ १॥ ॐ प्रज्ञायै नमः॥ २॥ ॐ प्रभायै नमः॥ ३॥ ॐ सन्ध्यायै नमः॥ ४॥ इति पूजयेत्। ततो मूलमुच्चरन् 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि०' इत्यादिना पुष्पाञ्जलिं दद्यात्। इति द्वितीयावरणम्॥ २॥

ततः षट्कोणे आग्नेयादिकोणकेसरेषु मध्ये दिक्षु च ॐ ब्रह्मणे हृदयाय नमः॥ १॥ ॐ विष्णवे शिरसे स्वाहा॥ २॥ ॐ रुद्राय शिखायै वषट्॥ ३॥ ॐ ईश्वराय कवचाय हुं॥ ४॥ ॐ सदाशिवाय नेत्रत्रयाय वौषट्॥ ५॥ ॐ सर्वात्मने नमः अस्त्राय फट्॥ ६॥ इति षडङ्गानि पूजयेत्। ततः पुष्पाञ्जलिं गृहीत्वा मूलमुच्चार्य 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि०' इति पुष्पाञ्जलिं दत्त्वा 'पूजितास्तर्पिताः सन्तु' इति वदेत्। इति तृतीयावरणम्॥ ३॥

ततो वर्तुले प्राचीक्रमेण ॐ प्रह्लादिन्यै नमः॥ १॥ ॐ प्रभायै नमः॥ २॥ ॐ नित्यायै नमः॥ ३॥ ॐ विश्वम्भरायै नमः॥ ४॥ ॐ विशालिन्यै नमः॥ ५॥ ॐ प्रभावत्यै नमः॥ ६॥ ॐ जयायै नमः॥ ७॥ ॐ शान्त्यै नमः॥ ८॥ इति पूजयेत्। ततः पुष्पाञ्जलिं गृहीत्वा मूलमुच्चार्य 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि०' इति पुष्पाञ्जलिं दत्त्वा 'पूजतास्तर्पिताः सन्तु' इति वदेत्। इति चतुर्थावरणम्॥ ४॥

तद्बाह्ये वर्तुले प्राचीक्रमेण ॐ कान्त्यै नमः॥ १॥ ॐ दुर्गायै नमः॥ २॥ ॐ सरस्वत्यै नमः॥ ३॥ ॐ विश्वरूपाय नमः॥ ४॥ ॐ विशालायै नमः॥ ५॥ ॐ ईशायै नमः॥ ६॥ ॐ चापिन्यै नमः॥ ७॥ ॐ विमलायै नमः॥ ८॥ इति पूजयेत्। ततः पुष्पाञ्जलिं गृहीत्वा मूलमुच्चार्य 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि०' इति पुष्पाञ्जलिं दत्त्वा 'पूजितास्तर्पिताः सन्तु' इति वदेत्। इति पञ्चमावरणम्॥ ५॥

तद्बाह्येऽष्टदलमूले पूर्वादिक्रमेण ॐ अपहारिण्यै नमः॥ १॥ ॐ सूक्ष्मायै नमः॥ २॥ ॐ विश्वयोन्यै नमः॥ ३॥ ॐ जयावहायै नमः॥ ४॥ ॐ पद्मालयायै नमः॥ ५॥ ॐ परायै नमः॥ ६॥ ॐ शोभायै नमः॥ ७॥ ॐ पद्मरूपायै नमः॥ ८॥ इति पूजयेत्। पुष्पाञ्जलिं गृहीत्वा मूलमुच्चार्य 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि०' इति पुष्पाञ्जलिं दत्त्वा 'पूजितास्तर्पिताः सन्तु' इति वदेत्। इति षष्ठावरणम्॥ ६॥

ततोऽष्टदलमध्ये पूर्वादिक्रमेण ॐ आं ब्राह्म्यै नमः॥ १॥ ॐ ईं माहेश्वर्य्यै नमः॥ २॥ ॐ ऊं कौमार्यै नमः॥ ३॥ ॐ ॠं वैष्णव्यै नमः॥ ४॥ ॐ ऌं वाराह्यै नमः॥ ५॥ ॐ ऐं इन्द्राण्यै नमः॥ ६॥ ॐ ओं चामुण्डायै नमः॥ ७॥ ॐ अः महालक्ष्म्यै नमः॥ ८॥ इति पूजयेत्। ततः पुष्पाञ्जलिं गृहीत्वा मूलमुच्चार्य 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि०' इति पुष्पाञ्जलिं दत्त्वा 'पूजितास्तर्पिताः सन्तु' इति वदेत्। इति सप्तमावरणम्॥ ७॥

ततो दलाग्रेषु ॐ सों सोमाय नमः॥ १॥ ॐ भौं भौमाय नमः॥ २॥ ॐ बुं बुधाय नमः॥ ३॥ ॐ बृं बृहस्पतये नमः॥ ४॥ ॐ शुं शुक्राय नमः॥ ५॥ ॐ शं शनैश्चराय नमः॥ ६॥ ॐ रां राहवे नमः॥ ७॥ ॐ कें केतवे नमः॥ ८॥ इति पूजयेत्। ततो पुष्पाञ्जलिं गृहीत्वा मूलमुच्चार्य 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि०' इति पुष्पाञ्जलिं दत्त्वा 'पूजितास्तर्पिताः सन्तु' इति वदेत्। इत्यष्टमावरणम्॥ ८॥

ततो भूपुरे पूर्वादिदशदिक्षु ॐ लं इन्द्राय नमः॥ १॥ ॐ रं अग्नये नमः॥ २॥ ॐ मं यमाय नमः॥ ३॥ ॐ क्षं निर्ऋतये नमः॥ ४॥ ॐ वं वरुणाय नमः॥ ५॥ ॐ यं वायवे नमः॥ ६॥ ॐ सं सोमाय नमः॥ ७॥ ॐ ईं ईशानाय नमः॥ ८॥ (ईशानपूर्वयोर्मध्ये) ॐ आं ब्रह्मणे नमः॥ ९॥ (निर्ऋतिपश्चिमयोर्मध्ये) ॐ अं अनन्ताय नमः॥ १०॥ इति पूजयेत्। ततः पुष्पाञ्जलिं गृहीत्वा मूलमुच्चार्य 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि०' इति पुष्पाञ्जलिं दत्त्वा 'पूजितास्तर्पिताः सन्तु' इति वदेत्। इति नवमावरणम्॥ ९॥

तद्बहिस्तत्तत्समीपे—ॐ वं वज्राय नमः ॥ १ ॥ ॐ शं शक्तये नमः ॥ २ ॥ ॐ दं दण्डाय नमः ॥ ३ ॥ ॐ खं खड्गाय नमः ॥ ४ ॥ ॐ पं पाशाय नमः ॥ ५ ॥ ॐ अं अङ्कुशाय नमः ॥ ६ ॥ ॐ गं गदायै नमः ॥ ७ ॥ ॐ त्रिं त्रिशूलाय नमः ॥ ८ ॥ ॐ पं पद्माय नमः ॥ ९ ॥ ॐ चं चक्राय नमः ॥ १० ॥ इति पूजयेत्। ततः पुष्पाञ्जलिं गृहीत्वा मूलमुच्चार्य 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि०' इति पुष्पाञ्जलिं दत्त्वा 'पूजितास्तर्पिताः सन्तु' इति वदेत्। इति दशमावरणम् ॥ १० ॥

इत्थमावरणैर्देवी दशभिः परिपूजयेत्। धर्म्मार्थकाममोक्षाणां भोक्ता स्याद्द्विजसत्तमः ॥

इत्यावरणपूजां कृत्वा धूपादिनीराजनान्तं सम्पूज्य स्तवेन स्तुत्वा शापविमोचनं पठित्वा यथाविधि जपं कुर्यात्।

आवरण-पूजा—त्रिकोण के पूर्वादि कोणों में मूलोक्त 'ॐ गायत्र्यै नमः' इत्यादि तीन मन्त्रों से पूजा कर उन तीनों के अन्तरालों (तीनों भुजाओं) में 'ॐ ब्रह्मणे नमः' इत्यादि तीन मन्त्रों से क्रमशः ब्रह्मा-विष्णु-रुद्र की पूजा करे। फिर मूल गायत्री मन्त्र पढ़कर 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि शरणागतवत्सले। भक्त्या समर्पये तुभ्यं प्रथमावरणार्चनम्' कहकर पुष्पाञ्जलि देकर विशेष अर्घ्य से विन्दु का निक्षेप कर 'पूजितास्तर्पिताः सन्तु' ऐसा कहे। द्वितीयावरण की पूजा यन्त्र में बने अष्टदल पर पूर्वादि चार दिशाओं में 'ॐ आदित्याय नमः' इत्यादि चार मन्त्रों से पूजन कर उसके आग्रेयादि केसरों तथा मध्य में 'ॐ उषायै नमः' इत्यादि पाँच मन्त्रों से पूजा करे; गायत्री मन्त्र का उच्चारण करके 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि शरणागतवत्सले। भक्त्या समर्पये तुभ्यं द्वितीयावरणार्चनम् ॥' श्लोक बोलकर पुष्पाञ्जलि दे। तृतीयावरण की पूजा षट्कोण में आग्रेयादि केसरों तथा मध्य के साथ दिशाओं में मूलोक्त 'ॐ ब्रह्मणे हृदयाय नमः' इत्यादि छः मन्त्रों से करने के उपरान्त 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि शरणागतवत्सले। भक्त्या समर्पये तुभ्यं तृतीयावरणार्चनम्' कहकर 'पूजितास्तर्पिताः सन्तु' ऐसा कहे। पुष्पाञ्जलि दे। सन्तर्पण करे।

चतुर्थावरण की पूजा वर्तुल में प्राचीक्रम से 'ॐ प्रह्लादिन्यै नमः' इत्यादि आठ मन्त्रों से करने के उपरान्त 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि शरणागतवत्सले। भक्त्या समर्पये तुभ्यं चतुर्थावरणार्चनम्' कहकर पुष्पाञ्जलि देकर 'पूजितास्तर्पिताः सन्तु' ऐसा कहे। यह चतुर्थावरण का पूजन हुआ। पञ्चमावरण की पूजा उस वर्तुल के बाहरी वर्त्तुल में प्राचीक्रम से 'ॐ कान्त्यै नमः' इत्यादि आठ मन्त्रों से करके पुष्पाञ्जलि लेकर गायत्री मन्त्र का उच्चारण कर 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि शरणागतवत्सले। भक्त्या समर्पये तुभ्यं पञ्चमावरणार्चनम्' कहें तथा पीछे से 'पूजितास्तर्पिताः सन्तु' भी कहे। षष्ठावरण की पूजा उसके बाहर अष्टदल में प्राचीक्रम से 'अपहारिण्यै नमः' इत्यादि आठ मन्त्रों से करने के उपरान्त पुष्पाञ्जलि लेकर 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि शरणागतवत्सले। भक्त्या समर्पये तुभ्यं षष्ठावरणार्चनम्' 'पूजितास्तर्पिताः सन्तु' कहकर अर्घ्य के छींटों से तर्पण करे। सप्तमावरण की पूजा में अष्टदलों के मध्य में प्राची आदि क्रम से 'ॐ आं ब्राह्म्यै नमः' आदि मूलोक्त आठ मन्त्रों से पूजा करे तथा 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि शरणागतवत्सले। भक्त्या समर्पये तुभ्यं सप्तमावरणार्चनम्' कहकर पुष्पाञ्जलि दे। फिर 'पूजितास्तर्पिताः सन्तु' कहकर अर्घ्यविन्दु से आवरण देवताओं का तर्पण करना चाहिये। अष्टमावरण की पूजा में दलाग्रों में 'ॐ सों सोमाय नमः' इत्यादि आठ मन्त्रों से पूजा कर 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि शरणागतवत्सले। भक्त्या समर्पये तुभ्यं अष्टमावरणार्चनम्' कहकर पुष्पाञ्जलि देकर फिर अर्घ्यविन्दु से 'पूजितास्तर्पिताः सन्तु' कहकर तर्पण करे। नवाँ आवरण भूपुर है; अतः भूपुर में पूर्वादि दिशाओं में कोणों सहित मूलोक्त 'ॐ लं इन्द्राय नमः' इत्यादि मन्त्रों से प्रदक्षिणक्रम से पूजा करके फिर ईशान एवं पूर्व के मध्य में 'ॐ आं ब्रह्मणे नमः' तथा नैर्ऋत्य एवं पश्चिम के मध्य में 'ॐ अं अनन्ताय नमः' कहकर दश दिक्पालों की पूजा करे। फिर पुष्पाञ्जलि लेकर 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि शरणागतवत्सले। भक्त्या समर्पये तुभ्यं नवमावरणार्चनम्' कहकर 'पूजितास्तर्पिताः सन्तु' कहकर अर्घ्यविन्दु से तर्पण करे। फिर नवमावरण

के बाहर उन्हीं पूर्वादि दश दिशाओं में 'ॐ वं वज्राय नमः' इत्यादि मूलोक्त दश मन्त्रों से दिक्पालों के शस्त्रों का पूजन करने के बाद पुष्पाञ्जलि लेकर 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि शरणागतवत्सले। भक्त्या समर्पये तुभ्यं दशमावरणार्चनम्॥' कहे। फिर अर्घ्यविन्दु से 'पूजितास्तर्पिताः सन्तु' कहकर तर्पण करे। इस प्रकार दशों आवरणों की पूजा करनी चाहिये तथा हे द्विजश्रेष्ठ! इससे धर्मार्थकाममोक्ष चारो पुरुषार्थ मिलते हैं। फिर धूपादि नीराजनान्त पूजा करके गायत्री स्तोत्र से स्तवन कर शापविमोचन कर यथाविधि जप करना चाहिये।

तत्र मन्त्रः—'ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्' इति वैदिको मन्त्रः। सर्वेषां समान एव जपो न तु न्यूनाधिकः। (उत्तमजपो द्विसाहस्रः मध्यमः सार्द्धद्विसाहस्रः अधमस्त्रिसाहस्रो ज्ञेयः। अस्य पुरश्चरणं चतुर्विंशतिलक्षजपः)। ततो जपान्ते पूर्वोक्तऋष्यादिन्यासं हृदयादिषडङ्गन्यासं च कृत्वा कवचं पठेयुः। ततो देवीं पुनः पञ्चोपचारैः सम्पूज्य नीराजनं कृत्वा पुष्पाञ्जलिं च दत्त्वा देव्या दक्षिणकरे जपसमर्पणं कुर्युः। ततः सर्वे जापकाः भूमौ शयानाः हविष्यान्नमश्नन्तो ब्रह्मचर्यास्पृश्यास्पर्शादिनियमांश्चरेयुः प्रत्यहम् 'ॐ यज्जाग्रतो' इति शिवसङ्कल्पं त्रिः पठेयुः। ततः पुरश्चरणजपसमाप्तौ होमः।

गायत्री मन्त्र—'ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो योनः प्रचोदयात्' यह वैदिक मन्त्र है। इसका चौबीस लाख जप करने से पुरश्चरण सम्पन्न होता है। सभी जापकों को प्रतिदिन समान संख्या में जप करना चाहिये। न्यूनाधिक जप नहीं करना चाहिये। प्रत्येक ब्राह्मण प्रतिदिन दो सहस्र जप करे तो उत्तम है। ढाई सहस्र जप मध्यम है तथा तीन सहस्र जप अधम होता है। इससे अधिक जप प्रतिदिन प्रतिजापक को नहीं करना चाहिये। प्रतिदिन जपसमाप्ति पर पूर्वोक्त ऋष्यादि न्यास तथा हृदयादि षडङ्ग न्यास करके गायत्री कवच का पाठ करना चाहिये। पुनः पञ्चोपचार से गायत्री देवी की पूजा करके नीराजन तथा पुष्पाञ्जलि देकर देवी के दक्षिण कर में जप का समर्पण करना चाहिये। फिर सभी जापकों को भूमि पर शयन करते हुए, हविष्यान्न भोजन करते हुए, ब्रह्मचर्य तथा स्पृश्य-अस्पृश्य के नियमों का पालन करते हुए प्रतिदिन तीनों सन्ध्याओं में 'शिवसङ्कल्प सूक्त' पढ़ना चाहिये। पुरश्चरण जप की समाप्ति पर होम करना चाहिये।


तद्यथा—देशकालौ सङ्कीर्त्य 'अद्य पुरश्चरणसाङ्गतासिद्ध्यर्थं होमविधिं करिष्ये' इति सङ्कल्प्य गणपति-पूजनादिनान्दीश्राद्धान्तं पूर्ववत् कुर्यात्। ततः कुण्डे स्थण्डिले वा स्वगृह्योक्तविधिना पञ्चभूसंस्कारपूर्वकमग्निं प्रतिष्ठाप्य ग्रहपीठे सूर्यादिनवग्रहमण्डलदेवानावाह्य सम्पूज्य तदीशान्यां रुद्रकलशं स्थापयेत्। ततो मध्यपीठे सर्वतोभद्रमण्डले ताम्रकलशोपरि स्वर्णप्रतिमायां भगवन्तं सवितारं गायत्रीं च षोडशोपचारैः सम्पूज्य पूर्वोक्तावरणदेवतापूजां विधाय गीतवादिभिः सह महानीराजनं कृत्वा सप्त प्रदक्षिणाश्च कृत्वा साष्टाङ्गं प्रणमेत्। ततः कुशकण्डिकां सम्पाद्य आधारावाज्य-भागौ हुत्वा 'ॐ इदं हवनीयद्रव्यमन्वाधानोक्तदेवताभ्योऽस्तु न मम' इति यजमानो द्रव्यत्यागं कुर्य्यात्। ततः सूर्यादिग्रहेभ्यः अर्कादिसमिच्चर्वाज्यतिलाहुतिभिः प्रत्येकमष्टाविंशतिरष्टौ वा हुत्वा तैरेव द्रव्यैरधिप्रत्यधिदेवताभ्यश्चतुश्चतुः सङ्ख्याकाभिः पञ्चलोकपालदशदिक्पालेभ्यश्च द्विद्विसङ्ख्याकाभिश्च जुहुयात्। ततो बहुजपकर्तृकपक्षे जपदशांशेन पायसादि होमः कार्यः। तथा च देवीभागवते—

जुहुयात्तद्दशांशेन सघृतेन पयोऽन्धसा। तिलैः पत्रैः प्रसूनैश्च यवैश्च मधुरान्वितैः॥

एकजपकर्तृकपक्षे तु शतांशहोमः कार्यः। तथा च शारदातिलके—

तत्त्वसङ्ख्यासहस्राणि मन्त्रविज्जुहुयात्तिलैः। सर्वपापविनिर्मुक्तो दीर्घमायुः स विन्दति॥

श्रीगायत्रीपूजायन्त्रम्



होम विधि—देश-कालोच्चारण करके 'अद्य पुरश्चरणसाङ्गतासिद्ध्यर्थं होमविधिं करिष्ये' कहकर सङ्कल्प करे तथा पूर्व में वर्णित विधि से गणपति-पूजनादि नान्दीश्राद्धान्त कर्म करना चाहिये। फिर कुण्ड में अथवा स्थण्डिल पर अपने गृह्यसूत्र की विधि से पञ्चभूसंस्कारपूर्वक अग्नि को प्रतिष्ठित करके नवग्रह पीठ पर सूर्यादि नवग्रह मण्डल के देवों (अधिदेव तथा प्रत्यधिदेवों सहित) आवाहन करके उनकी पूजा करे। फिर उनके ईशान में रुद्रकलश स्थापित करे। फिर मध्य में रखे सर्वतोभद्र पीठ पर ताम्रकलश के ऊपर भगवान् सविता की स्वर्णप्रतिमा तथा गायत्री का षोडशोपचारों से पूज कर गायत्री पीठ के पूर्वोक्त आवरणदेवताओं की पूजा करे। गीत-वादित्र के साथ महानीराजन करके सात प्रदक्षिणाएँ करके साष्टाङ्ग प्रणाम करे। फिर कुशकण्डिका को सम्पादित कर आघाराहुति आज्यभागाहुति करके 'ॐ इदं हवनीयद्रव्यमन्वाधानोक्तदेवताभ्योऽस्तु न मम' ऐसा कहकर यजमान (साधक) द्रव्यत्याग करे। फिर सूर्यादि नवग्रहों के लिये अर्कादि समिधाओं, चरु, आज्य, तिल की आहुतियाँ प्रत्येक के लिये एक सौ आठ होम करके अथवा उन्हीं द्रव्यों से अधिदेवता, प्रत्यधिदेवताओं के लिये चार-चार आहुतियाँ, पञ्चलोकपालों, दशदिक्पालों के लिये दो-दो आहुतियाँ (प्रत्येक के लिये) समर्पित करे। फिर बहुत जापक होने पर जपसंख्या का दशांश (दो लाख चौबीस सहस्र) पायसादि होम भी करना चाहिये। यह होम गायत्री मन्त्र से होता है।

देवीभागवत में कहा है कि जप के दशांश में सघृत पायस, हविष्यान्न, तिल, पत्र, प्रसून तथा मधुरान्वित यवों से हवन करना चाहिये। एक जापककर्तृपक्ष में जपसंख्या का शतांश (चौबीस सहस्र) हवन करना चाहिये।

शारदातिलक के अनुसार मन्त्रवेत्ता को चौबीस सहस्र होम तिलाहुति से देनी चाहिये । ऐसा करने से वह सभी पापों से मुक्त होकर दीर्घायु को प्राप्त करता है।

शतांशहोमप्रकारः

प्रधानदेवसवित्रे चतुर्विंशतिसहस्रतिलाहुतिभिस्त्रिसहस्रपायसाहुतिभिस्तावतीभिर्घृताहुतिभिर्दूर्वाहुतिभिस्तावतीभिः क्षीरद्रुमसमिधाहुतिभिश्च हुत्वा पूर्वोक्तावरणदेवताभ्यश्चर्वादिद्रव्यैरेकैकाहुतीर्दत्वा शेषेण स्विष्टकृद्धोमं च कृत्वा समापयेत्। होमकाले 'इदं सवित्रे न मम' इति त्यागः। (होमे सप्रणवा व्याहृतिरहिता स्वाहान्ता गायत्रीं दूर्वात्रयस्यैकाहुतिः। दूर्वासमिधां दधिमध्वाज्याक्तानां होमः)। ततो होमान्ते बलिदानम्। यजमानस्याभिषेकश्च कार्य्यः। अभिषेकान्ते तत्समये एव दक्षिणां दद्यात्। अदाने प्रत्यवायी भवति। क्षणे-क्षणे पापभागी भवति। दक्षिणा च प्रतिलक्षं सुवर्णनिष्कत्रयं तदर्धं वा शक्त्या देया। ततो जले सवितारं रक्तचन्दनादिभिः सम्पूज्य होमदशांशेन मूल मन्त्रान्ते 'सवितारं तर्पयामि' इत्युक्त्वा दुग्धमिश्रजलेन तर्पणं कार्य्यम्। ततस्तर्पणदशांशेन गायत्र्यन्ते 'आत्मानमभिषिञ्चामि न मम' इति यजमानमूर्ध्न्यभिषेकः कार्यः। ततः अभिषेक-दशांशसङ्ख्ययाधिकं वा ब्राह्मणभोजनम्।(होमतर्पणाभिषेकानां मध्ये यदेवं न सम्भवति तत्स्थाने तद्द्विगुणो जपः कार्य्यः। ततो भूयसी दक्षिणां विप्राशीर्वादश्च। ततः कृताञ्जलिपुटः। 'ॐ चतुर्विंशति लक्षात्मकगायत्रीपुरश्चरणं सम्पूर्णमस्त्विति भवन्तो ब्रुवन्त्विति' विप्रान् प्रार्थ्य ते च— ॐ गायत्रीपुरश्चरणं सम्पूर्णमस्त्विति ब्रूयुः। इति प्रतिवचनानन्तरं कर्म्मपूर्तिकामो विष्णुं स्मरेत्। एवं कृते सर्वपापक्षयो भवति दीर्घायुश्च विन्दति)।

शतांश होमप्रकार कथन—(यहाँ पर गायत्री-पुरश्चरण के लिये शारदातिलकोक्त शतांश होम = चौबीस सहस्र आहुति होम कैसे करे—यह बताया जा रहा है) प्रधानदेव सविता के लिये चौबीस सहस्र आहुतियाँ तिल से तथा तीन सहस्र पायस से, तीन सहस्र घृताहुति, तीन सहस्र दूर्वा की आहुतियों का होम क्षीरीवृक्षों की समिधाओं से करके पूर्वोक्त आवरणदेवताओं के लिये चरु आदि द्रव्यों से एक-एक आहुति देकर शेष से स्विष्टकृद् होम करके होम पूरा करे। होमकाल में 'इति सवित्रे न मम' कहकर त्याग करे (होम में प्रणवसहित, व्याहृतिरहित स्वाहान्त गायत्री की तीन दूर्वा से, एक आहुति दूर्वा की समिधा को दधि, मधु, घृत से आप्लुत करके दे)। फिर होमान्त में बलिदान करे। यजमान का अभिषेक भी करना चाहिये। अभिषेक के अन्त में तत्काल दक्षिणा भी देनी चाहिये। यदि यजमान होम की समाप्ति पर आचार्यादि को तत्काल दक्षिणा नहीं देता है तो प्रत्यवाय (विपरीत परिणाम) होता है। क्षण-क्षण पर वह पापभागी होता है। प्रति एक लाख जप पर तीन निष्क अथवा डेढ़ निष्क अथवा शक्ति के अनुसार दक्षिणा देनी चाहिये। फिर सविता का रक्तचन्दन आदि से पूजन कर होम का दशांश गायत्री मन्त्र के अन्त में 'सवितारं तर्पयामि' जोड़कर दुग्धमिश्रित जल से तर्पण करना चाहिये। फिर उस तर्पण का दशमांश गायत्री मन्त्र के अन्त में 'आत्मानमभिषिञ्चामि न मम' कहकर यजमान के शिर पर (मूर्धाभिषेक) अभिषेक करना चाहिये। अभिषेक की दशांश संख्या में ब्राह्मणभोजन कराना चाहिये। (होम, तर्पण तथा अभिषेक में जो कर्म सम्भव न हो, उसके स्थान पर उस संख्या से द्विगुण जप करना चाहिये। फिर भूयसी दक्षिणा दे तथा ब्राह्मणों का आशीर्वाद प्राप्त करे। फिर हाथ जोड़कर 'चौबीस लाख गायत्री पुरश्चरण पूर्ण हो' ऐसा आप लोग कहें—यह वचन ब्राह्मणों से कहे तब ब्राह्मण 'गायत्रीपुरश्चरणं सम्पूर्णमस्तु' ऐसा प्रतिवचन कहें। इस प्रतिवचन के उपरान्त कर्म-पूर्तिहेतु विष्णु का स्मरण करे। ऐसा करने से सभी पापों का नाश हो जाता है)।

गायत्रीपुरश्चरणफलम्

शारदातिलके—

व्याहृतित्रयसंयुक्तां गायत्रीं दीक्षितो यजेत्। तत्त्वलक्षविधानेन भिक्षाशी विजितेन्द्रियः॥

क्षीरौदनतिलान् दूर्वाक्षीरद्रुमसमिद्वरान्। पृथक्सहस्त्रत्रितयं जुहुयान्मन्त्रसिद्धये॥
तत्त्वसङ्ख्यासहस्त्राणि मन्त्रविज्जुहुयात्तिलैः। सर्वपापविनिर्मुक्तो दीर्घमायुः स विन्दति॥
आयुषे साज्यहविषा केवलेनापि सर्पिषा। दूर्वात्रिकैस्तिलैर्मन्त्री जुहुयात्त्रिसहस्त्रकम्॥
अरुणाब्जैस्त्रिमध्वक्तैर्जुहुयादयुतं ततः। महालक्ष्मीर्भवेत्तस्य षण्मासान्नात्र संशयः॥
ब्रह्मश्रिये प्रजुहुयात्प्रसूनैर्ब्रह्मवृक्षजैः। बहुना किमिहोक्तेन यथावत्साधु साधिता॥
द्विजन्मनामियं विद्या सिद्धा कामदुघा मता॥

गायत्रीपुरश्चरण का फल—शारदातिलक में कहा गया है कि तीन व्याहृतियों से युक्त गायत्री मन्त्र की दीक्षा लेकर चौबीस लाख मन्त्रों का जप विधानपूर्वक करे। जितेन्द्रिय होकर क्षीरौदन, तिल, दूर्वा तथा क्षीरीवृक्षों की श्रेष्ठ समिधाएँ लेकर अलग-अलग तीन-तीन सहस्र आज्यसहित हवि से मन्त्रसिद्धि के लिये होम करना चाहिये। ऐसा करने से वह सर्वपाप-विनिर्मुक्त होकर दीर्घायु को प्राप्त होता है। आयुष्य-प्राप्तिहेतु घृत एवं हविष से अथवा केवल घृत से तीन दूर्वा तथा तिलों से तीन सहस्र हवन करना चाहिये। लाल कमलों को मधु में आप्लुत कर दस लाख की संख्या में हवन करे तो उसको छः मास में महालक्ष्मी की प्राप्ति हो जाती है। ब्रह्मश्री की प्राप्ति के लिये पलाशवृक्ष के फूलों की आहुति देनी चाहिये। अधिक क्या कहा जाय, विधिपूर्वक ब्राह्मण के द्वारा इसकी साधना होने पर यह विद्या साधक के लिये कामधेनु के समान फलप्रद होती है।

गायत्रीपटले—

आदित्यस्योदये स्नात्वा सहस्त्रं प्रत्यहं जपेत्। आयुरारोग्यमैश्वर्यं धनं च लभते ध्रुवम्॥
त्रिरात्रोपोषितः सम्यग्घृतं हुत्वा सहस्त्रशः। सहस्त्रं लाभमाप्नोति हुत्वाग्नौ खादिरेन्धनम्॥
पालाशीभिः समिद्भिश्च घृताक्ताभिर्हुताशने। सहस्त्रं लाभमाप्नोति राहुसूर्यसमागमे॥
हुत्वा तु खदिरं वह्नौ घृताक्तं रक्तचन्दनम्। हेम्ना सहस्त्रमाप्नोति राहुचन्द्रसमागमे॥
रक्तचन्दनमिश्रं तु सघृतं हव्यवाहने। हुत्वा गोमयमाप्नोति सहस्त्रं गोमयं द्विजः॥
जातीचम्पकराजार्ककुसुमानां सहस्त्रशः। हुत्वा वस्त्रमवाप्नोति घृताक्तानां हुताशने॥
सूर्यमण्डलबिम्बे च हुत्वा तोयं सहस्त्रशः। सहस्त्रं प्राप्नुयाद्धेम रौप्यमिन्दुमये हुते॥
अलक्ष्मीपापसंयुक्ते मलव्याधिविनाशने। जाप्यैः सहस्त्रैर्मुच्येत स्नायाद्यस्तु जलेन वै॥
गोघृतेन सहस्त्रेण लोध्रेण जुहुयाद्यदि। चौराग्निमारुतोत्थान्यभव्यानि न भवन्ति वै॥
क्षीराहारो जपेल्लक्षमपमृत्युमपोहति। घृताशी प्राप्नुयान्मेधां बहुविज्ञानसञ्चयाम्॥
हुत्वा वेतसपत्राणि घृताक्तानि हुताशने। लक्षाधिपस्य पदवीं सार्वभौमत्वमाप्नुयात्॥

गायत्री पटल के अनुसार हवनविधि—सूर्योदय के समय स्नान करके प्रतिदिन एक सहस्र जप करना चाहिये। इससे आयु-आरोग्य-ऐश्वर्य तथा धन की प्राप्ति निश्चित ही होती है। तीन अहोरात्र उपवास करके सम्यक् रीति से एक सहस्र घृताहुति देकर खदिर की समिधा से होम करने पर साधक सहस्र लाभ प्राप्त करता है। पलाश की घृताक्त समिधाओं का अग्नि में हवन सूर्यग्रहण के समय करने से सहस्र लाभ प्राप्त होता है। रक्तचन्दन तथा घृत को खदिर की समिधाओं की अग्नि में हवन करने से सहस्रों गोधन की प्राप्ति द्विज को होती है। चमेली, चम्पा, राजार्क के फूलों से प्रत्येक की एक सहस्र आहुति घृताक्त कर अग्नि में देने से वस्त्र की प्राप्ति होती है। अञ्जलि से जल की आहुतियाँ सूर्यबिम्ब में एक सहस्र की संख्या में देने से सहस्रों होम प्राप्त होता है। यदि गायत्री

मन्त्र से पूर्ण चन्द्रविम्ब में जल की प्रतिदिन आहुति देना प्रारम्भ कर दे तो सहस्र रौप्य की प्राप्ति होती है। यदि जल में स्नान कर उसी में स्थित रहकर एक सहस्र गायत्री मन्त्र का जप करे तो दरिद्रा, पाप तथा व्याधि का नाश होता है। यदि एक सहस्र आहुति गायत्री मन्त्र द्वारा लोध्र वृक्ष की समिधा से दी जाय तो चौरभय, अग्निभय, वायुभय आदि अभव्य उत्पात नहीं होते हैं। केवल दूध के आहार पर गायत्री मन्त्र का एक लाख जप करने से साधक अपमृत्यु को नष्ट करता है। घृताहार पर निर्भर रहकर एक लाख गायत्री जप करने वाला बहुत ज्ञान-विज्ञान से युक्त मेधा को प्राप्त करता है। यदि सिद्ध किये गये गायत्री मन्त्र से वेतसपत्रों को घृताक्त करके अग्नि में होम किया जाय तो साधक लक्षाधीश की पदवी को प्राप्त होकर सार्वभौमत्व को प्राप्त होता है।

लक्षेण भस्महोमस्य हुत्वा ह्युत्तिष्ठते जलात्। आदित्याभिमुखं स्थित्वा नाभिमात्रजले शुचौ॥
गर्भपातादिप्रदराश्चान्ये स्त्रीणां महारुजः। नाशमेष्यन्ति ते सर्वे मृतवत्सादिदुःखदाः॥
तिलानां लक्षहोमेन घृताक्तानां हुताशने। सर्वकामसमृद्धात्मा परं स्थानमवाप्नुयात्॥
यवानां लक्षहोमेन घृताक्तानां हुताशने। सर्वकामसमृद्धात्मा परां सिद्धिमवाप्नुयात्॥
घृतस्याहुतिलक्षेण सर्वान्कामानवाप्नुयात्। पञ्चगव्याशनो लक्षं जपेज्जातिस्मृतिर्भवेत्॥
तदेव ह्यनले हुत्वा प्राप्नोति बहुशो धनम्। अन्नादिहवनान्नित्यमन्नाद्यं च भवेत्सदा॥
जुहुयात्सर्वसाध्यानामाहुत्याऽयुतसङ्ख्यया। रक्तसिद्धार्थकान् हुत्वा सर्वान् साधयते रिपून्॥
लवणं मधुसंयुक्तं हुत्वा सर्ववशी भवेत्। हुत्वा तु करवीराणि रक्तानि ज्वालयेज्ज्वलम्॥
हुत्वा भल्लातकं तैलं देशादेव प्रचालयेत्। हुत्वा तु निम्बपत्राणि विद्वेषशान्तये नृणाम्॥
रक्तानां तण्डुलानां च घृताक्तानां हुताशने। हुत्वा बलमवाप्नोति शत्रुभिर्न स जीयते॥
ब्रह्मचारी जिताहारो यः सहस्रत्रयं जपेत्। संवत्सरेण लभते धनैश्वर्यं न संशयः॥

भस्म (वायबिडङ्ग) का होम करके जल में एक लाख जप करने के पश्चात् यह हवन यदि सूर्याभिमुख होकर किया जाय तो स्त्रियों के गर्भपात, प्रदर आदि महारोग नष्ट होते हैं (हवन के पास रोगपीड़िता को बिठाना चाहिये)। यदि अग्नि में घृताक्त तिलों से एक लाख होम किया जाय तो साधक की सभी कामनाएँ पूरी होती हैं तथा समृद्धि प्राप्त होती है, उसे ऊँचा पद प्राप्त होता है। यदि यवों को घृताक्त करके एक लाख आहुतियाँ अग्नि में दी जायँ तो उसके सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं तथा उसे समस्त सम्पत्ति प्राप्त होती है। एक लाख आहुति घी से देने पर सभी कामनाएँ पूर्ण होती हैं। जो केवल पञ्चगव्य का भोजन करते हुए एक लाख जप करता है, उसे अपने पूर्वजन्म की स्मृति हो जाती है। यदि पञ्चगव्य से ही अग्नि में होम किया जाय तो उसे बहुत धन प्राप्त होता है। नित्य ही गायत्री मन्त्र से अन्नादि का हवन करने से नित्य अन्न की प्राप्ति होती है। जितने साध्य शत्रु हों, उनमें से प्रत्येक के लिये सिद्ध मन्त्र की अयुत संख्या (दस सहस्र) में आहुति लाल सरसों की देने से वे सभी शत्रु वश में हो जाते हैं। यदि लवण एवं मधु की आहुति दी जाय तो सर्ववशीकरण होता है। यदि लाल कनेर के पुष्पों से हवन किया जाय तो शत्रुओं का रक्त जल जाता है। यदि भिलावे के तेल से आहुति दी जाय तो शत्रु को देश से निकलना पड़ता है। नीम के पत्तों से गायत्री मन्त्र से हवन करने से मनुष्यों में परस्पर विद्वेष शान्त हो जाता है। घृताक्त लाल चावलों से अग्नि में हवन करने पर साधक को बल की प्राप्ति होती है तथा शत्रु का भय नहीं रहता है। जो ब्रह्मचारी, जिताहारी रहकर तीन सहस्र गायत्री मन्त्र का जप करता है, उसे एक वर्ष के भीतर धन की प्राप्ति होती है।

शमीबिल्वपलाशानामर्कस्य तु विशेषतः। पुष्पाणां समिधश्चैव हुत्वा हेम ह्यवाप्नुयात्॥
आब्रह्मत्र्यम्बकादीनां यस्यायतनमाश्रितः। जपेल्लक्षं निराहारो स तस्य वरदो भवेत्॥

बिल्वानां लक्षहोमेन घृताक्तानां हुताशने। परां श्रियमवाप्नोति यदि न भ्रूणहा भवेत्॥
पद्मानां लक्षहोमेन घृताक्तानां हुताशने। प्राप्नोति राज्यमखिलं सुसम्पन्नमकण्टकम्॥
पञ्चविंशतिलक्षेण दधि क्षीरं हुताशने। स्वदेहे सिद्ध्यते जन्तुः कौशिकस्य मतं तथा॥
एकाहं पञ्चगव्याशी एकाहं मारुताशनः। एकाहं च द्विजोन्नाशी गायत्रीजप उच्यते॥
महारोगा विनश्यन्ति लक्षजप्यानुभावतः। स्नात्वा शतेन गायत्र्याः शतमन्तर्जले जपेत्।
शतेन यस्त्वपः पीत्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते॥
गोघ्नः पितृघ्नमातृघ्नौ ब्रह्महा गुरुतल्पगः। स्वर्णहारी तैलहारी यस्तु विप्रः सुरां पिबेत्॥
चन्दनद्वयसंयुक्तं कर्पूरं तण्डुलं यवम्। लवङ्गं सुफलं चाज्यं सिता चाम्रस्य दारुकैः॥
अयं न्यूनविधिः प्रोक्तो गायत्र्याः प्रीतिकारकः। एवं कृते महासौख्यं प्राप्नोति साधको ध्रुवम्॥
अन्नाज्यभोजनं हुत्वा कृत्वा वा कर्म गर्हितम्। न सीदेत्प्रतिगृह्णानो महीमपि ससागराम्॥
ये चास्य उत्थिता लोके ग्रहाः सूर्यादयो भुवि। ते यान्ति सौम्यतां सर्वे शिवे इति न संशयः॥

इति गायत्रीपुरश्चरणं समाप्तम्।

शमीवृक्ष (छेंकुर), पलाश (टेसू) अथवा विशेषकर आक के पुष्पों तथा समिधाओं से हवन करने पर स्वर्ण की प्राप्ति होती है। ब्रह्मा, विष्णु या रुद्र में से जिसके भी मन्दिर में बैठकर गायत्री का एक लाख जप निराहार रहकर किया जाय, वह उसके लिये वरदान देने वाला देव बन जाता है। गायत्री मन्त्र से अग्नि में घृताक्त बेलफलों से एक लाख होम किया जाय, तो यदि वह भ्रूणहा (सन्ततिहीन) न हो तो उसे परासम्पत्ति प्राप्त होती है। कमलों से एक लाख गायत्री होम घृताक्त करके करने पर सुसम्पन्न एवं अकण्टक पूर्णाधिकारयुक्त राज्य (अधिकार) प्राप्त होता है। यदि सिद्ध गायत्री मन्त्र से पच्चीस लाख हवन दधि एवं क्षीर के द्वारा किया जाय तो उस साधक को देहसिद्धि प्राप्त हो जाती है, यह कौशिक का मत है। एक दिन पञ्चगव्य का आहार करके तथा एक दिन केवल वायु का आहार करे, एक दिन ब्राह्मण का अन्न खाये तथा गायत्री मन्त्र का जप करे तो ऐसे एक लाख जप से साधक के बड़े-बड़े कठिन रोग नष्ट हो जाते हैं। एक सौ बार गायत्री मन्त्र से जल में स्नान कर फिर जल में ही स्थित होकर तथा एक सौ बार मन्त्रोच्चार के साथ जलमात्र पीकर जो गायत्री का जप करता है, वह सभी पापों से मुक्त हो जाता है। गोहत्यारा, पितृहत्यारा, मातृहत्यारा, ब्रह्महत्यारा, गुरुपत्नीगमन करने वाला, स्वर्णहारी, तैलहारी व्यक्ति तथा सुरापायी ब्राह्मण—ये सब पूर्वोक्त विधि से जल में गायत्री जप करके फिर श्वेत चन्दन, लाल चन्दन, कर्पूर, चावल, यव, लौंग, अनार, घृत, शर्करा का हवन आम्र की समिधा के साथ करने से पापयुक्त हो जाते हैं। यह संक्षिप्त विधि बताई गई है, जो गायत्री के लिये प्रीतिकारक है। ऐसा करने से साधक को निश्चित ही महासौख्य प्राप्त होता है। अन्नाज्य का भोजन बनाकर उसका होम करने से तथा गर्हित कर्म करने से, प्रतिग्रहग्रहण करने से भी ब्राह्मण दुःख को प्राप्त नहीं होता है। जो भी सूर्यादि ग्रह हैं, वे भी उस (गायत्री जपकर्ता) विप्र के लिये सौम्य तथा शिव हो जाते हैं।

गायत्रीकवचम्

अस्य श्रीगायत्रीकवचस्य ब्रह्मविष्णुरुद्रा ऋषयः। ऋग्यजुःसामाथर्वाणि छन्दांसि। परब्रह्मस्वरूपिणी गायत्री देवता। भूः बीजम्। भुवः शक्तिः। स्वः कीलकम्। श्रीगायत्रीप्रीत्यर्थे जपे विनियोगः।

वर्णास्त्रां कुण्डिकाहस्तां शुद्धनिर्मलज्योतिषीम्। सर्वतत्त्वमयीं वन्दे गायत्रीं वेदमातरम्॥ १॥

अथ ध्यानम्—

मुक्ताविद्रुमहेमनीलधवलच्छायैर्मुखैस्त्रीक्षणैर्युक्तामिन्दुनिबद्धरत्नमुकुटां तत्त्वार्थवर्णात्मिकाम्।
गायत्रीं वरदाभयाङ्कुशकशां शूलं कपालं गुणं शङ्खं चक्रमथारविन्दयुगलं हस्तैर्वहन्तीं भजे॥ १॥

गायत्रीकवच—इस गायत्रीकवचस्तोत्र का पाठ जप के पूर्व करना चाहिये। सर्वप्रथम मूल में लिखित 'अस्य श्रीगायत्रीकवचस्य०' इत्यादि मन्त्र से विनियोग कर 'वर्णास्त्रां कुण्डिकाहस्तां०' इत्यादि श्लोक से गायत्री की वन्दना करनी चाहिये। फिर 'मुक्ताविद्रुम०' इत्यादि से ध्यान करने के उपरान्त 'ॐ गायत्री पूर्वतः पातु०' इत्यादि श्लोक से आरम्भ कर पच्चीस श्लोकों वाले गायत्री कवच का पाठ करना चाहिये।

ॐ गायत्री पूर्वतः पातु सावित्री पातु दक्षिणे। ब्रह्मविद्या च मे पश्चादुत्तरे मां सरस्वती॥ १॥
पावकीं मे दिशं रक्षेत्पावकोज्ज्वलशालिनी। यातुधानीं दिशं रक्षेद्यातुधानगणार्दिनी॥ २॥
पावमानीं दिशं रक्षेत्पवमानविलासिनी। दिशं रौद्रीमवतु मे रुद्राणी रुद्ररूपिणी॥ ३॥
ऊर्ध्वं ब्रह्माणी मे रक्षेदधस्ताद्वैष्णवी तथा। एवं दशदिशो रक्षेत्सर्वतो भुवनेश्वरी॥ ४॥
ब्रह्मास्त्रस्मरणादेव वाचां सिद्धिः प्रजायते। ब्रह्मदण्डश्च मे पातु सर्वशस्त्रास्त्रभक्षकः॥ ५॥
ब्रह्मशीर्षस्तथा पातु शत्रूणां वधकारकः। सप्त व्याहृतयः पान्तु स सदाबिन्दुसंयुताः॥ ६॥
वेदमाता च मां पातु सरहस्या सदैवता। देवीसूक्तं सदा पातु सहस्त्राक्षरदेवता॥ ७॥
चतुःषष्टिकला विद्या दिव्याद्या पातु देवता। बीजशक्तिश्च मे पातु पातु विक्रमदेवता॥ ८॥

ॐ गायत्री पूर्व की ओर से रक्षा करें। सावित्री दक्षिण में रक्षा करें। ब्रह्मविद्या पश्चिम में मेरी रक्षा करें तथा सरस्वती उत्तर में मुझे रक्षित करे। पावक उज्ज्वलशालिनी पावकी दिशा (अग्निकोण) में मेरी रक्षा करें। यातुधानी दिशा (नैर्ऋत्य कोण) में यातुधानगणार्दिनी मेरी रक्षा करें। वायव्य दिशा में पवमान विलासिनी मेरी रक्षा करें। ईशान दिशा में रुद्ररूपिणी रुद्राणी मेरी रक्षा करें। ऊर्ध्व दिशा की रक्षा ब्रह्माणी करे। अधोदिशा की रक्षा वैष्णवी करे। इस प्रकार भुवनेश्वरी मेरी रक्षा दशों दिशाओं से करे। ब्रह्मास्त्र के स्मरण से ही वाचासिद्धि उत्पन्न हो जाती है। सर्वशस्त्रार्थ का भक्षक ब्रह्मदण्ड मेरी रक्षा करें। शत्रुओं का वधकारक ब्रह्मशीर्ष मेरी रक्षा करें। विन्दुसंयुक्त सप्त व्याहृतियाँ मेरी रक्षा करें। सरहस्य, सदेवता वेदमाता मेरी रक्षा करें। सहस्त्राक्षर देवता देवीसूक्त सदैव मेरी रक्षा करें। चौंसठ कला, दिव्यादि विद्या-विद्याओं के देवता मेरी रक्षा करें। बीजशक्ति तथा विक्रम देवता मेरी रक्षा करें॥ १-८॥

तत्पदं पातु मे पादौ जङ्घे मे सवितुः पदम्। वरेण्यं कटिदेशं तु नाभिं भर्गस्तथैव च॥ ९॥
देवस्य मे तु हृदयं धीमहीति गलं तथा। धियो मे पातु जिह्वायां यः पदं पातु लोचने॥ १०॥
ललाटे नः पदं पातु मूर्द्धानं मे प्रचोदयात्। तद्वर्णः पातु मूर्द्धानं सकारः पातु भालकम्॥ ११॥
चक्षुषी मे विकारस्तु श्रोत्रं रक्षेत्तु कारकः। नासापुटे वकारो मे रेकारस्तु कपोलयोः॥ १२॥
णिकारस्तूर्ध्व ओष्ठे च यकारस्त्वधरोष्ठके। आस्यमध्ये भकारस्तु गौङ्कारस्तु कपोलयोः॥ १३॥
देकारः कण्ठदेशे च वकारः स्कन्धदेशयोः। स्यकारो दक्षिणं हस्तं धीकारो वामहस्तकम्॥ १४॥
मकारो हृदयं रक्षेद्धिकारो जठरं तथा। धिकारो नाभिदेशं तु योकारस्तु कटिद्वयम्॥ १५॥
गुह्यं रक्षतु योकार ऊरू मे नः पदाक्षरम्। प्रकारो जानुनी रक्षेच्चोकारो जङ्घदेशयोः॥ १६॥
दकारो गुल्फदेशं तु यात्कारः पादयुग्मकम्। जातवेदेति गायत्री त्र्यम्बकेति दशाक्षरा॥ १७॥
सर्वतः सर्वदा पातु आपोज्योतीतिषोडशी।

तत्पद मेरे पैरों की रक्षा करें तथा सवितुः पद मेरी जङ्घाओं की रक्षा करें। वरेण्यं पद कटिप्रदेश की रक्षा करें। भर्गः पद नाभि की रक्षा करें। देवस्य पद मेरे हृदय की तथा धीमहि पद गले की रक्षा करें। धियोः पद मेरी जीभ की रक्षा करें तथा यः पद मेरे नेत्रों की रक्षा करें। ललाट की रक्षा नः पद करे तथा 'वि' अक्षर नेत्रों की एवं 'तु' अक्षर कानों की रक्षा करें। 'व'कार मेरे नासापुटों की रक्षा करें। 'रे'कार कपोलों की रक्षा करें॥ १२॥ 'णि'कार ऊपरी ओंठ की तथा 'य'कार निचले ओंठ की रक्षा करें। मुख के मध्य में 'भ'कार रक्षा करें तथा 'गोः' अक्षर कपोलों की रक्षा करें। 'दे'कार कण्ठदेश की तथा 'व'कार स्कन्धों की रक्षा करें 'स्य'कार दाहिने हाथ की तथा 'धी'कार वाम हस्त की रक्षा करें। मकार हृदय की, 'हि'कार जठर की, 'धि'कार नाभि देश की तथा योकार दोनों कटियों की रक्षा करें। योकार गुह्य की रक्षा करें तथा नः अक्षर ऊरुओं की रक्षा करें। 'प्र' अक्षर घुटनों की तथा 'चो' अक्षर जङ्घाओं की रक्षा करें। दकार गुल्फ (टखनों) की तथा याकार दोनों चरणों की रक्षा करें। जातवेदा गायत्री तथा त्र्यम्बक इत्यादि दशाक्षरा तथा एवं ओर से सब समय 'आपोज्योति०' इत्यादि षोडशी मन्त्र मेरी रक्षा करे॥ ९-१७॥

इदं तु कवचं दिव्यं बाधाशतविनाशनम्॥ १८॥

चतुःषष्टिकलाविद्यासकलैश्वर्य्यसिद्धिदम्। जपारम्भे च हृदयं जपान्ते कवचं पठेत्॥ १९॥
स्त्रीगोब्राह्मणमित्रादिद्रोहाद्यखिलपातकैः। मुच्यते सर्वपापेभ्यः परं ब्रह्माधिगच्छति॥ २०॥
पुष्पाञ्जलिं च गायत्र्या मूलेनैव पठेत्सदा। शतसाहस्त्रवर्षाणां पूजायाः फलमाप्नुयात्॥ २१॥
भूर्जपत्रे लिखित्वैतत्स्वकण्ठे धारयेद्यदि। शिखायां दक्षिणे बाहौ कण्ठे वा धारयेद्बुधः॥ २२॥
त्रैलोक्यं क्षोभयेत्सर्वं त्रैलोक्यं दहति क्षणात्। पुत्रवाञ्धनवाञ्छ्रीमान्नानाविद्यानिधिर्भवेत्॥ २३॥
ब्रह्मादीनि च सर्वाणि तदङ्गस्पर्शनात्ततः। भवन्ति पुष्पतुल्यानि किमन्यत्कथयामि ते॥ २४॥
अभिमन्त्रितगायत्रीकवचं मानसं पठेत्। तज्जलं पिबतो नित्यं पुरश्चर्य्याफलं भवेत्॥ २५॥

इति गायत्रीकवचं सम्पूर्णम्।

इति श्रीवीकानेरराज्यान्तर्गतश्रीरत्नगढ़नगरनिवासिना गौडवंशोद्भवश्रीवसिष्ठगोत्रश्रीरामकृष्णपौत्रेण श्रीकस्तूरीचन्द्रसूनुना श्रीमहादेवभक्तशुक्लयजुर्वेदीयमाध्यन्दिनवाजसनेयीशाखानुयायिना वैद्यपण्डितश्रीचतुर्थीलालशर्मणा विरचिते अनुष्ठानप्रकाशे महानिबन्धे पुरश्चरण(प्रयोग)काण्डे देवीमन्त्रानुष्ठानप्रकरणं तृतीयं समाप्तम्।

यह सैकड़ों बाधाओं का विनाशक दिव्य कवच है। चौंसठ कलाएँ तथा विद्याएँ एवं सम्पूर्ण प्रकार के ऐश्वर्य को देने वाला है। गायत्री मन्त्रजप के आरम्भ में हृदय का पाठ तथा जप के अन्त में गायत्रीकवच का पाठ करने वाला स्त्रीवध, गोवध, ब्राह्मणवध, मित्रादिद्रोह आदि सभी पातकों से मुक्त होकर परंब्रह्म को प्राप्त होता है। पुष्पाञ्जलि को सदैव गायत्री के मूल मन्त्र से देना चाहिये। इससे सैकड़ों, सहस्त्रों वर्षों की पूजा का फल प्राप्त हो जाता है। जो इस कवच को भोजपत्र पर लिखकर अपने कण्ठ में धारण करता है अथवा शिखा में बाँधता है अथवा दाहिनी भुजा में बाँधता है या कण्ठ में पहिनता है वह तीनों लोकों को क्षोभित करता है तथा तीनों लोकों के दहन का सामर्थ्य रखता है। वह पुत्रवान्, धनवान्, श्रीमान् तथा अनेक विद्याओं से सम्पन्न होता है। ब्रह्मादि देव उसके अङ्ग के स्पर्श से पुष्प के तुल्य हो जाते हैं; इससे अधिक क्या कहा जाय। गायत्री-कवच के मानसिक जप से जल को अभिमन्त्रित करके उस जल का साधक पान करे तो उसका पुरश्चरण सफल हो जाता है॥ १८-२५॥

इस प्रकार पं० चतुर्थीलाल-विरचित अनुष्ठानप्रकाश-महानिबन्ध के तृतीय काण्ड पुरश्चरणकाण्ड के तृतीय प्रकरण देवीमन्त्रानुष्ठान प्रकरण की महर्षि अभय कात्यायन-विरचित हिन्दी टीका पूर्ण हुई॥ ३॥